# आओ ! संस्कृत सीखें !!

## भाग–2

आओ ! संस्कृत सीखें !! भाग–2
आओ ! संस्कृत सीखें !! भाग–2
आओ ! संस्कृत सीखें !! भाग–2



–: हिन्दी अनुवादक–संपादक :–
परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद्
**विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा.**

# आओ ! संस्कृत सीखें !!

## भाग-2

◆ लेखक ◆

**पंडितवर्य श्री शिवलाल नेमचंद शाह (पाटण-उ. गुजरात)**

◆ हिन्दी अनुवादक-सम्पादक ◆

जैन शासन के महान् ज्योतिर्धर, परम शासन प्रभावक, व्याख्यान वाचस्पति
पूज्यपाद ***आचार्यदेव श्रीमद् विजय रामचंद्रसूरीश्वरजी म.सा.*** के
तेजस्वी शिष्यरत्न अध्यात्मयोगी, निःस्पृह शिरोमणि प्रशांतमूर्ति
पूज्यपाद पंन्यासप्रवर **श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य**
के कृपापात्र चरम शिष्यरत्न प्रवचन-प्रभावक, मरुधररत्न, गोड़वाड़ के गौरव,
हिन्दी साहित्यकार परम पूज्य आचार्यदेव
**श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा.**

**145**

卐 प्रकाशन 卐

**दिव्य सन्देश प्रकाशन**

**C/o. सुरेन्द्र जैन,** Office No. 304, 3rd Floor, बे.व्यु. बिल्डींग,
विंग-ईस्ट बे, डॉ. एम.बी. वेलकर स्ट्रीट, कालबादेवी, मुंबई-400 002.
Cell 8484848451 (only whatsapp)

**हिन्दी आवृत्ति :** तृतीय • **मूल्य :** 400/- रुपये • **प्रतियाँ :** 500
दि. 22-1-2024 • **विमोचन स्थल :** लोढा धाम
**Website :** Divyasandesh.online

## आजीवन सदस्य योजना

**आजीवन सदस्यता शुल्क - 3000/- रु.**

• आप जैन धर्म के रहस्य, जैन इतिहास, जैन तत्त्वज्ञान, जैन आचार मार्ग, प्रेरणादायी कथाएँ आदि का अध्ययन करना चाहते हों तो आज ही आप **दिव्य संदेश प्रकाशन** मुम्बई की आजीवन सदस्यता प्राप्त कर लें। सदस्य बनते ही अध्यात्मयोगी निःस्पृह शिरोमणि स्व. पूज्यपाद पंन्यासप्रवर **श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्यश्री** एवं उन्हीं के चरम शिष्यरत्न प्रवचन प्रभावक परम पूज्य ***आचार्यदेव श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.*** सा. द्वारा लिखित उपलब्ध 7 पुस्तकें दी जाएंगी और **अर्हद् दिव्य संदेश** मासिक तथा भविष्य में हिन्दी भाषा में प्रकाशित पुस्तकें (Open Book Exam साधु–साध्वी उपयोगी पुस्तकें एवं पुनः मुद्रित पुस्तकों को छोड़कर) घर बैठे प्राप्त होगी। आप आजीवन सदस्यता शुल्क मुंबई या बैंगलोर के पते पर दिव्य संदेश प्रकाशन-मुंबई के नाम से चैक व ड्राफ्ट से भेजें।

## प्राप्ति स्थान

**1. चेतन हसमुखलालजी मेहता**
भायंदर (M.S.)
M. 9867058940

**2. प्रवीण गुरुजी**
C/o. श्री आत्म कमल लब्धिसूरि जैन पुस्तकालय
श्री आदिनाथ जैन टेंपल,
चिकपेठ, बेंगलोर-560 053.
M. 9036810930

**3. राहुल वैद**
C/o. अरिहंत मेटल कं.,
4403, लोटन जाट गली,
पहाड़ी धीरज, सदर बाजार,
दिल्ली-110 006.
M. 9810353108

**4. चंदन एजेन्सी**
607, चीरा बाजार,
मुंबई-400 002.M.9820303451

***आजीवन सदस्यता शुल्क***
***Rs. 3000/- भिजवाने का पता एवं पुस्तक-प्राप्ति-स्थान :***

**(1) दिव्य संदेश प्रकाशन**

C/o. सुरेन्द्र जैन, Office No. 304, 3rd Floor, बे व्यु बिल्डींग,
विंग-ईस्ट बे, डॉ. एम.बी. वेलकर स्ट्रीट, कालबादेवी,
मुंबई-400 002. Mobile : 8484848451 (only whatsapp)

**(2) दिव्य संदेश प्रचारक**

**प्रकाश बड़ोल्ला,** 52, 3rd Cross, शंकरमट रोड, शंकरपुरा,
बैंगलोर-560 004. Tel. (O.) 4124 7478 M. 8971230600

# प्रकाशक की कलम से...

पंडितवर्य श्री शिवलालभाई द्वारा आलेखित एवं जैन शासन के महान् ज्योतिर्धर, परम शासन प्रभावक, सुविशाल गच्छनायक दीक्षा के दानवीर स्व. पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. के तेजस्वी शिष्यरत्न अध्यात्मयोगी, निःस्पृह शिरोमणि, बीसवीं सदी के महान् योगी, नवकार साधक पूज्यपाद **पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य** के चरम शिष्यरत्न, प्रवचन-प्रभावक, मरुधररत्न पूज्यपाद **पंन्यासप्रवर श्री रत्नसेनविजयजी म.सा.** (वर्तमान में प.पू.आचार्यदेव **श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा.**) द्वारा हिन्दी भाषा में अनूदित एवं सम्पादित **'आओ ! संस्कृत सीखें' भाग-2** की तृतीय आवृत्ति का प्रकाशन करते हुए हमें अत्यंत ही हर्ष हो रहा है ।

पूज्यश्री हिन्दी भाषा के प्रभावक प्रवचनकार एवं हिन्दी साहित्यकार हैं । आज तक उनके द्वारा आलेखित 240 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं ।

प्रस्तुत पुस्तक का भी सरल–सुंदर हिन्दी करण एवं सम्पादन पूज्यश्री ने अथक श्रम से किया है ।

स्व. पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद् विजय रामचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. के वर्तमान में विद्यमान ज्येष्ठ पूज्यों के निर्णयानुसार एवं निःस्पृहमूर्ति पूज्य पंन्यास प्रवर श्री वज्रसेनविजयजी म.सा. के शुभाशीर्वाद से शासनप्रभावक, खिवांदीरत्न पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय कनकशेखरसूरीश्वरजी म.सा. के वरदहस्तों से पूज्यश्री को पौष कृष्णा एकम् संवत् 2067 दिनांक 20 जनवरी 2011 गुरुवार के शुभ दिन गुरुपुष्यामृत सिद्धियोग की मंगल बेला में वर्तमान में जैन शासन सर्वोच्च पद अर्थात् आचार्यपद पर प्रतिष्ठित किया गया तब से वे **'पूज्य आचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.** के नाम से प्रख्यात है । आचार्य पदवी के बाद पूज्यश्री का राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्णाटक एवं तामिलनाडू में लगभग 12000 कि.मी. का विहार हो चूका है । प्रत्येक राज्य में पूज्यश्री के 2-2 चातुर्मास हुए है । चातुर्मास दरम्यान पूज्यश्री की निश्रा में अनेकविध आराधना-अनुष्ठान संपन्न हुए है ।

दैनिक प्रवचन, जाहिर प्रवचन, वाचना श्रेणी, सामुदायिक उपधान तप, नवपद ओली, दीक्षाएं, प्रतिष्ठा आदि अनुष्ठानों में निश्रा

प्रदान के साथ में पूज्यश्री की साहित्य यात्रा भी सानंद-सोत्साह चल रही है ।

जैन धर्म के प्राथमिक पाठ्यक्रम के रुप में पंच प्रतिक्रमण, चार प्रकरण, तीन भाष्य, छह कर्मग्रंथ, वैराग्य शतक, इन्द्रिय पराजय शतक, संबोध सित्तरी, शांत सुधारस आदि पर सुंदर हिन्दी विवेचन किया है । जो हिन्दी भाषी जैन प्रजा के लिए खूब उपयोगी बना है ।

**वे कुशल भावानुवादक हैं–** श्राद्धविधि, गुणस्थानक क्रमारोह, तथा श्रमण क्रिया के सूत्र जैसे प्राचीन ग्रंथों का उन्होंने सरस भावानुवाद व विवेचन भी किया है ।

**वे प्रभावक कथा–आलेखक भी हैं–** कर्मन् की गत न्यारी (महाबल मलयासुंदरी चरित्र) आग और पानी (समरादित्य चरित्र), कर्म को नहीं शर्म (भीमसेन चरित्र), तब आँसू भी मोती बन जाते हैं । (सागरदत्त चरित्र), कर्म नचाए नाच (तरंगवती चरित्र), चौबीसी तीर्थंकर चरित्र, प्रातः स्मरणीय महापुरुष, प्रातः स्मरणीय महासतियां, श्रीपाल मयणा चरित्र, बारह चक्रवर्ती जैसे अनेक चरित्र ग्रंथों का धारावाहिक कहानी का उपन्यास शैली में आलेखन भी किया है ।

**वे प्रसिद्ध चिंतक भी हैं–** प्रवचन मोती, प्रवचन रत्न, चिंतन मोती, प्रवचन के बिखरे फूल, अमृत की बूंदें, युवा चेतना, रत्नसंदेश, नया दिन-नया संदेश, गागर में सागर, प्रवचन वर्षा जैसे प्रकाशनों में उनके हृदयस्पर्शी चिंतन भी प्रस्तुत हुए हैं ।

**वे कुशल प्रवचनकार भी हैं–** श्रावक का गुण सौंदर्य, श्रावक कर्तव्य, नवपद प्रवचन, प्रवचन-धारा, आनंद की शोध, श्रावकाचार प्रवचन, नवपद आराधना, कल्पसूत्र के हिन्दी प्रवचन, अष्टाह्निक प्रवचन, भाव श्रावक, गुणवान् बनों, गुणानुवाद, सुखी जीवन के Milestone, बेंगलोर प्रवचन मोती, जैन पर्व प्रवचन, पांच प्रवचन, प्रेरक प्रवचन, मोक्ष मार्ग के कदम में उनके प्रवचनों का सुंदर संकलन हैं ।

**वे प्रसिद्ध कहानीकार भी हैं–** प्रिय कहानियाँ, मनोहर कहानियाँ, ऐतिहासिक कहानियाँ, मधुर-कहानियाँ, प्रेरक कहानियाँ, सरस कहानियाँ, सरल कहानियाँ, आदर्श कहानियाँ, प्रेरक प्रसंग आदि में उन्होंने अत्यंत ही सुंदर हृदयस्पर्शी कहानियों का आलेखन किया है ।

जैन शासन के ज्योतिर्धर, महान् ज्योतिर्धर, तेजस्वी सितारे, गौतमस्वामी जंबुस्वामी आदि में उन्होंने जैन शासन के महान् प्रभावक पुरुषों के जीवन चरित्रों का सुंदर आलेखन भी किया है ।

वे कुशल सम्पादक भी हैं–युवाचेतना विशेषांक, जीवन निर्माण विशेषांक, आहार विज्ञान विशेषांक, श्रावकाचार विशेषांक, श्रमणाचार विशेषांक, सन्नारी विशेषांक, राजस्थान तीर्थ विशेषांक, तीर्थ यात्रा विशेषांक, उपधान स्मृति विशेषांक, बाली चातुर्मास विशेषांक, दीक्षा विशेषांक जैसे अनेक विशेषांकों का सफल सम्पादन भी किया है ।

पूज्यश्री द्वारा आलेखित हिन्दी साहित्य अनेक को सन्मार्ग की राह बता रहा है ।

संस्कृत तो हमारी मातृभाषा थी । जैनों का अधिकांश साहित्य संस्कृत भाषा में ही है ।

कलिकाल का प्रभाव समझों या हमारा पापोदय समझों, जिस संस्कृति में माता और मातृभाषा की खूब खूब महिमा थी, आज उसी देश में उसकी घोर उपेक्षा हो रही है ।

पूज्यश्री के दिल में यह वेदना है । इसीलिए वे प्रवचन और लेखनी के माध्यम से माँ और मातृभाषा की महिमा समझाते हैं।

प्रस्तुत पुस्तक उन लोगों के लिए वरदान स्वरुप सिद्ध होगी, जिनके अन्तर्मन में जैन धर्म के गहन रहस्यों को जानने की तीव्र जिज्ञासा है ।

संस्कृत भाषा को जानने-समझने वाला व्यक्ति जैन साहित्य का सरलता से बोध प्राप्त कर सकता है ।

बस, प्रस्तुत पुस्तक का सदुपयोग कर सभी संस्कृत भाषाविद् बनें और उस भाषा में उपलब्ध जैन साहित्य का गहन अध्ययन कर जैनधर्म के मर्म को अपने जीवन में उतारकर अपना आत्म कल्याण करें, उन्हीं शुभ कामनाओं के साथ !

इस तृतीय आवृत्ति के प्रुफ संशोधन में **मु.श्री स्थूलभद्रविजयजी म.सा.** का अच्छा सहयोग रहा है ।

निवेदक

**दिव्य संदेश प्रकाशन ट्रस्ट के ट्रस्टीगण-मुंबई**

# शुभ-कामना

**लेखक : पूर्व भारत कल्याणकभूमि-तीर्थोद्धारक**
**पूज्यपाद आचार्यदेव श्रीमद् विजय मुक्तिसूरीश्वरजी म.सा.**

कलिकालसर्वज्ञ आचार्यप्रवर श्री हेमचन्द्रसूरिजी महाराजा ने श्री सिद्धहेम व्याकरण का निर्माण किया था । जो महाग्रंथ 6 हजार गाथा प्रमाण है । टीका के साथ अठारह हजार गाथा प्रमाण भी होता है ।

कहा जाता है कि चौलुक्य चूडामणि महाराजा कुमारपाल ने छह हजार श्लोक प्रमाण सिद्धहेम व्याकरण को कण्ठस्थ किया था एवं व्याकरण संशुद्ध संस्कृतभाषामय साधारण जिनस्तवन की इतनी सुंदर रचना की थी कि जो रचना आज जैनशासन के बड़े बड़े विद्वान आचार्य के श्रीमुख से भी सुनने को मिलती है ।

व्याकरण सीखे बिना संस्कृत भाषा पर प्रभुत्व पाना मुश्किल है लेकिन सभी की यह ताकत नहीं होती है कि वे व्याकरण कण्ठस्थ कर संस्कृत भाषा में निष्णात बन सकें । संस्कृतप्रेमी विद्यार्थियों के लिए अणिहिलपुर (पाटण) निवासी विद्वान पंडित श्री शिवलाल नेमचंद शाह ने व्याकरण के अति उपयोगी नियमों को गुजराती भाषा में परिवर्तित कर **'हैम संस्कृत प्रवेशिका'** नामक अध्ययन बुक बनायी जिस के तीन भाग है प्रथमा, मध्यमा एवं उत्तमा ।

संस्कृत भाषा के अध्ययन के लिए पहले भांडारकर की टेक्स्ट बुकों का उपयोग होता था, आज पूरे जैन समाज में साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका एवं मुमुक्षुगण पं. शिवलालभाई की बुक का उपयोग करते हैं ।

लेकिन जो साधु-साध्वी या मुमुक्षु हिन्दीभाषी होते है उनको गुजराती बुक को पढ़ना बहुत ही मुश्किल होता था । इस बात का अनुभव आज तक बहुत से विद्यार्थियों को बहुत बार हो चुका था फिर भी इस दिशा में निर्णयात्मक

कदम उठाने की पहल आज तक किसी ने नहीं की थी जो पहल पंन्यासजी श्री रत्नसेनविजयजी (वर्तमान में **आचार्य श्री रत्नसेनसूरिजी म.**) ने की है ।

बातें करना आसान है, कार्य करना आसान नहीं है । परंतु **संकल्पित कार्य के प्रति उत्साह उत्स्फूर्त चेतना व अप्रमादभाव पंन्यासजी म. का दूसरा पर्याय है । अतः वे कोई भी कार्य उठाने के बाद पूर्ण कर के ही रहते हैं ।**

अपने पास पढ़ने के लिए आये हुए एक हिन्दीभाषी जिज्ञासु की वेदना को अपनी संवेदना का स्वरूप देकर पंन्यासजी म. ने **'हैम संस्कृत प्रवेशिका'** को हिन्दी में रूपान्तरित करने का जो प्रयत्न किया है, वह अत्यन्त सराहनीय एवं सहज अनुमोदनीय है ।

संस्कृत अध्ययन का अभिलाषी अगर हिन्दीभाषी है तो उसके लिए ये हिन्दी हैम संस्कृत प्रवेशिकाएँ नितान्त आशीर्वाद रूप बन पाएगी ।

संस्कृत भाषा ही एक सर्वांगसुंदर भाषा है । या सरस्वती जिस पर प्रसन्न हो, वही यह भाषा सीखने में समर्थ बन पाता है ।

साधु-साध्वी एवं मुमुक्षु आत्माएँ इस पुस्तक के माध्यम से संस्कृतज्ञ बनकर अपनी-अपनी योग्यता के अनुसार शास्त्र ग्रंथों का ज्ञान प्राप्त कर आत्मविकास की दिशा में आगे बढ़ें, यही शुभकामना ।

**–विजयमुक्तिप्रभसूरि**

मनमोहन पार्श्वनाथ जैन मंदिर
टिंबर मार्केट, पूना-42
दि. 15-10-2010

अनुवादक एवं सम्पादक की कलम से....

# संस्कृत भाषा ज्ञान की आवश्यकता

**– पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा.**

तारक तीर्थंकर परमात्मा जगत् के जीवों के कल्याण के लिए धर्मोपदेश देते हैं । वास्तविक मोक्षमार्ग दिखलाकर परमात्मा जगत् के जीवों पर जो महान् उपकार करते हैं, उसकी तुलना अन्य किसी से नहीं की जा सकती है ।

भूखे को भोजन देने से, प्यासे को पानी पिलाने से, वस्त्र रहित को वस्त्र देने से उपकार अवश्य होता है, परंतु वह उपकार क्षणिक और अस्थायी है क्योंकि भूखे को भोजन देने से उसकी भूख अवश्य शांत होती है, परंतु कुछ देर के लिए । 10-12 घंटे का समय बीतने पर भूख की पीड़ा पुनः जागृत हो जाती है । परंतु तारक परमात्मा जो मोक्षमार्ग बताते हैं, उसकी विशेषता यह है कि वहाँ सभी समस्याओं का सदा के लिए अंत हो जाता है । वहाँ सदा के लिए भूख की पीड़ा शांत हो जाती है ।

**जहाँ समस्याओं का पार नहीं, उसी का नाम संसार है और जहाँ समस्याओं का नामोनिशान नहीं, उसी का नाम मोक्ष है ।**

अरिहंत परमात्मा ने जो मोक्षमार्ग बताया उसी मार्ग को गणधर भगवंत सूत्र के रूप में गूँथते हैं, जिसे द्वादशांगी कहते हैं ।

इन द्वादशांगी रूप आगमों की मुख्य भाषा अर्धमागधी अर्थात् **प्राकृत** है और उनके ऊपर जो टीकाएँ-विवेचन लिखे गए, उनकी भाषा मुख्यतया **संस्कृत** है ।

सारांश यह है कि यदि आपको वीतराग परमात्मा-कथित मोक्षमार्ग को जानना समझना है तो आपको संस्कृत-प्राकृत भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है ।

विक्रम की 17वीं-18वीं सदी तक हुए अनेक-अनेक महापुरुषों ने मोक्ष-मार्ग की आराधना-साधना हेतु जो भी ग्रंथ रचे, उनकी मुख्य भाषा संस्कृत या प्राकृत ही थी । उसके बाद के महापुरुषों ने गुजराती-हिन्दी आदि प्रांतीय भाषाओं में भी काव्य-ग्रंथ आदि रचे हैं ।

एक मात्र कलिकालसर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्यजी ने संस्कृत-प्राकृत में साढ़े तीन करोड़ श्लोक प्रमाण साहित्य का नवसर्जन किया था ।

वाचकवर्य उमास्वातिजी ने 500 ग्रंथ एवं सूरिपुरंदर श्री हरिभद्रसूरिजी म. ने 1444 धर्मग्रंथों का सर्जन किया था ।

**हमारे दुर्भाग्य से उनमें से अधिकांश ग्रंथ काल-कवलित हो चुके हैं, फिर भी जो भी बचे हैं, वे भी खूब महत्त्वपूर्ण हैं परंतु दुर्भाग्य है कि आज जैनों में से ही संस्कृत भाषा लुप्त प्राय: हो चुकी है।**

मात्र जैनदर्शन ही नहीं, बौद्ध, न्याय, वेदांत, सांख्य आदि दर्शनों का भी बोध प्राप्त करना हो तो उसके लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान बहुत जरूरी है परंतु आज संस्कृत भाषा का ज्ञान धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

महापुरुषों का अमूल्य खजाना हमें विरासत में मिला है, परंतु हम उसके लाभ से सर्वथा वंचित हैं।

भोजन पास में होकर भी भूखे मर जाँय या पानी पास में होने पर भी प्यासे मर जायें, ऐसी हमारी हालत है।

**महापुरुषों ने कठोर श्रम करके, रात के उजागरे करके हमारे हित के लिए उन ग्रंथों का सर्जन किया था, परंतु भाषाज्ञान के अभाव के कारण वे सब ग्रंथ हमारे लिए 'काला अक्षर भैंस बराबर' ही हैं। आज जैन संघ में संस्कृत भाषा का अभ्यास मात्र साधु संस्था तक सीमित रह गया है और उसमें भी धीरे-धीरे कटौती होती जा रही है। श्रावकसंघ का तो उस भाषाज्ञान की ओर किसी प्रकार का लक्ष्य ही नहीं है।**

जरा भूतकाल के इतिहास की ओर नजर करें–कुमारपाल महाराजा ने 70 वर्ष की उम्र में भी संस्कृत व्याकरण सीखा था और संस्कृत भाषा में प्रभु-स्तुतियाँ रची थीं।

मंत्रीश्वर वस्तुपाल-तेजपाल ने भी संस्कृत भाषा सीखकर आदिनाथ आदि के चरित्र संस्कृत भाषा में रचे थे।

अपना दुर्भाग्य है कि पूर्वाचार्यों के द्वारा विरचित ग्रंथ हमारे लिए दुर्बोध होते जा रहे हैं।

वि.सं. 2064 में मेरा चातुर्मास कल्याण में था। जोधपुर (राज.) से 16 वर्षीय जिज्ञासु अक्षय वंदनार्थ आया।

बात-ही-बात में मैंने उसे कहा, **''जैनदर्शन के मर्म को अच्छी तरह से जानना समझना हो तो महापुरुषों के द्वारा रचे गए संस्कृत-प्राकृत ग्रंथों का अभ्यास जरूरी है।''**

उसने कहा, **'''मुझे संस्कृत नहीं आती है।''**

**मैंने कहा–''तुम्हें संस्कृत भाषा सीखनी चाहिए। संस्कृत भाषा सीख लोंगे तो उन ग्रंथों का रसास्वादन कर सकोगे।''**

उसने कहा-**''संस्कृत भाषा कैसे सीखूँ ?''**

मैंने कहा-संस्कृत सीखने के लिए **सिद्धहैमचन्द्र शब्दानुशासनम्** पर आधारित हैम संस्कृत प्रवेशिका भाग-1-2 का अभ्यास करना चाहिए, जो गुजराती में है।

उसने कहा, **''मुझे गुजराती आती नहीं है, आप हिन्दी में तैयार करें।''**

मैंने कहा–``तुम्हारी भावना ध्यान में रखूंगा ।''

उसके बाद उसकी भावना को ध्यान में रखकर उन संस्कृत पुस्तकों के हिन्दी अनुवाद का कार्य प्रारंभ किया, जिसकी प्रथम आवृत्ति वि.सं. 2067 ईस्वी सन् 2011 में प्रकाशित हुई थी । जिसकी 1000 नकलें समाप्त हो चूकी है । पाठकों की मांग को ध्यान में रखकर इसकी दूसरी आवृत्ति प्रकाशित की गई । वे भी समाप्त हो गई । अब तीसरी आवृत्ति प्रकाशित हो रही है ।

वि.सं. 1193 में गुजरात के महाराजा सिद्धराज जयसिंह ने कलिकाल सर्वज्ञ हेमचंद्राचार्यजी को संस्कृत-व्याकरण रचने के लिए विनती की थी । बुद्धिनिधान हेमचंद्रसूरिजी म. ने एक वर्ष की अल्पावधि में लघुवृत्ति, बृहद्‌वृत्ति और बृहन्यास युक्त **``सिद्धहैम शब्दानुशासनम्''** व्याकरण की रचना की थी ।

18 देशों के अधिपति सम्राट् कुमारपाल महाराजा ने भी इस व्याकरण का अभ्यास कर संस्कृत भाषा पर प्रभुत्व प्राप्त किया था ।

इसी व्याकरण को सरलता से समझने के लिए **उपाध्याय श्री मेघविजयजी म.** ने **चंद्रप्रभा हैमकौमुदी** की रचना की और **पू. उपाध्याय श्री विनयविजयजी म.** ने **`हैमलघुप्रक्रिया'** की रचना की थी ।

गुजराती भाषा समझनेवाला भी धीरे-धीरे प्रयत्न कर संस्कृत भाषा सीख सके, इसी ध्येय को नजर समक्ष रखकर पाटण (गुज.) निवासी पंडितवर्य श्री शिवलालभाई ने हैम संस्कृत प्रवेशिका भाग-1-2 व 3 की रचना की थी ।

मैंने अपनी मुमुक्षु अवस्था में **प.पू.विद्वद्वर्य मुनिराजश्री धुरंधरविजयजी म.सा.** एवं सौजन्यमूर्ति **पू.मु. श्रीवज्रसेनविजयजी म.सा.** के पास सिद्धहैम संस्कृत प्रवेशिका भाग-I व II का अभ्यास किया था । फिर दीक्षा के बाद वि.सं. 2033-34 में पाटण स्थिरता दरम्यान पंडितजी शिवलालभाई के पास **सिद्धहैम शब्दानुशासनम्–लघुवृत्ति** एवं **बृहद्‌वृत्ति** का अभ्यास किया था ।

हिन्दीभाषी प्रजा के हित को ध्यान में रखकर उन्हीं दो भागों का हिन्दी अनुवाद व सम्पादन करने का मैंने प्रयास किया था । देव-गुरु की असीम कृपा के बल से तैयार हुए इन दो भागों का व्यवस्थित अभ्यास कर हिन्दी भाषी वर्ग भी संस्कृत भाषा को जाने-समझे और उसके फलस्वरूप पूर्वाचार्य विरचित महान् ग्रंथों का स्वाध्याय कर सभी अपना आत्मकल्याण साधें, इसी शुभ-कामना के साथ ।

भवोदधितारक
**अध्यात्मयोगी पूज्यपाद**
**पंन्यासप्रवर श्री भद्रंकरविजयजी गणिवर्य**
कृपाकांक्षी
**रत्नसेनसूरि**

मुनिसुव्रतस्वामी जैन मंदिर
महावीर भवन,
निगडी, पूना-411 044.
दि. 26-11-2023

# अनुक्रमणिका


| पाठ | क्या ? | कहाँ |
|---|---|---|
| 1. | प्रकरण-1 क्रियापद पाठ-1 | 1 |
| 2. | पाठ-2 | 8 |
| 3. | पाठ-3 दिवादि चौथा गण | 12 |
| 4. | पाठ-4 तुदादि छठा गण | 16 |
| 5. | पाठ-5 चुरादि 10 वाँ गण | 19 |
| 6. | पाठ-6 कर्मणि और भावे प्रयोग | 22 |
| 7. | गण विभाग-2 पाठ-7 सु आदि पाँचवाँ गण | 26 |
| 8. | पाठ-8 तनादि आठवाँ गण | 32 |
| 9. | पाठ-9 `क्री' आदि नौवाँ गण | 36 |
| 10. | पाठ-10 रुध् आदि सातवाँ गण | 42 |
| 11. | गण विभाग-3 पाठ-11 अदादि दूसरा गण | 49 |
| 12. | पाठ-12 दूसरा गण | 57 |
| 13. | पाठ-13 दूसरा गण | 64 |
| 14. | पाठ-14 ह्वादि तीसरा गण | 75 |
| 15. | पाठ-15 तीसरा गण चालू | 81 |
| 16. | प्रकरण-2-अनियमित नामों के रूप<br>पाठ-16 स्वरांत नाम के रूप | 93 |
| 17. | पाठ-17 व्यंजनांत नाम के रूप | 100 |
| 18. | प्रकरण-3 गणकार्य रहित विभक्तियाँ<br>पाठ-18 श्वस्तनी-भविष्यन्ती-क्रियातिपत्ति | 108 |
| 19. | पाठ-19 श्वस्तनी, भविष्यन्ती और क्रियातिपत्ति (शेषनियम) | 119 |
| 20. | प्रकरण 4-धातुरुप शब्द और तद्धित शब्द<br>पाठ-20 धातुरूप शब्द (स्वरान्त) | 126 |

| पाठ | क्या ? | कहाँ |
|---|---|---|

21. पाठ-21 व्यंजनांत धातुरूप शब्द ....................................133
22. पाठ-22 तद्धित शब्द ....................................139
23. पाठ-23 सामासिक संख्यावाचक शब्द ....................................147
24. प्रकरण-5- परोक्षा, अद्यतनी और आशी: विभक्तियाँ
पाठ-24 परोक्ष भूतकाल ....................................152
25. पाठ-25 परोक्ष भूतकाल ....................................160
26. पाठ-26 परोक्ष भूतकाल ....................................165
27. पाठ-27 अद्यतन भूतकाल ....................................175
28. पाठ-28 अद्यतनी में अनिट् धातुओं का दूसरा प्रकार ..........180
29. पाठ-29 अद्यतन भूतकाल ....................................189
30. पाठ-30 आशीर्वाद ....................................197
31. प्रकरण-6 समास भूमिका ....................................199
32. पाठ-31 बहुव्रीहि समास ....................................202
33. पाठ-32 अव्ययी भाव समास ....................................211
33. पाठ-33 तत्पुरुष समास ....................................216
34. पाठ-34 इतरेतर द्वन्द्व और समाहार द्वन्द्व ....................230
35. प्रकरण-7 वां साधितधातु
पाठ-35 इच्छादर्शक (सन्नन्त प्रक्रिया) ........................234
36. पाठ-36 प्रेरक भेद (णिगन्त प्रक्रिया ..............................240
37. प्रशस्ति ....................................249
38. परिशिष्ट–1 ....................................258
पाठ 1 से 36 तक के संस्कृत वाक्यों का हिन्दी अनुवाद एवं हिन्दी वाक्यों का संस्कृत अनुवाद ।

# प्रकरण 1-क्रियापद

## 'गण कार्य विशिष्ट विभक्तियाँ'-गण विभाग-1
## 'अ' कारान्त विकरण प्रत्यय वाले गण 1, 4, 6, 10

## पाठ-1

### पहला गण-भ्वादि [1]

### वर्तमान काल-प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मि (मिव्)[2] | वस् | मस् | ए | वहे | महे |
| सि (सिव्) | थस् | थ | से | आथे | ध्वे |
| ति (तिव्) | तस् | अन्ति | ते | आते | अन्ते |

### ह्यस्तनी काल-प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अम् (अम्व्) | व | म | इ | वहि | महि |
| स् (सिव्) | तम् | त | थास् | आथाम् | ध्वम् |
| द् (दिव्) | ताम् | अन् | त | आताम् | अन्त |

### सप्तमी-विध्यर्थ-प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| याम् | याव | याम | ईय | ईवहि | ईमहि |
| यास् | यातम् | यात | ईथास् | ईयाथाम् | ईध्वम् |
| यात् | याताम् | युस् | ईत | ईयाताम् | ईरन् |

### आज्ञार्थ-पंचमी-प्रत्यय

| परस्मै पद | | | आत्मने पद | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आनि (आनिव्) | आव (आवव्) | आम (आमव्) | ऐ (ऐव्) | आवहै (आवहैव्) | आमहै (आमहैव्) |
| हि | तम् | त | स्व | आथाम् | ध्वम् |
| तु (तुव्) | ताम् | अन्तु | ताम् | आताम् | अन्ताम् |

**टिप्पणी :** 1. धातु पाठ में पहले गण का पहला धातु **भू** है, अतः पहला गण भ्वादि कहलाता है ।

2. यहाँ कोष्ठक में दिए गए प्रत्यय इत् वर्ण सहित हैं । जैसे मि (मिव्)-इसमें व् इत् है । अतः वे प्रत्यय वित् हैं, उसके सिवाय के प्रत्यय अवित् हैं । वित् को विकारक और अवित् को अविकारक भी कहते हैं ।

1. वर्तमान, ह्यस्तनी, सप्तमी और पंचमी विभक्ति के प्रत्यय शित् प्रत्यय कहलाते है ।
2. कर्तरि प्रयोग में **शित्** प्रत्यय लगने पर धातु से **अ (शव्)** विकरण प्रत्यय लगता है । दूसरे और तीसरे गण में विकरण प्रत्यय नहीं लगते हैं । चौथे आदि गण में भिन्न भिन्न विकरण प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. नम् + अ (शव्) + ति = नमति

**वर्तमान कृदन्त** = नम् + अ + अत् (शतृ) = नमत्

वन्द् + अ + ते = वन्दते

**वर्तमान कृदन्त** = वन्द् + अ + म् + आन् (आनश्) = वन्दमानः

3. **अ** के बाद में रहे हुए **आताम्-आते** और **आथाम्-आथे** के **आ** का **इ** होता है ।

उदा. वन्द् + अ + आते

वन्द् + अ + इते = वन्देते

इसी तरह वन्देथे, वन्देताम्, वन्देथाम् होते हैं ।

4. **अ** के बाद में रहे हुए सप्तमी (विध्यर्थ) मे प्रत्ययों के **या** का **इ, याम्** का **इयम्** और **युस्** का **इयुस्** होता है ।

उदा. नम् + अ + यात्–

नम् + अ + इत् = नमेत्, नमेयम्, नमेयुः

5. **अ** प्रत्यय के बाद में रहे हुए **हि** का लोप होता है ।

उदा. नम् + अ + हि – नम् + अ = नम ।

6. **वित्** सिवाय के **शित्** प्रत्यय **ङित्** समझने चाहिए ।
7. **कित्** और **ङित्** सिवाय के प्रत्ययों पर धातु के–

(i) अंत्य ह्रस्व या दीर्घ नामि स्वर तथा

(ii) उपांत्य ह्रस्व नामि स्वर का गुण होता है ।

उदा. 1. नी + अ (शव्) + ति – ने + अ + ति = नयति

2. सृ + अ (शव्) + ति = सरति

3. बुध् + अ (शव्) + ति = बोधति

(अ (शव्) विकरण प्रत्यय वित्-शित् होने से ङित् नही है, अतः गुण हुआ है ।)

नी + तुम् = नेतुम् ।

नी + तव्य = नेतव्य ।

(ये प्रत्यय कित्‌ङित् नहीं होने से गुण हुआ है ।)

नी + त्वा (क्त्वा) = नीत्वा ।

नी + त (क्त) = नीतः, नीतवान् ।

(ये प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं हुआ है ।)

8. कर्मणि तथा भावे प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर धातु को **य (क्य)** प्रत्यय लगता है ।

उदा. नी + य (क्य) + ते = नीयते, नीयमानः

भू + य (क्य) + ते = भूयते, भूयमानम्

य प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं हआ है ।

9. **परा** और **वि** उपसर्ग के बाद **जि** धातु आत्मनेपदी होता है ।

उदा. पराजयते, विजयते ।

10. **सम्, वि, प्र** तथा **अव** उपसर्ग के बाद **स्था** धातु आत्मनेपदी है ।

उदा. प्र + स्था (तिष्ठ्) + अ + ते = प्रतिष्ठते ।

11. **वि, आ** और **परि** उपसर्ग के बाद **रम्** धातु परस्मैपदी है ।

उदा. वि + रम् + अ + ति = विरमति ।

12. **अय्** धातु पर उपसर्ग के **र्** का **ल्** होता है ।

उदा. परा + अयते = पलायते ।

13. धातु को **अन (अनट्)** तथा **त (क्त)** प्रत्यय लगने से भाववाचक नपुंसक नाम बनता है ।

उदा. गम् + अन = गमनम्

पत् + अन = पतनम्

नृत् + त = नृतम् (=नाच)

14. धातु के अंत में रहे संध्यक्षर का **आ** होता है ।

उदा. त्रै + अन = त्राणम्

ध्यै + त्वा = ध्यात्वा, ध्यानम्, ध्यायते

15. शित् प्रत्ययों पर धातु के अंत्य संध्यक्षर का आ नहीं होता है ।

उदा. त्रै + अ (शव्) + ते = त्रायते

ध्यै + अ (शव्) + ति = ध्यायति

यहाँ संधि के नियमानुसार **ऐ** का **आय्** हुआ है ।

16. वर्तमान, ह्यस्तनी, सप्तमी (विध्यर्थ) और पंचमी (आज्ञार्थ) इन चार विभक्तियों में धातुओं को अपने-अपने गण का विकरण प्रत्यय लगता है ।

17. जिन प्रत्ययों में **श्** इत् हो वे **शित्** कहलाते हैं ।

जिन प्रत्ययों में **व्** इत् हो वे **वित्** कहलाते हैं ।

जिन प्रत्ययों में **ङ्** इत् हो वे **ङित्** कहलाते हैं ।

जिन प्रत्ययों में **क्** इत् हो वे **कित्** कहलाते हैं ।

18. चौथे गण का **य (श्य)** विकरण प्रत्यय,

छठे गण का **अ (श)** विकरण प्रत्यय,

पाँचवें गण का **नु (श्नु)** विकरण प्रत्यय,

नौवें गण का **ना (श्ना)** विकरण प्रत्यय,

सातवें गण का **न (श्न)** विकरण प्रत्यय,

ये सभी विकरण प्रत्यय शित् कहलाते हैं ।

19. वर्तमान कृद्त के **अत् (शतृ)** तथा **आन (आनश्)** प्रत्यय भी शित् कहलाते हैं ।

20. विकरण प्रत्यय **अ (शव्)**, वर्तमाना विभक्ति के **मि (मिव्)**, **सि (सिव्)** **ति (तिव्)** ह्यस्तनी के **अम् (अम्व्)**, **स् (सिव्)**, **द (दिव्)**, प्रत्यय, पंचमी विभक्ति के **आनि (आनिव्)**, **आव (आवव्)**, **आम (आमव्)**, **तु (तुव्)** तथा आत्मनेपदी के **ऐ (ऐव्)**, **आवहै (आवहैव्)** तथा **आमहै (आमहैव्)** ये 13 प्रत्यय वित् हैं ।

## पहले गण के धातु – अर्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अर्ज्** = पाना | (परस्मैपदी) | **शस्** = हिंसा करना | (परस्मैपदी) |
| **अर्ह्** = योग्य होना | (परस्मैपदी) | **अय्** = जाना | (आत्मनेपदी) |
| **इ** = जाना | (परस्मैपदी) | **परा+अय्**=पलायन होना | (आत्मनेपदी) |
| **उद्** + **इ** = उदय पाना | (परस्मैपदी) | **आ** + **शंस्** = आशंसा करना | (आत्मनेपदी) |
| **कृष्** = खींचना | (परस्मैपदी) | **ईह्** = इच्छा करना | (आत्मनेपदी) |
| **क्वथ्** = उबलना | (परस्मैपदी) | **जृम्भ्** = प्रकट होना | (आत्मनेपदी) |
| **गम्** = जाना | (परस्मैपदी) | **त्रै** = रक्षण करना | (आत्मनेपदी) |
| **सम्** + **गम्** = मिलना | (परस्मैपदी) | **त्वर्** = जल्दबाजी करना | (आत्मनेपदी) |
| **अधि** + **गम्** = जानना | (परस्मैपदी) | **भ्राज्** = शोभा देना | (आत्मनेपदी) |
| **ज्वल्** = जलना | (परस्मैपदी) | **भ्रास्** = शोभा देना | (आत्मनेपदी) |
| **धे** = दौड़ना | (परस्मैपदी) | **भ्लास्** = शोभा देना | (आत्मनेपदी) |
| **भू** = होना | (परस्मैपदी) | **लम्ब्** = लटकना | (आत्मनेपदी) |
| **प्रादुस्+भू**=प्रकट होना | (परस्मैपदी) | **लोक्** = देखना | (आत्मनेपदी) |
| **आविस्+भू**=खुल्ला होना | (परस्मैपदी) | **शङ्क्** = शंका करना | (आत्मनेपदी) |
| **भ्रम्** = भटकना | (परस्मैपदी) | **श्लाघ्** = प्रशंसा करना | (आत्मनेपदी) |
| **म्लै** = मुरझाना | (परस्मैपदी) | **सह्** = सहन करना | (आत्मनेपदी) |
| **लिङ्ग्**=आलिंगन करना | (परस्मैपदी) | **स्पन्द्** = फरकना | (आत्मनेपदी) |
| **लुण्ट्** = लूटना | (परस्मैपदी) | **स्पर्ध्** = स्पर्धा करना | (आत्मनेपदी) |
| **शंस्** = कहना | (परस्मैपदी) | **बुध्** = बोध करना | (उभयपदी) |
| **प्र** + **शंस्** = प्रशंसा करना | (परस्मैपदी) | **लष्** = अभिलाषा करना | (उभयपदी) |

**उञ्छ्**=इकट्ठा करना, बीनना (गण 6 परस्मैपदी)

---

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अम्भोधि** = समुद्र | (पुंलिंग) | **भव** = संसार | (पुंलिंग) |
| **ज्वलन** = आग | (पुंलिंग) | **महीप** = राजा | (पुंलिंग) |
| **परिषह** = कष्ट | (पुंलिंग) | **वत्स** = पुत्र | (पुंलिंग) |
| **पर्यंत** = किनारा | (पुंलिंग) | **स्तन** = स्तन | (पुंलिंग) |
| **पार्थिव** = पृथ्वीका राजा | (पुंलिंग) | **प्रकृति** = स्वभाव, प्रजा | (स्त्री लिंग) |
| **पुरुषकार** = पुरुषार्थ | (पुंलिंग) | **राजधानी** = मुख्य नगर | (स्त्री लिंग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **वत्सा** = पुत्री | (स्त्री लिंग) | **कथंचित्** = कभी | (अव्यय) |
| **अनागस्** = अपराध रहित | (विशेषण) | **नु** = वितर्क अर्थ में | (अव्यय) |
| **आर्त्त** = पीडित, दु:खी | (विशेषण) | **संप्रति** = अभी | (अव्यय) |
| **व्यवसायिन्** = व्यापारी | (विशेषण) | **आगस्** = अपराध, पाप | (नपुं.लिंग) |
| **क्षम** = समर्थ, योग्य | (विशेषण) | **कुमुद** = चंद्रविकासी कमल | (नपुं.लिंग) |
| **अये** = हे | (अव्यय) | **पूरण** = भरना | (नपुं.लिंग) |
| **इव** = तरह | (अव्यय) | **मानस** = मन | (नपुं.लिंग) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. मुनि परीषह सहन करते हैं । **(सह्)**
2. सूर्य उदय होता है **(उद् + इ)** और कमल (कुमुद) मुर्झाते हैं । **(म्लै)**
3. व्यवसायी लोग जल्दबाजी करते हैं । **(त्वर्)**
4. बाघ भी जलती अग्नि को देख भाग जाते हैं । **(परा + अय्)**
5. अपनी प्रशंसा न करें । **(श्लाघ्)**
6. सूर्य के ताप द्वारा तालाब का पानी [तोय (नपुंसक लिंग)] उबलता है । **(उद् + क्वथ्)**
7. तुम्हारा शरीर [वपुस् (नपुंसक लिंग)] चमकता है । **(वि + भ्राज्)**
8. कर्म के साथ स्पर्धा करनेवाले **(स्पर्ध्)** वर्धमान स्वामी को नमस्कार हो ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **धर्मः त्राणं च शरणं च ।**
2. **यमुना गङ्गां सङ्गच्छति[1] ।**
3. **विजयस्व राजन् !**
4. **वत्स ! किमीहसे ?**
5. **विरम त्वमिदानीमकार्यात् ।**
6. **वत्से ! अनुगच्छ माम् ।**
7. **बालः स्तनं धयति ।**

**टिप्पणी :** 1. सम् + गच्छ् अकर्मक हो तो आत्मनेपदी होता है, सङ्गच्छते ।

8. प्रवर्त्ततां प्रकृति-हिताय पार्थिवः ।

9. वत्स ! रथमारुह्य ते राजधानीं प्रतिष्ठस्व ।

10. मातः ! एष कोऽपि पुरुषो मां पुत्र इत्यालिङ्गति ।

11. महतां स्वयमेव गुणाः प्रादुर्भवन्ति ।

12. अये ! को नु खल्वयं बालः प्रक्रीडितुं सिंह-शिशुं बलात्कारेण कर्षति ?

13. आर्त्त-त्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि[1] ।

14. अर्थानामर्जने दुःखमर्जितानां च रक्षणे ।

15. भवाम्भोधौ भ्रमामि चेत् तत्कः पुरुषकारो मे ?

16. शरत्काल इव प्रातःकालोऽयं जृम्भतेऽधुना ।

17. मौनमालम्बसे पुत्रि ! हेतुना येन शंस तम् ।

18. मनोरथाय नाशंसे किं बाहो ! स्पन्दसे वृथा ?

19. भव हृदय ! साभिलाषं संप्रति संदेह-निर्णयो जातः ।
आशङ्कसे यदग्निं तदिदं [2]स्पर्शक्षमं रत्नम् ।।

20. भगवन्तः ! सहध्वं तत् प्रमादाचरणं मम ।
[3]सर्वंसहा महान्तो हि सदा सर्वंसहोपमाः[4] ।।

21. पर्यन्तो लभ्यते भूमेः समुद्रस्य गिरेरपि ।
न कथञ्चिन्महीपस्य चित्तान्तः केनचित् क्वचित् ।।

22. याचमान-जन-मानस-वृत्तेः, पूरणाय बत जन्म न यस्य ।
तेन भूमिरतिभारवतीयं, न द्रुमै-र्न गिरिभि-र्न समुद्रैः ।।

---

टिप्पणी : 1. न विद्यते आगः यस्मिन् स अनागः तस्मिन् ।
2. स्पर्शाय क्षमम् = स्पर्शक्षमम् ।
3. सर्वं सहन्ते इति सर्वंसहाः ।
4. सर्वं सहायाः उपमा येषां ते = सर्वं सहोपमाः ।

## पाठ-2

1. **गुप्** = रक्षण करना, **धूप्, विच्छ्** (गण 6), **पण्** और **पन्** धातु को अपने अपने अर्थ में अपना **'आय्'** प्रत्यय लगता है।

उदा. गुप् + आय् + अ (शव्) + ति = गोपायति ।
धूप् + आय् + अ (शव्) + ति = धूपायति ।

**पण्** और **पन्** धातु **आय्** प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी होते हैं।

उदा. पणायति, पनायति ।
कभी - पणायते, पनायते ।

2. **गुह्** धातु के उपांत्य स्वर का गुण होने पर यदि उसके बाद स्वरादि प्रत्यय हो तो **ऊ** होता है।

उदा. गुह् + अ + ति –
गोह् + अ + ति –
गूह् + अ + ति = गूहति ।

3. **कृप्** धातु के **ऋ** का **लृ** तथा **र्** का **ल्** होता है।

कृप् + य + ते = क्लृप्यते ।
कृप् + अ + ते –
कर्प् + अ + ते –
कल्प् + अ + ते = कल्पते

4. **शद्** (शीय्) धातु, शित् प्रत्ययों पर आत्मनेपदी होता है।

उदा. शीयते ।

5. **क्रम्** धातु के पहले उपसर्ग न हो तो आत्मनेपदी भी होता है – **क्रमते ।**

6. फैलना, उत्साह रखना तथा बढ़ने के अर्थ में **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है। उदा. शास्त्रे अस्य क्रमते बुद्धिः ।

7. 'आरंभ करना' इस अर्थ में **प्र** तथा **उप** उपसर्ग सहित **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है।

उदा. प्रक्रमते, उपक्रमते रन्तुं ।

8. सूर्य, चंद्र आदि के उगने के अर्थ में **आ** पूर्वक **क्रम्** धातु आत्मनेपदी होता है। उदा. आक्रमते सूर्यः ।

9. विकरण प्रत्यय लगने पर परस्मैपदी में **क्रम्** आदि का स्वर दीर्घ होता है।
उदा. क्रामति। आत्मनेपद में–क्रमते।

10. विकरण प्रत्यय लगने पर **ष्ठिव्, क्लम्** गण 4 तथा **आ + चम्** दीर्घ होता है।
उदा. ष्ठीवति। क्लाम्यति। आचामति।

11. स्वर के बाद में **छ्** द्वित्व – Double होता है।
उदा. तरु + छाया = तरुच्छाया। (प्र.पा. 25 नि. 2 से छ् का च्)

**12. वर्ग के तीसरे और चौथे व्यंजन पर पूर्व के धुट् व्यंजन के बदले उसके वर्ग का तीसरा व्यंजन होता है।**
**उदा.** **सस्ज्,** प्रथमा के पाठ 48, नि. 4 से. **सश्ज्–**
इस नियम से **सज्ज्, सज्ज् + अ + ति = सज्जति।**

## पहले गण के धातु

| | |
|---|---|
| **ऋ (ऋच्छ्)** =जाना, प्राप्त करना (प) | **शद् (शीय्)** = नष्ट होना (परस्मैपदी) |
| **क्रम्** = पैदल चलना (परस्मैपदी) | **ष्ठिव्** = थूकना, फेंकना (परस्मैपदी) |
| **आ + क्रम** = आक्रमण करना (परस्मै.) | **सञ्ज् (सज्)**=आसक्त होना, चिपकना (परस्मैपदी) |
| [1]**निस् + क्रम्** = निकलना (परस्मैपदी) | **सस्ज्**=सज्ज होना, तैयार होना (प.) |
| **गुप्** = रक्षण करना (परस्मैपदी) | **कृप्** = समर्थ होना (आत्मनेपदी) |
| **घ्रा (जिघ्र्)** = सूंघना (परस्मैपदी) | **पण्** = व्यापार करना, स्तुति करना, स्पर्धा करना (आत्मनेपदी) |
| **चम्** = चाटना, पीना, चूसना (परस्मै.) | **पन्** = स्तुति करना (आत्मनेपदी) |
| **आ+चम्**=चाटना, पीना, चूसना (पर.) | **आ+यम (यच्छ्)**=नियम में रखना (आत्मनेपदी) |
| **दंश् (दश्)**=डंक मारना, कांटना (पर.) | **गुह्** = छिपाना (उभयपदी) |
| **ध्मा (धम्)**=फूँकना,तपाना,बजाना(प.) | **रञ्ज् (रज्)**=रागी होना,रंगना (उभय.) |
| **म्ना (मन्)** = मानना (परस्मैपदी) | |
| **आ+म्ना (मन्)**=मानना (परस्मैपदी) | |
| **यम् (यच्छ्)** = नियम में रखना (प.) | |

**टिप्पणी :** 1. निष्क्रामति–निस्, निर्, दुस्, दुर्, बहिस्, आविस्, प्रादुस् और चतुर् के **र्** का **क, ख, प** और **फ** पर **ष्** होता है। उदा. दुष्कृतम्, आविष्कुर्वन्ति। यहाँ जिस शब्द के अन्त में **स्** है, उसका भी **प्र. पा. 3 नि. 1 से र्** हो जाता है।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **किञ्जल्क** = पराग | (पुंलिंग) | **अंभोज** = कमल | (नपुं.) |
| **खर** = गधा | (पुंलिंग) | **आवरण** = ढक्कन | (नपुं.) |
| **घनसार** = कपूर | (पुंलिंग) | **बिल** = बिल | (नपुं.) |
| **दशन** = दाँत | (पुंलिंग) | **जाया** = पत्नी | (स्त्री लिंग) |
| **दन्दशूक** = सर्प | (पुंलिंग) | **तमिस्त्रा** = रात्रि | (स्त्री लिंग) |
| **दस्यु** = चोर | (पुंलिंग) | **वल्लि** = बेल | (स्त्री लिंग) |
| **नियम** = व्रत | (पुंलिंग) | **मिथस्** = परस्पर | (अव्यय) |
| **निर्झर** = झरना | (पुंलिंग) | **मुहुस्** = बारबार | (अव्यय) |
| **प्रकर** = समूह | (पुंलिंग) | **शनैस्** = धीरे | (अव्यय) |
| **मधुव्रत** = भ्रमर | (पुंलिंग) | **सद्यस्** = शीघ्र | (अव्यय) |
| **रजक** = धोबी | (पुंलिंग) | **भीम** = भयंकर | (विशेषण) |
| **रूप्यक** = रुपया | (पुंलिंग) | **विविध** = अनेक प्रकार का | (विशेषण) |
| **स्मर** = काम | (पुंलिंग) | **स्वीय** = अपना | (विशेषण) |
| **अगरु** = अगरचंदन | (नपुं.) (पुं) | **सान्द्र** = गाढ़ | (विशेषण) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. भयंकर भी सर्प को चींटियाँ डंक देती हैं। **(दंश्)**
2. लताएँ पत्तों द्वारा फलों को छिपाती हैं। **(गुह्)**
3. कुमारपाल की कीर्ति के साधु भी प्रशंसा करते हैं। **(पण्)**
4. सिद्धराज ने अपने शत्रुओं को दुःखी किया। **(धूप्)**
5. हम जिन की स्तुति करते हैं। **(पन्)**
6. वणिक् लोग करोड़ों रुपयों द्वारा हमेशा व्यापार करते हैं। **(पण्)**
7. साँप बिल में से निकला (निस् + क्रम्) और डंक मारा। **(दंश्)**
8. तुम अकार्य हेतु क्यों तैयार होते हो ? **(सस्ज्)**
9. उसका चित्त पढ़ने में लगा। **(सञ्ज्)**
10. रंगरेज रानी के वस्त्र रंगता है। **(रञ्ज्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. साधवः सदाचारं गोपायन्ति ।
2. तृणमपि धेनूनां दुग्धाय[1] कल्पते ।
3. खरा मिथो दशनैर्दशन्ति ।
4. तां कथामगूहमानां कथय ।
5. यो नियमे मनो यच्छति तस्य पापानि खलु शीयन्ते ।
6. याचकानामर्थं यच्छन्स परमां ख्यातिमार्च्छत् ।
7. अम्भोजस्य किञ्जल्कमाचम्याचम्य मोदान्तां मधुव्रताः ।
8. तौ जायापती[2] मुहुर्मुहुः स्वादूनि निर्झर-जलान्याचामन्तौ, पदे पदे सान्द्रासु तरुच्छायासु विश्राम्यन्तौ, विविधानि च कुसुमान्युपजिघ्रन्तौ, शनैः शनैर्गिरिमारोहताम् ।
9. ततो दस्यवः सर्वेषामपि जनानामलङ्कारादीन् लुण्टितुमुपाक्रमन्त ।
10. सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः, कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा ?
11. धमेद् धमेन्नातिधमेदतिध्मातं नं शोभते ।
12. चन्दनागरु-कस्तूरी-घनसारादि-गन्धतः[3] ।
    आक्रामति नरं सद्यो दन्दशूक इव स्मरः ॥

---

टिप्पणी : 1. कृप् धातु के साथ रहे मूलवस्तु के विकार को चतुर्थी विभक्ति होती है।
2. जाया च पतिश्च = जायापती (द्वंद्व) ।
3. पंचमी विभक्ति और कभी कभी तृतीया व सप्तमी विभक्ति के अर्थ में नाम को तस् प्रत्यय लगकर अव्यय बनता है - गन्ध + तस् = गन्धतः ।

## दिवादि चौथा गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर चौथे गण के धातुओं को **य (श्य)** विकरण प्रत्यय लगता है ।

   उदा. कुप् + य + ति = कुप्यति ।
   कुप्यत् – वर्तमान कृदन्त

2. धातु के **ओ** का य (श्य) प्रत्यय पर लोप होता है ।

   उदा. सो + य + ति = स्यति, दो = द्यति, शो = श्यति, छो = छ्यति ।

3. **शम्, दम्, तम्, श्रम्, भ्रम्, क्षम्** और **मद्** इन सात धातुओं का स्वर य (श्य) प्रत्यय पर दीर्घ होता है ।

   उदा. शाम्यति, दाम्यति आदि

4. **भ्रास** गण 1, **भ्लास्** गण 1, **भ्रम्** गण 1, **क्रम्** गण 1, **क्लम्** गण 4, **त्रस्** गण 4, **त्रुट** गण 6, **लष्** गण 1, **यस्** गण 4 तथा **सम्** + **यस्** – इन धातुओं को विकल्प से **य (श्य)** विकरण प्रत्यय लगता है ।

   उदा. भ्रास्यते = भ्रासते । भ्लास्यते = भ्लासते । भ्राम्यति = भ्रमति ।
   क्राम्यति = क्रामति । क्लाम्यति = क्लामति ।
   त्रुट्यति = त्रुटति आदि ।

5. **भू** आदि सभी गण के धातुओं के **र्** और **व्** के बाद में व्यंजन आए तो **र्** और **व्** के पहले का नामि स्वर दीर्घ होता है ।

   उदा. दिव् + य + ति = दीव्यति, सिव् + य + ति = सीव्यति ।
   ष्ठिव् + य + ति = ष्ठीवति ।

6. दीर्घ **ॠ** कारांत धातुओं के **ॠ** का कित्-ङित् प्रत्यय पर **इर्** होता है ।

   उदा. जॄ + य + ति – जीर् + य् + ति = जीर्यति ।
   कर्मणि में जीर्यते । तॄ = तीर्यते

7. कित् – ङित् प्रत्यय पर **ज्या** गण 9 तथा **व्यध्** के स्वर सहित अंतस्था **य** का **इ** होता है ।

   उदा. विध्यति, कर्मणि में विध्यते । ज्या का जिनाति ।

8. व्यंजनांत धातु के उपांत्य **न्** तथा **न्** के स्थान पर हुए अनुस्वार या अनुनासिक व्यंजन का कित् – ङित् प्रत्ययों पर लोप होता है ।

परंतु **आशंस्, कम्प्, क्रन्द, काङक्ष्, खण्ड्, चुम्ब्, चिन्त, जृम्भ्, नन्द्, निन्द्, मण्ड्, लङ्घ्, लम्ब्, लिङ्ग्, वन्द्, वाञ्छ्, शङ्क्, स्पन्द्, हिंस्** आदि धातुओं में **न्** या अनुनासिक का लोप नहीं होता है।

उदा. भ्रंश् + य (श्य) + ति = भ्रश्यति। कर्मणि में भ्रश्यते।
शंस् + य + ते = शस्यते। शंस् + त (क्त) = शस्तः, प्रशस्तः।
सञ्ज + य + ते = सज्यते। सक्तः। आसक्तः

9. चौथे गण के **सू, दू, दी, धी, मी, री, ली, डी, व्री** इन नौ धातुओं को जब **त** और **तवत्** प्रत्यय लगता है, तब **त** का **न** हो जाता है।

उदा. दूनः, दूनवान्।
दीनः दीनवान्। स्त्री लिंग में **दीनवती।**

10. **र्** और **द्** अंतवाले धातुओं से **त** तथा **तवत्** के **त** का **न** हो जाता है। तब धातु के अंत्य **द्** का भी **न्** हो जाता है।

उदा. पूर् + त = पूर्णः, पूर्णवान्।
उत् + पद् + त = उत्पन्नः, उत्पन्नवान्।

11. **ख्या** और **ध्या** धातु को छोडकर, व्यंजन से पर रहे अन्तस्था के बाद **आ** हो ऐसे धातु से **त** का **न** होता है।

उदा. म्लानः। ख्यातः। ध्यातः।

## चौथे गण के धातु

**अस्** = फेंकना (परस्मैपदी)
**इष्** = जाना (परस्मैपदी)
**अनु+इष्**=अन्वेषण करना, ढुंढना (पर.)
**क्लम्** = थक जाना (परस्मैपदी)
**छो** = छेद करना (परस्मैपदी)
**जॄ** = वृद्ध होना (परस्मैपदी)
**तम्** = दु:खी होना (परस्मैपदी)
**त्रस्** = त्रस्त होना (परस्मैपदी)
**दम्** = दमन करना (परस्मैपदी)
**दिव्** = क्रीड़ा करना, स्तुति करना, जुगार खेलना (परस्मैपदी)

**दो** = छेद करना, कांटना (परस्मै.)
**भ्रम्** = भटकना (परस्मैपदी)
**भ्रंश्** = भ्रष्ट होना (परस्मैपदी)
**यस्** = प्रयास करना (परस्मैपदी)
**व्यध्** = बींधना (परस्मैपदी)
**श्लिष्** = मिलना (परस्मैपदी)
**शो** = पतला करना (परस्मैपदी)
**ष्ठिव्** = थूकना (परस्मैपदी)
**सिव्** = सीना (परस्मैपदी)
**सो** = नाश होना, अंत आना (पर.)
**स्निह्** = स्नेह करना (परस्मैपदी)

| | |
|---|---|
| **क्षम्** = क्षमा करना (परस्मैपदी) | **ली** = लीन होना, चिपकना (आ.) |
| **ई** = जाना (आत्मनेपदी) | **विद्** = विद्यमान होना (आत्मनेपदी) |
| **दू** = खेद करना (आत्मनेपदी) | **सू** = जन्म देना (आत्मनेपदी) |
| **पद्** = उत्पन्न होना (आत्मनेपदी) | **रञ्ज्** = रागी होना (उभयपदी) |
| **वि + पद्** = नाश होना (आत्मनेपदी) | **वि+रञ्ज**=विरागी होना (उभयपदी) |
| **पुर्** = बढ़ना, भरना, पुरा करना (आ.) | |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **काय** = शरीर (पुंलिंग) | **चेतस्** = मन, चित्त (नपुं. लिंग) |
| **कीट** = कीड़ा (पुंलिंग) | **वर्मन्** = कवच (नपुं. लिंग) |
| **कुलाल** = कुम्हार (पुंलिंग) | **श्रोत्र** = कान (नपुं. लिंग) |
| **विधि** = भाग्य, कर्म, नसीब (पुंलिंग) | **आरूढ** = चढ़ा हुआ (विशेषण) |
| **गति** = शरण (स्त्री लिंग) | **औरस** = सगा (विशेषण) |
| **जरा** = वृद्धावस्था (स्त्री लिंग) | **नृशंस** = क्रूर (विशेषण) |
| **पुरन्ध्री** = स्त्री (स्त्री लिंग) | **शरीरिन्** = प्राणी (विशेषण) |
| **रक्षा** = रक्षण (स्त्री लिंग) | **सुखिन्** = सुखी (विशेषण) |
| **कौतुक** = कुतूहल (नपुं. लिंग) | **मनाक्** = थोडा (अव्यय) |
| **चक्षुस्** = आँख (नपुं. लिंग) | |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. बंदर बालकों की ओर दौड़ा । बालक त्रस्त हुए (त्रस्) अतः रक्षण के लिए प्रयत्न करने लगे (यस्) और थक गए (क्लम्) । परंतु भीम त्रस्त नहीं हुआ (त्रस्) । अतः रक्षण के लिए प्रयत्न नहीं करता था (यस्), वह थका भी नहीं था (क्लम्) । कुतूहल से बंदर को देखने के लिए प्रयत्न करता था । (सम् + यस्)
2. वह साथ में खेलते (दिव्) बालकों को फल देता है ।
3. युद्ध में योद्धा बाण फेंकते हैं (निर् + अस्) तथा बाण योद्धाओं को बींधते हैं (व्यध्) ।
4. वृद्ध होने पर (जॄ) मनुष्य के केश जीर्ण होते हैं, दाँत जीर्ण होते हैं, चक्षु और कान जीर्ण होते हैं, परंतु एक तृष्णा जीर्ण नहीं होती है । (जॄ)

## हिन्दी में अनुवाद करें :

1. कुलालचक्र आरूढमिव मे चेतश्चिरं भ्राम्यति ।
2. पुरन्ध्रीसेवायां भ्राम्यन्तो जीवा भवे भ्रमन्ति ।
3. यो महिलासु न रज्यति तस्य ज्ञानं विवेकश्चाभ्यागच्छति ।
4. किं नु खलु बालेऽस्मिन्नौरस इव पुत्रे स्निह्यति मे मनः ।
5. उत्पद्यन्ते विपद्यन्ते खलु जन्तवः ।
6. निर्धनानां मनोरथा हृदयेष्वेव लीयन्ते ।
7. सर्वः प्रार्थितमर्थमधिगम्य सुखी सम्पद्यते जन्तुः ।
8. अद्य मे मनो वैराग्ये लीनमस्ति ।
9. त्वमेवैकोऽसि मे बन्धु र्यन्मत्कार्याय[1] ताम्यसि ।
10. वन्द्यते यदवन्द्योऽपि स प्रभावो धनस्य हि ।
11. विद्यया शस्यते लोके पूज्यते चोत्तमैः सदा ।<br>विद्याहीनो नरः प्राज्ञ-सभायां नैव शोभते ।।
12. आदौ चित्ते ततः काये सतां सम्पद्यते जरा ।<br>असतां तु पुनः काये नैव चित्ते कदाचन ।।
13. विधौ विध्यति सक्रोधे वर्म धर्मः शरीरिणाम् ।<br>स एव केवलं तस्मादस्माकं जायतां गतिः ।।
14. विषयेष्वति-दुःखेषु सुखमानी[2] मनागपि ।<br>नाहो विरज्यति जनोऽशुचिकीट इवाशुचौ ।।
15. न सा दीक्षा न सा भिक्षा न तद्दानं न तत्तपः ।<br>न तद् ध्यानं न तन्मौनं दया यत्र न विद्यते ।।

---

टिप्पणी : 1. मम् + कार्यम् – मत्कार्यम् = तस्मै–
2. सुखं मन्यते इति सुखमानिन् = सुख मानने वाला

## पाठ-4

### तुदादि छठा गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर छठे गण के धातुओं को **अ (श)** विकरण प्रत्यय लगता है ।

   उदा. तुद् + अ (श) + ति = तुदति, तुदते

   **अ (श)** विकरण प्रत्यय अवित् शित् होने से ङित् समान है, अतः गुण नहीं हुआ ।

2. धातु के **इ वर्ण** और **उ वर्ण** का स्वरादि प्रत्यय पर क्रमशः **इय्** और **उव्** होता हैं ।

   उदा. रि + अ + ति – रिय् + अ + ति = रियति

   धू + अ + ति – धुव् + अ + ति = धुवति

3. **अ (श)** तथा **य (क्य)** प्रत्यय पर, **ऋ कारांत धातु** के **ऋ** का **रि** होता है ।

   उदा. मृ + अ + ते – म्रि + अ + ते –

   म्रिय् + अ + ते = म्रियते । कर्मणि में – म्रियते ।

   पृ का प्रियते । हृ का ह्रियते ।

4. शित् प्रत्यय आने पर **मृ** धातु आत्मनेपदी होता है ।

   उदा. **मृ** का म्रियते ।

5. **ग्रह्** गण 9, **व्रश्च्, भ्रस्ज्,** और **प्रच्छ्** के स्वरसहित अंतस्था **र** का कित्-ङित् प्रत्यय पर **ऋ** होता है ।

   उदा. व्रश्च + अ + ति – वृश्च् + अ + ति = वृश्चति ।

   भ्रस्ज का भृज्जति । प्रच्छ का पृच्छति ।

   कर्मणि में – वृश्च्यते, भृज्ज्यते, पृच्छ्यते, गृह्यते ।

6. **मुचादि (मुच्, सिच्, विद्, लुप्, लिप्, कृत्, खिद्** तथा **पिश्)** धातुओं को अ (श) विकरण प्रत्यय पर स्वर के बाद **न्** जोड़ा जाता है ।

   उदा. विद् + अ + ति – विन्द + अ + ति = विन्दति । आदि

7. पद के अंत में न हो, ऐसे म् और न् का वर्गीय धुट व्यंजन पर, बाद में रहे व्यंजन के वर्ग का अंत्य अक्षर ही होता है ।

उदा. मुच् + अ + ति–
नियम 6 से मुन्च् + अ + ति–
नियम 7 से मुञ्च् + अ + ति = मुञ्चति, लुम्पति आदि

## छठे गण के धातु

**कृत्** = काटना (परस्मैपदी)
**कॄ** = बिछाना, बिखेरना (परस्मैपदी)
**खिद्** = खिन्न होना (परस्मैपदी)
**त्रुट्** = टूटना, फाड़ना (परस्मैपदी)
**धू** = हिलाना (परस्मैपदी)
**नू** = स्तुति करना (परस्मैपदी)
**पिश्** = पीसना, चुराना (परस्मैपदी)
**मस्ज्** = स्नान करना, मज्जन करना, मग्न रहना, डुबना (परस्मैपदी)
**मृ** = मरना (परस्मैपदी)
**मृश्** = विचार करना (परस्मैपदी)
**विच्छ्** = जाना (परस्मैपदी)
**व्रश्च्** = काटना (परस्मैपदी)
**रि** = जाना (परस्मैपदी)
**सू** = प्रेरणा करना, हांकना (परस्मैपदी)
**दृ** = आदर करना (आत्मनेपदी)
**आ** + **दृ** = आदर करना (आत्मनेपदी)
**पृ** = उद्यम करना (आत्मनेपदी)
**वि** + **आ**+**पृ**=व्यापार करना (आत्मने.)
**आ** + **प्रच्छ्** = अनुमति लेना (आत्मने.)
**विज्** = उद्वेग पाना (आत्मनेपदी)
**उद्** + **विज्** = उद्वेग पाना (आत्म.)
**नि** + **विश्** = प्रवेश करना (आत्मनेपदी)
**लस्ज्**=शर्माना, लज्जा रखना (आ.)
**स्वञ्** = मिलना (आत्मनेपदी)
**अभि+सिच्** = अभिषेक करना (उभय.)
**कृष्** = खिंचना, कृषी करना (उभय.)
**तुद्** = दु:खी होना (उभयपदी)
**भ्रस्ज्**=पकाना, भूनना, सेकना (उभ.)
**लिप्** = लेप करना (उभयपदी)
**लुप्**=काटना, छीन लेना, लुटना (उ.)
**क्षिप्** = फेंकना, डालना (उभयपदी)
**विद्** = प्राप्त करना (उभयपदी)

## शब्दार्थ

**जन्तु** = जीव, प्राणी (पुंलिंग)
**तात** = पिता (पुंलिंग)
**मराल** = हंस (पुंलिंग)
**शूकर** = सूअर (पुंलिंग)
**सुधा** = अमृत (स्त्रीलिंग)
**अज्ञ** = अज्ञानी (विशेषण)
**अद्भुत** = आश्चर्यकारी (विशेषण)
**अपर** = दूसरा (विशेषण)
**निखिल** = समस्त (विशेषण)
**पर** = उत्कृष्ट (विशेषण)
**लज्जित** = लज्जावाला (विशेषण)
**अञ्जन** = काजल (नपुं. लिंग)
**तमस्** = अंधकार (नपुं. लिंग)
**पद** = स्थान, पैर (नपुं. लिंग)
**पाथेय** = भाता (नपुं. लिंग)
**भवितव्य**=अवश्य होनेवाला (नपुं. लिंग)

| | |
|---|---|
| **मानस** = मानस सरोवर (नपुं. लिंग) | **यतस्**=क्योंकि, जिस कारण से (अ.) |
| **यवस्** = घास (नपुं. लिंग) | **किल** = सचमुच (अव्यय) |
| **स्वर्ण** = सोना (नपुं. लिंग) | **सर्वथा** = सभी प्रकार से (अव्यय) |

## संस्कृत में अनुवाद करें :

1. वैद्य द्वारा व्याधि से मरते (मृ) हुए लोगों की व्याधि दूर की जाती है। **(हृ)**
2. घर से जाते हुए पुत्र ने पिता से अनुमति माँगी। **(आ + प्रच्छ्)**
3. अद्भुत विनय और शौर्य द्वारा वल्लभ ने राजा के चित्त में प्रवेश किया। **(नि + विश्)**
4. गुरु अमृततुल्य वाणी द्वारा शिष्य के संदेह काटते हैं (व्रश्च्), अतः शिष्य अपने मस्तक धुनाते **(धू)** हुए गुरु की स्तुति करते हैं। **(नू)**
5. अर्जुन ने द्रोणाचार्य के पास धनुर्विद्या ग्रहण की। **(विद्)**
6. उस जन्मे हुए पुत्र से क्या फायदा और मरे हुए पुत्र से क्या नुकसान, जिसके होते हुए भी पिता की भूमि दूसरों के द्वारा कब्जे की जाती है। **(आ + क्रम्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **तात ! अभिषिच्यतां राज्ये भरतः परया मुदा ।**
2. **वत्से ! परिष्वजस्व मां सखी-जनं च ।**
3. **एते जना ममेदं रत्नस्वर्णादिकं लुम्पन्ति ।**
4. **लिप्यते निखिलो लोको, ज्ञान-सिद्धो न लिप्यते ।**
5. **सर्वथा स्वप्रमादेन लज्जितोऽस्मि प्रसीदत ।**
6. **य एव म्रियते जन्तुः स एवोत्पद्यते पुनः।**
7. **अत्रुट्यत्तत्र सर्वेषां पाथेययवसादिकम् ।**
8. **इदमाश्रम-द्वारं यावत्प्रविशामि–**
   **शान्तमिदमाश्रम-पदं, स्फुरति च बाहुः, कुतः फलमिहास्य ?**
   **अथवा भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र ॥**
9. **लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः ।**
   **असत्पुरुष-सेवेव, दृष्टि-र्निष्फलतां गता ॥**
10. **मज्जत्यज्ञः किलाज्ञाने, विष्ठायामिव शूकरः ।**
    **ज्ञानी निमज्जति ज्ञाने, मराल इव मानसे ॥**

# पाठ-5

## चुरादि 10 वाँ गण

1. दसवें गण के धातुओं को अपना **इ (णिच्)** प्रत्यय लगता है ।
   उदा. चुर् + इ (णिच्) पाठ 1. नि. 7 से- चोरि + अ (शव्) + ति
   चोरे + अ + ति = चोरयति । – पा.1 नि.2 और 7.

2. ञित् तथा णित् प्रत्ययों पर उपांत्य **अ** तथा अंत्य ह्रस्व या दीर्घ नामि स्वर की वृद्धि होती है ।
   उदा. तड् + इ (णिच्) = ताडि । ताडि + अ + ति = ताडयति ।
   पॄ + इ = पारि । पारि + अ + ति = पारयति ।

3. इ (णि) प्रत्यय पर **धू** और **प्री** धातु के साथ **न्** जुड़ता है ।
   उदा. धू + इ + अ + ति । धून् + इ + अ + ति –
   धूनि + अ + ति = धूनयति, प्रीणयति ।

4. कृत् धातु का कीर्त् आदेश होता है । उदा.– **कीर्तयति ।**

5. दसवें गण के **'युज्'** आदि (युजादि) धातुओं को **इ (णिच्)** प्रत्यय विकल्प से लगता है ।
   उदा. युज् + इ + अ + ति = योजयति ।
   युज् + अ + ति = योजति ।
   सह् + इ + अ + ति = साहयति, सहति ।

6. **कम्** गण (1) आत्मनेपदी – अभिलाषा करना, इस धातु को अपना इ (णिङ्) प्रत्यय लगता है ।
   उदा. कम् + इ (णिङ्) = कामि ।
   कामि + अ + ते = कामयते ।

7. धातु सूचित क्रिया को करनेवाले अर्थ में धातु को **अक** (णक्), **तृ** (तृच्) तथा **अ** (अच्) प्रत्यय लगकर विशेषण नाम बनता है ।
   उदा. पचति इति – पच् + अक = पाचक । (स्त्रीलिंग में पाचिका)
   पच् + तृ = पक्ता ।
   हरति (पापानि) इति (हृ + अ) = हरः ।

8. धातु से अ (घञ् या अल्) प्रत्यय लगकर पुंलिंग नाम बनते हैं।

उदा. पठ् + अ (घञ्) = पाठः

भू + अ (घञ्) = भावः

यहाँ ञित् होने से वृद्धि हुई है।

मद् + अ (अल्) = मदः

नी + अ (अल्) = नयः

जि + अ (अल्) = जयः

## दसवें गण के धातु

| | |
|---|---|
| **कृत्** = कीर्तन करना (परस्मैपदी) | **लल्** = लालन पालन करना (आत्म.) |
| **छद्** = ढकना, छुपाना (परस्मैपदी) | **वञ्च्** = ठगना, छल करना (आत्मनेपदी) |
| **लोक्** = देखना (परस्मैपदी) | |
| **क्षल्** = धोना (परस्मैपदी) | |

## युजादि[1] धातुएँ

| | |
|---|---|
| **युज्** = जोड़ना | **प्री** = खुश करना (उभयपदी) |
| **आ** + **सद्** = प्राप्त करना, पाना | **अर्च्** = पूजा करना (आत्मनेपदी) |
| **सह्** = सहन करना | **तप्** = तपाना, जलाना (आत्मनेपदी) |
| **धू** = हिलाना (उभयपदी) | **मृष्** = क्षमा करना, सहन करना (आ.) |

**टिप्पणी :** 1. युजादि धातु परस्मैपदी है, परंतु **णिच्** प्रत्यय नहीं लगने पर पद बदलता भी है, वह साथ में दिया है।

उदा. योजयति । योजति ।

तापयति । तपते । धूनयति । धवति । धवते ।

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **अद्रि** = पर्वत (पुंलिंग) | **पांसु** = धूल (पुंलिंग) |
| **क्रम** = अनुक्रम (पुंलिंग) | **विध** = प्रकार (पुंलिंग) |
| **गन्धर्व**=गानेवाला, एक देवजाति (पुं.) | **विश्लेष** = वियोग (पुंलिंग) |
| **जीमूत** = मेघ (पुंलिंग) | **शाखिन्** = वृक्ष (पुंलिंग) |
| **तीर्थंकर** = जगत्पूज्य, देवाधिदेव (पुं.) | **ज्या** = धनुष की डोरी (स्त्रीलिंग) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **तनया** = पुत्री | (स्त्रीलिंग) | **भूत** = प्राणी | (नपुं.लिंग) |
| **धात्री** = धावमाता | (स्त्रीलिंग) | **गृहिन्** = गृहस्थ | (विशेषण) |
| **स्पृहा** = लालसा, इच्छा | (स्त्रीलिंग) | **चतुर** = होशियार | (विशेषण) |
| **अंहस्** = पाप | (नपुं.लिंग) | **नव** = नया | (विशेषण) |
| **आकर्षण** = खिंचाव | (नपुं.लिंग) | **अद्यापि** = अभी भी | (अव्यय) |
| **आतोद्य** = वाद्ययंत्र | (नपुं.लिंग) | **कृते** = के लिए | (अव्यय) |
| **तूल** = रुई | (नपुं.लिंग) | **तथापि** = तो भी | (अव्यय) |
| **तोय** = पानी | (नपुं.लिंग) | **पुरतस्** = आगे | (अव्यय) |
| **धनुस्** = धनुष्य | (नपुं.लिंग) | | |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. लोक में उद्योत करनेवाले तीर्थंकरों की मैं स्तुति करता हूँ। **(कृत्)**
2. जो गुरु के दोष छिपाता है, वह छात्र कहलाता है। **(छद्)**
3. लोगों को खुश करता हुआ **(प्री)** और डोरी खींचने के द्वारा धनुष को कंपित करता हुआ **(धू)** अर्जुन रंगभूमि में आया।
4. मनुष्य जो कष्ट धन के लिए सहन करता है, वे कष्ट धर्म के लिए सहन नहीं करता है। **(सह्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. स्पृहावन्तो विलोक्यन्ते लघवस्तृणतूलवत्।**

**2. संयोजितकरैः के के न प्रार्थ्यन्ते स्पृहावहैः[1]।**

**3. तथाप्यद्याऽपि तान्दृष्ट्वा निजांहः क्षालयाम्यहम्।**

**4 धर्मेणाऽप्रीणयद्विश्वं जीमूत इव वारिणा।**

**5. ग्रीष्मे-पच्यन्त इव भूतानि, ताप्यन्त इव पांसवः।**
**क्वथ्यन्त इव तोयानि, ध्मायन्त इव चाद्रयः॥**

**6. धात्रीभिर्लाल्यमानश्च, पयः पानादिकर्मभिः।**
**शाखीवासादयद् वृद्धिं, राजपुत्रः क्रमेण सः॥**

**7. अयं [2]चतुर्विधाऽऽतोद्य – चतुरः पुरतस्तव।**
**गन्धर्व–वर्गः सङ्गीतकृते सज्जोऽवतिष्ठते॥**

**8. पीड्यन्ते गृहिणः कथं न तनया–विश्लेष–दुःखै-र्नवैः।**

---

**टिप्पणी :** 1. स्पृहाय आवहन्ति इति स्पृहावहैः तैः = स्पृहावहैः।
2. `चत्वारः' विधाः यस्य तत् चतुर्विधम्' । चतुर्विधं च तद् आतोद्यञ्च = चतुर्विधातोद्यम्-तस्मिन् चतुरः।

# पाठ-6

## कर्मणि और भावे प्रयोग

1. **य (क्य)** प्रत्यय पर धातु का अंत्यस्वर दीर्घ होता है ।
   उदा. जि + य (क्य) + ते = जीयते ।
2. **गा**[1] **, पा** (=पीना) **स्था, सा, दा** (दा[2] संज्ञावाले धातु) **मा, हा** (=त्याग करना) इन धातुओं के अंत्य स्वर **आ** का व्यंजनादि कित् प्रत्यय पर **ई** होता है परंतु **त्वा** का **य** हो तब **ई** नहीं होता है ।
   उदा. **गा** = गीयते, गीतः, गीतवान्, गीत्वा ।
   **पा** = पीयते, पीतः, पीतवान्, पीत्वा ।
   परंतु **प्रगाय** यहाँ **त्वा** का **य** होने से **ई** नहीं हुआ ।
3. **खन्, सन्** और **जन्** धातु के **न्** का धुट् व्यंजनादि कित् प्रत्यय पर **आ** होता है, परंतु **य (क्य)** कित् पर विकल्प से **आ** होता है ।
   उदा. खन् + त = खातः । सन् + त = सातः । जन् + त = जातः ।
   खायते, खन्यते । सायते, सन्यते । जायते, जन्यते ।
4. धातु के अंत्य **ऋ** के पहले संयोग हो तो ऐसे धातु के **ऋ** का तथा **ऋ** धातु के **ऋ** का **य (क्य)** प्रत्यय पर गुण होता है ।
   उदा. स्मृ = स्मर्यते । ऋ = अर्यते ।
5. **कित् प्रत्यय पर पहले गण के यज् आदि (यज्, व्ये, वे, ह्वे, वप्, वह्, श्वि, वद्, वस्) तथा वच् (गण 2) धातुओं के स्वर सहित अंतस्था का इ, उ तथा ऋ (य्वृत्) होता है ।**
   **य** का **इ, व** का **उ** तथा **र** का **ऋ** होता है, इसे संप्रसारण भी कहते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| उदा. | यज् = इज्यते | वच् = उच्यते |
| | वप् = उप्यते | व्ये = वीयते |
| | वह् = उह्यते | वे = ऊयते |
| | वद् = उद्यते | ह्वे = हूयते |
| | वस् = उष्यते | श्वि = शूयते |

6. ``वे'' धातु को छोड़ अंत्य य्वृत् (इ, उ, ऋ) दीर्घ होता है ।
   उदा. ह्वे = हूतः, हूतवान्, हूत्वा ।
   व्ये = वीतः, वीतवान्, वीत्वा ।

---

**टिप्पणी :** 1. पा. 1. नि.14 से गै का गा–सौ का सा ।
2. दा संज्ञावाले धातु पाठ 15 नि. 4 में बताए है ।

परंतु वे का उतः, उतवान्, उत्वा । वप्-उप्तः । उप्तवान् । उप्त्वा ।

7. धातु को **ति** (क्ति) प्रत्यय लगने पर स्त्री लिंग नाम बनते हैं ।
उदा. गै = गीतिः । मुच् = मुक्तिः, वच् = उक्तिः । प्री = प्रीतिः ।

8. दुह्, भिक्ष्, रुध्, प्रच्छ्, चि, ब्रू, शास्, याच्, जि, दण्ड्, मथ् आदि तथा **नी, हृ, कृष्** और **वह्** धातु द्विकर्मक हैं ।
कर्मणि प्रयोग में **दुहादि** धातुओं के गौण कर्म तथा **नी** आदि धातुओं के मुख्य कर्म को प्रथमा होती है ।
उदा. 1) याचका नृपं धनं याचन्ते – याच्यते नृपो धनं याचकैः ।
2) किङ्करा भारं ग्रामं वहन्ति – उह्यते भारो ग्रामं किङ्करैः ।
यहाँ दोनों प्रकार के धातुओं में कर्ता पहले जिस कर्म के साथ संबंध करता है । उस कर्म को प्रथमा विभक्ति हुई है ।

## पहले गण के धातु

| | |
|---|---|
| **श्वि** = जाना, बढना (परस्मैपदी) | **खन्** = खुजलना (उभयपदी) |
| **सन्** = भजन करना (परस्मैपदी) | **यज्** = पूजा करना, यज्ञ करना (उ.) |
| **भिक्ष्** = माँगना (आत्मनेपदी) | **वे** = बुनना, सीना, बनाना (उभय.) |
| **रभ्** = आरंभ करना (आत्मनेपदी) | **व्ये** = ढकना (उभयपदी) |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **अभ्युदय** = उन्नति (पुंलिंग) | **शिल्प** = कला कौशल (नपुं.लिंग) |
| **तन्तु** = तुन्तु, सूत का धागा (पुंलिंग) | **स्थैर्य** = स्थिरता (नपुं.लिंग) |
| **यव** = जौ (पुंलिंग) | **गर्ता** = खड्डा (स्त्री.लिंग) |
| **विलम्ब** = देरी (पुंलिंग) | **कल** = मधुर, मनोहर (विशेषण) |
| **तन्तुवाय** = बुनकर (पुंलिंग) | **गुरुगत** = गुरु में रहा (विशेषण) |
| **नरपति** = राजा (पुंलिंग) | **निष्प्रयोजन**=प्रयोजन रहित (विशेषण) |
| **इन्द्रिय** = इन्द्रिय (नपुं.लिंग) | **मंगल** = मंगलकारी (विशेषण) |
| **उत्तर** = जवाब (नपुं.लिंग) | **म्लान** = मुर्झाया हुआ (विशेषण) |
| **खनित्र** = कुदाल, खुर्पा (नपुं.लिंग) | **शुश्रूषु** = सुनने की इच्छा वाला, सेवा करनेवाला (विशेषण) |
| **भू-तल**=पृथ्वी का तलभाग (नपुं.लिंग) | |
| **शिरस्** = मस्तक (नपुं.लिंग) | |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. शूरवीर वही है जिसके द्वारा इन्द्रियाँ जीती जायें। **(जि)**
2. पंडित वही है जिसके द्वारा धर्म का आचरण हो। **(आ + चर्)**
3. वक्ता वही है जिसके द्वारा सत्य बोला जाय। **(वद्)**
4. दाता वही है जिसके द्वारा अभय दान दिया जाय। **(दा)**
5. परीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को प्रश्न पूछे जाते है।
6. विद्यार्थी द्वारा याद किया जाता है, **(स्मृ)** और परीक्षक को जवाब दिया जाता है।
7. बुनकर सूत बुनता है। **(वे)**
8. जो खड्डा खोदता है वह उसमें गिरता है।
9. उसके भाई-पुष्कर द्वारा नल के पास से सब जीता गया। **(जि)**
10. इस भार[1] को गाँव में ले जाने[2] के लिए मजदूरों द्वारा उठाया जाता है। **(वह्)**
11. आचार्य द्वारा धर्मकथा[1] कहना[2] प्रारंभ की जाती है। **(आ + रभ्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **यदि न कश्चित्कार्यविलम्बस्ततः प्रस्थीयतामभ्युदयाय ।**
2. **समाहूतं वैद्यमण्डलं तेन नरपतिना ।**
3. **न निष्प्रयोजनमधिकारवन्तः प्रभुभिराहूयन्ते ।**
4. **अम्लानपुष्प-मालेव तवाज्ञा नृपतिशतैरुह्यते शिरोभिः ।**
5. **मृगभयेन यवाः किं नोप्यन्ते ?**
6. **अगीयत च गन्धर्वैः कल-मङ्गल-गीतिभिः ।**
7. **यथा खात्वा खनित्रेण, भू-तले वारि विन्दति ।**
   **तथा गुरुगतां विद्यां, शुश्रूषुरधिगच्छति ।**
8. **न सा विद्या न तद्दानं न तच्छिल्पं न सा कला ।**
   **न तत्स्थैर्यं हि धनिनां याचकै र्यन्न गीयते ॥**

---

**टिप्पणी :** 1. मुख्य क्रिया-'उठाना' और 'प्रारंभ करना' होने से भार और धर्म कथा को कर्मणि प्रयोग में प्रथमा विभक्ति होगी।
2. गौण क्रिया है।

## प्र आदि अव्ययों के अर्थ

1. **प्र** – आरम्भ, संभव, वियोग, ज्यादा, आगे ।
2. **परा** – प्रतिकुल-उल्टा-सामने, ज्यादा ।
3. **अप** – वर्जन, वियोग, छिपाना ।
4. **सम्** – साथ में-मिलना, इकट्ठा होना, प्राधान्य-सम्यग्, चारों ओर, सम्मुख, ओर ज्यादा ।
5. **अनु** – समीप, समान, ज्यादा, अनुकूल, पीछे ।
6. **अव** – विज्ञान-बोध, ज्यादा, कम, वियोग, निम्न-खराब ।
7. **निस्-निर्** – वियोग, ज्यादा, उत्पत्ति, निश्चय, बाहर ।
8. **दुस्-दुर्** – अल्प-थोड़ा, खराब, दु:खपूर्वक ।
9. **वि** – दूर-ज्यादा, विशेष, वियोग-विरुद्ध, उल्टा ।
10. **आ** – मर्यादा, अभिविधि, थोड़ा, सम्मुख-सामने, ज्यादा, उत्पत्ति, ऊपर-ऊँचा ।
11. **नि** – ज्यादा, निम्न, रुकना, दर्शन, अभाव ।
12. **प्रति** – समान, बदले में देना, सम्मुख, विरुद्ध-उल्टा, निषेध ।
13. **परि** – थोड़ा, व्यापक-ज्यादा, वर्जन, ऊपर, चारों ओर ।
14. **उप** – वर्जन, निम्न, रुकना, दर्शन, अभाव ।
15. **अधि** – अधिकार, ऊपर-ऊँचा, अधिक ।
16. **अपि** – अपेक्षा, आशीर्वाद, संभावना, ढकना, प्रश्न ।
17. **सु** – पूजा-श्रेष्ठता, ज्यादा, सरलता से ।
18. **उद्** – प्रबलता, ऊपर, ऊँचा ।
19. **अति** – पूजा, श्रेष्ठता, ज्यादा, अतिक्रमण, सीमातीत ।
20. **अभि** – अभिमुख-तरफ, पास में, ऊपर, व्यापकता, ज्यादा ।

# गण विभाग-2

## 'अ' कारांत सिवाय विकरण प्रत्यय वाले गण

## 5 वा, 8 वा, 9 वा, 7 वा गण[1]

## पाठ-7

### सु आदि पाँचवाँ गण

1. कर्तरि प्रयोग में **शित्** प्रत्यय लगने पर पाँचवें गण के धातुओं को **नु (श्नु)** विकरण प्रत्यय लगता है। उदा. चि + नु (श्नु) + ति–
2. **नु (श्नु)** प्रत्यय के स्वर का **ङित्** सिवाय के प्रत्यय पर गुण होता है। उदा. (i) चिनोति। **नु (श्नु)** प्रत्यय अवित् शित् होने से ङित् है, अतः धातु के स्वर का गुण नहीं होता है। उदा. चिनोति में चि के इ का गुण नहीं होगा (पा.1 नि.7)।
   (ii) चिनवै। आत्मने पदी आज्ञार्थ पहला पुरुष एक वचन।
   परंतु (iii) चिनुतः। यहाँ गुण नहीं होगा क्योंकि तस प्रत्यय ङित है। –पा.1. नि.6।
3. पहले संयोग न हो तो प्रत्यय के **उ** का **म्** और **व्** से प्रारंभ होनेवाले अवित् प्रत्ययों पर विकल्प से लोप होता है।
   उदा. चि + नु + वस् = चिन्वः, चिनुवः। चिन्मः, चिनुमः।
   परंतु शक् का शक्नुवः, शक्नुमः। यहाँ संयोग होने से लोप नहीं हुआ।
   चि + नु + मि = चिनोमि यहाँ मि प्रत्यय म् से प्रारंभ होने पर भी वित् है, इसलिए उ का लोप नहीं होगा।
4. पहले संयोग न हो तो प्रत्यय के **उ** के बाद में रहे **'हि'** का लोप होता है।
   उदा. चिनु + हि = चिनु। – 'हि' का लोप हुआ है।
   परंतु 'शक्नुहि' में संयोग होने से 'हि' का लोप नहीं हुआ।

---

**टिप्पणी :** 1. पाँचवाँ, सातवाँ, आठवाँ तथा नौवाँ गण, ये चार गण अकारांत सिवाय के विकरण प्रत्यय लेनेवाले हैं।
यद्यपि 7 वें गण का विकरण प्रत्यय अकारांत है, फिर भी वह धातु के स्वर के बाद और अंत्य व्यंजन के पहले आता है, अतः प्रत्ययों में **आते** का **इते** आदि नहीं होता है।
इसी प्रकार दूसरे और तीसरे गण में भी यही नियम लगेगा, क्योंकि उन गणों में तो विकरण प्रत्यय लगता ही नहीं है।

## 'चि' धातु के परस्मैपदी के रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| चिनोमि | चिन्वः, चिनुवः | चिन्मः, चिनुमः |
| चिनोषि | चिनुथः | चिनुथ |
| चिनोति | चिनुतः | चिन्वन्ति |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अचिनवम् | अचिन्व, अचिनुव | अचिन्म, अचिनुम |
| अचिनोः | अचिनुतम् | अचिनुत |
| अचिनोत् | अचिनुताम् | अचिन्वन् |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| चिनुयाम् | चिनुयाव | चिनुयाम |
| चिनुयाः | चिनुयातम् | चिनुयात |
| चिनुयात् | चिनुयाताम् | चिनुयुः |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| चिनवानि | चिनवाव | चिनवाम |
| चिनु | चिनुतम् | चिनुत |
| चिनोतु | चिनुताम् | चिन्वन्तु |

### आत्मनेपदी धातु

5. **अ सिवाय** किसी भी वर्ण के बाद में रहे आत्मनेपदी के **अन्ते, अन्ताम्** और **अन्त** प्रत्यय के **न्** का लोप होता है ।
उदा. चि + नु + अन्ते = चिन्वते ।

## 'चि' धातु के आत्मनेपदी के रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| चिन्वे | चिन्वहे, चिनुवहे | चिन्महे, चिनुमहे |
| चिनुषे | चिन्वाथे | चिनुध्वे |
| चिनुते | चिन्वाते | चिन्वते |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अचिन्वि | अचिन्वहि, अचिनुवहि | अचिन्महि, अचिनुमहि |
| अचिनुथाः | अचिन्वाथाम् | अचिनुध्वम् |
| अचिनुत | अचिन्वाताम् | अचिन्वत |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| चिन्वीय | चिन्वीवहि | चिन्वीमहि |
| चिन्वीथाः | चिन्वीयाथाम् | चिन्वीध्वम् |
| चिन्वीत | चिन्वीयाताम् | चिन्वीरन् |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| चिनवै | चिनवावहै | चिनवामहै |
| चिनुष्व | चिन्वाथाम् | चिनुध्वम् |
| चिनुताम् | चिन्वाताम् | चिन्वताम् |

### व्यंजनांत धातु

6. पहले संयोग हो तो **नु (श्नु)** प्रत्यय के **उ** का स्वरादि प्रत्ययों पर **उव्** होता है । शक् + नु + अन्ति = शक्नुवन्ति ।
अश् – अश्नुवे । (वर्तमान काल पहला पु.एक वचन) आश्नुवि (ह्यस्तन काल पहला पु. एक वचन)

### 'शक्' धातु के परस्मैपदी के रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| शक्नोमि | शक्नुवः | शक्नुमः |
| शक्नोषि | शक्नुथः | शक्नुथ |
| शक्नोति | शक्नुतः | शक्नुवन्ति |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अशक्नवम् | अशक्नुव | अशक्नुम |
| अशक्नोः | अशक्नुतम् | अशक्नुत |
| अशक्नोत् | अशक्नुताम् | अशक्नुवन् |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| शक्नुयाम् | शक्नुयाव | शक्नुयाम |
| शक्नुयाः | शक्नुयातम् | शक्नुयात |
| शक्नुयात् | शक्नुयाताम् | शक्नुयुः |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| शक्नवानि | शक्नवाव | शक्नवाम |
| शक्नुहि[1] | शक्नुतम् | शक्नुत |
| शक्नोतु | शक्नुताम् | शक्नुवन्तु |

**टिप्पणी :** 1. इस गण के व्यंजनांत धातुओं में 'हि' का लोप नहीं होगा । स्वरांत धातुओं में हि का लोप होगा नियम-4 देखे)

## 'अश्' धातु के आत्मनेपदी के रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| अश्नुवे | अश्नुवहे | अश्नुमहे |
| अश्नुषे | अश्नुवाथे | अश्नुध्वे |
| अश्नुते | अश्नुवाते | अश्नुवते |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| आश्नुवि | आश्नुवहि | आश्नुमहि |
| आश्नुथाः | आश्नुवाथाम् | आश्नुध्वम् |
| आश्नुत | आश्नुवाताम् | आश्नुवत |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| अश्नुवीय | अश्नुवीवहि | अश्नुवीमहि |
| अश्नुवीथाः | अश्नुवीयाथाम् | अश्नुवीध्वम् |
| अश्नुवीत | अश्नुवीयाताम् | अश्नुवीरन् |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| अश्नवै | अश्नवावहै | अश्नवामहै |
| अश्नुष्व | अश्नुवाथाम् | अश्नुध्वम् |
| अश्नुताम् | अश्नुवाताम् | अश्नुवताम् |

7. **तक्ष्** (गण 1) = छीलना, पतला करना अर्थ में हो, **अक्ष्** (गण 1) = मिलना – अर्थ में हो तो **नु (श्नु)** प्रत्यय विकल्प से लगता है।

उदा. तक्ष्णोति, तक्षति। अक्ष्णोति, अक्षति।

परंतु **संतक्षति वाग्भिः शिष्यम् –** वाणी द्वारा शिष्य को ठपका देते हैं। यहाँ ठपके अर्थ में नु प्रत्यय नहीं लगेगा।

### वर्तमान कृदन्तः

कर्तरि में – चि + नु + अत् (शतृ) = चिन्वत्। शक् का शक्नुवत्
– पुंलिंग में गच्छत् जैसे रूप होंगे।
स्त्रीलिंग में – चिन्वती – नदी जैसे रूप होंगे।

प्रथमा, द्वितीया – चिन्वत्, द्। चिन्वती। चिन्वन्ति। शेष गच्छत् के अनुसार।

**आत्मनेपदी में –** चि + नु + आन (आनश्) = चिन्वानः
अश् का अश्नुवानः

**कर्मणि में –** चीयते, शक्यते।

**कर्मणि-कृदन्त में –** चीयमानः। शक्यमानः।

## 5 वें गण के धातु

| | |
|---|---|
| **आप्** = प्राप्त करना (परस्मैपदी) | **चि**=इकट्ठा करना, चुनना (उभयपदी) |
| **दु** = दु:खी करना (परस्मैपदी) | **सु** = सोमरस निकालना (उभयपदी) |
| **धृष्** = हिम्मत करना (परस्मैपदी) | **धू** = हिलाना (उभयपदी) |
| **शक्** = शक्तिमान होना(परस्मैपदी) | **वृ** = वरण करना, सेवना, भजना, पसंद करना (उभयपदी) |
| **श्रु (शृ)** = सुनना (परस्मैपदी) | **सम् + वृ** = बंद करना (उभयपदी) |
| **साध्** = सिद्ध करना, साधना (पर.) | **अप + आ + वृ** = खोलना (उभयपदी) |
| **स्तृ** = ढकना, बिछाना (परस्मैपदी) | **वि + वृ** = विवरण करना (उभयपदी) |
| **हि** = भेजना (परस्मैपदी) | **आ + वृ** = ढकना (उभयपदी) |
| **अश्** = मिलना, व्याप्त होना (आत्म.) | |
| **कृ** = हिंसा करना (उभयपदी) | |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **अहि** = साँप (पुंलिंग) | **सूची** = सूई (स्त्रीलिंग) |
| **कुथ** = दरी, चादर (पुंलिंग) | **स्रज्** = माला (स्त्रीलिंग) |
| **चंद्रगुप्त** = मौर्यवंशी राजा (पुंलिंग) | **अभीष्ट** = इच्छित (विशेषण) |
| **वर** = वरदान, दुल्हा (पुंलिंग) | **विरहित** = बिना, रहित (विशेषण) |
| **सचिव** = प्रधान (पुंलिंग) | **तारुण्य** = युवावस्था, जवानी (नपुं.) |
| **सामन्त** = छोटा राजा (पुंलिंग) | **दात्र** = दातरड़ा (नपुं.लिंग) |
| **आभा** = कांति, शोभा, सादृश्य, समान (स्त्रीलिंग) | **द्रम्म**=पैसा, एक प्रकार का सिक्का (नपुं.) |
| | **बाहुल्य** = अत्यंत (नपुं.लिंग) |
| **गुहा** = गुफा (स्त्रीलिंग) | **हा** = खेद अर्थ में (अव्यय) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. हंसा ने फूल चुने **(चि)** और उनकी माला बनाई।
2. पर्वत की गुफा में बैठकर उसने विद्या सिद्ध की। **(साध्)** विद्यादेवी ने कहा, ``तू वरदान मांग। **(वृ)** मैं वरदान प्रदान करने में समर्थ हूँ।'' **(शक्)**
3. अच्छे कार्यों से मनुष्य की कीर्ति लोक में फैलती है। **(अश्)**
4. शत्रु सैन्य को पराजित करने के लिए उन्होंने हिम्मत की। **(घृष्)** और जिस प्रकार दातरड़े के द्वारा घास काटा जाता है, उस प्रकार तलवारों द्वारा शत्रु के सैन्य को काट डाला। (कृत् – गण 6)

5. अरे सुशीला ! यहाँ चादर बिछा । (प्र + स्तृ)
6. सभी लोग बड़प्पन पाने के लिए तड़पते हैं, (प्र + स्पन्द्) परंतु बड़प्पन खुले हाथों से प्राप्त किया जाता है । (प्र + आप्)
7. कई दिनों से उपार्जित (धन) को खा । अरे मूर्ख ! एक भी पैसा इकट्ठा मत कर । (सम् + चि) क्योंकि कोई ऐसा भय आ गिरता है । (आ + पत्) कि जिससे यह जन्म समाप्त हो जाता है । (सम् + आप्)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **कथं य एव मद्विनाशेन[1] चन्द्रगुप्तं सेवितुमुद्यताः त एव मां परिवृण्वन्ति ?**
2. **तं संदेशं देवः श्रोतुमर्हति ।**
3. **स्त्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया ।**
4. **[2]कर्ण-सूची-प्रवेशाभं सुता-जन्म सोऽशृणोत् ।**
5. **आर्यपुत्र ! त्वया विरहिता मुहूर्तमपि स्थातुं न शक्नोमि, तदवश्यं मयाऽपि गन्तव्यमरण्यम्, अवमत्य चेद् गच्छसि मां, गच्छ, सिध्यतु तवाभीष्टम् । (अव + मन् + य = अवमत्य)**
6. **महती कथैषा न शक्यते संक्षिप्य कथयितुम् ।**
7. **शृणु वर्ण्यमानमस्य वृत्तान्तम् ।**
8. **दशरथो राजा सामन्तान्सचिवानपि राममानेतुं प्राहिणोत् ।**
9. **नित्यमप्येवं वदन्ती हा त्वामपि दुनोम्यहम् ।**
10. **'कस्मिन्प्रयोजने मयायं प्रहितः' इति प्रयोजनानां बाहुल्यान्न खलु स्मरामि ।**
11. **जितेन्द्रियत्वं विनयस्य साधनं गुणप्रकर्षो विनयादवाप्यते ।<br>गुणप्रकर्षेण जनोऽनुरज्यते जनानुरागाच्च भवन्ति सम्पदः ॥**
12. **मा विषीद महाभाग ! भव स्वस्थोऽधनुना ननु ।<br>मया मृगयमाणेन, प्राप्तास्ति भवतः प्रिया ॥**
13. **अदृष्टाऽर्थेऽनुधावन्तः, शास्त्र–दीपं विना जडाः ।<br>प्राप्नुवन्ति परं खेदं, प्रस्खलन्तः पदे पदे ॥**

---

**टिप्पणी :** 1. मम विनाशः मद्विनाशः तेन मद्विनाशेन ।
2. सूच्याः प्रवेशः=सूचीप्रवेशः । कर्णे सूचीप्रवेशः=कर्णसूचीप्रवेशः । कर्णसूचीप्रवेशस्य आभा यस्यतत्=कर्णसूचीप्रवेशाभम् ।

# पाठ-8

## तनादि आठवाँ गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर आठवें गण के धातुओं को **उ** विकरण प्रत्यय लगता है ।
2. विकरण प्रत्यय **उ** का ङित् सिवाय के प्रत्ययों पर गुण होता है ।
   उदा. तन् + उ + ति=तनोति यहाँ पाठ 7 के नियम 3, 4 व 5 लगेंगे ।
   तन्वः, तनुवः–नियम 3, तनु – नियम 4, तन्वते – नियम 5

### 'तन्' धातु के परस्मैपदी रूप

#### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| तनोमि | तन्वः, तनुवः | तन्मः, तनुमः |
| तनोषि | तनुथः | तनुथ |
| तनोति | तनुतः | तन्वन्ति |

#### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अतनवम् | अतन्व, अतनुव | अतन्म, अतनुम |
| अतनोः | अतनुतम् | अतनुत |
| अतनोत् | अतनुताम् | अतन्वन् |

#### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| तनुयाम् | तनुयाव | तनुयाम |
| तनुयाः | तनुयातम् | तनुयात |
| तनुयात् | तनुयाताम् | तनुयुः |

#### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| तनवानि | तनवाव | तनवाम |
| तनु[1] | तनुतम् | तनुत |
| तनोतु | तनुताम् | तन्वन्तु |

### 'तन्' धातु के आत्मनेपदी रूप

#### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| तन्वे | तन्वहे, तनुवहे | तन्महे, तनुमहे |
| तनुषे | तन्वाथे | तनुध्वे |
| तनुते | तन्वाते | तन्वते |

#### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अतन्वि | अतन्वहि, अतनुवहि | अतन्महि, अतनुमहि |
| अतनुथाः | अतन्वाथाम् | अतनुध्वम् |
| अतनुत | अतन्वाताम् | अतन्वत |

**टिप्पणी :** 1. आठवें गण में हि का लोप सब जगह होगा ।

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| तन्वीय | तन्वीवहि | तन्वीमहि |
| तन्वीथा: | तन्वीयाथाम् | तन्वीध्वम् |
| तन्वीत | तन्वीयाताम् | तन्वीरन् |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| तनवै | तनवावहै | तनवामहै |
| तनुष्व | तन्वाथाम् | तनुध्वम् |
| तनुताम | तन्वाताम् | तन्वताम् |

## कृ धातु

कृ + उ + ति – (पाठ 1 नियम 7 से) कर् + उ + ति – इस नियम से कर् + ओ + ति = करोति ।

कृ + उ + तस् = कर् + उ + तस्–

3. अवित् शित् प्रत्ययों पर कृ धातु के क में रहे अ का उ होता है ।
   उदा. कुर् + उ + तस् = कुरुत: । कुर्वन्ति । कुरुते । कुर्वते ।

4. **व्** और **म्** से प्रारंभ होनेवाले अवित् प्रत्ययों पर तथा **य** से प्रारंभ होनेवाले प्रत्ययों पर **कृ** धातु के विकरण प्रत्यय उ का लोप होता है ।
   उदा. कुर्व: । कुर्म: । कुर्यात् ।

## 'कृ' धातु के परस्मैपदी रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| करोमि | कुर्व: | कुर्म: |
| करोषि | कुरुथ: | कुरुथ |
| करोति | कुरुत: | कुर्वन्ति |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अकरवम् | अकुर्व | अकुर्म |
| अकरो: | अकुरुतम् | अकुरुत |
| अकरोत् | अकुरुताम् | अकुर्वन् |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| कुर्याम् | कुर्याव | कुर्याम |
| कुर्या: | कुर्यातम् | कुर्यात |
| कुर्यात् | कुर्याताम् | कुर्यु: |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| करवाणि | करवाव | करवाम |
| कुरु | कुरुतम् | कुरुत |
| करोतु | कुरुताम् | कुर्वन्तु |

## 'कृ' धातु के आत्मनेपदी रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| कुर्वे | कुर्वहे | कुर्महे |
| कुरुषे | कुर्वाथे | कुरुध्वे |
| कुरुते | कुर्वाते | कुर्वते |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अकुर्वि | अकुर्वहि | अकुर्महि |
| अकुरुथा: | अकुर्वाथाम् | अकुरुध्वम् |
| अकुरुत | अकुर्वाताम् | अकुर्वत |

| विध्यर्थ | | |
|---|---|---|
| कुर्वीय | कुर्वीवहि | कुर्वीमहि |
| कुर्वीथाः | कुर्वीयाथाम् | कुर्वीध्वम् |
| कुर्वीत | कुर्वीयाताम् | कुर्वीरन् |

| आज्ञार्थ | | |
|---|---|---|
| करवै | करवावहै | करवामहै |
| कुरुष्व | कुर्वाथाम् | कुरुध्वम् |
| कुरुताम् | कुर्वाताम् | कुर्वताम् |

## वर्तमान कृदन्त

तन्वत्, कुर्वत् के रूप तीनों काल में चिन्वत् की तरह होते है।

आत्मनेपद में तन्वानः, कुर्वाणः।

कर्मणि प्रयोग में तन्यते, तन्यमानः

कृ का क्रियते, क्रियमाणः आदि

## आठवें गुण के धातु

**कृ** = करना (उभयपदी)

**आविस्+कृ**=प्रकट करना (उभयपदी)

**तन्** = फैलाना, विस्तार करना, लंबा करना, तानना (उभयपदी)

**सन्** = दान करना, घायल करना (उ.)

**क्षण्**=हिंसा करना, घायल करना (उ.)

**क्षिण्** = हिंसा करना, नाश करना (क्षिणोति) (उभयपदी)

**मन्** = मानना (आत्मनेपदी)

**वन्** = मांगना (आत्मनेपदी)

## शब्दार्थ

**आटोप** = गर्व, आडंबर (पुंलिंग)

**चक्रिन्** = चक्रवर्ती राजा (पुंलिंग)

**चाण्डाल** = चांडाल (पुंलिंग)

**वत्स** = बछड़ा (पुंलिंग)

**सुमति** = पाँचवें तीर्थंकर (पुंलिंग)

**सूनु** = पुत्र (पुंलिंग)

**संपर्क** = संबंध (पुंलिंग)

**निर्बलता** = कमजोरी (स्त्रीलिंग)

**अभिमत** = इष्ट, इच्छित (नपुं.लिंग)

**आलस्य** = आलस्य (नपुं.लिंग)

**तपस्** = तप (नपुं.लिंग)

**पार्श्व** = पासमें, निकट में, आसपास (नपुं.लिंग)

**दुष्कृत** = पाप, खराब कार्य (नपुं.लिंग)

**लाम्पट्य** = लम्पटता (नपुं.लिंग)

**शर्मन्** = सुख (नपुं.लिंग)

**सत्त्व**=प्राणी, मनोबल, धैर्य (नपुं.लिंग)

**घोर** = कठिन (विशेषण)

**दुर्मद** = अतिशय मदवाला (विशेषण)

**पर** = तत्पर (विशेषण)

**प्रकट** = प्रकट (विशेषण)

**शरीरस्थ** = शरीर में रहा (विशेषण)

**स्वामिन्** = नाथ, पति (विशेषण)

**शीघ्र** = जल्दी (विशेषण)

**समम्** = साथमें (विशेषण)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. मैंने भरत के पास अच्छी पुस्तक देखी और माँगी **(वन्)** परंतु उसने मुझे नहीं दी ।
2. क्रोध करके मनुष्य अपनी कमजोरी प्रगट करता है । **(आविस्[1] + कृ)**
3. घोर तप द्वारा भगवान महावीर ने कर्मों का नाश किया । **(क्षिण्)**
4. जो अपने गुण छिपाता है और दूसरों के गुण प्रगट करता है, **(आविस् + कृ)** उस सज्जन की तुम पूजा करो । **(कृ)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **गुणेषु यत्नः क्रियतां किमाटोपैः प्रयोजनम् ।**
2. **'एतस्य वधं कुर्मः' एतस्य भक्तिं कुर्मः' इति मतिर्ययोः, तयोर्द्वयोरपि हिता बुद्धिः करणीया ।**
3. **मनागपि विषयलाम्पट्यपरं मनो मा कुरु, दुष्कृत-कर्म च मा कुरु, यदि किल शर्मेच्छसि ।**
4. **हे मूढ ! पवनवच्छीघ्रमात्मीयं मनः सुस्थिरं निश्चित्तं च कुर्याः ।**
5. **अहो अमी दुर्मदाः चक्रि-सूनवोऽस्मत्कथितं युक्तमपि न मन्वते धिग्मदम् ।**
6. **भगवान्सुमतिस्वामी तनोत्वभिमतानि वः ।**
7. **न हि सीदन्ति कुर्वन्तो देश-कालोचितां क्रियाम् ।**
8. **आलस्यं हि मनुष्याणां, शरीरस्थो[2] महान् रिपुः ।**<br>**नास्त्युद्यम[3]–समो बन्धुः, कृत्वा यं नावसीदति ।।**
9. **यथा धेनु–सहस्त्रेषु[4] वत्सो विन्दति मातरम् ।**<br>**तथा पुरा-कृतं कर्म कर्त्तारमनुगच्छति ।।**
10. **निर्गुणेष्वपि सत्त्वेषु, दयां कुर्वन्ति साधवः ।**<br>**न हि संहरते ज्योत्स्नां, चन्द्रश्चाण्डालवेश्मनि ।।**
11. **कुलीनैः सह संपर्कं, पण्डितैः सह मित्रताम् ।**<br>**ज्ञातिभिश्च समं मेलं, कुर्वाणो न विनश्यति ।।**

---

**टिप्पणी :** 1. शरीरे तिष्ठति इति शरीरस्थः ।

2. उद्यमेन समः उद्यमसमः । अथवा उद्यमस्य समः उद्यमसमः ।

3. धेनूनां सहस्त्राणि-धेनुसहस्त्राणि, तेषु–धेनुसहस्त्रेषु ।

4. निस्, निर्, दुस्, दुर्, बहिस्, आविस्, प्रादुस् और चतुर् के **र्** का **क, ख, प** और **फ** पर **ष्** होता है । उदा. दुष्कृतम्, आविष्कुर्वन्ति । यहाँ जिस शब्द के अन्त में **स्** है, उसका भी **प्र. पा. 3. नि. 1 से र्** हो जाता है ।

# पाठ-9

## 'क्री' आदि - नौवाँ गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगने पर नौवें गण के धातुओं को **ना (श्ना)** विकरण प्रत्यय लगता है । ना (श्ना) प्रत्यय ङित् होने से गुण नहीं होगा ।
   उदा. क्री + ना (श्ना) + ति = क्रीणाति ।
2. व्यंजन से प्रारम्भ होनेवाले अवित्‌शित् प्रत्ययों पर **ना (श्ना)** प्रत्यय के **आ** का **ई** होता है ।
   उदा. क्रीणीतः, क्रीणीते ।
3. स्वर से प्रारम्भ होनेवाले अवित्‌शित् प्रत्ययों पर **ना (श्ना)** प्रत्यय के **आ** का लोप होता है ।
   उदा. क्री + ना (श्ना) + अन्ति = क्रीणन्ति

### 'क्री' धातु के परस्मैपदी रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणामि | क्रीणीवः | क्रीणीमः |
| क्रीणासि | क्रीणीथः | क्रीणीथ |
| क्रीणाति | क्रीणीतः | क्रीणन्ति |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अक्रीणाम् | अक्रीणीव | अक्रीणीम |
| अक्रीणाः | अक्रीणीतम् | अक्रीणीत |
| अक्रीणात् | अक्रीणीताम् | अक्रीणन् |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणीयाम् | क्रीणीयाव | क्रीणीयाम |
| क्रीणीयाः | क्रीणीयातम् | क्रीणीयात |
| क्रीणीयात् | क्रीणीयाताम् | क्रीणीयुः |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणानि | क्रीणाव | क्रीणाम |
| क्रीणीहि | क्रीणीतम् | क्रीणीत |
| क्रीणातु | क्रीणीताम् | क्रीणन्तु |

### 'क्री' धातु के आत्मनेपद के रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणे | क्रीणीवहे | क्रीणीमहे |
| क्रीणीषे | क्रीणाथे | क्रीणीध्वे |
| क्रीणीते | क्रीणाते | क्रीणते |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अक्रीणि | अक्रीणीवहि | अक्रीणीमहि |
| अक्रीणीथाः | अक्रीणाथाम् | अक्रीणीध्वम् |
| अक्रीणीत | अक्रीणाताम् | अक्रीणत |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणीय | क्रीणीवहि | क्रीणीमहि |
| क्रीणीथाः | क्रीणीयाथाम् | क्रीणीध्वम् |
| क्रीणीत | क्रीणीयाताम् | क्रीणीरन् |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| क्रीणै | क्रीणावहै | क्रीणामहै |
| क्रीणीष्व | क्रीणाथाम् | क्रीणीध्वम् |
| क्रीणीताम् | क्रीणाताम् | क्रीणताम् |

4. व्यंजनांत धातु के **ना (श्ना)** विकरण प्रत्यय सहित **हि** प्रत्यय का **आन** होता है । उदा. पुष् + ना (श्ना) + आन = पुषाण, मुषाण ।
व्यंजनांत धातु के शेष रूप क्री धातु के अनुसार करें ।
उदा. पुष्णाति, पुष्णीतः, पुष्णन्ति
5. विकरण प्रत्यय पर **पू** आदि धातुओं का अंत्यस्वर ह्रस्व होता है ।
उदा. पुनाति । लुनाति ।
ज्या का जिनाति आदि । (पाठ 3. नि 7 और पाठ 6 नि. 6 से)
6. **'क्षुभ्नाति'** आदि में **न्** का **ण्** नहीं होता है ।
7. **परि, वि** तथा **अव** उपसर्ग के बाद **क्री** धातु आत्मनेपदी है ।
उदा. परिक्रीणीते, विक्रीणीते आदि ।
8. **ज्ञा (जा)** धातु के पहले उपसर्ग न हो तो आत्मनेपदी भी होता है ।
उदा. जानीते, जानाति ।
9. 'छिपाना' अर्थ में तथा **सम्** तथा **प्रति** उपसर्ग पूर्वक स्मृति से भिन्न अर्थ में **ज्ञा** धातु आत्मनेपदी है ।
उदा. अपजानीते = वह छिपाता है । संजानीते = वह जानता है ।
प्रतिजानीते = वह प्रतिज्ञा करता है । परंतु
संजानाति = वह स्मरण करता है । स्मृति अर्थ में परस्मैपदी होगा ।
10. **'स्म'** अव्यय के योग में ह्यस्तन भूतकाल में भी वर्तमाना प्रत्यय होते हैं ।
उदा. **पृच्छति स्म पितरम्** = पिता को पूछा ।
11. **पॄ** सिवाय के दीर्घ ॠकारांत और लू आदि धातुओं से **ति (क्ति), त (क्त)** तथा **तवत् (क्तवतु)** के **त** का **न** होता हैं ।
उदा. जॄ = जीर्णः, जीर्णवान् । तॄ = तीर्णिः तीर्णः, तीर्णवान् ।
लू= लूनिः, लूनः, लूनवान्
परंतु पॄ का पूर्तिः, पूर्त्तः पूत्तवान् होगा । (पाठ 15 नि. 3 देखे)

## वर्तमान कृदन्त

परस्मैपदी में – लुनत्, क्रीणत्, मुष्णत् आदि रुप चिन्वत् की तरह ।
आत्मनेपदी में – क्रीणानः । गृह्णानः ।
कर्मणि में – पूयते । मुष्यते । पॄ = पूर्यते । वॄ = वूर्यते । पाठ 15 नि. 3
कृदंत – पूयमानः । मुष्यमाणः । आदि

## नौवें गण के धातु

| | |
|---|---|
| **अश्** = खाना (परस्मैपदी) | **प्रत्यभि+ज्ञा(जा)** = पहिचानना (पर.) |
| **क्लिश्** = क्लेश करना (परस्मैपदी) | **वृ** = सेवा करना (आत्मनेपदी) |
| [1]**ग्रन्थ्** = गूँथना (ग्रथ्नाति) (परस्मैपदी) | **क्री** = खरीदना (उभयपदी) |
| **पुष्** = पोषण करना (परस्मैपदी) | **वि + क्री** = बेचना (उभयपदी) |
| **बन्ध्** = बाँधना (परस्मैपदी) | **ग्रह्**=ग्रहण करना (गृह्णाति)[2] (उभय.) |
| **मन्थ्** = मथना, मंथन करना (पर.) | **मी** = हिंसा करना (उभयपदी) |
| **मुष्** = चोरी करना (परस्मैपदी) | **अनु + ग्रह** = अनुग्रह करना (उभय.) |
| **मृद्** = मर्दन करना (परस्मैपदी) | **नि + ग्रह** = निग्रह करना, शिक्षा करना (उभयपदी) |
| **क्षुभ्** = क्षुब्ध होना (परस्मैपदी) | **प्री** = खुश करना (उभयपदी) |
| **ज्ञा (जा)** = जानना (परस्मैपदी) | **श्री** = पकाना (उभयपदी) |
| **अनु+ज्ञा(जा)**=अनुज्ञा देना (पर.) | |

### पू आदि धातु

**पू** = पवित्र करना (उभयपदी)

### लू आदि धातु

**लू** = काटना (उभयपदी)
**धू** = हिलाना (उभयपदी)
**स्तॄ** = ढकना (उभयपदी)
**वॄ** = पसंद करना (उभयपदी)
**ज्या (जी)** = हीन होना (परस्मैपदी)

**ली** = चिपकना, जुडना (परस्मै.)
**कॄ** = हिंसा करना (परस्मैपदी)
**शॄ** = हिंसा करना (परस्मैपदी)
**पॄ**=पालन करना, पुराना, भरना (पर.)
**दॄ**[3] = फाड़ना (परस्मैपदी)
**जॄ** = बूढ़ा होना (परस्मैपदी)
**गॄ** = बोलना (परस्मैपदी)

### शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **अङ्क** = गोद (पुंलिंग) | **भृत्य** = नोकर (पुंलिंग) |
| **अमर** = देव (पुंलिंग) | **लेश** = थोड़ा, अंश (पुंलिंग) |
| **कृतान्त** = यम (पुंलिंग) | **विकल्प** = विचार (पुंलिंग) |
| **नाग** = हाथी, नाग (पुंलिंग) | **विपाक** = फल, परिणाम (पुंलिंग) |
| **पद्मप्रभ** = छठे तीर्थंकर (पुंलिंग) | **वृत्तांत** = चरित्र, बात, व्यवहार (पुं.) |
| **भासुरक** = एक नाम है (पुंलिंग) | **समवाय** = सम्बन्ध (पुंलिंग) |

**टिप्पणी :** 1. गन्थ् + ना (श्ना) पाठ 3 नि. 8 से न् का लोप होगा ।
2. पाठ 4 नि. 5 देखे ।
3. हिंसार्थक धातु दसवे गण में भी होते है । दॄ = दारयति ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **सूत** = सारथी | (पुंलिंग) | **प्रेमन्** = प्रेम | (नपुं.लिंग) |
| **बहिस्** = बाहर | (अव्यय) | **प्रेषण** = भेजना, रवाना करना | (नपुं.) |
| **यावत्** = जब तक | (अव्यय) | **भाण्ड** = बर्तन, किराणा | (नपुं.लिंग) |
| **तावत्** = तब तक | (अव्यय) | **सस्य** = घास, धान्य | (नपुं.लिंग) |
| **अपि** = भी, प्रश्न पूछने में | (अव्यय) | **अरुण** = लाल | (विशेषण) |
| **जाने** = जानता है | (अव्यय) | **अंतरंग** = अंदर का, अभ्यंतर | (विशे.) |
| **कान्ता** = पत्नी, स्त्री | (स्त्री लिंग) | **कटु** = कड़वा | (विशेषण) |
| **तुम्बी** = तुंबड़ी | (स्त्री लिंग) | **दीन** = लाचार, गरीब | (विशेषण) |
| **अङ्गना** = स्त्री | (स्त्री लिंग) | **निबिड** = गाढ़ | (विशेषण) |
| **भास्**[1] = कांति | (स्त्री लिंग) | **परिणत** = पका हुआ | (विशेषण) |
| **रज्जु** = डोरी, रज्जु | (स्त्री लिंग) | **पुण्य** = पवित्र | (विशेषण) |
| **विजया** = एक नाम है | (स्त्री लिंग) | **पुण्यकृत्** = पुण्य करनेवाला | (विशे.) |
| **उटज** = झोंपड़ी | (नपुं.लिंग) | **प्रवण** = नम्र तैयार | (विशेषण) |
| **कलत्र** = पत्नी, भार्या | (नपुं.लिंग) | **मदीय** = मेरा | (विशेषण) |

## अन्य धातु

| | |
|---|---|
| **मथ्** = मथना, नाश करना (गण-1-प.) | **धृ** = धारण करना (गण-1-उभयपदी) |
| **वेष्ट्** = घेरना, लपेटना, मरोडना (गण-1-आत्मनेपदी) | **दृप्** = गर्व करना (गण-4-परस्मैपदी) |
| **स्मि** = स्मित करना, थोडा हँसना (गण-1-आत्मनेपदी) | **गवेष्**=शोध करना (गण-10-परस्मै.) |
| **वि+स्मि** = विस्मय पाना (गण-1-आ.) | **नुद्**=प्रेरणा करना, हांकना (गण-10-परस्मैपदी) |
| | **वृज्**=छोडना (गण-10–प.) (युजादि) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. उस दुरात्मा को गाढ़ बंधनों से बाँधो और कैद में डालो (बन्ध्) ।
2. देखो, भ्रमर पुष्प में लीन बना है और शहद पीता है ।
3. जब मनुष्य असत्य बोलता है (गॄ) तब सज्जन का हृदय दु:खी होती है ।
4. तुम पुष्पों की माला गूँथो (ग्रंथ्) व्यर्थ में क्लेश मत करो (क्लिश्) ।
   तू फूल की चोरी मत कर (मुष्) । तुम को फूलों को मसल देते हो (मृद्) ।

टिप्पणी : 1. भाभिः । तृ. बहुवचन ।

5. कलिकालसर्वज्ञ हेमचंद्राचार्यजी के व्याकरण को देखकर पंडित अपना मस्तक धुनाते हैं (धू) ।

6. कन्याओं ने अपने घड़े पानी से भरे । (पृ)

7. वृक्ष के पत्तों द्वारा तापस ने अपनी झोंपड़ी ढक दी (स्तृ) ।

8. मनुष्य वृक्ष पर से फल लेता है और कड़वे पत्ते छोड़ देता है । (वृज् गण 10) तो भी सज्जन की तरह वह महावृक्ष पत्तों को अपनी गोद में धारण करता है ।

9. समय पर पके हुए धान्य को किसान काटता है, उसी प्रकार कृतांत जन्मे हुए प्राणी को काट लेता है । (लू)

10. अपने वचन से छोड़े हुए आहार को मैं क्यों ग्रहण करूँ ? (ग्रह्)

11. पंडितजन प्रिय के वियोगरूपी विष[1] के वेग को जानते हैं, (ज्ञा) इसीलिए बिल में रहे[2] साँप की तरह प्रेम को छोड़ देते हैं । (परि + ह) ।

12. उसके मुख का बंध और वेणी का बंध शोभा को धारण करता है, मानों चंद्रमा और राहु मल्लयुद्ध करते हैं ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **अनुजानीत मां यत्र मे बन्धुजनोऽस्ति तत्र गच्छामि ।**
2. **विक्रीणीते स्म भाण्डानि ।**
3. **सूत ! नोदयाश्वान्, पुण्याश्रमदर्शनेन तावदात्मानं पुनीमहे ।**
4. **कटु-तुम्ब्याः पक्वमपि फलं कोऽश्नाति ?**
5. **अमूनि फलानि गृह्णीत ।**
6. **एषा भवतः कान्ता, त्यज वैनां गृहाण वा ।**
7. **'कस्मात्कर्मणः भवगहने भ्रम्यते, कस्माच्च मोक्षो भवति', इति ज्ञातुं मूढ ! यदि मन्यसे तदा जिनागमान्गवेषय ।**
8. **एष जानाति सर्वं भासुरक ! बहिर्नीत्वा तावत्ताड्यतां यावत्कथयति ।**
9. **विजये ! अपि प्रत्यभिजानासि भूषणमिदम् ?**

---

**टिप्पणी :** 1. वियोगविषस्य । 2. बिले गतः = बिलगतः । (सप्तमी तत्पुरुष समास)

10. अमूं विद्यां भक्तिप्रवणेन चेतसा निर्विकल्पम्[1] गृहाण ।

11. जानीहि मदीयमपि लेशतो वृत्तान्तम् ।

12. अनुगृहाणेमां मनः परितोषाय मे नृपचन्द्र !

13. शीलेन महता पुनाति स्वं कुलद्वयम् ।

14. मुषाण रत्नानि हरामराङ्गनाः ।

15. विपुलधनमत्रास्ति मदीयं तद् गृहाण भोः !

16. दुःखं प्राप्य न दीनः स्यात्सुखं प्राप्य न विस्मितः ।
मुनिः कर्म-विपाकस्य, जानन् परवशं जगत् ॥

17. पद्म-प्रभ-प्रभो-र्देह-भासः पुष्णन्तु वः श्रियम् ।
अन्तरङ्गारिमथने, कोपाटोपादिवारुणाः ॥

18. जानीयात्प्रेषणे भृत्यान्बान्धवान्व्यसनागमे ।
मित्रं चापत्ति-काले च भार्यां च विभव–क्षये ॥

19. आत्मानं विषयैः पाशै र्भववास-पराङ्मुखम् ।
इन्द्रियाणि निबध्नन्ति मोहराजस्य किङ्कराः ॥

20. बहूनाप्यसाराणां समवायो हि दुर्जयः ।
तृणैरावेष्ट्यते रज्जु-र्येन नागोऽपि बध्यते ॥

21. प्रीणाति यः स्वचरितैः पितरं स पुत्रो, यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत्कलत्रम् ।

22. तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं[2] यद् । एतत् त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते ॥

---

टिप्पणी : 1. निर्गतो विकल्पो यस्मात् तत् निर्विकल्पम् तत् (द्वितीया) क्रियाविशेषण ।
2. समा क्रिया यस्य तत् समक्रियम् ।

## पाठ-10

### रुध् आदि सातवाँ गण

1. कर्तरि प्रयोग में शित् प्रत्यय लगते समय सातवें गण के धातुओं को स्वर के बाद **न (श्न)** विकरण प्रत्यय लगता है और विकरण प्रत्यय लगने पर धातु में रहे **न्** का अथवा **न्** के स्थान पर हुए अनुस्वार या अनुनासिक व्यंजन का लोप होता है ।

   उदा. रुध् + मि – रुनध् + मि = रुणध्मि ।

   हिंस् + ति = हिनस् + ति = हिनस्ति ।

2. **धा** सिवाय के धातु के चौथे अक्षर (घ्, झ्, ढ्, ध्, भ्) के बाद प्रत्यय के **त्** तथा **थ्** का **ध्** होता है ।

   उदा. रुनध् + ति = रुनध् + धि – (पा.2 नि.12)

   रुनद् + धि = रुणद्धि ।

   लभ् + त,–लभ् + ध = लब्धः । लब्धवान् ।

3. विकरण प्रत्यय न (श्न) के **अ** का **अवित् शित्** प्रत्यय पर लोप होता है ।

   उदा. रुनध् + तस् = रुन्धः, रुन्धन्ति ।

   रुनध् + थस् = रुन्द्धः ।

4. धुट् व्यंजनांत धातु से **हि** प्रत्यय का **धि** होता है । इस गण में सभी धातु धुट् व्यंजनांत होने से सभी धातुओं में **हि** का **धि** होगा ।

   उदा. रुनध् + धि = रुन्द्धि

5. व्यंजन के बाद में रहे धुट् व्यंजन का, स्व धुट् व्यंजन पर विकल्प से लोप होता है ।

   उदा. रुन्धि, रुन्द्धि । रुन्धः, रुन्द्धः ।

6. व्यंजनांत धातु के बाद **द्** (दिव्) (तृतीय पुरुष एकवचन-ह्यस्तनी) का लोप होता है और धातु के अंत में **स्** व्यंजन का **द्** होता है ।

   उदा. (i) रुध् + द् – अरुनध् + द् = अरुणध्–(प्र.पा.25 नि.1 से)

   – अरुणद्–अरुणत् – (प्र.पा.25 नि.3)

   (ii) हिंस् का अहिनद्, अहिनत्

7. व्यंजनांत धातु के बाद **स्** (सिव्) (ह्यस्तनी दूसरा पुरुष एक वचन) का लोप होता है और धातु के अंत में **स्, द्** या **ध्** व्यंजन हो तो उसका विकल्प से **र्** होता है ।

उदा. (i) रुध् - अरुण:, अरुणत्, अरुणद् ।

(ii) हिंस् - अहिन:, अहिनत्, अहिनद् ।

(iii) भिद् - अभिन: अभिनत्, अभिनद् ।

## रुध् धातु के रूप

## परस्मैपदी

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| रुणध्मि | रुन्ध्व: | रुन्ध्म: |
| रुणत्सि | रुन्द्ध:/रुन्ध: | रुन्द्ध |
| रुणद्धि | रुन्द्ध: | रुन्धन्ति |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अरुणधम् | अरुन्ध्व | अरुन्ध्म |
| अरुण:, त्, द् | अरुन्द्धम् | अरुन्द्ध |
| अरुणत्, द् | अरुन्द्धाम् | अरुन्धन् |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| रुन्ध्याम् | रुन्ध्याव | रुन्ध्याम |
| रुन्ध्या: | रुन्ध्यातम् | रुन्ध्यात |
| रुन्ध्यात् | रुन्ध्याताम् | रुन्ध्यु: |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| रुणधानि | रुणधाव | रुणधाम |
| रुन्द्धि | रुन्द्धम् | रुन्द्ध |
| रुणद्धु | रुन्द्धाम | रुन्धन्तु |

## आत्मनेपद के रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| रुन्धे | रुन्ध्वहे | रुन्ध्महे |
| रुन्त्से | रुन्धाथे | रुन्द्ध्वे |
| रुन्द्धे | रुन्धाते | रुन्धते |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अरुन्धि | अरुन्ध्वहि | अरुन्ध्महि |
| अरुन्द्धा | अरुन्धाथाम् | अरुन्द्ध्वम् |
| अरुन्द्ध | अरुन्धाताम् | अरुन्धत |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| रुन्धीय | रुन्धीवहि | रुन्धीमहि |
| रुन्धीथा: | रुन्धीयाथाम् | रुन्धीध्वम् |
| रुन्धीत | रुन्धीयाताम् | रुन्धीरन् |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| रुणधै | रुणधावहै | रुणधामहै |
| रुन्त्स्व | रुन्धाथाम् | रुन्द्ध्वम् |
| रुन्द्धाम् | रुन्धाताम् | रुन्धताम् |

## भिद् के रूप

वर्तमान – भिद् + ति– भिनद् + ति– प्र.पा.25, नि.2

भिनत्ति। भिन्तः। भिन्दन्ति।

ह्यस्तनी – अभिनदम् (प्रथम पुरुष एक वचन) (शेष रुध् के समान)

हिंस + तस् = हिन्स् + तस् = हिंस्तः (प्र.प्रा. 46. नि. 7)

हिंसन्ति।

हिंस + हि – हिनस् + धि –

8. **ध्** से प्रारंभ होनेवाले प्रत्यय पर पूर्व का **स्** विकल्प से लोप होता है।

उदा. हिन्धि। हिन्द्धि। (पाठ 2, नि.12 से)

`स' दंत्य होने से दंत्य का तीसरा व्यंजन **स्** का **द्** हुआ।

पिष् + ति –

पिनष् + ति – प्र.पा.32, नि.2

पिनष्टि। पिंष्टः। पिंषन्ति।

9. **स्** पर **ष्** और **द्** का **क्** होता है।

उदा. 1) पिष् + सि –

पिनष् + सि –

पिनक् + सि = पिनक्षि। – प्र.पा.26, नि.3

2) पिष् + थस् –

पिनष् + थस् –

पिन्ष् + थस् = पिंष् + थस् = पिंष्ठः, पिंष्ठ।

ह्यस्तनी में – अपिनट्, ड्, अपिंष्टाम् अपिंषन् (तृ.पु.)

आज्ञार्थ में – पिष् + हि – पिन्ष् + धि – पा.2, नि.12 से–ष् का ड्–

पिण्ड् + धि – पिण्ड् + ढि = पिण्ड्ढ।

प्र.पा.32, नि.2 इस पाठ के नि.5 से – पिण्ढि।

पिंष्टम्, पिंष्ट।

## रिच् धातु

वर्तमान में–रिच् + ति–रिनच् + ति–प्र.पा.48 नि.2–रिनक् + ति = रिणक्ति।

रिच् + तस् – रिनक् + तस्–रिन्क् + तस् – पा.4. नि. 2 – रिङ्क्तः।

ह्यस्तनी में – अरिणक्, ग् अरिङ्क्ताम् अरिञ्चन् (तृ.पु.)

आज्ञार्थ में –रिङ्ग्धि, रिङ्क्तम् रिङ्क्त (द्वि.पु.)

## भुज्

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्तमाना-तीसरा पुरुष | भुनक्ति | भुङ्क्तः | भुञ्जन्ति (परस्मै) |
| | भुङ्क्ते | भुञ्जाते | भुञ्जते (आत्मने) |
| ह्यस्तनी तीसरा पुरुष | अभुनक्, ग् | अभुङ्क्ताम् | अभुञ्जन् (प.) |
| | अभुङ्क्त | अभुञ्जाताम् | अभुञ्जत (आ.) |
| आज्ञार्थ द्वितीय पुरुष | भुङ्ग्धि | भुङ्क्तम् | भुङ्क्त (प.) |
| | भुङ्क्ष्व | भुञ्जाथाम् | भुङ्ग्ध्वम् (आ.) |

## अञ्ज्

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्तमाना – तृतीय पुरुष – | अनक्ति | अङ्क्तः | अञ्जन्ति |
| ह्यस्तनी – तृतीय पुरुष – | आनक्, ग् | आङक्ताम् | आञ्जन् |
| आज्ञार्थ – द्वितीय पुरुष – | अङ्ग्धि | अङ्क्तम् | अङ्क्त |

10. **तृह** धातु के विकरण प्रत्यय **न (श्न)** के बाद व्यंजन से प्रारम्भ होनेवाले वित् प्रत्यय पर **ई** जोड़ते हैं।

तृह् + ति – तृनह् + ति –

तृनईह् + ति = तृनेह् + ति – तृणेह् + ति –

11. धुट् व्यंजनादि प्रत्ययों पर तथा पद के अंत में रहे **ह** का **ढ्** होता है।

उदा. तृणेढ् + ति – तृणेढ् + धि – तृणेढ् + ढि –

मुह् + त (भू.कृ) – मुढ् + ति – मुढ् + ध – मुढ् + ढ –

12. ढ् के निमित्त से बने हुए ढ् पर पूर्व के ढ् का लोप होता है और पूर्व के अ, इ, उ दीर्घ होते है। उदा. तृणेढि – इस नियम से ढ् का लोप हुआ। मूढः। आ + रुह् + त = आरूढः। (भू. कृ. इस नियम से ढ् का लोप एवं उ दीर्घ हुआ। तृह् + तस् = तृनह् – तृन्ह् + तस् – तृन्ढ् + तस्, – तृन्ढ् + धस् = तृण्ढ् + ढस् = तृण्ढः।

तृह् + अन्ति, – तृनह् + अन्ति = तृंहन्ति – प्र.पा. 46 नि. 7

तृह् (परस्मैपद) के रुप

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्तमाना | तृणेह्मि | तृंह्वः | तृंह्मः |
| | तृणेक्षि (नि.9) | तृण्ढः | तृण्ढ |
| | तृणेढि | तृण्ढः | तृंहन्ति |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह्यस्तनी | अतृणहम्,<br>अतृणेट्, ड्<br>अतृणेट्, ड् | अतृंह्व<br>अतृण्ढम्<br>अतृण्ढाम् | अतृंह्म<br>अतृण्ढ<br>अतृंहन् |
| विध्यर्थ | तृंह्याम्<br>तृंह्याः<br>तृंह्यात् | तुंह्याव<br>तृंह्यातम्<br>तृंह्याताम | तुंह्याम<br>तृंह्यात<br>तृंह्युः |
| आज्ञार्थ | तृणहानि<br>तृण्ढि<br>तृणेढु | तृणहाव<br>तृण्ढम्<br>तृण्ढाम् | तृणहाम<br>तृण्ढ<br>तृंहन्तु |

**वर्तमान कृदन्त – रुध् का रून्धत् । भुञत् ।**

रूप तीनो लिंग में चिन्वत् की तरह

आत्मनेपद – भुञानः, रुन्धानः ।

कर्मणि – रुध्यते, रुध्यमानः (वर्तमान कृदन्त)

हिंस् – हिंस्यते, हिंस्यमानः (वर्तमान कृदन्त)

भञ् – भज्यते, भज्यमानः (वर्तमान कृदन्त)

## सातवें गण के धातु

| | |
|---|---|
| **अञ्** = अंजन करना (परस्मैपदी) | **इन्ध्** = जलना, चमकना (आत्म.) |
| **वि + अञ्** = व्यक्त करना (परस्मैपदी) | **विद्** = विचार करना (आत्मनेपदी) |
| **तृह** = हिंसा करना (परस्मैपदी) | **छिद्** = छेद करना (उभयपदी) |
| **पिष्** = दलना, पीसना (परस्मैपदी) | **भिद्** = भेद करना (उभयपदी) |
| **पृच्** =सम्पर्क करना, (परस्मैपदी) | **युज्** = जोड़ना (उभयपदी) |
| **भञ्** = तोडना (परस्मैपदी) | **रिच्** = खाली करना (उभयपदी) |
| **भुज्** = भोग करना, रक्षण करना (प.) | **रुध** = रोकना, घेरा डालना (उभ.) |
| **विज्** = भय होना, चलित होना (प.) | **विच्** = विवेक करना (उभ.) |
| **हिंस्** = हिंसा करना (परस्मैपदी) | **वि+विच्** = विवेक करना (उभ.) |
| **शिष्** =बाकी रखना, विशेष करना (प.) | **क्षुद्** = पीसना, चुरना (उभयपदी) |
| **खिद्** = खेद करना (आत्मनेपदी) | **अनु+स्था** =अनुष्ठान करना (ग.1.प.) |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **गन्ध** = गंधयुक्त द्रव्य, विलेपन (पुं.) | **पिप्पली** = पीपर (स्त्री लिंग) |
| **पर** = शत्रु (पुंलिंग) | **हरिद्रा** = हल्दी (स्त्री लिंग) |
| **प्रशम** = शांति (पुंलिंग) | **चेतस्** = मन (नपुं.लिंग) |
| **प्राज्ञ** = बुद्धिमान्, बुद्धिशाली (पुंलिंग) | **दैन्य** = दीनता (नपुं.लिंग) |
| **बुध** = पंडित (पुंलिंग) | **मर्मन्** = मर्म, रहस्य (नपुं.लिंग) |
| **राशि** = ढेर (पुंलिंग) | **मरिच** = मिर्च (नपुं.लिंग) |
| **वारण** = हाथी (पुंलिंग) | **लवण** = नमक (नपुं.लिंग) |
| **विशिख** = बाण (पुंलिंग) | **साहस** = साहस (नपुं.लिंग) |
| **ह्रद** = द्रह (पुंलिंग) | **सौहार्द** = मित्रता (नपुं.लिंग) |
| **अवन्ती** = नगरी का नाम (स्त्री लिंग) | **विवश** = परवश, विह्वल (विशेषण) |
| **घटा** = समुह (स्त्री लिंग) | |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. किसी भी जीव को मारना नहीं चाहिए। (हिंस्)
2. पंडित पुरुष अच्छे-बुरे का विवेक करते हैं। (वि + विच्)
3. तू संत पुरुषों की संगति कर और तत्त्व का विचार कर। (विद्)
4. जिस प्रकार पवन वृक्षों को उखाड़ (भञ्ज्) देता है, उसी प्रकार तुमने मेरे मनोरथ नष्ट कर दिए। (भञ्ज्)
5. इष्ट के वियोग और अनिष्ट के संयोग में मूर्ख मनुष्य खेद करता है। (खिद्) परंतु जो बुद्धिशाली है, वह खेद नहीं करता है। (खिद्) वह तो मानता है कि मनुष्य किए हुए कर्मों का फल प्राप्त करता है। (भुज्)
6. मनुष्य को दूसरों के गुण प्रकट करने चाहिए। (वि + अञ्ज्)
7. उसने हल्दी, नमक और मिर्च को पीसा (क्षुद्) और मैंने गेहूँ पीसे (पिष्) अब तू पीपर को पीस।
8. तुमने मुझे अकार्य करने से रोका (रुध्) वह बहुत अच्छा किया।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. अरुणत्सिद्धराजोऽवन्तीम् ।
2. धनं धर्मे नियुञ्जीत ।
3. तवोत्सुकं चेतो रुन्ध्यात् ।
4. यथा तथा प्राणिषु दयां कुरु, यथा तथा धर्ममनुतिष्ठ ।
   यथाऽपि तथाऽपि प्रशमं धर, यथा तथा कर्म छिन्द्धि ॥
5. ये रात्रावपि भुञ्जते ते पापह्रदे निमज्जन्ति ।
6. शुष्ककाष्ठं च मूर्खश्च भिद्यते न तु नम्यते ।
7. मूर्खसहस्रेभ्यः प्राज्ञ एको विशिष्यते ।
8. तस्यैव बुद्धि-विशिखेन भिनद्मि मर्म ।
9. तेषां कथं नु हृदयं न भिनत्ति लज्जा ।
10. रुन्धन्तु वारण-घटा नगरं मदीयाः ।
11. मित्रस्नेहाद्विवशमधुना साहसे मां नियुङ्क्ते ।
12. वहति जलमियं पिनष्टि गन्धानियम् ।
13. पितॄन्पुत्राः पुत्रान्परवदभिहिंसन्ति पितरो–
    [1]यदर्थं सौहार्दं सुहृदि च विमुञ्चन्ति सुहृदः ।
14. छिन्दन्ति ज्ञान-दात्रेण स्पृहा-विषलतां बुधाः ।
    मुखशोषं च मूर्च्छां च दैन्यं यच्छति [2]यत्फलम् ॥
15. तत्राऽपि न विनोपायं प्राप्यन्ते रत्नराशयः ।
    को हि हस्तं विना भुङ्क्ते [3]पुरोवर्त्यपि भोजनम् ॥

---

**टिप्पणी :** 1. यदर्थम् = जिस (पैसों) के लिए ।
2. यस्याः फलम् = यत् फलम् । 3. पुरो वर्तते इति पुरोवर्तिन् ।

## गण विभाग-3.
## विकरण प्रत्यय से रहित गण 2 और 3

# पाठ-11

### अदादि दूसरा गण

1. **द्विष्** और आकारांत धातु के **अन्** ह्यस्तनी (तृतीय पुरुष बहुवचन) का विकल्प से **उस् (पुस्)** होता है ।
2. **उस्** (पुस्) प्रत्यय पर अंत्य **आ** का लोप होता है ।

उदा. या + उस्

अ + या + उस् = अयु:,अयान् (उस् (पुस्)न हो तो)

### 'या = जाना' धातु के परस्मैपदी रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| यामि | याव: | याम: |
| यासि | याथ: | याथ |
| याति | यात: | यान्ति |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अयाम् | अयाव | अयाम |
| अया: | अयातम् | अयात |
| अयात् | अयाताम् | अयु:, अयान् |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| यायाम् | यायाव | यायाम |
| याया: | यायातम् | यायात |
| यायात् | यायाताम् | यायु: |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| यानि | याव | याम |
| याहि | यातम् | यात |
| यातु | याताम् | यान्तु |

3. व्यंजन से प्रारंभ होनेवाले **वित्** प्रत्ययों पर दूसरे गण के धातुओं के अंत्य **उ** का **औ** होता है ।

उदा. यु + ति = **यौति** ।

### यु (=मिश्र करना) धातु के परस्मैपदी रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| यौमि | युव: | युम: |
| यौषि | युथ: | युथ |
| यौति | युत:[1] | युवन्ति[2] |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अयवम् | अयुव | अयुम |
| अयौ: | अयुतम् | अयुत |
| अयौत् | अयुताम् | अयुवन् |

**टिप्पणी :** 1. तस् प्रत्यय ङित होने से गुण नहीं होगा ।
2. पाठ-4, नि. 2 से उ का उव् हुआ है ।

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| युयाम् | युयाव | युयाम |
| युयाः | युयातम् | युयात |
| युयात् | युयाताम् | युयुः |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| यवानि[1] | यवाव | यवाम |
| युहि | युतम् | युत |
| यौतु | युताम् | युवन्तु |

4. व्यंजन से प्रारंभ होनेवाले **वित्** प्रत्ययों पर **तु, रु, स्तु** धातु के बाद विकल्प से **ई** आता है ।

उदा. रु + ति – रु + ई + ति = **रवीति, रौति**

## स्तु धातु के परस्मैपदी रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| स्तवीमि-स्तौमि | स्तुवः | स्तुमः |
| स्तवीषि-स्तौषि | स्तुथः | स्तुथ |
| स्तवीति-स्तौति | स्तुतः | स्तुवन्ति |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अस्तवम् | अस्तुव | अस्तुम |
| अस्तवीः/अस्तौः | अस्तुतम् | अस्तुत |
| अस्तवीत्/अस्तौत् | अस्तुताम् | अस्तुवन् |

### विध्यर्थ

| | | |
|---|---|---|
| स्तुयाम् | स्तुयाव | स्तुयाम |
| स्तुयाः | स्तुयातम् | स्युयात |
| स्तुयात् | स्युयाताम् | स्तुयुः |

### आज्ञार्थ

| | | |
|---|---|---|
| स्तवानि | स्तवाव | स्तवाम |
| स्तुहि | स्तुतम् | स्तुत |
| स्तवीतु/ स्तौतु | स्तुताम् | स्तुवन्तु |

## स्तु' धातु के आत्मनेपदी रूप

### वर्तमाना

| | | |
|---|---|---|
| स्तुवे | स्तुवहे | स्तुमहे |
| स्तुषे | स्तुवाथे | स्तुध्वे |
| स्तुते | स्तुवाते | स्तुवते |

### ह्यस्तनी

| | | |
|---|---|---|
| अस्तुवि | अस्तुवहि | अस्तुमहि |
| अस्तुथाः | अस्तुवाथाम् | अस्तुध्वम् |
| अस्तुत | अस्तुवाताम् | अस्तुवत |

---

**टिप्पणी :** 1. पाठ-1, नि. 7 से गुण हुआ है ।

| विध्यर्थ | | |
|---|---|---|
| स्तुवीय | स्तुवीवहि | स्तुवीमहि |
| स्तुवीथा: | स्तुवीयाथाम् | स्तुवीध्वम् |
| स्तुवीत | स्तुवीयाताम् | स्तुवीरन् |

| आज्ञार्थ | | |
|---|---|---|
| स्तवै | स्तवावहे | स्तवामहै |
| स्तुष्व | स्तुवाथाम् | स्तुध्वम् |
| स्तुताम् | स्तुवाताम् | स्तुवताम् |

5. व्यंजन से प्रारंभ होनेवाले वित् प्रत्ययों पर **ब्रू** धातु के बाद नित्य **ई** आता है ।

   उदा. ब्रू + ति = **ब्रू + ई + ति = ब्रवीति ।**

6. **ब्रू** धातुका वर्तमानकाल में द्वितीय पुरुष के एक वचन और द्विवचन में **आत्थ** तथा **आहथु:** तथा तृतीय पुरुष के एकवचन – द्विवचन और बहुवचन में **आह, आहतु:, आहु:** ये पाँच रूप भी होते हैं ।

## 'ब्रू' धातु के परस्मैपदी रूप

| वर्तमाना | | |
|---|---|---|
| ब्रवीमि | ब्रूव: | ब्रूम: |
| ब्रवीषि/ आत्थ | ब्रूथ:/ आहथु: | ब्रूथ |
| ब्रवीति/ आह | ब्रूत:/ आहतु: | ब्रुवन्ति/ आहु: |

| ह्यस्तनी | | |
|---|---|---|
| अब्रवम् | अब्रूव | अब्रूम |
| अब्रवी: | अब्रूतम् | अब्रूत |
| अब्रवीत् | अब्रूताम् | अब्रुवन् |

| विध्यर्थ | | |
|---|---|---|
| ब्रूयाम् | ब्रूयाव | ब्रूयाम |
| ब्रूया: | ब्रूयातम् | ब्रूयात |
| ब्रूयात् | ब्रूयाताम् | ब्रूयु: |

| आज्ञार्थ | | |
|---|---|---|
| ब्रवाणि | ब्रवाव | ब्रवाम |
| ब्रूहि | ब्रूतम | ब्रूत |
| ब्रवीतु | ब्रूताम् | ब्रुवन्तु |

## 'ब्रू' धातु के आत्मनेपदी के रूप

| वर्तमाना | | |
|---|---|---|
| ब्रुवे | ब्रूवहे | ब्रूमहे |
| ब्रूषे | ब्रुवाथे | ब्रूध्वे |
| ब्रूते | ब्रुवाते | ब्रुवते |

| ह्यस्तनी | | |
|---|---|---|
| अब्रुवि | अब्रूवहि | अब्रूमहि |
| अब्रूथा: | अब्रुवाथाम् | अब्रूध्वम् |
| अब्रूत | अब्रुवाताम् | अब्रुवत् |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| ब्रुवीय | ब्रुवीवहि | ब्रुवीमहि |
| ब्रुवीथाः | ब्रुवीयाथाम् | ब्रुवीध्वम् |
| ब्रुवीत | ब्रुवीयाताम् | ब्रुवीरन् |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| ब्रवै | ब्रवावहै | ब्रवामहै |
| ब्रूष्व | ब्रुवाथाम् | ब्रूध्वम् |
| ब्रूताम् | ब्रुवाताम् | ब्रुवताम् |

7. पंचमी (आज्ञार्थ) के प्रत्ययों पर **सू** धातु का गुण नहीं होता है ।
उदा. सू + ऐ (ऐव्) = सुवै, सुवावहै, सुवामहै ।
शेष रुप ब्रू धातु – आत्मनेपदी के अनुसार होंगे ।
8. **शी** धातु के **ई** का शित् प्रत्ययों पर **ए** होता हैं ।
उदा. शेते । वर्तमान कृदंत – शे + आन (आनश्) – शयानः ।
9. **शी** धातु से **अन्ते, अन्त** और **अन्ताम्** प्रत्ययों के बदले **रते, रत** और **रताम्** प्रत्यय होते हैं । उदा. शेरते, अशेरत, शेरताम् ।

## 'शी' धातु के आत्मनेपदी रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| शये | शेवहे | शेमहे |
| शेषे | शयाथे | शेध्वे |
| शेते | शयाते | शेरते |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अशयि | अशेवहि | अशेमहि |
| अशेथाः | अशयाथाम् | अशेध्वम् |
| अशेत | अशयाताम् | अशेरत |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| शयीय | शयीवहि | शयीमहि |
| शयीथाः | शयीयाथाम् | शयीध्वम् |
| शयीत | शयीयाताम् | शयीरन् |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| शयै | शयावहै | शयामहै |
| शेष्व | शयाथाम् | शेध्वम् |
| शेताम् | शयाताम् | शेरताम् |

10. स्वरादि अवित् शित् प्रत्ययों पर इ (=जाना) धातु के **इ** का **य्** होता है ।
उदा. इ + अन्ति = **यन्ति ।** (यह पाठ 4 नि.2 का वैकल्पिक नियम है ।)

## 'इ' धातु के परस्मैपदी रूप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| एमि | इवः | इमः |
| एषि | इथः | इथ |
| एति | इतः | यन्ति |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| आयम् | ऐव | ऐम |
| ऐः | ऐतम् | ऐत |
| ऐत् | ऐताम् | आयन् |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| इयाम् | इयाव | इयाम |
| इयाः | इयातम् | इयात |
| इयात् | इयाताम् | इयुः |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| अयानि | अयाव | अयाम |
| इहि | इतम् | इत |
| एतु | इताम् | यन्तु |

## अधि + इ (= पढ़ना) धातु के आत्मनेपदी रुप

**वर्तमाना**

| | | |
|---|---|---|
| अधीये | अधीवहे | अधीमहे |
| अधीषे | अधीयाथे | अधीध्वे |
| अधीते | अधीयाते | अधीयते |

**ह्यस्तनी**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यैयि[1] | अध्यैवहि | अध्यैमहि |
| अध्यैथाः | अध्यैयाथाम् | अध्यैध्वम् |
| अध्यैत | अध्यैयाताम् | अध्यैयत |

**विध्यर्थ**

| | | |
|---|---|---|
| अधीयीय | अधीयीवहि | अधीयीमहि |
| अधीयीथाः | अधीयीयाथाम् | अधीयीध्वम् |
| अधीयीत | अधीयीयाताम् | अधीयीरन् |

**आज्ञार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| अध्ययै | अध्ययावहै | अध्ययामहै |
| अधीष्व | अधीयाथाम् | अधीध्वम् |
| अधीताम् | अधीयाताम् | अधीयताम् |

वर्तमान कृदंत – या – यात् (तीनों लिंग में तुदत् (गण.6) के अनुसार रूप होंगे ।)

11. स्त्री लिंग का **ई (ङी)** प्रत्यय तथा नपुंसक लिंग द्विवचन का **ई** प्रत्यय पर **ना(श्ना)** विकरण प्रत्यय को छोड़कर **अ** वर्ण के बाद में रहे **अत्** का विकल्प से **अन्त्** होता है ।

उदा. यान्ती, याती । तुदन्ती, तुदती ।

**ब्रू** का ब्रुवत् ।

**इ** का यत् – इसके रूप `चिन्वत्' की तरह होते हैं ।

आत्मनेपदी में – ब्रुवाणः । शयानः । अधीयानः ।

कर्मणि में **या** क **यायते ।** आदि

**इ** का **ईयते** (= जाना)

वर्तमान कृदंत – यायमानः ।

12. **य** से प्रारंभ होनेवाले कित् प्रत्ययों पर **शी** का **शय्** होता है ।

उदा. शी + य (क्य) + ते = शय्यते ।

वर्तमान कृदंत = शय्यमानम् ।

**टिप्पणी :** 1. अधि + इ + इ – अधि + इय + इ – अधि + ऐय + इ = अध्यैयि ।

## दूसरे गण के धातु

**इ** = जाना (परस्मैपदी)
**अप + इ** = दूर होना (परस्मैपदी)
**उद् + इ** = उदय होना (परस्मैपदी)
**उप+इ** = पास जाना, शरण लेना (प.)
**ख्या** = कहना (परस्मैपदी)
**तु** = भरना (परस्मैपदी)
**द्रा** = सोना, भाग जाना (परस्मैपदी)
**दा** = काँटना (परस्मैपदी)
**नु** = स्तुति करना (परस्मैपदी)
**पा** = रक्षण करना (परस्मैपदी)
**प्सा** = भक्षण करना (परस्मैपदी)
**भा** = शोभा देना, चमकना (पर.)
**मा** = रहना, समाना (परस्मैपदी)
**या** = जाना (परस्मैपदी)
**यु** = जोड़ना, मिलाना (परस्मैपदी)

**रा** = प्रदान करना, देना (परस्मैपदी)
**ला** = लेना (परस्मैपदी)
**वा** = बोना (परस्मैपदी)
**श्रा** = पकाना (परस्मैपदी)
**सु** = जन्म होना, समर्थ होना (प)
**स्ना** = स्नान करना (परस्मैपदी)
**स्नु** = झरना (परस्मैपदी)
**अधि+इ**=अभ्यास करना (आत्मनेपदी)
**शी** = सोते रहना (आत्मनेपदी)
**अति + शी**=उल्लंघन करना, बढ़ना, अतिशय करना, चढ़ना (आत्मनेपदी)
**सू** = जन्म देना (आत्मनेपदी)
**ह्नु** = छिपाना (आत्मनेपदी)
**ब्रू**[1] = बोलना (उभयपदी)
**स्तु** = स्तुति करना (उभयपदी)

**टिप्पणी :** 1. ब्रू का कर्मणि में (वच आदेश होकर) उच्यते । उच्यमानः । आदि रुप होते है ।

## शब्दार्थ

**ऋषभस्वामिन्** = ऋषभदेव (पुंलिंग)
**जात** = पुत्र (पुंलिंग)
**नीड** = पक्षी का घोसला (पुंलिंग)
**मुशलिन्** = बलराम (पुंलिंग)
**याम** = प्रहर (पुंलिंग)
**सरीसृप** = सर्प (पुंलिंग)
**तनु** = शरीर (स्त्री लिंग)
**तनू** = शरीर (स्त्री लिंग)
**परतप्ति** = निंदा (स्त्री लिंग)
**सुतनू** = स्त्री (स्त्री लिंग)
**अनृत** = असत्य (नपुं. लिंग)
**आनन** = मुख (नपुं. लिंग)

**निर्वाण** = मोक्ष (नपुं. लिंग)
**बीज** = बीज, कारण (नपुं. लिंग)
**वार्द्धक** = वृद्धावस्था (नपुं. लिंग)
**व्यलीक** = झूठ, अप्रिय, दुःख (नपुं.)
**शैशव** = शिशुपना (नपुं. लिंग)
**रजनीमुख**=रात के पहले (नपुं.लिंग)
**अखिल** = सब (विशेषण)
**आदिम** = पहला (विशेषण)
**तन्द्रिल** = आलसी (विशेषण)
**दुर्भर** = दुःख से भरा जाय ऐसा (वि.)
**निष्णात** = होशियार (विशेषण)
**निद्राण** = सोया हुआ (विशेषण)

| | |
|---|---|
| **निष्परिग्रह**=परिग्रह रहित, साधु (वि.) | **सहसा** = अचानक (अव्यय) |
| **सनातन** = शाश्वत (विशेषण) | **उपेत (उप+इ+त)** = युक्त |

## धातु

| | |
|---|---|
| **ग्रस्** = निगलना, पकडना (ग.1, प.) | **पार्** = काम पूरा करना (ग.10, प.) |
| **डम्ब्** = विडंबना करना (ग.10, प.) | **व्रज्** = जाना (ग.1, प.) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. अपना धन देना **(दातुं)** दुष्कर है, तप करना **(कर्तुं)** पसंद नहीं है, (प्रति + भा) ऐसे ही सुख भोगने का मन है, परंतु भोगा नहीं जाता है। (भुज्)
2. अनीति करने से पुरुष को आपत्ति आती है। (आ + या)।
3. समस्त पृथ्वी को जीतने में और छोड़ने में, व्रत लेने में (ला) और पालन करने में शांतिनाथ भगवान को छोड़ इस त्रिभुवन में कोई समर्थ नहीं है। (शक्)
4. सिद्धहैम व्याकरण के आठों अध्याय मैंने पढ़े। (अधि + इ)।
5. सिद्धहैम व्याकरण के कर्ता आचार्य श्री हेमचन्द्र को मैं भक्ति से नमस्कार करता हूँ। (नु)
6. प्रातःकाल में पक्षी मधुर आवाज करते हैं। (रु) छात्र खुशी से पढ़ते हैं। (अधि + इ) पवन मंद मंद बहता है। सभी अपने इष्ट देव की स्तुति करते हैं। (स्तु) अरुण का उदय होता है। (उद् + ह)
   पक्षी अपने घोंसले छोड़कर जंगल में जाते हैं। (इ)
   परंतु आलसी लोग सोते रहते हैं। (शी)
7. काम के बोझे के कारण मुझ से पूरी रात[1] सोया नहीं जाता है। (शी)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **सत्यानि वचनानि यो ब्रूते, प्रधानमुपशमं च यो व्रजति, शत्रुमपि मित्रं यथा यः पश्यति, स निर्वाणं गृह्णाति ।**
2. **स एवं चिन्तयन्नेव गत्वा राजानमब्रवीत् ।**
3. **गच्छ, एवममात्यं ब्रूहि ।**
4. **महतस्तेजसो बीजं बालोऽयं प्रतिभाति मे ।**
5. **भवन्त एव [2]सुतरां लोकवृत्तान्त-निष्णाताः ।**

**टिप्पणी :** 1. `पूरी रीत' एसे प्रयोग में द्वितीया विभक्ति करनी। 2. तर तथा तप प्रत्यय जब अव्यय या क्रियापद के बाद आते हैंस, तब तराम् और तमाम् होता है, सु (अव्यय)+तर=सुतराम्, पचतितराम् ।

6. [1]सुतनु ! ते हृदयाद्व्यलीकमपैतु ।

7. पुत्रमेवं-गुणोपेतं चक्रवर्तिनमाप्नुहि ।

8. हा पुत्र ! हा जात ! हा जातेति ब्रुवाणो मूर्च्छया राजा भूमौ पतितः प्राणैश्च विमुक्तः ।

9. यः सञ्जातो मनस्तापः स त्वाख्यातुं न पार्यते ।

10. कैकेयी भरतं नाम भरतभूषणं सुतमसूत ।

11. न शक्नुमो वयमार्यस्य मतिमतिशयितुम् ।

12. कृष्णेनाम्ब ! गतेन रन्तुमधुना मृद्भक्षिता स्वेच्छया, सत्यं कृष्ण ? क एवमाह ? मुशली, मिथ्याम्ब ! पश्याननम् ।

13. अहो विशालं भूपाल ! भुवन-त्रितयोदरम् ।
मातिं मातुमशक्योऽपि यशोराशि र्यदत्र ते ॥

14. आदिमं पृथिवीनाथ-मादिमं [2]निष्परिग्रहम् ।
आदिमं तीर्थनाथं च ऋषभस्वामिनं स्तुमः ॥

15. यात्येकमेव चैतन्यं, जन्मतोऽन्यत्र जन्मनि ।
शैशवादिव तारुण्ये, तारुण्यादिव वार्द्धके ॥

16. एहि गच्छ पतोत्तिष्ठ, वद मौनं समाचर ।
एवमाशाग्रह-ग्रस्तैः, क्रीडन्ति धनिनोऽर्थिभिः ॥

17. किं करोमि, क्व गच्छामि, कमुपैमि दुरात्मना ।
दुर्भरेणोदरेणाहं, प्राणैरपि विडम्बितः ॥

18. अद्यैष मत्सुतो बालो, निद्राणो रजनीमुखे ।
सहसैव महाक्रूरैरदश्यत सरीसृपैः ॥

19. [3]परतप्तिपराः प्रायः, क्रुध्यन्तश्च पदे पदे ।
आक्रान्ता[4] जरया वत्स ! केवलं शेरते जनाः ॥

20. सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥

21. याम इव याति दिवसो दिनमिव मासोऽथ मासवद्वर्षम् ।
वर्ष इव यौवनमिदं यौवनमिव जीवितं जगतः ॥

---

टिप्पणी : 1. सु (सुष्ठु) तनूः यस्याः सा सुतनुः तत्सम्बुद्धौ ।
1. सातवें गण में प्रत्येक धातु से **'हि'** का **'धि'** होता है - उदा. रुन्द्धि । दूसरे-तीसरे गण में व्यंजनांत धातु से **'हि'** का **'धि'** होता है, सिर्फ हन् का जहि और रुदादि पाँच में **रुदिहि** आदि ।

- स्वरांत धातु से **'हि'** अवश्य होता है-**जिह्रिहि** (सिवाय हु=जुहुधि) ।
- पाँचवें गण में स्वरांत धातुओं से **'हि'** का लोप होता है-उदा. **चिनु** । परंतु व्यंजनांत धातुओं से **'हि'** का लोप नहीं होता है । उदा. **शक्नुहि** ।
- आठवें गण में प्रत्येक धातु से **'हि'** का लोप होता है । उदा.–**तनु** ।
- पहले, चौथे, छठे, दसवें गण में प्रत्येक धातु से **'हि'** का लोप होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1.परस्मैपदी धातु कभी कभी आत्मनेपदी भी होता है ।

• नौवें गण में **'हि'** कायम रहता है। उदा. –क्रीणीहि, परंतु व्यंजनांत धातुओ में विकरण सहित **'हि'** का **आन** होता है। उदा. **पुषाण** ।

2. द्व्युक्त तीसरे गण के धातुओं से तथा **जक्ष्** आदि पाँच धातुओं से **अन्ति** और **अन्तु** के बदले **अति** और **अतु** होता है ।

3. **द्विष्** धातु से दूसरे गण के आकारांत धातुओं से **अन्** का **उस् (पुस्)** विकल्प से होता है और **विद्** धातु, **जक्ष्** आदि पाँच धातु तथा तीसरे गण के धातुओं से **उस् (पुस्)** नित्य होता है ।

4. पहले, चौथे, छठे और दसवें गण के अकारांत धातुओं से विध्यर्थ प्रत्ययों में **'या'** का **'इ'** तथा **याम्** का **इयम्, युस्** का **इयुस्** होता है तथा **आथाम्, आथे, आताम्, आते** प्रत्ययों के **आ** का **इ होता है** ।

5. पाँचवें, आठवें, नौवें, सातवें, दूसरे और तीसरे गण में **अन्ते, अन्त** और **अन्ताम्** के बदले **अते, अत** और **अताम्** होता है। **शी** धातु से **रते, रत** और **रताम्** होता है ।

**पहला गण विभाग :** पहले, चौथे, छठे और दसवें गण में स्वरांत, और व्यंजनांत दोनों प्रकार के धातु हैं। इन सभी गण में **अ (शव्), य (श्य), अ (श)** तथा **अ (शव्)** विकरण प्रत्यय लगने के बाद धातु अकारांत बनते हैं। क्योंकि सभी के प्रत्यय अकारांत हैं। इस कारण इन सभी के रूप एक समान हैं, दसवें गण के धातु स्वरांत हैं, क्योंकि उन्हें **इ (णिच्)** प्रत्यय लगता है ।

**दूसरा गण विभाग :** (पाँचवाँ, आठवाँ, नौवाँ और सातवाँ गण)

- पाँचवें गण में स्वरांत और व्यंजनांत दोनों प्रकार के धातु हैं ।
- आठवें गण में व्यंजनांत ही हैं। पाँचवें और आठवें गण में विकरण प्रत्यय **नु, उ** अर्थात् उकारांत हैं। पाँचवें गण के स्वरांत और आठवें गण के व्यंजनांत धातु के रूप समान ही होते हैं ।
- नौवें गण में स्वरांत और व्यंजनांत दोनों प्रकार के धातु हैं। उन दोनों के रूप समान होते हैं, सिर्फ व्यंजनांत धातु के आत्मनेपदी द्वितीय पुरुष एकवचन का रूप भिन्न होता है–उदा. पुषाण। इस गण का विकरण प्रत्यय **न (श्ना)** है ।

- सातवें गण के सभी धातु व्यंजनांत हैं, इस गण का विकरण प्रत्यय स्वर और व्यंजन के बीच में आता है । इस कारण इस गण का स्वरूप व्यंजनांत रहता है । पुरुष बोधक प्रत्यय लगने पर अनेक प्रकार की व्यंजन संधियाँ होती हैं । शेष प्रत्ययों में परिवर्तन सभी धातुओं में एक समान होता है । विकरण प्रत्यय **न (श्न)** है ।

**तीसरा गण विभाग :** (दूसरा-तीसरा गण) इनमें विकरण प्रत्यय नहीं है, स्वरांत व व्यंजनांत दोनों प्रकार के धातु हैं ।

व्यंजनांत धातु के रूप बनाते समय अनेक प्रकार की व्यंजन संधियाँ होती हैं तथा स्वरांत धातु के रूप भिन्न-भिन्न होते हैं ।

व्यंजनादि **वित्** प्रत्ययों पर **ब्रू** धातु से नित्य और **तु, रु** और **स्तु** धातु विकल्प से **ई** होती है ।

ह्यस्तन भूतकाल के **द्-स्** प्रत्यय पर **अस्** धातु से नित्य **ई** होती है । **ईश्** तथा **ईड्** धातु से, **से-ध्वे** तथा आज्ञार्थ **स्व-ध्वम्** पर, **रुद्** आदि पाँच धातु से विध्यर्थ को छोड़ व्यंजनादि शित् प्रत्ययों पर **इ** होती है ।

ह्यस्तन **द्–स्** प्रत्यय पर **रुदादि** पाँच धातु से **ई** तथा **अ** होता है तथा **अद्** धातु से **अ** होता है । तीसरे गण में द्विरुक्ति होती है ।

**वर्तमान कृदन्त के रूप :** पुंलिंग और नपुंसक लिंग में धुट् प्रत्ययों पर उपान्त्य में **'न्'** जुड़ता है, परंतु द्वयुक्त (गण तीसरा) धातुओं में और **जक्ष्** आदि पाँच धातुओं में पुंलिंग में न् लोप होता है, नपुंसक लिंग में विकल्प से लोप होता है ।

नपुंसक लिंग द्विवचन और स्त्रीलिंग का **ई** प्रत्यय लगने पर छठे और दूसरे गण के आकारांत धातुओं में **अत्** का **अन्त्** विकल्प से होता है । पहले, चौथे, दसवें गण में **अत** का **अन्त्** नित्य होता है शेष गणों में **अत्** का **अत्** रहता है ।

# प्रकरण 2 -अनियमित नामों के रूप

## पाठ-16

## स्वरांत नाम के रूप

### विभक्ति के प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | स् (सि) | औ | अस् (शस्) |
| **द्वितीया** | अम् | औ | अस् (शस्) |
| **तृतीया** | आ (टा) | भ्याम् | भिस् |
| **चतुर्थी** | ए (ङे) | भ्याम् | भ्यस् |
| **पंचमी** | अस् (ङसि) | भ्याम् | भ्यस् |
| **षष्ठी** | अस् (ङस्) | ओस् | आम् |
| **सप्तमी** | इ (ङि) | ओस् | सु (सुप्) |

### सर्वनाम

1. **पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर, स्व** और **अन्तर** इन नौ सर्वनामों से **इ, स्मात्** और **स्मिन्** विकल्प से होता है ।

उदा. पूर्वे, । पूर्वाः ।
पूर्वस्मात्, । पूर्वात् ।
पूर्वस्मिन् । पूर्वे ।

### ह्रस्व इकारांत नाम

2. **सखि** शब्द से **स्** (प्रथमा एक वचन) का **आ (डा)** होता है । उदा. सखा
3. **सखि** शब्द से **'इ'** का संबोधन एक वचन छोड़कर शेष घुट् प्रत्ययों पर **'ऐ'** होता है । उदा. सखायौ, सखायौ, सखायः । सखायम् ।
4. (i) **सखि** और **पति** शब्द स्वतंत्र हो तब सप्तमी एक वचन में **इ** का **औ** होता हैं । उदा. सख्यौ । पत्यौ ।

(ii) तृतीया एक वचन **आ** का **ना** नहीं होता है । (प्र.पा. 37)
उदा. सख्या । पत्या ।

(iii) चतुर्थी एक वचन **ए** तथा पंचमी-षष्ठी एक वचन **अस्** प्रत्यय पर सखि-पति के **इ** का **ए** नहीं होता है ।
उदा. सख्ये । पत्ये ।

(iv) पंचमी-षष्ठी एक वचन **अस्** का **उर्** हो जाता है ।

उदा. सखि + अस् –

सखि + उर् = सख्युः । पत्युः ।

**सखि के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | सखा | सखायौ | सखायः |
| **द्वितीया** | सखायम् | सखायौ | सखीन् |
| **तृतीया** | सख्या | सखिभ्याम् | सखिभिः |
| **चतुर्थी** | सख्ये | सखिभ्याम् | सखिभ्यः |
| **पंचमी** | सख्युः | सखिभ्याम् | सखिभ्यः |
| **षष्ठी** | सख्युः | सख्योः | सखीनाम् |
| **सप्तमी** | सख्यौ | सख्योः | सखिषु |
| **संबोधन** | सखे | सखायौ | सखायः |

**पति के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | पतिः | पती | पतयः |
| **द्वितीया** | पतिम् | पती | पतीन् |
| **तृतीया** | पत्या | पतिभ्याम् | पतिभिः |
| **चतुर्थी** | पत्ये | पतिभ्याम् | पतिभ्यः |
| **पंचमी** | पत्युः | पतिभ्याम् | पतिभ्यः |
| **षष्ठी** | पत्युः | पत्योः | पतीनाम् |
| **सप्तमी** | पत्यौ[1] | पत्योः | पतिषु |
| **संबोधन** | पते | पती | पतयः |

5. **दधि, अस्थि, सक्थि** तथा **अक्षि** इन नपुंसक लिंग के नामों के अंत्य स्वर का तृतीया एक वचन से लेकर स्वर से प्रारम्भ होने वाले प्रत्ययों पर **अन्** होता है ।

उदा. दधि + आ

दधन् + आ = दध्ना

**दधि के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | दधि | दधिनी | दधीनि |
| **द्वितीया** | दधि | दधिनी | दधीनि |

**टिप्पणी :** 1.पतौ - सप्तमी एक वचन में मतान्तर से होता है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **तृतीया** | दध्ना | दधिभ्याम् | दधिभिः |
| **चतुर्थी** | दध्ने | दधिभ्याम् | दधिभ्यः |
| **पंचमी** | दध्नः | दधिभ्याम् | दधिभ्यः |
| **षष्ठी** | दध्नः | दध्नोः | दध्नाम् |
| **सप्तमी** | दध्नि, दधनि | दध्नोः | दधिषु |
| **संबोधन** | दधे, दधि | दधिनी | दधीनि |

### अक्षि के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | अक्षि | अक्षिणी | अक्षीणि |
| **द्वितीया** | अक्षि | अक्षिणी | अक्षीणि |
| **तृतीया** | अक्ष्णा | अक्षिभ्याम् | अक्षिभिः |
| **चतुर्थी** | अक्ष्णे | अक्षिभ्याम् | अक्षिभ्यः |
| **पंचमी** | अक्ष्णः | अक्षिभ्याम् | अक्षिभ्यः |
| **षष्ठी** | अक्ष्णः | अक्ष्णोः | अक्ष्णाम् |
| **सप्तमी** | अक्ष्णि, अक्षणि | अक्ष्णोः | अक्षिषु |
| **संबोधन** | अक्षे, अक्षि | अक्षिणी | अक्षीणि |

## दीर्घ 'ई' कारांत स्त्रीलिंग नाम

6. (i) स्त्री शब्द के **ई** का स्वरादि प्रत्ययों पर **इय्** होता है तथा (ii) **अम्** एवं द्वितीया बहुवचन के **अस्** प्रत्यय पर विकल्प से **इय्** होता है ।

### स्त्री के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | स्त्री | स्त्रियौ | स्त्रियः |
| **द्वितीया** | स्त्रियम्, स्त्रीम् | स्त्रियौ | स्त्रियः, स्त्रीः |
| **तृतीया** | स्त्रिया | स्त्रीभ्याम् | स्त्रीभिः |
| **चतुर्थी** | स्त्रियै | स्त्रीभ्याम् | स्त्रीभ्यः |
| **पंचमी** | स्त्रियाः | स्त्रीभ्याम् | स्त्रीभ्यः |
| **षष्ठी** | स्त्रियाः | स्त्रियोः | स्त्रीणाम् |
| **सप्तमी** | स्त्रियाम् | स्त्रियोः | स्त्रिषु |
| **संबोधन** | हे स्त्रि | स्त्रियौ | स्त्रियः |

कई नाम **ई (ङी)** प्रत्यय लगे बिना भी स्वाभाविक रूप से दीर्घ ईकारांत स्त्री लिंग नाम हैं । उन नामों में प्रथमा एकवचन के **स्** का लोप नहीं होता है ।

उदा. अवीः । तरीः । लक्ष्मीः । तन्त्रीः । इनके शेष रूप नदी समान होते हैं ।

## उकारांत नाम

7. (i) **शेष** घुट् प्रत्ययों पर **क्रोष्टु** के बदले **क्रोष्टृ** अवश्य होता है ।
(ii) तृतीया एक वचन से स्वरादि प्रत्ययों पर विकल्प से **क्रोष्टृ** होता है ।
(iii) स्त्री लिंग में **क्रोष्ट्री** होता है ।

### क्रोष्टु के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | क्रोष्टा | क्रोष्टारौ | क्रोष्टारः |
| **द्वितीया** | क्रोष्टारम् | क्रोष्टारौ | क्रोष्टून् |
| **तृतीया** | क्रोष्ट्रा, क्रोष्टुना | क्रोष्टुभ्याम् | क्रोष्टुभिः |
| **चतुर्थी** | क्रोष्ट्रे, क्रोष्टवे | क्रोष्टुभ्याम् | क्रोष्टुभ्यः |
| **पंचमी** | क्रोष्टुः क्रोष्टोः | क्रोष्टुभ्याम् | क्रोष्टुभ्यः |
| **षष्ठी** | क्रोष्टुः क्रोष्टोः | क्रोष्ट्रोः क्रोष्ट्वोः | क्रोष्टूनाम् |
| **सप्तमी** | क्रोष्टरि, क्रोष्टौ | क्रोष्टोः क्रोष्ट्वोः | क्रोष्टुषु |
| **संबोधन** | क्रोष्टो | क्रोष्टारौ | क्रोष्टारः |

## ओकारांत नाम

8. (i) ओकारांत नामों के **ओ** का, घुट् प्रत्ययों पर **औ** होता है ।
(ii) **अम्** और द्वितीया बहुवचन के **अस्** के साथ **आ** होता है ।

### गो के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | गौः | गावौ | गावः |
| **द्वितीया** | गाम् | गावौ | गाः |
| **तृतीया** | गवा | गोभ्याम् | गोभिः |
| **चतुर्थी** | गवे | गोभ्याम् | गोभ्यः |
| **पंचमी** | गोः[1] | गोभ्याम् | गोभ्यः |
| **षष्ठी** | गोः | गवोः | गवाम् |
| **सप्तमी** | गवि | गवोः | गोषु |
| **संबोधन** | गौः | गावौ | गावः |

### द्यो के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | द्यौः | द्यावौ | द्यावः |
| **द्वितीया** | द्याम् | द्यावौ | द्याः |

**टिप्पणी :** 1. प्र.पा. 37 नि. 4 ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **तृतीया** | द्यवा | द्योभ्याम् | द्योभिः |
| **चतुर्थी** | द्यवे | द्योभ्याम् | द्योभ्यः |
| **पंचमी** | द्योः | द्योभ्याम् | द्योभ्यः |
| **षष्ठी** | द्योः | द्यवोः | द्यवाम् |
| **सप्तमी** | द्यवि | द्यवोः | द्योषु |
| **संबोधन** | द्योः | द्यावौ | द्यावः |

## ऐकारांत नाम

9. व्यंजनादि प्रत्ययों पर **रै** शब्द के अंत्य **ऐ** का **आ** होता हैं ।

### रै के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | राः | रायौ | रायः |
| **द्वितीया** | रायम् | रायौ | रायः |
| **तृतीया** | राया | राभ्याम् | राभिः |
| **चतुर्थी** | राये | राभ्याम् | राभ्यः |
| **पंचमी** | रायः | राभ्याम् | राभ्यः |
| **षष्ठी** | रायः | रायोः | रायाम् |
| **सप्तमी** | रायि | रायोः | रासु |
| **संबोधन** | राः | रायौ | रायः |

## सर्वनाम

| | |
|---|---|
| **पूर्व** = पूर्व दिशा, पूर्व काल, पहले का | **अपर** = पश्चिम, दूसरा, अधम, पीछे का |
| **पर** = बाद का | **अधर** = नीचे का, हल्का |
| **अवर** = छोटा, अंतिम | **स्व** = स्वयं का, स्वयं |
| **दक्षिण** = दक्षिण दिशा, दक्षिण देश | **अन्तर** = अंदर का |
| **उत्तर** = उत्तर, उत्तर काल, उत्तर दिशा | |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **आपात** = प्रारम्भ, शुरुवात (पुंलिंग) | **पति** = स्वामी (पुंलिंग) |
| **क्रोष्टु** = सियार (पुंलिंग) | **रै** = पैसा, वसु, धन (पुंलिंग) |
| **गो** = बैल (पुंलिंग) | **विभ्रम** = विलास (पुंलिंग) |
| **गो** = गाय, वाणी, पृथ्वी (स्त्री लिंग) | **सखि** = मित्र (पुंलिंग) |
| **पौरव** = पुरु राजा का पुत्र (पुंलिंग) | **अवी**=मासिक धर्मवाली स्त्री (स्त्री लिंग) |

| | |
|---|---|
| **त्वच्** = चमड़ी (स्त्री लिंग) | **मात्र** = अवधारण, ही (नपुं.लिंग) |
| **द्यो** = स्वर्ग, आकाश (स्त्री लिंग) | **यान** = वाहन, गमन (नपुं.लिंग) |
| **स्त्री** = स्त्री (स्त्री लिंग) | **विलोचन** = आँख (नपुं.लिंग) |
| **तन्त्री** = वीणा (स्त्री लिंग) | **वस्तु** = पदार्थ (नपुं.लिंग) |
| **सखी** = सखी (स्त्री लिंग) | **सक्थि** = जंघा (नपुं.लिंग) |
| **तरी** = नाव (स्त्री लिंग) | **काण** = काणा (विशेषण) |
| **अक्षि** = आँख (नपुं.लिंग) | **परिहार्य** = छोडने जैसा (विशेषण) |
| **अभ्र** = बादल (नपुं.लिंग) | **बधिर** = बहरा (विशेषण) |
| **अस्थि** = हड्डी (नपुं.लिंग) | **लोल** = चपल (विशेषण) |
| **आधिपत्य**=सर्वोपरिता, शक्ति (नपुं.) | **धातु** |
| **कुञ्ज** = झाड़ी (नपुं.लिंग) | **उद्+यम्** = उद्यम करना |
| **दधि** = दही (नपुं.लिंग) | (ग.1 आ.) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. तू दही के साथ चावल खा परन्तु उड़द मत खा ।
2. वह आँख से काना और कान से बहरा है । (अक्षि)
3. प्रात: काल में अँधेरे की तरह सियार भी झाड़ियों में घुस जाते हैं ।
4. गाय का दूध स्वभाव से ही अति मधुर और बुद्धि को बढ़ाता है । (पुष-गण 9)
5. स्त्रियाँ वदन द्वारा कमल को और गति द्वारा हंस को जीत लेती हैं ।
6. सती स्त्रियाँ पति की आज्ञा को प्रभु की आज्ञा अनुसार मानती हैं ।
7. हे वत्स ! धन को प्राप्त कर ! धन बिना कुछ नही है । लोग कहते हैं–`धन बिना का नर पशु है ।' (रै)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **सखे ! न परिहार्ये वस्तुनि पौरवाणां मन: प्रवर्त्तते ।**
2. **पाणि-स्पर्श-सुखमपि यत्पत्युर्नाहमाप्नवम् ।**
3. **दुर्दशापतितानां हि स्त्रीणां धैर्य-गुण: कुत: ?**

4. पूर्वे न्याये तथा धर्मे पूर्वस्मिन्नेष तत्परः ।

5. महीं शासता रामेण राज्ञा गौ द्यौरिव कृता ।

6. न कोऽपि प्राज्ञःस्त्रीः सस्पृहं द्रुष्टुमुद्यच्छते ।

7. अस्थिष्वर्थाः सुखं मांसे त्वचि भोगाः स्त्रियोऽक्षिषु ।
गतौ यानं स्वरे चाज्ञा सर्वं सत्त्वे प्रतिष्ठितम् ।।

8. यावन्नरो निरारम्भस्तावल्लक्ष्मीः पराङ्मुखा ।
सारम्भे तु नरे लक्ष्मीः स्निग्ध-लोल-विलोचना ।।

9. [1]वाताभ्रविभ्रममिदं वसुधाऽऽधिपत्य-[2]
मापात-मात्रमधुरो विषयोपभोगः ।
प्राणास्तृणाग्रजलबिन्दुसमा नराणां
धर्मः सखा परमहो पर-लोक-याने ।।

10. परोपकाराय वहन्ति नद्यः परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः ।
परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकाराय सतां विभूतयः ।।

---

टिप्पणी : 1. वातेन युक्तम् अभ्रम्ः वाताभ्रम्, वाताभ्रस्येव विभ्रमो यस्य तत् ।
2. आपात एव मधुरः = आपातमात्रमधुरः ।

# पाठ-17

## व्यंजनांत नाम के रूप

## नकारांत नाम (अन् अंतवाले)

1. **श्वन्, युवन्** और **मघवन्** शब्दों के **व** का स्त्री लिंग के ई (ङी) प्रत्यय पर तथा अघुट् स्वरादि प्रत्ययों पर **उ** होता है ।
   उदा. श्वन् + ई = शुनी । अतियूनी । मघोनी
   शुनः, यूनः, मघोनः

### श्वन् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | श्वा | श्वनौ | श्वानः |
| **द्वितीया** | श्वानम् | श्वनौ | शूनः |
| **तृतीया** | शुना | श्वभ्याम् | श्वभिः |
| **चतुर्थी** | शुने | श्वभ्याम् | श्वभ्यः |
| **पंचमी** | शुनः | श्वभ्याम् | श्वभ्यः |
| **षष्ठी** | शुनः | शुनोः | शुनाम् |
| **सप्तमी** | शुनि | शुनोः | श्वसु |
| **संबोधन** | श्वन् | श्वानौ | श्वानः |

### युवन् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | युवा | युवानौ | युवानः |
| **द्वितीया** | युवानम् | युवानौ | यूनः |
| **तृतीया** | यूना | युवभ्याम् | युवभिः |
| **चतुर्थी** | यूने | युवभ्याम् | युवभ्यः |
| **पंचमी** | यूनः | युवभ्याम् | युवभ्यः |
| **षष्ठी** | यूनः | यूनोः | यूनाम् |
| **सप्तमी** | यूनि | यूनोः | युवसु |
| **संबोधन** | युवन् | युवानौ | युवानः |

**मघवा –** प्रथमा एकवचन

**मघोनः –** द्वितीया बहुवचन, पंचमी-षष्ठी एकवचन

2. **अहन्** (नपुं.) शब्द के **न्** का पद के अंत में **र्** होता है ।
   **स्** के **र्** को जो नियम लगता है, वह इस **र्** को भी लागू पड़ता है ।
   उदा. अहन् + भ्याम् – अहर् + भ्याम् = अहोभ्याम् । अहोभिः ।

3. प्रत्यय का लोप होने के बाद पद के अंत में रहे **अहन्** (नपुं.) शब्द के **न्** का **र्** होता हैं ।

उदा. 1. अहन् + भ्याम् –
अहर् + भ्याम् = अहोभ्याम्
2. अहरेति । अहर्गच्छति ।
परंतु 'र्' बाद में होने पर यह नियम नहीं लगता है ।
गतमहो रात्रिरागता ।

अहश्च रात्रिश्च अनयोः समाहारः अहोरात्रः (नियम 2 से र्)
परंतु अहश्च निशा च अनयोः समाहारः अहर्निशम् (नियम 3 से र्)

**अहन् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | अहः | अह्नी, अहनी | अहानि |
| **द्वितीया** | अहः | अह्नी, अहनी | अहानि |
| **तृतीया** | अह्ना | अहोभ्याम् | अहोभिः |
| **चतुर्थी** | अह्ने | अहोभ्याम् | अहोभ्यः |
| **पंचमी** | अह्नः | अहोभ्याम् | अहोभ्यः |
| **षष्ठी** | अह्नः | अह्नोः | अह्नाम् |
| **सप्तमी** | अह्नि, अहनि | अह्नोः | अहःसु, अहस्सु |
| **संबोधन** | अहः | अह्नी, | अहनी, अहानि |

4. **पूषन्** और **अर्यमन्** का स्वर प्रथमा एकवचन में ही दीर्घ होता है ।

उदा. पूषा । पूषणौ । पूषणः ।
अर्यमा । अर्यमणौ । अर्यमणः । आदि

**इन् अंतवाले नाम**

5. **पथिन्, मथिन्** और **ऋभुक्षिन्** शब्दों के **न्** का **स् (सि)** प्रत्यय पर **आ** होता है ।

6. घुट् प्रत्ययों पर **पथिन्, मथिन्** और **ऋभुक्षिन्** के **इ** का **आ** और **थ्** का **न्थ्** होता हैं । उदा. पन्थाः । पन्थानौ । पन्थानः । पन्थानम् । ऋभुक्षाः । ऋभुक्षाणौ ।

7. ई (ङी) और स्वरादि अघुट् प्रत्ययों पर **पथिन्, मथिन्** और **ऋभुक्षिन्** के **इन्** का लोप होता है ।

उदा. शोभनः पन्था यस्याः सा – सुपथिन् + ई – सुपथी स्त्री ।
पथः । मथः । ऋभुक्षः ।

## पथिन् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | पन्थाः | पन्थानौ | पन्थानः |
| **द्वितीया** | पन्थानम् | पन्थानौ | पथः |
| **तृतीया** | पथा | पथिभ्याम् | पथिभिः |
| **चतुर्थी** | पथे | पथिभ्याम् | पथिभ्यः |
| **पंचमी** | पथः | पथिभ्याम् | पथिभ्यः |
| **षष्ठी** | पथः | पथोः | पथाम् |
| **सप्तमी** | पथि | पथोः | पथिषु |
| **संबोधन** | पन्थाः | पन्थानौ | पन्थानः |

## ऋभुक्षिन् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | ऋभुक्षाः | ऋभुक्षाणौ | ऋभुक्षाणः |
| **द्वितीया** | ऋभुक्षाणम् | ऋभुक्षाणौ | ऋभुक्षः |
| **तृतीया** | ऋभुक्षा | ऋभुक्षिभ्याम् | ऋभुक्षिभिः |
| **चतुर्थी** | ऋभुक्षे | ऋभुक्षिभ्याम् | ऋभुक्षिभ्यः |
| **पंचमी** | ऋभुक्षः | ऋभुक्षिभ्याम् | ऋभुक्षिभ्यः |
| **षष्ठी** | ऋभुक्षः | ऋभुक्षोः | ऋभुक्षाम् |
| **सप्तमी** | ऋभुक्षि | ऋभुक्षोः | ऋभुक्षिषु |
| **संबोधन** | ऋभुक्षाः | ऋभुक्षाणौ | ऋभुक्षाणः |

## प् कारांत नाम

8. घुट् प्रत्ययों पर **अप्** का स्वर दीर्घ होता है । आपः ।

9. **भ्** से प्रारंभ होनेवाले प्रत्ययों पर **अप्** का **अद्** होता है ।
   **अप्** का प्रयोग बहुवचन में होता है । रुप इस प्रकार है–

अपः । अपः । अद्भिः । अद्भ्यः । अद्भ्यः । अपाम् । अप्सु ।

## व्कारांत नाम

10. (i) **स्** प्रत्यय पर **दिव्** के **व्** का **औ** होता है और पद के अंत में **उ** होता है । प्रथमा और संबोधन में – द्यौः । दिवौ । दिवः ।
    शेष-दिवम् । द्युभ्याम् । द्युषु । आदि ।

## स् कारांत नाम

(ii) **उशनस्, पुरुदंशस्** तथा **अनेहस्** से स् का आ (डा) होता है ।
उदा. उशना, पुरुदंशा, अनेहा ।

11. संबोधन एकवचन से **स्** प्रत्यय पर **उशनस्** के **स्** का **न्** और विकल्प से लोप होता है । उदा. – हे उशनन् ! हे उशन ! हे उशनः !

12. घुट् प्रत्ययों पर पुंस् शब्द का **पुमन्स्** आदेश होता है ।

उदा. पुमन्स् + स् – प्र.पा. 34
पुमन्स् + ० – प्र.पा. 46 नि. 6
पुमान्स् + ० = पुमान् । प्र.पा. 40 नि. 6

## पुंस् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | पुमान् | पुमांसौ | पुमांसः |
| **द्वितीया** | पुमांसम् | पुमांसौ | पुंसः |
| **तृतीया** | पुंसा | पुंभ्याम्[1] | पुंभिः |
| **चतुर्थी** | पुंसे | पुंभ्याम् | पुंभ्यः |
| **पंचमी** | पुंसः | पुंभ्याम् | पुंभ्यः |
| **षष्ठी** | पुंसः | पुंसोः | पुंसाम् |
| **सप्तमी** | पुंसि | पुंसोः | पुंसु |
| **संबोधन** | पुमन् | पुमांसौ | पुमांसः |

## ह् कारांत नाम

13. स् प्रत्यय पर **अनडुह्** शब्द के **ह्** के पहले **न्** जोड़ा जाता है ।

उदा. अनडुह् + स् – अनडुन्ह् + स् –

14. संबोधन एकवचन के स् प्रत्यय पर **अनडुह** के **उ** का **व** होता है ।

अनड्वन्ह + स = अनड्वन् । (प्र.पा. 40 नि. 6 से ह् का लोप)

15. संबोधन एकवचन को छोड़ शेष घुट् प्रत्ययों पर अनडुह् के **उ** का **वा** होता है । अनड्वान्ह् + स् = अनड्वान् ।

16. अनडुह् के ह् का पद के अंत में द् होता है । उदा. अनडुद्भ्याम् ।

---

**टिप्पणी :** 1.पुंस् + भ्याम् – प्रा.पा. 34. नि. 1 तथा प्र.पा. 40 नि. 6 से स् का लोप ।

## अनडुह् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | अनड्वान् | अनड्वाहौ | अनड्वाहः |
| **द्वितीया** | अनड्वाहम् | अनड्वाहौ | अनडुहः |
| **तृतीया** | अनडुहा | अनडुद्भ्याम् | अनडुद्भिः |
| **चतुर्थी** | अनडुहे | अनडुद्भ्याम् | अनडुद्भ्यः |
| **पंचमी** | अनडुहः | अनडुद्भ्याम् | अनडुद्भ्यः |
| **षष्ठी** | अनडुहः | अनडुहोः | अनडुहाम् |
| **सप्तमी** | अनडुहि | अनडुहोः | अनडुत्सु |
| **संबोधन** | अनड्वन् | अनड्वाहौ | अनड्वाहः |

**आदेश**

17. स्वरादि प्रत्ययों पर **जरा** का विकल्प से **जरस्** आदेश होता है ।
उदा. जरसौ, जरे ।

## जरा के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | जरा | जरसौ, जरे | जरसः जराः |
| **द्वितीया** | जरसम्, जराम् | जरसौ, जरे | जरसः, जराः |
| **तृतीया** | जरसा, जरया | जराभ्याम् | जराभिः |
| **चतुर्थी** | जरसे, जरायै | जराभ्याम् | जराभ्यः |
| **पंचमी** | जरसः जरायाः | जराभ्याम् | जराभ्यः |
| **षष्ठी** | जरसः जरायाः | जरसोः, जरयोः | जरसाम्, जराणाम् |
| **सप्तमी** | जरसि, जरायाम् | जरसोः, जरयोः | जरासु |
| **संबोधन** | जरे | जरसौ, जरे | जरसः, जराः |

जराम् अतिक्रान्तः – अतिजरः ।
अतिजरसौ, अतिजरौ, अतिजरसाम्, अतिजराणाम् इत्यादि

18. **मास, निशा** और **आसन** शब्दों के द्वितीय बहुवचन के **अस् (शस्)** आदि प्रत्ययों पर विकल्प से **मास्, निश्** और **आसन्** आदेश होता है ।
उदा. मासः । मासान् । माभ्याम् । मासाभ्याम् । माःसु, मास्सु, मासेषु ।
निशः । निशाः । निज्भ्याम्[1] । निशाभ्याम् । निच्छु[2], निच्शु, निशासु ।

---

**टिप्पणी :** 1. निश् + भ्याम् = निज्भ्याम् (प्रथमा पाठ 25 वि. 1 से) । 2. निश् + सु = निज् + सु, निच् + सु, (–प्र.पा.48. नि.4.) निच् + शु, (प्र.पा. 32 नि. 3) निच्छु, निच्शु ।

आसानि । आसनानि । आसभ्याम् । आसानाभ्याम् । आस्नः, आसनस्य ।

19. **दन्त** आदि शब्दो के द्वितीया बहुवचन के **अस्** आदि प्रत्ययों पर **दत्** आदि आदेश विकल्प से होते हैं ।

उदा. –

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुंलिंग | दन्त का दत् । | नपुं. लिंग | हृदय का हृद् । |
| पुंलिंग | पाद का पद् । | नपुं. लिंग | असृज् का असन् । |
| पुंलिंग | यूष का यूषन् । | नपुं. लिंग | उदक का उदन् । |
| पुंलिंग | दोस् का दोषन् । | नपुं. लिंग | यकृत् का यकन् । |
| स्त्री लिंग | नासिका का नस् । | नपुं. लिंग | शकृत् का शकन् । |

## आदेश के रूप

| द्विती.बहुवचन | तृती. एकवचन | तृ. द्विवचन | सप्तमी एकवचन | स. बहुवचन |
|---|---|---|---|---|
| दतः | दता | दद्भ्याम् | दति | दत्सु |
| नसः | नसा | नोभ्याम् | नसि | नःसु, नस्सु |
| हृन्दि | हृदा | हृद्भ्याम् | हृदि | हृत्सु |
| असानि | अस्ना | असभ्याम् | अस्नि, असनि | अससु |
| यूष्णः | यूष्णा | यूषभ्याम् | यूष्णि, यूषणि | यूषसु |
| दोष्णः | दोष्णा | दोषभ्याम् | दोष्णि, दोषणि | दोषसु |

## शब्दार्थ

**अनडुह** = बैल (पुंलिंग)
**अनेहस्** = काल (पुंलिंग)
**अम्बुधि** = समुद्र (पुंलिंग)
**अर्यमन्** = सूर्य (पुंलिंग)
**उशनस्** = शुक्र, दैत्यो का गुरु (पुंलिंग)
**ऋभुक्षिन्** = इन्द्र (पुंलिंग)
**कलि** = कलह, कलियुग (पुंलिंग)
**द्वीप** = द्वीप, टापू (पुंलिंग)
**दोस्** = हाथ (पुंलिंग)
**पथिन्** = मार्ग, रास्ता (पुंलिंग)
**पदाति** = पैदल सैन्य (पुंलिंग)
**पुरुदंशस्** = इन्द्र (पुंलिंग)
**पुंस्** = पुरुष (पुंलिंग)
**पूषन्** = सूर्य (पुंलिंग)
**मघवन्** = इन्द्र (पुंलिंग)
**मथिन्** = रवैया (पुंलिंग)
**मरु** = मारवाड़ देश (पुंलिंग)
**युवन्** = युवक (पुंलिंग)
**यूष** = उकाला (पुंलिंग)
**विपर्यय** = विपरीत, उल्टा (पुंलिंग)
**शिखिन्** = अग्नि (पुंलिंग)
**श्वपाक** = चांडाल (पुंलिंग)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **श्वन्** = कुत्ता | (पुंलिंग) | **यकृत्** = कलेजा | (नपुं. लिंग) |
| **सहाय** = सहायक | (पुंलिंग) | **रजस्** = धूल | (नपुं. लिंग) |
| **स्कंध** = कंधा | (पुंलिंग) | **लाङ्गुल** = पूँछ | (नपुं. लिंग) |
| **अनडुही** = गाय | (स्त्री लिंग) | **शकृत्** = विष्ठा | (नपुं. लिंग) |
| **अप्** = पानी | (स्त्री लिंग) | **शिव** = मंगल, कल्याण | (नपुं. लिंग) |
| **अवनि** = पृथ्वी | (स्त्री लिंग) | **हिम** = बर्फ, ठंडी | (पुंपु. लिंग) |
| **गोपी**=गाय पालने वाली | (स्त्री लिंग) | **दैव** = भाग्य | (नपुं. लिंग) |
| **दिव्** = स्वर्ग, आकाश | (स्त्री लिंग) | **आर्य** = पूज्य | (विशेषण) |
| **निशा** = रात्री | (स्त्री लिंग) | **दृढ** = मजबूत | (विशेषण) |
| **मघोनी** = इन्द्राणी | (स्त्री लिंग) | **न्याय्य** = न्याययुक्त | (विशेषण) |
| **युवति** = युवति | (स्त्री लिंग) | **प्रोक्त** = कहा हुआ | (विशेषण) |
| **योषा** = स्त्री | (स्त्री लिंग) | **मिश्र** = सहित, युक्त | (विशेषण) |
| **अब्ज** = कमल | (नपुं. लिंग) | **सम्पन्न** = युक्त | (विशेषण) |
| **असृज्** = खून | (नपुं. लिंग) | **स्वप्य** = सोने योग्य व्यक्ति, सो जाना | (विशेषण) |
| **आसन** = आसन | (नपुं. लिंग) | | |
| **अहन्** = दिन | (नपुं. लिंग) | **शिव**=मांगलिक, कल्याणकारी | (वि.) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. उस राजा ने दुश्मनों के रक्त द्वारा राक्षसों को संतुष्ट किया। (असृज्)
2. जिस प्रकार गोपियाँ रवैये द्वारा दही का बिलोना करती हैं, उसी प्रकार देवों ने मेरु का रवैया कर समुद्र का मंथन किया। (मथिन्)
3. जब भगवान का जन्म होता है तब इन्द्र **(मघवन्)** सभी इन्द्रों के साथ आकर और विनयपूर्वक भगवान को ग्रहण कर मेरु शिखर पर ले जाकर भगवान का जन्माभिषेक करते हैं।
4. वृद्धावस्था **(जरा)** में भी लोग भोग-तृष्णा का त्याग नहीं करते हैं।
5. इस आसन पर आप बैठें और इस आसन पर मैं बैठूँ।
6. इस युवक की बुद्धि कुत्ते की पूँछ की तरह वक्र है। **(श्वन्)**
7. जल से स्नान कर राजा ब्राह्मणों को धन देते हैं।
8. इस पुरुष के स्कंध मजबूत हैं। भूजाएँ प्रशस्य हैं। अत: यह पुरुष वृषभ जैसा लगता है।
9. सूर्य अंधकार का नाश करता है।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. सखे ! इदमासनमास्यताम् ।
2. पथि पथि वृणुयाद्राजलोकः कुमारम् ।
3. गच्छ, सर्वथा शिवास्ते पन्थानः सन्तु ।
4. स एकः पुमान् यः कुटुम्बं बिभर्ति ।
5. हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा[1] वर्जयत्यपः ।
6. अर्पितानल्पपदातिसैन्यं पुण्येऽहनि प्रधानैरवनिपतिभिरमात्यैः सामन्तैश्च कृत्वा मामसहायं प्राहिणोत् ।
7. यथाऽसंख्येया दिवि देवा नभसि च तारकाः तथा परमात्मनि गुणाः ।
8. धनसाधनीं सामग्रीं प्राप्य योषाऽपि धनमर्जयति किमु युवा नरः ?
9. त्वामामनन्ति मुनयः परमं पुमांसम् ।
10. यथा यथा समारम्भो दैवात्सिद्धिं न गच्छति ।
    तथा तथाऽधिकोत्साहो धीराणां हृदि वर्तते ।।
11. मासि मासि समा ज्योत्स्ना पक्षयोः कृष्णशुक्लयोः ।
    तत्रैकः शुक्लतां यातो यशः पुण्यैरवाप्यते ।।
12. विद्या-विनय-सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
    शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ।।
13. निशि दीपोऽम्बुधौ द्वीपो मरौ शाखी हिमे शिखी ।
    कलौ दुरापः[2] प्राप्तोऽयं त्वत्पादाब्जरजः[3] कणः ।।
14. आपदां कथितः पन्था इन्द्रियाणामसंयमः ।
    तज्जयः सम्पदां मार्गो येनेष्टं तेन गम्यताम् ।।
15. अग्निरापः स्त्रियो मूर्खाः सर्पा राजकुलानि च ।
    नित्यं यत्नेन सेव्यानि सद्यः प्राणहराणि षट् ।।
16. सुस्वप्नं प्रेक्ष्य न स्वप्यं कथ्यमह्नि च सद्गुरोः
    दुःस्वप्नं पुनरालोक्य कार्यः प्रोक्तविपर्ययः ।।
17. निन्दन्तु नीति-निपुणा यदि वा स्तुवन्तु,
    लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम् ।
    अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा,
    न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

---

**टिप्पणी :** 1. तेन मिश्राःतन् मिश्राः । 2. दुःखेन आप्यते दुरापः ।
3. तव पादाब्जयोः रज कणः ।

# प्रकरण 3-गणकार्य रहित विभक्तियाँ

## पाठ-18

### श्वस्तनी–भविष्यन्ती–क्रियातिपत्ति

श्वस्तनी, भविष्यन्ती, क्रियातिपत्ति, परोक्षा, अद्यतनी और आशीः इन छह विभक्तियों में धातुओं को अपने अपने गण का कोई भी विकरण प्रत्यय नहीं लगता है। इसलिए इन्हे **गणकार्य रहित विभक्तियाँ** कहते है। इनसे भिन्न, वर्तमान, ह्यस्तनी, विध्यर्थ और आज्ञार्थ में विकरण प्रत्यय लगता है, इसलिए वे चार **गणकार्य विशिष्ट विभक्तियाँ** है। श्वस्तनी आदि छह के प्रत्यय **अशित्** हैं।

**श्वस्तनी के प्रत्यय**

| परस्मैपदी | | | आत्मनेपदी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तास्मि | तास्वस् | तास्मस् | ताहे | तास्वहे | तास्महे |
| तासि | तास्थस् | तास्थ | तासे | तासाथे | ताध्वे |
| ता | तारौ | तारस् | ता | तारौ | तारस् |

**[1]भविष्यन्ती के प्रत्यय**

| परस्मैपदी | | | आत्मनेपदी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्यामि | स्यावस् | स्यामस् | स्ये | स्यावहे | स्यामहे |
| स्यसि | स्यथस् | स्यथ | स्यसे | स्येथे | स्यध्वे |
| स्यति | स्यतस् | स्यन्ति | स्यते | स्येते | स्यन्ते |

**[2]क्रियातिपत्ति के प्रत्यय**

| परस्मैपदी | | | आत्मनेपदी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्यम् | स्याव | स्याम | स्ये | स्यावहि | स्यामहि |
| स्यस् | स्यतम् | स्यत | स्यथास् | स्येथाम् | स्यध्वम् |
| स्यत् | स्यताम् | स्यत् | स्यत | स्येताम् | स्यन्त |

1. धातु से **स्** कारादि और **त्** कारादि अशित् प्रत्ययों के पहले **इ (इट्)** होता है। जिन धातुओं से इ (इट्) होता है, वे धातु सेट् कहलाते हैं। **इटा सह वर्तते यः सः सेट्।**

---

**टिप्पणीः** 1. वर्तमान काल के प्रत्ययों को **स्य** जुडने से भविष्यंति के प्रत्यय बनते है।
2. ह्यस्तन भूतकाल के प्रत्ययों को 'स्य' लगने से क्रियातिपत्ति के प्रत्यय बनते है।

उदा.   लू + ता  – लू + इ + ता = लविता, उसी प्रकार
लवितुम् । लवितव्यम् । लविता – तृ (तृच्) प्रत्यय । लविष्यति, ते ।
याच् = याचिता, याचितुम्, याचितव्यम्, याचिता, याचिष्यति, ते ।
चुर् (ग.10) = चोरि, चोरयिता, चोरयिष्यति । रुद् = रोदिता, रोदिष्यति ।
अनु + इष् = अन्वेषिता, अन्वेषिष्यति ।

## लू धातु के रूप

**श्वस्तनी – परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लवितास्मि | लवितास्वः | लवितास्मः |
| लवितासि | लवितास्थः | लवितास्थ |
| लविता | लवितारौ | लवितारः |

**श्वस्तनी आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लविताहे | लवितास्वहे | लवितास्महे |
| लवितासे | लवितासाथे | लविताध्वे |
| लविता | लवितारौ | लवितारः |

**भविष्यन्ती–परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लविष्यामि | लविष्यावः | लविष्यामः |
| लविष्यसि | लविष्यथः | लविष्यथ |
| लविष्यति | लविष्यतः | लविष्यन्ति |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| लविष्ये | लविष्यावहे | लविष्यामहे |
| लविष्यसे | लविष्येथे | लविष्यध्वे |
| लविष्यते | लविष्येते | लविष्यन्ते |

2. क्रियातिपत्ति के प्रत्ययों पर धातु के पहले **अ (अट्)** आता है, परंतु स्वर से प्रारंभ होनेवाला धातु हो तो **अ** न आकर धातु के आदि स्वर की वृद्धि होती है ।

उदा.   अलविष्यत्, अलविष्यत ।
अयाचिष्यत्, अयाचिष्यत । अनु + इष् = अन्वैषिष्यत्
अरोदिष्यत्, अचोरयिष्यत् ।

## लू धातु के क्रियातिपत्ति रूप

**परस्मैपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अलविष्यम् | अलविष्याव | अलविष्याम |
| अलविष्यः | अलविष्यतम् | अलविष्यत |
| अलविष्यत् | अलविष्यताम् | अलविष्यन् |

**आत्मनेपदी**

| | | |
|---|---|---|
| अलविष्ये | अलविष्यावहि | अलविष्यामहि |
| अलविष्यथाः | अलविष्येथाम् | अलविष्यध्वम् |
| अलविष्यत | अलविष्येताम् | अलविष्यन्त |

3. अनिट् धातुओं से स्कारादि और त्कारादि अशित् प्रत्ययों के पहले **इ (इट्)** नहीं होता है । जिन धातुओं से **इ (इट्)** नहीं होता है, वे अनिट् कहलाते हैं । – न विद्यते इट् यस्य सः – अनिट् ।

उदा.

**नी** = नेता, नेतुम्, नेतव्यम्, नेष्यति, नेष्यते, अनेष्यत्, अनेष्यत ।

**पा** = पाता, पातुम्, पातव्यम्, पास्यति, अपास्यत् ।

**लभ्** = लब्धा, लब्धुम्, लब्धव्यम्, लप्स्यते, अलप्स्यत ।

**शद्** = शत्ता, शत्तुम्, शत्तव्यम्, शत्स्यति, अशत्स्यत् ।

**शक्** = शक्ता, शक्तुम्, शक्तव्यम्, शक्ष्यति, अशक्ष्यत् ।

**पच्** = पक्ता, पक्तुम्, पक्तव्यम्, पक्ष्यति-ते, अपक्ष्यत्-त ।

**बुध् (गण 4 )** = बोद्धा, बोद्धुम्, बोद्धव्यम्, भोत्स्यते, अभोत्स्यत ।

**लिह्** = लेढा, लेढुम्, लेढव्यम्, लेक्ष्यति–ते, अलेक्ष्यत्–त ।

**दुह्** = दोग्धा, दोग्धुम्, दोग्धव्यम्, धोक्ष्यति–ते, अधोक्ष्यत्–त ।

**दिश्** = देष्टा, देष्टुम्, देष्टव्यम्, देक्ष्यति–ते, अदेक्ष्यत्–त ।

**पिष्** = पेष्टा, पेष्टुम्, पेष्टव्यम्, पेक्ष्यति–ते, अपेक्ष्यत्–त ।

**यज्** = यष्टा, यष्टुम्, यष्टव्यम्, यक्ष्यति–ते, अयक्ष्यत्–त ।

**रम्** = रन्ता, रन्तुम्, रन्तव्यम्, रंस्यते, अरंस्यत ।

**रञ्ज्** = रङ्क्ता, रङ्क्तुम्, रङ्क्तव्यम्, रङ्क्ष्यति–ते, अरङ्क्ष्यत्–त ।

**रुह्** = रोढा, रोढुम्, रोढव्यम्, रोक्ष्यति–ते, अरोक्ष्यत्–त ।

## नी – ले जाना

### श्वस्तनी – परस्मैपदी

| | | |
|---|---|---|
| नेतास्मि | नेतास्वः | नेतास्मः |
| नेतासि | नेतास्थः | नेतास्थ |
| नेता | नेतारौ | नेतारः |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| नेताहे | नेतास्वहे | नेतास्महे |
| नेतासे | नेतासाथे | नेताध्वे |
| नेता | नेतारौ | नेतारः |

### भविष्यन्ती–परस्मैपदी

| | | |
|---|---|---|
| नेष्यामि | नेष्यावः | नेष्यामः |
| नेष्यसि | नेष्यथः | नेष्यथ |
| नेष्यति | नेष्यतः | नेष्यन्ति |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| नेष्ये | नेष्यावहे | नेष्यामहे |
| नेष्यसे | नेष्यथे | नेष्यध्वे |
| नेष्यते | नेष्येते | नेष्यन्ते |

### क्रियातिपत्ति–परस्मैपदी

| | | |
|---|---|---|
| अनेष्यम् | अनेष्याव | अनेष्याम |
| अनेष्यः | अनेष्यतम् | अनेष्यत |
| अनेष्यत् | अनेष्यताम् | अनेष्यन् |

### आत्मनेपदी

| | | |
|---|---|---|
| अनेष्ये | अनेष्यावहि | अनेष्यामहि |
| अनेष्यथाः | अनेष्येथाम् | अनेष्यध्वम् |
| अनेष्यत | अनेष्येताम् | अनेष्यन्त |

## सेट् – अनिट् की व्यवस्था

- सभी **अनेकस्वरी धातु सेट्** हैं। दसवें गण के धातुओं में इ (णिच्) जुड़ता है, अतः अनेकस्वरी हैं, वे सभी सेट् हैं। एवं कुछ एक स्वरी धातु भी सेट् है। एक स्वरी धातु–

**एकस्वरी धातु–**

**सेट् स्वरांत (कारिका)**

**श्वि-श्रि-डी-शी-यु-रु-क्षु-क्ष्णु-णु-स्नुभ्यश्च वृगो वृङः।**
**ऊदृदन्त युजादिभ्यः स्वरान्ता धातावोऽपरे ।।1।।**

श्वि, श्रि, डी (गण–1, 4), यु (गण–2), रु (गण–2), क्षु, क्ष्णु, नु (णु), स्नु, वृ (वृग्–उभयपदी) वृ (वृङ् –आत्मनेपदी) दीर्घ ऊकारांत (ऊदन्त) दीर्घ ॠकारांत (ॠदन्त) और युजादि[1] धातु सेट् हैं, इसके सिवाय दूसरे स्वरांत एकस्वरी धातु अनिट् हैं।

- धातुपाठ (कोश) में निम्नलिखित एकस्वरी व्यंजनांत धातुएँ अनिट् हैं।

**व्यंजनांत अनिट् कारिका**

पाठे एकस्वराः स्यु र्येऽनुस्वारेत इमे स्मृताः।
द्वि-विधोऽपि शकिश्चैव, वाच विंचि-रिची पचिः ।।2।।
सिञ्चति मुंचिरतोऽपि पृच्छति, भ्रस्जि-मस्जि-भुजयो युजि र्यजिः।
ष्वञ्जि-रञ्जि-रुजयो णिजि र्विजॄःषञ्जि भञ्जि-भजयः सृजि-त्यजी ।।3।।
स्कन्दि-विद्य-विद्लृ-विन्तयो नुदिः, स्विद्यतिः शदि-सदी भिदिच्छिदी।
तुद्यदी पदि-हदी खिदि-क्षुदी, राधि-साधि-शुधयो युधि-व्यधी ।।4।।
बन्धि-बुध्य-रुधयः क्रुधि-क्षुधी, सिध्यतिस्तदनु हन्ति-मन्यती।
आपिना तपि-शपि-क्षिपि-च्छुपो, लुम्पतिः सृपि-लिपी वपि-स्वपी ।।5।।

यभि-रभि-लभि-यमि-रमि-नमि-गमयः,
क्रुशि-लिशि-रुशि-रिशि-दिशति-दशयः।
स्पृशि-मृशति-विशति-दृशि-शिष्लृ-शुषयस्,
त्विषि-पिषि-विष्लृ-कृषि-तुषि-दुषि-पुषयः।।6।।


श्लिष्यति र्द्विषिरतो घसि-वसती, रोहति र्लुहि-रिही अनिड्गदितौ।
देग्धि-दोग्धि-लिहयो मिहिवहती नह्यति र्दहिरिति स्फुटमनिटः ।।7।।

---

**टिप्पणी :** 1. दसवें गण के युजादि धातु स्वरांत और व्यंजनांत है, फिर भी णिच् प्रत्यय जुडने से अनेकस्वरी होने पर भी सेट ही है।

## व्यंजनांत अनिट् धातु

| | | |
|---|---|---|
| क्– | शक् (गण–4) (गण–5) | 1 |
| च्– | वच्, विच्, रिच्, पच्, सिञ्च्, मुच् | 6 |
| छ्– | प्रच्छ् | 1 |
| ज्– | भ्रस्ज्, मस्ज्, भुज्, युज्, यज्, स्वञ्ज्, रञ्ज्, रुज्,<br>निज्, विज् (गण 3), सञ्ज्, भञ्ज्, भज्, सृज्, त्यज् | 15 |
| द्– | स्कन्द्, विद् (गण 4), विद् (गण 6), विद् (गण 7), नुद्, स्विद्<br>(गण 4) शद्, सद्, भिद्, छिद्, तुद्, अद्,<br>पद्, हद्, खिद्, क्षुद् | 14 |
| ध्– | राध्, साध्, शुध्, युध्, व्यध्, बन्ध्, बुध् (गण 4),<br>रुध् (अनु + रुध्), क्रुध्, क्षुध्, सिध् (गण 4) | 11 |
| न्– | हन् मन् (गण 4), | 2 |
| प्– | आप्, तप्, शप्, क्षिप्, छुप्, लुप्, (गण 6),<br>सृप्, लिप्, वप्, स्वप् | 10 |
| भ्– | यभ्, रभ्, लभ् | 3 |
| म्– | यम्, रम्, नम्, गम् | 4 |
| श्– | क्रुश्, लिश्, रुश्, रिश्, दिश् (दंश्), दश्,<br>स्पृश्, मृश्, विश्, दृश् | 10 |
| ष्– | शिष् (गण 7), शुष्, त्विष्, पिष्, विष् (गण 3), कृष्,<br>तुष्, दुष्, पुष् (गण 4), श्लिष् (गण 4), द्विष् | 11 |
| स्– | घस्, वस् (गण 1) | 2 |
| ह्– | रुह्, लुह्, रिह्, दिह्, दुह्, लिह्, मिह्, वह्, नह्, दह्, | 10 |
| | ये 100 धातुएँ अनिट् हैं, | 100 |
| | इसके सिवाय के दूसरे एकस्वरी व्यंजनांत धातु सेट् हैं । | |



4. वेट् धातुओं से सकारादि और तकारादि अशित् प्रत्ययों के पहले इ (इट्) विकल्प से होता है। (नियम 1 का अपवाद है)

धू = धोता, धोतुम्, धोतव्यम्, धोष्यति–ते, अधोष्यत्–त।
धविता, धवितुम्, धवितव्यम्, धविष्यति–ते, अधविष्यत्– त।

रध् = रुद्धा, रुद्धुम्, रद्धव्यम्, रत्स्यति, अरत्स्यत्।
रधिता, रधितुम्, रधितव्यम्, रधिष्यति, अरधिष्यत्।

मृज् = मार्ष्टा, मार्ष्टुम्, मार्ष्टव्यम्, मार्क्ष्यति, अमार्क्ष्यत्।
मार्जिता, मार्जितुम्, मार्जितव्यम्, मार्जिष्यति, अमार्जिष्यत्।

## वेट् धातु

जिन धातुओं को इ (इट्) विकल्प से होता है, वे वेट कहलाते है।
(विकल्पेन इ (इट्) यस्य स वेट्।

धू (गण 5, 9, 10) (युजादि)
सू (गण 2, 4), स्वृ
व्रश्च्
मृज् (गण 2, 10), (युजादि), अञ्, तञ्।
स्यन्द्, क्लिद्, रध्,
सिध् (गण 1. प.) (शास्त्राज्ञा करना व मंगल कार्य करना, इन दो अर्थों में)
तृप्, दृप्, त्रप्, कृप्, गुप्,
क्षम्
नश्, अश् (गण 5), क्लिश्
अक्ष्, तक्ष्, त्वक्ष्
मुह्, द्रुह्, स्नुह्, स्निह्, गुह्, गाह्, ग्लाह्, तृह्, तृंह्, वृह्, स्तृह्-स्तृंह्,

सेट्, अनिट् और वेट में दिये गए कुछ धातु के अर्थ।

| | |
|---|---|
| **क्षु-(गण 2 परस्मै)** = छींक खाना | **लह् और रिह् ये दो धातु सौत्र हैं।** |
| **क्ष्णु-(गण 2 परस्मै)** = धारदार होना | **लुह्-(गण 1 परस्मै)** = लोभ करना |
| **स्कन्द्-(गण 1 आत्मने)** = जाना | **रिह्-(गण 1 परस्मै)** = मारना |
| **शुध्-(गण 4 परस्मै)** = शुद्ध होना | **मिह्-(ग.1 प.)**=भीगना, मूत्र करना |
| **यभ्-(गण 1 परस्मै)** = मैथुन करना | **स्वृ-(गण 1 परस्मै)** = आवाज करना |
| **हद्-(गण 1 आत्मने)** = शौच करना | **तञ्-(गण 1 परस्मै)**=संकुचित होना |
| **वृह्-(गण 6 परस्मै)** = उद्यम करना | **गाह्-(गण 1 आत्मने)** = प्रवेश करना |
| **स्तृह्-स्तृंह्** = पीडा करना, मारना | **तृंह्-(गण 6 परस्मै)** = मारना |

## भविष्यकृदन्त

5. परस्मैपदी धातु से **स्यत् (स्य + अत् (शतृ))** और आत्मनेपदी धातु से **स्यमान (स्य + म् + आन (आनश्)** प्रत्यय लगकर भविष्यकृदन्त बनता है ।

उदा. **या** (परस्मैपदी) का **यास्यत् ।** तीनों लिंग में विशत् की तरह रूप होंगे । शी आत्मनेपद धातु का **शयिष्यमाणः । शयिष्यमाणम् । शशिष्यमाणा ।**

**कर्मणि व भावे प्रयोग :** किसी भी धातु को आत्मनेपद के प्रत्यय लगने से कर्मणि और भावे प्रयोग के रुप बनते हैं । (प्र.पाठ 30 नि. 5 से)

उदा.लप्स्यते । नेष्यते । जेष्यते । अजेष्यत । लविता । लविष्यते । भविष्यते ।

**कृदन्त :–** यास्यमानः । लप्स्यमानः । नेष्यमाणः । भविष्यमाणम् ।

6. **ग्रह** धातु के बाद **इ (इट्)** दीर्घ होता है, परंतु परोक्षा में दीर्घ नहीं होता है । उदा. ग्रहीता, ग्रहीष्यति, अग्रहीष्यत्, ग्रहीतुम्, गृहीत्वा, गृहीतः । परोक्षा में जगृहिव । – इ. ह्रस्व होगी ।

7. भविष्यकाल में धातु से भविष्यन्ती प्रत्यय होते हैं ।
उदा. भोक्ष्यते ।

8. आज सिवाय के भविष्य में श्वस्तनी के प्रत्यय होते हैं ।
उदा. कर्ता श्वः । कर्ता । अद्य श्वो वा गमिष्यति– यहाँ श्वस्तनी नहीं होगी ।

9. क्रियातिपत्ति अर्थात् किसी कारणवश क्रिया का न होना, ऐसे संयोगों में धातु से विध्यर्थ के प्रसंग में क्रियातिपत्ति के प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. (1) **स यदि गुरुमुपासिष्यत शास्त्रान्तमगमिष्यत् ।**
यदि वह गुरु की उपासना करता तो शास्त्र के पार को पा जाता ।

(2) **यद्ययं दानं अदास्यत् ततो विश्वेऽपि यशः प्रासरिष्यत्**
यदि उसने दान दिया होता तो विश्व में यश फैलाया होता ।

## शब्दार्थ

**अंशु** = किरण (पुंलिंग)
**अञ्चल** = किनारा (पुंलिंग)
**अतिक्रम** = उल्लंघन, विलंब (पुंलिंग)
**इभ** = हाथी (पुंलिंग)
**उत्पथ** = उल्टा रास्ता (पुंलिंग)
**उपद्रव** = उपद्रव, हमला (पुंलिंग)
**काम** = इच्छा (पुंलिंग)
**गौतम** = गौतम गणधर (पुंलिंग)
**धर्म** = गर्मी, उष्णता (पुंलिंग)
**भेद** = षड्यंत्र (पुंलिंग)

**मण्डल** = कुत्ता (पुंलिंग)
**मृगारि** = सिंह (पुंलिंग)
**मौर्य** = चंद्रगुप्त मौर्य (पुंलिंग)
**मौलि** = मुकुट, मस्तक (पुंलिंग)
**लुण्टाक** = लुटेरा (पुंलिंग)
**लोष्ट** = मिट्‌टी का लौंदा (पुं/नपुं.)
**वयस्य** = मित्र (पुंलिंग)
**विषय** = देश, इन्द्रिय का विषय (पुं.)
**शम** = शांति (पुंलिंग)
**शर** = बाण (पुंलिंग)
**हुतभुज्** = अग्नि (पुंलिंग)
**श्वापद** = शिकारी पशु (पुंलिंग)
**कौशल्या** = राम की माता (स्त्री लिंग)
**द्वार्** = दरवाजा (स्त्री लिंग)
**पौर्णमासी** = पूर्णिमा (स्त्री लिंग)
**सुगृही** = सुगरी पक्षिणी (स्त्री लिंग)
**हत्या** = हिंसा (स्त्री लिंग)
**रसवती** = रसोई (स्त्री लिंग)
**अग्र** = आगे (नपुं. लिंग)
**अहम्मदाबाद** = अमदाबाद (नपुं.)
**केवलज्ञान** = पूर्णज्ञान (नपुं. लिंग)
**दुर्भिक्ष** = अकाल (नपुं. लिंग)

**लोष्ट** = मिट्टी का ढेर (पु.नपुं. लिंग)
**अन्तिक** = नजदीक का (विशेषण)
**आकुल** = व्याप्त (विशेषण)
**आगामिन्** = आनेवाला (विशेषण)
**गन्तृ** = जानेवाला (विशेषण)
**दीर्ण** = फटा हुआ (विशेषण)
**प्रतिपन्न**=स्वीकृत, प्रतिज्ञा (विशेषण)
**प्रत्यग्र** = नया (विशेषण)
**प्रयुक्त** = जुडा हुआ (विशेषण)
**भाव्य** = अवश्य होनेवाला (विशेषण)
**मन्द** = बीमार (विशेषण)
**स्वस्थ** = प्रसन्न (विशेषण)
**विकसित** = खीला हुआ (विशेषण)
**संकीर्ण** = खचाखच (विशेषण)
**सुखावह** = सुखदायी (विशेषण)
**ऋते** = बिना (अव्यय)
**नो** = नहीं (अव्यय)
**यावज्जीवम्**=जीवन पर्यन्त (अव्यय)
**परम्** = परंतु (अव्यय)
**श्वस्** = आनेवाला कल (अव्यय)
**अवसित (अव+सो+क्त)** = समाप्त होना।
**लग्न (लग्+त्)** = लगा हुआ।

## धातु

**ईक्ष् =** देखना (गण 1 आत्मनेपदी)
**प्रति** + इक्ष् = राह देखना,
**उप** + इक्ष् = उपेक्षा करना।
**गद् =** बोलना (गण 1 परस्मैपदी)
**लग्** = लगना, चिपकना (गण 1 प.)
**बुध्** = बोध पाना (गण 1 उभयपदी),

**बुध्** = जानना (गण-4 आत्मनेपदी)
**मन्त्र्**=मंत्रणा करना (गण 10. आ.)
**आ + मन्त्र् =** आमंत्रण देना।
(गण 10 आत्मनेपदी)
**मार्ग्**=मांगना, ढुंढना (गण 10-युजादि)
**लङ्घ्**=पार करना (गण 10-परस्मै.)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. मैं कल अहमदाबाद जानेवाला हूँ, परन्तु बरसात बरसेगी तो मेरे से जाना शक्य नहीं होगा । (शुक्) ।
2. यदि तुमने मेरे कहे हित वचन को माना होता तो तुम इस दु:ख के खड्डे में नहीं गिरते ।
3. जो यह पूर्णिमा आनेवाली है, उस समय चैत्य में महोत्सव होगा (प्र + वृत्) ।
4. हम जीवन पर्यंत पढ़ेंगे और तत्त्वों को जानेंगे (बुध्) ।
5. आज अथवा कल हम उन लुटेरों को अवश्य पकड़ लेंगे । (ग्रह्) ।
6. राम वन में जाएगा (इ) तो मैं उसके पीछे जाऊंगा । (अनु + इ) वास्तव में राम के बिना लक्ष्मण रहने के लिए समर्थ नहीं है ।
7. जिस प्रकार खिला हुआ फूल कुछ समय बाद मुर्झा जाता है, उसी प्रकार यह यौवन भी थोड़े समय में मुर्झा जाएगा (म्लै) ।
8. जिस प्रकार उदित सूर्य अस्त हो जाता है उसी प्रकार यह जीवन भी एक दिन अस्त हो जाएगा ।
9. इस मार्ग में बहुत काँटे हैं, अत: वे इस मार्ग से जाने का प्रयत्न नहीं करेंगे ।
10. मेरे बिना राम कैसे जीएंगे और उनके बिना मैं कैसे जीऊंगी ।
11. यदि उसने **समरादित्य** कथा सुनी होती तो उसका मन अवश्य ही वैराग्यवाला बनता ।
12. शिशुपाल को वरनेवाली (वृ-भविष्यकृदन्त) रुक्मिणी कन्या कृष्ण वासुदेव के द्वारा वरी गई ।
13. बंदर को ठंडी से कँपते हुए देखकर सुगरी ने कहा, `हे बंदर, यदि तुमने मेरी तरह घर बनाया होता तो तू इस तरह ठंडी से नहीं कँपता ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **किं भावि ? यद्भाव्यं तद्भविष्यति, न कोऽपि जानाति श्वः किं भविता ।**
2. **मा त्वरस्व, सेत्स्यति तवैष कामः ।**

3. वयस्य ! वसुदत्त ! किमुत्तरं दास्यामि ।

4. प्रत्यग्रेण पश्चात्ताप-हुतभुजा दह्यमान-देहो दिवसमपि न स्वस्थ-चित्तः स्थास्यामि ।

5. तीव्रं तपस्तप्यमानोऽपि[1] अरण्य आस्ते शैलेऽपि आस्ते परं तावन्न मोक्षं लप्स्यते यावद्विषयेभ्यो न दूरात्[2] ।

6. इभा-ऽश्व-रथाऽऽकुलं पुरद्वारं वीक्ष्य सोऽचिन्तयत् 'चेत् अनयैव पुर-द्वारा-प्रवेशाय प्रतीक्षिष्ये तत्कालातिक्रमो भविष्यति' ।

7. मम शोकः कथं शममेष्यति ।

8. सत्यं वस्त्वाख्याहि नो चेच्छेत्स्यामि ते मौलिं, न हत्या दुष्ट-निग्रहे ।

9. भविष्यद्दुर्भिक्षं ज्ञात्वा सर्वे देशान्तरं गताः, स देशो यत्र जीव्यते ।

10. समित्रोऽद्य भोक्ष्येऽहं तद्दिव्यां रसवतीं कुरु ।

11. परलोक-सुखं धर्मं नोपेक्षिष्ये मनागपि ।

12. न मां कोप्युत्पथं नेतुमीश्वरः, तत्परलोक-सुखावहं पन्थानं न हास्यामि ।

13. मलयकेतुः–आर्य ! अस्ति कश्चिद्यः कुसुमपुरं प्रति गच्छति, तत आगच्छति वा ।

14. राक्षसः–अवसितमिदानीं गतागत–प्रयोजनम्, अल्पैरहोभिर्वयमेव तत्र गन्तारः ।

15. हा ! हा ! हा ! वीर ! किं कृतम् ! यदस्मिन्नवसरेऽहं दूरे कृतः, किं बालवत्तवाञ्चलेऽलगिष्यम् ? किं वा केवलभागममार्गयिष्यम् ? किं मुक्तौ सङ्कीर्णमभविष्यत् ? किं वा तव भारोऽभविष्यत् ? यदेवं मां विमुच्य गतः, एवं च वीर ! वीर ! इति कुर्वतो 'वी' इति मुखे लग्नं गौतमस्य ।

---

टिप्पणी :

1. तप् (गण-1 परस्मैपदी) धातु का अर्थ तप करना है । तब आत्मनेपदी होता है और कर्तरि प्रयोग में य (क्य) प्रत्यय होता है ।
2. नाम के विशेषण रूप में न हो तो दूर अथवा नजदीक अर्थवाले शब्द से द्वितीया, तृतीया, पंचमी या सप्तमी एकवचन होता है । दूरं दूरेण दूराद् दूरे वा ग्रामाद्, ग्रामस्य वा वसति ।

16. चाणक्यतश्चलितभक्तिमहं सुखेन जेष्यामि मौर्यमिति संप्रति यः प्रयुक्तः।
भेदःकिलैष भवता सकलः स एव सम्पत्स्यते शठ ! तवैव हि दूषणाय ।।

17. अनुरूपो वरः कोऽस्या भवितेति दिवानिशम्[1] ।
अचिन्तयत्तज्जनको जनकः पृथिवी-पतिः ।।

18. तूलं तृणादपि लघु तूलादपि हि याचकः ।
वायुना किं न नीतोऽसौ ? मामपि प्रार्थयिष्यते ।।

19. वनं व्रजिष्यति सुतः पतिश्च प्रव्रजिष्यति ।
श्रुत्वाऽप्येतन्न यद्दीर्णा कौशल्ये ! वज्रमय्यसि ।।

20. प्रतिपन्नाद्धवन्तोऽपि चलन्ति यदि तत्प्रभो ।
मर्यादां लङ्घयिष्यन्ति निश्चितं जलराशयः ।।

21. अम्लान-केवल-ज्ञान-प्रकाशेन विना त्वया ।
तमसीव ऋते[2] दीपं स्थास्यामोऽत्र कथं भवे ।।

22. कुतो धर्म-क्रिया-विघ्नः सतां रक्षितरि त्वयि ।
तमस्तपति घर्मांशौ[3] कथमाविर्भविष्यति ।

23. दस्युभ्यस्त्रास्यते मार्गे श्वापदोपद्रवादपि ।
पालयिष्यत्यसौ मन्दान् [4]सहगान्बान्धवानिव ।।

24. उपेक्ष्य लोष्ट-क्षेप्तारं लोष्टं दशति मण्डलः ।
मृगारिः शरमुत्प्रेक्ष्य शर-क्षेप्तारमृच्छति ।।

---

**टिप्पणी :** 1. दिवा च निशा च अनयोः समाहारः दिवानिशम् ।
2. ऋते अव्यय के योग में द्वितीया या पंचमी विभक्ति होती है ।
3. घर्मा अंशवः यस्य स घर्मांशुः (सूर्यः)
4. सह गच्छन्ति इति सहगाः

# पाठ-19

## श्वस्तनी, भविष्यन्ती और क्रियातिपत्ति (शेषनियम)

1. **सह्, लुभ्, इष्** (इच्छ्), **रुष्** और **रिष्** धातुओं से **तकारादि अशित्** प्रत्ययों पर विकल्प से **इ** होता है ।
   उदा. लोब्धा, लोभिता । एष्टा, एषिता ।
2. **सह्** और **वह्** धातु के (पा. 10 नि. 11) **ढ्** का **ढ** के निमित्त से हुए **ढ** पर लोप होता है और पूर्व के **अ** वर्ण का **ओ** होता है ।
   उदा. सह् + ता = सढ् + ता = सढ् + धा =
   सढ् + ढा = सोढा, सहिता (विकल्प से)
   वैसे ही – सोढुम्, सहितुम् । सोढव्यम्, सहितव्यम् ।
   वह् का वोढा । वोढुम् । वोढव्यम् ।
3. **हन्** धातु और ऋकारान्त धातुओं से स्य के पहले इ होता है ।
   उदा. हनिष्यति, अहनिष्यत् । करिष्यति, अकरिष्यत् ।
   **स्वृ** = स्वरिष्यति, अस्वरिष्यत् ।
   **मृ** = मरिष्यति, अमरिष्यत् ।
4. **कृत्, चृत्, नृत्, छृद्** और **तृद्** के अद्यतनी **स् (सिच्)** प्रत्यय को छोड़कर अन्य स्कारादि अशित् प्रत्ययों के पहले विकल्प से **इ** होता है ।
   उदा. कर्त्स्यति, कर्तिष्यति । अकर्त्स्यत्, अकर्तिष्यत् ।
5. **गम्** धातु से **सकारादि अशित् प्रत्ययों** के पहले **इ** होता हैं । परन्तु आत्मनेपदी में नहीं होता है ।
   उदा. गमिष्यति, अगमिष्यत्, संगंस्यते ।
6. **स्नु** तथा **क्रम्** धातु से स्कारादि और त्कारादि अशित् प्रत्ययों के पहले **इ** होता है, परन्तु आत्मनेपदी में नहीं होता है ।
   उदा. प्रस्नविष्यति । प्रस्नविता । प्रस्नवितुम् ।
   क्रमिष्यति । क्रमिता । प्रक्रमितव्यम् ।
   आत्मने – प्रस्नोष्यते । प्रस्नोता । प्रक्रंस्यते, प्रक्रन्ता ।
7. **वृत्, स्यन्द्, वृध्, शृध् और कृप्** ये पाँच धातु स्य आदिवाले प्रत्यय तथा इच्छादर्शक (सन्नत) में उभयपदी हैं ।

8. **वृत्** आदि पाँच धातुओं से परस्मैपदी में **स्कारादि** और **त्कारादि** अशित् प्रत्ययों के पहले **इ** नहीं होती है ।

**परस्मैपदी में–वृत् या वृध्** = वर्त्स्यति, अवर्त्स्यत् ।

**स्यन्द्** = स्यन्त्यति, अस्यन्त्स्यति ।

**शृध्** = शर्त्स्यति, अशर्त्स्यत् ।

**कृप्** = कल्प्स्यति, अकल्प्स्यत् ।

**आत्मनेपदी में – वृत्** = वर्तिष्यते, अवर्तिष्यत ।

**वृध्** = वर्धिष्यते, अवर्धिष्यत ।

**शृध्** = शर्धिष्यते, अशर्धिष्यत ।

**स्यन्द्**–वेट् = स्यन्त्स्यते, स्यन्दिष्यते, अस्यन्त्स्यत, अस्यन्दिष्यत् ।

**कृप्**–वेट् = कल्प्यस्यते, कल्पिष्यते, अकल्प्स्यत् अकल्पिष्यत् ।

**श्वस्तनी में –** वर्तिताहे, वर्धिताहे, शर्धिताहे, स्यन्ताहे, स्यन्दिताहे ।

9. **कृप्** धातु श्वस्तनी में भी उभयपदी हैं ।
कल्प्तास्मि (नि. 8 से आत्मनेपदी), कल्प्ताहे, कल्पिताहे

10. **अधि + इ** = पढ़ना, धातु का क्रियातिपत्ति और अद्यतनी में विकल्प से **गी** आदेश होता है ।
उदा. अध्यगीष्यत, अध्यैष्यत । (गी आदेश का गुण नहीं होता है ।)

11. अशित् प्रत्ययों पर **अस्** (गण 2) और **ब्रू** धातु का क्रमशः **भू** और **वच्** आदेश होता है तथा **भ्रस्ज्** का विकल्प से **भर्ज्** आदेश होता है ।
उदा. **भू** का भविता, भवितुम्, भविष्यति, अभविष्यत्, भवितव्यम्, भव्यम् ।
**वच्** का वक्ता, वक्तुम्, वक्ष्यति-वक्ष्यते, अवक्ष्यत्, त, वक्तव्यम्, वाच्यम् ।
(ब्रू का वच् अदिश भी अनिट् है ।)
**भर्ज्** का भर्ष्टा, भ्रष्टा, भर्ष्टुम्, भ्रष्टुम्, भर्क्ष्यति, भ्रक्ष्यति, अभर्क्ष्यत्, अभ्रक्ष्यत् ।

12. धुट् व्यंजनादि प्रत्ययों पर और पद के अंत में **मुह्, द्रुह्, स्नुह्** और **स्निह्** धातु के **ह्** का विकल्प **घ** होता है तथा **नह्** धातु के **ह्** का **ध्** नित्य होता है ।
उदा. मोग्धा–मोढा, द्रोग्धा-द्रोढा, स्नोग्धा-स्नोढा ।
स्नेग्धा स्नेढा । नह् धातु का – नद्धा ।
मोक्ष्यति[1] । ध्रोक्ष्यति । स्नोक्ष्यति । स्नेक्ष्यति । नत्स्यति ।

---

**टिप्पणी :** 1.घ् का क् प्र.पा. 25 नि. 2 और द् का क् - पा. 10 नि. 9 से ।

13. **धुट्** व्यंजनादि प्रत्यय पर **नश्** धातु में स्वर के बाद **न्** जुड़ता है ।
उदा. नंष्टा, नंष्टुम्, नङ्क्ष्यति, अनङ्क्ष्यत् । वेट के कारण इ लगने पर न नहीं लगेगा तब—नशिता, नशितुम्, नशिष्यति, अनशिष्यत् ।

14. **धुट्** व्यंजनादि प्रत्यय पर **मस्ज्** धातु के **स्** का **न्** होता है ।
उदा. मङ्क्ता । मङ्क्तुम् । मङ्क्ष्यति । अमङ्क्ष्यत् । पाठ 4, नि. 7

15. **धुट्** व्यंजनादि प्रत्ययों पर (i) **सृज्** और **दृश्** धातु को नित्य और (ii) **स्पृश्, मृश्, कृष्, तृप्, दृप्** और **सृप्** धातु से स्वर के बाद **अ** विकल्प से जुड़ता है, परन्तु **धुट् व्यंजनादि** प्रत्यय कित् नहीं होना चाहिए ।
उदा. **सृज्** = स्रष्टा, स्रष्टुम्, स्रष्टव्यम्, स्रक्ष्यति, अस्रक्ष्यत् ।
दृश् = द्रष्टा, द्रष्टुम्, द्रष्टव्यम्, द्रक्ष्यति, अद्रक्ष्यत् ।
क्त = कित् प्रत्यय है तो - सृष्टः दृष्टः सृष्ट्वा, दृष्ट्वा ।
स्पर्श् =स्प्रष्टा, स्पर्ष्टा । स्प्रष्टुम्, स्पर्ष्टुम् । स्प्रष्टव्यम्, स्पर्ष्टव्यम् ।
स्प्रक्ष्यति, स्पर्क्ष्यति, अस्प्रक्ष्यत्, अस्पर्क्ष्यत् ।
कित् प्रत्यय पर स्पृष्टः, मृष्टः, कृष्टः, सृप्तः, स्पृष्ट्वा ।
तृप् = त्रप्ता, तर्प्ता । दप्ता, दर्प्ता । त्रप्स्यति, तर्प्स्यति आदि ।
तृप् और दृप् धातु वेट् हैं, अतः इ आने पर तर्पिता, दर्पिता, तर्पिष्यति आदि होंगे । वेट् धातु को क्त-क्तवतु के पहले इ नहीं आती है ।
उदा. तृप्तः, दृप्तः[1] । प्रत्यय कित् है ।

16. धातु के स् का स्कारादि **अशित्** प्रत्ययों पर त् होता है ।
उदा. वस्—वत्स्यति, अवत्स्यत् ।

17. धुट् व्यंजनादि प्रत्यय पर धातु के **च्छ्** का **श्** और **व्** का **ऊ** (ऊट्) होता है ।
उदा. प्रच्छ् = प्रष्टा, प्रक्ष्यति, अप्रक्ष्यत् ।
प्रच्छ् + त (क्त) = पृष्टः । (पा. 4 नि. 5 और पा. 13 नि.2)
**दिव्** का द्यूतः। **धाव्** + त = धौतः[2], धौतवान् ।

## कर्मणि और भावे प्रयोग में विशेषता

18. स्वरान्त धातु तथा **ग्रह्, दृश्** और **हन्** धातु से कर्मणि और भावे प्रयोग में श्वस्तनी, भविष्यन्ती, क्रियातिपत्ति, अद्यतनी **स् (सिच्)** और **आशीः** के प्रत्यय लगाते समय **इ (ञिट्)** विकल्प से होती है ।

---

**टिप्पणी :** 1.वेट धातु के क्त और क्तवतु के पहले `इ' नहीं होता ।
2.अ वर्ण का ऊ (ऊट्) के साथ `औ' होता है ।

उदा. लू + इ (ञिट्) + स्यते = लाविष्यते । न हो तब = लविष्यते ।

इसी प्रकार – अलाविष्यत, अलविष्यत ।

लाविता, लविता । लाविष्यमाणः, लविष्यमाणः ।

नी का – नायिष्यते-नेष्यते । अनायिष्यत-अनेष्यत । नायिता-नेता ।

हृ का – हारिष्यते-हरिष्यते । अहारिष्यत-अहिरिष्यत । हारिता-हर्ता ।

ग्रह् का – ग्राहीष्यते-ग्रहीष्यते । अग्राहिष्यत-अग्रहिष्यत । ग्राहिता–ग्रहीता ।

दृश् का – दर्शिष्यते-द्रक्ष्यते । अदर्शिष्यत–अद्रक्ष्यत । दर्शिता-द्रष्टा ।

19. आकारांत धातु के **आ** का **ञित् णित्** कृत् प्रत्यय तथा **इ (ञिट्-ञिच्[1])** पर **ऐ** होता है ।

उदा. दा + अ (घञ्) = दायः । दा + अक (णक) = दायकः ।

दा + इ (ञिट्) + स्यते = दायिष्यते, दास्यते ।

अदायिष्यत । अदास्यत । दायिता । दाता ।

20. **इ (ञिट् या ञिच्)** पर **हन्** का **घन्** होता है ।

उदा. घानिष्यते । हनिष्यते ।

अघानिष्यत । अहनिष्यत । घानिता । हन्ता ।

## धातु

| | |
|---|---|
| **धाव् =** धोना, जाना (ग.1 उ.) | **शृध=**कांटना, छेदन करना (ग.1 आ.) |
| **चृत् =** मार डालना, गुंथना (ग.6 प.) | **स्नुह् =** वमन करना (ग.1 प.) |
| **छृद् =** प्रकाशित करना (ग.1 प.) | **तृद् =** हिंसा करना (ग.1 प.) |

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **उपसर्ग** = उपद्रव, उत्पात (पुंलिंग) | **प्रबोध** = जगना (पुंलिंग) |
| **क्रम** = पैर, क्रम (पुंलिंग) | **वंश** = वंश (पुंलिंग) |
| **कवल** = भोजन का कवल (पुंलिंग) | **गवेषणा** = शोध (स्त्री लिंग) |
| **नारकिक** = नरक का जीव (पुंलिंग) | **गोणी** = गुणी (स्त्री लिंग) |
| **निग्रह** = बंधन (पुंलिंग) | **प्रवृत्ति** = खबर (स्त्री लिंग) |
| **नैषधि** = निषेध देश का नल राजा (पुं.) | **मृगाक्षी** = मृग समान नेत्रवाली स्त्री (स्त्री लिंग) |

**टिप्पणी :** 1.कर्मणि अद्यतनी तीसरे पुरुष एक वचन में ञिच् प्रत्यय लगता है । देखे- पाठ 27 नि. 11 ।

| | |
|---|---|
| **ज्ञानपंचमी** = कार्तिक शुक्ला पंचमी (स्त्री लिंग) | **चाटु** = मधुर वचन (विशेषण) |
| **अनुशासन** = शिक्षा (नपुं.लिंग) | **नव** = नवीन (विशेषण) |
| **तेजस्** = तेज (नपुं.लिंग) | **प्रौढ** = गम्भीर, उत्तम (विशेषण) |
| **भाण्डागार** = भण्डार (नपुं.लिंग) | **हत्याकृत्**=हत्या करनेवाला (विशेषण) |
| **अभिराम** = सुन्दर, मनोहर (वि.) | **अन्यतस्** = अन्यत्र (अव्यय) |
| **आम** = कच्चा (विशेषण) | **अस्तु** = निषेध सूचक (अव्यय) |
| **एकाकिन्** = अकेला (विशेषण) | **परस्परम्** = परस्पर (अव्यय) |
| **कुशलिन्** = सुखी (विशेषण) | **मुधा** = व्यर्थ (अव्यय) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. हम कल ज्ञानपंचमी के दिन शुभ मुहूर्त में व्याकरण पढ़ने (अध्येतुम्) का प्रारम्भ करेंगे। (प्र + आ + रभ्) व्याकरण पढ़कर सिद्धान्त पढ़ेंगे।
2. यदि तुम सदाचार में रहोगे (वृत्) तो सरस्वती और लक्ष्मी से बढ़ोगे। **(वृध्)**
3. ये मुनि अपने तप तेज द्वारा कर्मों को जला देंगे (भ्रस्ज्) और शाश्वत सुख में मग्न बनेंगे। **(मस्ज्)**
4. तुम्हारे राजकुमारों के द्वारा थोड़े समय में ज्यादा विद्याएँ ग्रहण की जाएंगी, क्योंकि वे विनीत हैं। **(ग्रह्)**
5. ये बोए हुए धान्य पक जाएंगे तब किसानों द्वारा काटे जाएंगे। **(लू)**
6. 'अभी यह करता हूँ, बाद में यह करूंगा और यह करके (विधाय) फिर वह करूंगा' यह स्वप्नतुल्य इस जीवलोक में कौन मानेगा ?
7. यदि राम वन में नहीं गए होते और रावण द्वारा सीता का हरण नहीं हुआ होता तो रामायण में क्या लिखा जाता ?
8. कल मजदूर अनाज की बोरियाँ उठायेंगे।
9. तुम यदि अणहिलपुर पाटण जाओगे **(गम्)** तो वहाँ रहे हुए अति प्राचीन पुस्तक भण्डार और ऐतिहासिक प्राचीन अवशेषों को देख सकोगे। **(दृश्)**

10. रुक्मिणी ने नारदजी को कहा, हे आर्य ! मुझे आशा थी कि आप मेरे पुत्र के समाचार लाओगे ! **(आ+नी)**

11. इन फलों को छूना (स्प्रष्टुम्) भी हमें नहीं कल्पता है तो फिर खाने की तो बात ही क्या ? **(कृप्)**

12. जिस प्रकार सिंह को देखकर हिरण जंगल में से भाग जाते हैं, उसी प्रकार भीम को देखकर सभी योद्धा रणांगण में से भाग जाएंगे। **(नश्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **हस्तिभिर्हस्ति-भारो हि वोढुं शक्येत नापरैः ।**

2. **प्रक्ष्यामि तत्सर्वमेनं कृत्वा चाटु-शतान्यपि ।**

3. **कवलः शक्यते क्षेप्तुं नाक्रष्टुं हस्तिनो मुखात् ।**

4. **मरिष्यामो मरिष्याम इत्येवं भावनापराः ।**
   **मुधैव जीवितं हित्वा म्रियन्ते सत्त्व-वर्जिताः ॥**

5. **तत्राहमभविष्यं चेत्तदा तेषां दुरात्मनाम् ।**
   **अकरिष्यं नव-नवैर्निग्रहैरनुशासनम् ॥**

6. **भवं तरिष्याम्यज्ञोऽपि भवत्पादावलम्ब्यहम् ।**
   **गोपुच्छ-लग्नो हि तरेन्नदीं गोपाल-बालकः ॥**

7. **दीक्षां सह त्वयाऽऽदास्ये विहरिष्ये सह त्वया ।**
   **दुःसहांश्च सहिष्येऽहं त्वया सह परिषहान् ॥**

8. **त्वया सहोपसर्गांश्च सहिष्ये त्रिजगद्गुरो !**
   **कथंचिदपि न स्थास्याम्यहमत्र प्रसीद मे ॥**

9. **युष्मान्नष्टान् विनष्टान्वा हित्वा गतवतां मुखम् ।**
   **कथं द्रक्ष्यति नः स्वामी ऋषि-हत्याकृतामिव ॥**

10. **युष्मान्विना गतान्नोऽद्य, लोकोप्युपहसिष्यति ।**
    **हृदय ! स्फुट रे सद्यः, पयःसिक्ताऽऽमकुम्भवत् ॥**

11. **मयैकाकिन्यसौ मुक्ता, प्रबुद्धा मुग्धलोचना ।**
    **मोक्ष्यते जीवितेनाऽपि, स्पर्द्धयेव मया सह ॥**

12. भक्तां तेदनां वञ्चित्वा, नान्यतो गन्तुमुत्सहे ।
जीवितं मरणं वाऽपि, मम स्तादनया सह ॥

13. अथवाऽनेक-दुःखानामरण्ये नरकोपमे ।
पात्रं नारकिक इव भवाम्येकोऽहमस्त्वसौ ॥

14. मया तु वस्त्र-लिखितामाज्ञां कृत्वा मृगाक्ष्यसौ ।
स्वयं गत्वा कुशलिनी, वत्स्यति स्वजनौकसि ॥

15. इति निश्चित्य तां रात्रिमतिक्रम्य च नैषधिः ।
प्रबोध-समये पत्न्याः, प्राचलत्त्वरितक्रमम्[1] ॥

16. पूर्णोऽहमर्थैरिति मा प्रसीद, रिक्तोऽहमर्थैरिति मा विषीद ।
रिक्तं च पूर्णं भरितं च रिक्तं करिष्यतो नास्ति विधे र्विलम्बः ॥

17. त्वया विना वीर ! कथं व्रजामो ! गृहेऽधुना शून्यवनोपमाने ।
गोष्ठी-सुखं केन सहाचरामो ! भोक्ष्यामहे केन सहाथ बन्धो ! ॥

18. अतिप्रियं बान्धव ! दर्शनं ते सुधाञ्जनं भावि कदास्मदक्ष्णोः ।
नीरागचित्तोऽपि कदाचिदस्मान्स्मरिष्यसि प्रौढगुणाभिराम ! ॥

---

**टिप्पणी :** 1. त्वरितौ क्रमो यस्मिन् (कर्मणि) तत् त्वरितक्रमम् (क्रिया-विशेषण)

# प्रकरण 4-धातुरुप शब्द और तद्धित शब्द

## पाठ-20

### धातुरूप शब्द (स्वरान्त)

1. 'धातु सूचित क्रिया को करनेवाला' इस अर्थ में धातु को **क्विप्** प्रत्यय लगता है ।

   उदा. 1. विश्वं पाति इति क्विप् = विश्वपाः ।

   2. तत्त्वं वेत्ति इति क्विप् = तत्त्वविद् ।

   क्विप् प्रत्यय के सभी वर्ण इत् हैं अर्थात् धातु के सभी प्रत्यय का लोप हो जाता हैं । क्विप् प्रत्ययांत शब्द, धातु जैसे होने से धातुरूप कहलाते हैं ।

2. ह्रस्व स्वरान्त धातु को पित्कृत् प्रत्यय पर त् जुड़ता है ।

   उदा. 1. शत्रुं जयति क्विप् = शत्रुजित् ।

   2. अनु+सृ+त्वा (क्त्वा)=अनुसृत्य । (क्त्वा के य(यप्) आदेश पित् है ।

3. **क्रुध्** आदि और **सम्पद्** आदि धातुओं को नित्य और **भी** आदि धातुओं के विकल्प से क्विप् प्रत्यय लगकर स्त्रीलिंग शब्द बनते हैं ।

   उदा. क्रुध्, मुद्, सम्पद्[1], विपद् आदि । भीः, भीतिः, ह्रीः, ह्रीतिः । आदि

### आकारान्त शब्द

4. घुट् सिवाय के स्वरादि प्रत्ययों पर आ (आप्) प्रत्यय को छोड़कर आकारान्त नामों से **आ** का लोप होता है । उदा. विश्वपः ।

### पुंलिंग–स्त्रीलिंग के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | विश्वपाः | विश्वपौ | विश्वपाः |
| **द्वितीया** | विश्वपाम् | विश्वपौ | विश्वपः |
| **तृतीया** | विश्वपा | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभिः |
| **चतुर्थी** | विश्वपे | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभ्यः |
| **पंचमी** | विश्वपः | विश्वपाभ्याम् | विश्वपाभ्यः |
| **षष्ठी** | विश्वपः | विश्वपोः | विश्वपाम् |
| **सप्तमी** | विश्वपि | विश्वपोः | विश्वपासु |
| **सम्बोधन** | विश्वपाः | विश्वपौ | विश्वपाः |

---

**टिप्पणी :** 1. सं + पद् आदि धातुओं में से कई धातुओं को ति (क्ति) प्रत्यय भी लगता है – सम्पत्ति, विपत्तिः ।

5. नपुंसक लिंग नामों का अंत्य स्वर ह्रस्व होता है ।
उदा. विश्वप–रूप वन के समान होंगे ।

## ईकारांत – ऊकारांत शब्द

6. क्विप् प्रत्ययांत नाम के साथ समास हुआ हो, उस समास सम्बन्धी धातु के **इ वर्ण** और **उ वर्ण** का स्वरादि प्रत्ययों पर क्रमशः **य्** और **व्** होता है । परन्तु **सुधी** शब्द में नहीं होता है ।
उदा. खलं पुनाति इति खलपूः ।
सुष्ठु ध्यायति दधाति वा सुधीः[1] ।

## पुंलिंग – स्त्रीलिंग में

### खलपू के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | खलपूः | खलप्वौ | खलप्वः |
| **द्वितीया** | खलप्वम् | खलप्वौ | खलप्वः |
| **तृतीया** | खलप्वा | खलपूभ्याम् | खलपूभिः |
| **चतुर्थी** | खलप्वे | खलपूभ्याम् | खलपूभ्यः |
| **पंचमी** | खलप्वः | खलपूभ्याम् | खलपूभ्यः |
| **षष्ठी** | खलप्वः | खलप्वोः | खलप्वाम् |
| **सप्तमी** | खलप्वि | खलप्वोः | खलपूषु |
| **सम्बोधन** | खलपूः | खलप्वौ | खल्प्वः |

### नपुंसक लिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | खलपु | खलपुनी | खलपूनि |
| **द्वितीया** | खलपु | खलपुनी | खलपूनि |
| **तृतीया** | खलपुना | खलपुभ्याम् | खलपुभिः |
| **चतुर्थी** | खलपुने | खलपुभ्याम् | खलपुभ्यः |
| **पंचमी** | खलपुनः | खलपुभ्याम् | खलपुभ्यः |
| **षष्ठी** | खलपुनः | खलपुनोः | खलपूनाम् |
| **सप्तमी** | खलपुनि | खलपुनोः | खलपुषु |
| **सम्बोधन** | खलपो, पु | खलपुनी | खलपूनि |

**टिप्पणी :** 1.ध्यै तथा धा धातु का धी आदेश होता है ।

## सुधी - पुंलिंग - स्त्रीलिंग

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | सुधीः | सुधियौ | सुधियः |
| **द्वितीया** | सुधियम् | सुधियौ | सुधियः |
| **तृतीया** | सुधिया | सुधीभ्याम् | सुधीभिः |
| **चतुर्थी** | सुधिये | सुधीभ्याम् | सुधीभ्यः |
| **पंचमी** | सुधियः | सुधीभ्याम् | सुधीभ्यः |
| **षष्ठी** | सुधियः | सुधियोः | सुधियाम् |
| **सप्तमी** | सुधियि | सुधियोः | सुधीषु |
| **सम्बोधन** | सुधीः | सुधियौ | सुधियः |

• नपुंसक लिंग में **सुधि** के रूप **खलपु** (नपुंसक लिंग) के समान हैं ।

7. **नी** शब्द से सप्तमी एकवचन **इ** का **आम्** होता है ।

उदा. ग्रामं नयति इति ग्रामणीः ।

सप्तमी एकवचन में **ग्रामण्याम् ।**

शेष रूप **खलपू** की तरह होंगे ।

नयति इति नीः, सप्तमी में **नियाम् ।**

शेष रूप सुधी की तरह होंगे । नीः, नियौ, नियः आदि ।

8. **दृन्भू**[1]**, पुनर्भू, वर्षाभू** और **कारभू** सम्बन्धी **भू** धातु के ऊ[2] का स्वरादि प्रत्यय पर व् होता है ।

## पूनर्भू - स्त्री लिंग (वधू की तरह)

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | पुनर्भूः | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |
| **द्वितीया** | पुनर्भ्वम् | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |
| **तृतीया** | पुनर्भ्वा | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभिः |
| **चतुर्थी** | पुनर्भ्वै | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभ्यः |
| **पंचमी** | पुनर्भ्वाः | पुनर्भूभ्याम् | पुनर्भूभ्यः |
| **षष्ठी** | पुनर्भ्वाः | पुनर्भ्वोः | पुनर्भूभ्यः |
| **सप्तमी** | पुनर्भ्वि | पुनर्भ्वोः | पुनर्भूषु |
| **सम्बोधन** | पुनर्भू | पुनर्भ्वौ | पुनर्भ्वः |

**टिप्पणी :** 1.दृन् हिंसन्भवति=दृन्भूः । पुनर्भवति=पुनर्भूः । वर्षासु भवति=वर्षाभूः । कारेण भवति=कारभूः । स्वयं भवति=स्वयम्भूः । मनसि भवति=मनोभूः ।

2. इन के अलावा स्वयम्भू, मनोभू आदि में व नहीं होगा । परंतु पाठ.4 नि.2 से उव् होगा ।

**दृन्भू** स्त्रीलिंग एवं **वर्षाभू** स्त्रीलिंग के रूप **पूनर्भू** के समान होते हैं । **वर्षाभू** और **कारभू**–पुंलिंग के रूप **खलपू** की तरह होते हैं ।

## स्वयम्भू – पुंलिंग के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | स्वयंभूः | स्वयंभुवौ | स्वयंभुवः |
| **द्वितीया** | स्वयंभुवम् | स्वयंभुवौ | स्वयंभुवः |
| **तृतीया** | स्वयंभुवा | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभिः |
| **चतुर्थी** | स्वयंभुवे | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभ्यः |
| **पंचमी** | स्वयंभुवः | स्वयंभूभ्याम् | स्वयंभूभ्यः |
| **षष्ठी** | स्वयंभुवः | स्वयंभुवोः | स्वयंभुवाम् |
| **सप्तमी** | स्वयंभुवि | स्वयंभुवोः | स्वयंभूषु |
| **सम्बोधन** | स्वयंभूः | स्वयंभवौ | स्वयंभुवः |

## संयोगान्त धातु रूप शब्द

यवान् क्रीणाति इति – यवक्रीः । कटं प्रवते कटप्रूः=नदीतीरः ।

कटेन प्रवते इति कटप्रूः (=कट से तैरने वाला) । कटप्रू दीर्घ होता है ।

यहाँ नि.6 नहीं लगेगा । परंतु अपवाद में पा.14 नि.17 लगेगा । इसलिए इय् और उव् होगा ।

## रूप-सुधी जैसे

| | | |
|---|---|---|
| यवक्रीः | यवक्रियौ | यवक्रियः आदि |
| कटप्रूः | कटप्रुवौ | कटप्रुवः आदि |

## ईकारान्त – ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

9. **इय्** और **उव्** जिसमें हों ऐसे **ई**कारान्त और **उ**कारान्त स्त्रीलिंग[1] नामों से चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी और सप्तमी एकवचन में क्रमशः **ऐ, आस्, आस्** और **आम्** विकल्प से होता है तथा षष्ठी बहुवचन में विकल्प से **आम्** का **नाम्** होता है ।

उदा. दधाति ध्यायति वा धीः । श्रयति इति श्रीः । भवति इति भूः ।

## श्री – स्त्रीलिंग रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | श्रीः | श्रियौ | श्रियः[2] |
| **द्वितीया** | श्रियम् | श्रियौ | श्रियः |

**टिप्पणी :** 1.जो शब्द मात्र स्त्रीलिंग ही हो । 2. पाठ 4 नि. 2 ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **तृतीया** | श्रिया | श्रीभ्याम् | श्रीभिः |
| **चतुर्थी** | श्रियै, ये | श्रीभ्याम् | श्रीभ्यः |
| **पंचमी** | श्रियाः, यः | श्रीभ्याम् | श्रीभ्यः |
| **षष्ठी** | श्रियाः, यः | श्रियोः | श्रियाम्/श्रीणाम् |
| **सप्तमी** | श्रियाम्, यि | श्रियोः | श्रीषु |
| **सम्बोधन** | श्रीः | श्रियौ | श्रियः |

10. भ्रू (स्त्रीलिंग) शब्द के **ऊ** का स्वरादि प्रत्ययों पर **उव्** होता है।
उदा. भ्रूः, भ्रुवौ, भ्रुवः आदि

## भू स्त्रीलिंग के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | भूः | भुवौ | भुवः |
| **द्वितीया** | भुवम् | भुवौ | भुवः |
| **तृतीया** | भुवा | भुभ्याम् | भूभिः |
| **चतुर्थी** | भुवै, वे | भूभ्याम् | भूभ्यः |
| **पंचमी** | भुवाः, वः | भूभ्याम् | भूभ्यः |
| **षष्ठी** | भुवाः, वः | भुवोः | भुवाम्/भूनाम् |
| **सप्तमी** | भुवाम्, वि | भुवोः | भूषु |
| **सम्बोधन** | भूः | भुवौ | भुवः |

## शब्दार्थ

**आकर** = खान (पुंलिंग)
**कट** = चटाई (पुंलिंग)
**कमठ** = एक तापस (पुंलिंग)
**कर** = हाथ, किरण (पुंलिंग)
**कार** = निश्चय (पुंलिंग)
**कारभू** = दलाल, मार्गदर्शक (पुंलिंग)
**धरणेन्द्र** = इन्द्र का नाम (पुंलिंग)
**निर्वेद** = कंटाला (पुंलिंग)
**पार्श्वनाथ** = तेबीसवें तीर्थंकर (पुंलिंग)
**प्रतिभू** = साक्षी (पुंलिंग)
**भङ्ग** = नाश, भंग (पुंलिंग)
**भोग** = साँप की फणा, भोग (पुंलिंग)
**भोगिन्** = साँप (पुंलिंग)
**मनोभू** = काम (पुंलिंग)
**विश्वपा**=विश्वका रक्षण करनेवाला(पु.)
**वर्षाभू** = मेंढ़क (पु.) मेंढ़की (स्त्रीलिंग)
**सोम** = चंद्र (पुंलिंग)
**सोमपा** = याज्ञिक, सोमरस पीनेवाला (पुंलिंग)
**संगर** = युद्ध (पुंलिंग)
**स्वयंभू** = ब्रह्मा (पुंलिंग)
**केलि** = क्रीड़ा, खेल (स्त्री लिंग)

| | |
|---|---|
| **छिद्** = छेद, नाश (स्त्री लिंग) | **खल** = कचरा, मैल (नपुं.लिंग) |
| **धी** = बुद्धि (स्त्री लिंग) | **उपज्ञ** = पहले कहा हुआ (विशेषण) |
| **नितम्बिनी** = स्त्री (स्त्री लिंग) | **खलपू**=कचरा निकालनेवाला (विशेषण) |
| **पुनर्भू** = दूसरीबार विवाहित स्त्री (स्त्री) | **ग्रामणी** = गाँव का नायक (विशेषण) |
| **भी** = भय (स्त्री लिंग) | **गर्भभृत** = गर्भधारण करनेवाला (वि.) |
| **भू** = पृथ्वी (स्त्री लिंग) | **निभ** = समान (विशेषण) |
| **दृन्भू** = जहरवाला कीडा (स्त्री लिंग) | **निर्विण्ण** = कंटाला हुआ (विशेषण) |
| **भ्रू** = भ्रमर (स्त्री लिंग) | **नी** = नेता, पथदर्शक (विशेषण) |
| **सहचरी** = साथ में रहनेवाली सखी (स्त्री लिंग) | **सुधी** = विद्वान्, विचारक (विशेषण) |
| | **संनिभ** = समान (विशेषण) |
| **अस्त्र** = बाण (नपुं.लिंग) | **प्रायेण** = प्राय करके (अव्यय) |
| **वासस्** = कपडा (नपुं.लिंग) | |

## धातु

**ईर्ष्य्** = ईर्ष्या करना (गण 1 परस्मैपदी)

**प्रु** = जाना (गण 1 आत्मनेपदी)

**लस्** = आसक्त होना (गण 1 परस्मैपदी)

**उद्** + **लस्** = उल्लास पाना, (गण 1 परस्मैपदी) उल्लसति ।

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. दरिद्र लोगों **(खलपू)** की स्त्रियाँ जौ खरीदनेवाली होती हैं । **(यवक्री)**
2. राजा की रानियाँ अपने महल को छोड़कर अन्य मार्ग या उन्मार्ग को नहीं जानती हैं, अतः कूपमंडूकी **(कूपवर्षाभू)** होती हैं ।
3. सौंदर्य द्वारा जिसने काम को हल्का किया है, ऐसे **(सौन्दर्य तर्जित–स्मरम्)** उसे देखकर स्त्रियों की भौएँ उल्लसित हो जाती हैं **(उद्+लस्) ।**
4. दास की तरह (खलपू–चतुर्थ विभक्ति) बडी ऋद्धिवालों के ऊपर **(ग्रामणी)** यह राजा निःस्पृही है और ईर्ष्या नहीं करता है **(ईर्ष्य्) ।**
5. जैसे धन की इच्छा से कोई दरिद्र **(खलपू)** को नहीं चाहता है, उसी प्रकार यह राजा धन की इच्छा से गाँव के नेता **(ग्रामणी)** को भी नहीं चाहता है ।
6. सेना का नायक, गांव के नायक में स्नेह रखता है **(स्नेह्) ।**

7. लक्ष्मी पाने के लिए (श्री) मनुष्य दौड़ते हैं, परन्तु बुद्धि पाने के लिए नहीं दौड़ते हैं **(प्र + यत्) ।**

8. \`लक्ष्मी (श्री) या स्त्री कोई अपना नहीं है' – ऐसे, तत्त्व को जाननेवाले को **(तत्त्वविद्)** कहते हैं ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. शरत्कालवशादिन्दुकराः स्युरधिकश्रियः ।**

**2. बलिनो यद्बलिभ्योऽपि बहुरत्ना भूरियम् ।**

**3. किं हि दुःसाध्यं सुधियां धियः ।**

**4. पुण्यपुंसां विदेशेऽपि सहचर्यो ननु श्रियः ।**

**5. प्रायेण हि दरिद्राणां शीघ्रं गर्भभृतः स्त्रियः ।**

**6. श्री–[1]छिदेऽअनलेशोऽपि धौतस्य श्वेतवाससः ।**

**7. कमठे धरणेन्द्रे च स्वोचितं कर्म कुर्वति ।**
**प्रभुस्तुल्यमनोवृत्तिः पार्श्वनाथः श्रियेऽस्तु वः ।।**

**8. धेहि धर्मे धनधियं मा धनेषु कदाचन ।**
**सेवस्व सद्गुरूपज्ञां शिक्षां मा तु नितम्बिनीम् ।।**

**9. कृतमोहास्त्रवैफल्यं ज्ञानवर्म बिभर्ति यः ।**
**क्व भीस्तस्य क्व वा भङ्गः कर्मसंगरकेलिषु ।।**

**10. आयुः पताकाचपलं तरङ्ग–तरलाः श्रियः ।**
**भोगि-भोग-निभा भोगाः संगमाः स्वप्नसंनिभाः ।।**

**11. याचकानां महतीनामाशानामेष पूरकः ।**
**ग्रामण्यां सोमपां नित्यं तद्वधूनां च पूजकः ।।**

**12. सृजति तावदशेषगुणाकरं पुरुषरत्नमंलकरणं भुवः ।**
**तदपि तत्क्षणभङ्गि करोति चेद् अहह कष्टमपण्डितता विधेः ।।**

**13. निर्द्रव्यो ह्रियमेति ह्रिपरिगतः प्रभ्रश्यते तेजसो ।**
**निस्तेजाः परिभूयते परिभवान्निर्वेदमागच्छति ।।**

**14. निर्विण्णः शुचमेति शोकविवशो बुद्ध्या परित्यज्यते ।**
**निर्बुद्धिः क्षयमेत्यहो ! निर्धनता सर्वाऽऽपदामास्पदम् ।**

---

**टिप्पणी :** 1. आ (आङ्) और मा (माङ्) के सिवाय दीर्घ स्वर के बाद \`छ' विकल्प से द्वित्व (double) होता है । (पाठ 2. नि. 11 का अपवाद)

# पाठ-21

## व्यंजनांत धातुरूप शब्द

### 'च्' कारांत – शब्द

प्राञ्चति इति क्विप् प्राच्[1] ।
प्रत्यञ्चति इति क्विप् प्रत्यच् ।
उदञ्चति इति क्विप् उदच् ।
अवाञ्चति इति क्विप अवाच् ।

1. घुट् प्रत्ययों पर **अच्** धातु को धुट् व्यंजन से पहले **न्** जोड़ते हैं ।
   उदा. प्राच् + स् = प्रान्च् + स् = प्रान्
2. **अञ्च्** धातु के न् का पद के अन्त में ङ् होता है ।
   उदा. **प्राङ् ।**
3. घुट् सिवाय के स्वरादि प्रत्ययों पर (i) **अच्** का **च्** होता है और पहले का स्वर दीर्घ होता है और (ii) **उदच्** का **उदीच्** होता है ।
   उदा.– प्राचः, प्रतीचः, उदीचः । द्वितीया बहुवचन

### प्राच् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | प्राङ् | प्राञ्चौ | प्राञ्चः |
| **द्वितीया** | प्राञ्चम् | प्राञ्चौ | प्राचः |
| **तृतीया** | प्राचा | प्राग्भ्याम् | प्राग्भिः |
| **चतुर्थी** | प्राचे | प्राग्भ्याम् | प्राग्भ्यः |
| **पंचमी** | प्राचः | प्राग्भ्याम् | प्राग्भ्यः |
| **षष्ठी** | प्राचः | प्राचोः | प्राचाम् |
| **सप्तमी** | प्राचि | प्राचोः | प्राक्षु |

### प्रत्यच् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | प्रत्यङ् | प्रत्यञ्चौ | प्रत्यञ्चः |
| **द्वितीया** | प्रत्यञ्चम् | प्रत्यञ्चौ | प्रतीचः–शेष प्राच् के अनुसार |

**टिप्पणी :** 1.गत्यर्थक अञ्च् धातु के उपांत्य ञ् का कित् प्रत्ययों पर लोप होता है । पूजार्थ में नहीं । अञ्चिता गुरवः ।

## उदच् के रूप

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | उदङ् | उदञ्चौ | उदञ्चः |
| **द्वितीया** | उदञ्चम् | उदञ्चौ | उदीचः–शेष प्राच् के अनुसार |

## नपुंसक लिंग में

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1, 2, सं. | प्राक्, प्राग् | प्राची | प्राञ्चि–शेष प्राच् के अनुसार |
| 1, 2, सं. | उदक् ग् | उदीची | उदञ्चि–शेष प्राच् के अनुसार |

4. **अ**कारादि **अञ्च्** उत्तरपद में हो तो **तिरस्** का **तिरि** आदेश होता है ।
तिरः अञ्चति – **तिर्यच्**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुंलिंग रूप | तिर्यङ्, च् | तिर्यञ्चौ | तिर्यञ्चः |
| | तिर्यञ्चम् | तिर्यञ्चौ | तिरश्चः |
| नपुं. लिंग | तिर्यक्, ग् | तिरश्ची | तिर्यञ्चि |

5. **अञ्च्** जिसके अंत में हो ऐसे नाम से स्त्रीलिंग में **ई (ङी)** प्रत्यय होता है ।
उदा. प्राची । प्रतीची । उदीची । अवाची । तिरश्ची ।

## ज्कारांत – श्कारांत शब्द (पा. 13 नि. 2 देखे)

देवं यजते इति देवेट्, ड् ।
उदा. देवेजौ, देवेड्भ्याम्, देवेट्सु, देवेड्त्सु[1] ।
सम् (सम्यक्) राजते इति – सम्राट्, ड् । सम्राड्त्सु । सम्राट्सु ।
परिव्रजति इति परिव्राट् ड्, परिव्राजः । उपान्त्य दीर्घ होता है ।
विशति इति विट् ड्, विशौ, विशः, विड्भ्याम् ।

## न्कारांत शब्द–प्र.पाठ 47 नि. 8 देखे ।

6. **हन्** अंतवाले नामों का स्वर प्रथमा एकवचन में ही दीर्घ होता है ।
उदा. वृत्रं हतवान् – वृत्रहा

| | | | |
|---|---|---|---|
| रुप | वृत्रहा | वृत्रहणौ | वृत्रहणः |
| | वृत्रहणम् | वृत्रहणौ | वृत्रघ्नः पाठ 13 नि. 9 |
| | वृत्रघ्ना | वृत्रहभ्याम् | वृत्रहभिः |

भ्रूणं हतवान् – भ्रूणहा । स्त्री लिंग में भ्रूणघ्नी ।

## र् कारान्त शब्द

7. **भू** आदि प्रत्येक गण के धातुओं के ऊपर से बने शब्दों के पदांत र्, के पूर्व का नामि स्वर दीर्घ होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1.पदान्त ड् के बाद स् का विकल्प से त्स् होता है ।

उदा. गीर्यते इति क्विप् गीः । पा.3 नि.6 देखे ।

रूप गीः गिरौ गिरः । गीर्भ्याम् । गिरःअर्थः=गीरर्थः ।

पिपर्ति इति पूः, पूरौ, पुरः । पूर्भ्याम् ।

धूर्वति इति धूः, धुरौ, धुरः । धूर्भ्याम् । (धुर्व धातु के `व्' का लोप हुआ है ।

आशास्यते इति आशीः । आशिषौ । आशिषः । आशीर्भ्याम् ।

8. र् अंतवाले नाम के **र्** का **सु** प्रत्यय पर **र्** ही रहता है ।

उदा. गीर्षु, पूर्षु, द्वार्षु । परंतु,

आशीस्, पयस् आदि शब्द `स' कारांत होने से वहाँ पर नहीं होगा ।

आशीष्षु, आशीःषु । पयःसु, पयस्सु ।

## `ह्' कारांत शब्द (पाठ. 10 नि. 11 देखे)

मधु लेढि – मधुलिट्, ड् । मधुलिहौ । मधुलिड्भ्याम्

मधुलिड्त्सु । मधुलिट्सु । (पा.13 नि.13 और 14 देखे)

गां दोग्धि – गोधुक्, ग् । गोदुहौ । गोधुग्भ्याम् । गोधुक्षु ।

धर्मं बुध्यते=धर्मभुत्, द् । धर्मबुधौ । धर्मभुद्भ्याम् । धर्मभुत्सु ।

**(पा. 19 नि. 12)**

मित्राय दुह्यति – मित्रध्रुक्, ग्, ट्, ड् । मित्रध्रुग्भ्याम्–ड्भ्याम् । मित्रद्रुहः ।

मित्रध्रुक्षु । मित्रध्रुड्त्सु, मित्रध्रुट्सु ।

उपनह्यति पादम् – उपानत्, द् । उपानद्भिः । उपानहि । उपानत्सु ।

(उपानत् में `प' दीर्घ होता है ।)

## अपवाद

9. **ऋत्विज्, दिश्, दृश्, स्पृश्, स्रज्, दधृष्** और **उष्णिह्** इन शब्दों के अंत्य व्यंजन के पद के अंत में ग् होता है । उदा. ऋत्विक्, ग् । ऋत्विजौ । ऋत्विक्षु । दिक्, ग् । दिशौ । दिग्भ्याम् । दिक्षु । आदि

10. (i) उपमा प्रदान करने में उपयोगी **तद्**[1] आदि सर्वनाम से तथा **अन्य** और **समान** शब्द से दृश् धातु को कर्मणि प्रयोग में अ (टक्), स (सक्) तथा क्विप् प्रत्यय होता है ।

(ii) **अन्य** और **तद्** आदि शब्दों के अंत्य अक्षर का **आ** होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1.तद्, यद्, अदस्, इदम्, एतद्, एक, द्वि, युष्मद्, अस्मद्, भवत्, किम् ।

(iii) **इदम्** का **ई** तथा **किम्** का **की** होता है,

(iv) **समान** का **स** होता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स | इव दृश्यते | तादृशः, | तादृक्षः, | तादृक्, ग् | = उसके जैसा |
| अयम् | इव दृश्यते | ईदृशः, | ईदृक्षः, | ईदृक्, ग् | = इसके जैसा |
| क | इव दृश्यते | कीदृशः, | कीदृक्षः, | कीदृक्, ग् | = किसके जैसा |
| वयम् | इव दृश्यते | अस्मादृशः, | अस्मादृक्षः, | अस्मादृक्, ग् | = हमारे जैसा |
| अन्य | इव दृश्यते | अन्यादृशः, | अन्यादृक्षः, | अन्यादृक्, ग् | = अन्य जैसा |
| समान | इव दृश्यते | सदृशः, | सदृक्षः, | सदृक्, ग् | = समान |

## शब्दार्थ

**अक्षत** = चावल (पुंलिंग)
**अरुण** = सूर्य का सारथि (पुंलिंग)
**उद्गार** = उद्गार, डकार (पुंलिंग)
**ऋत्विज्** = याज्ञिक (पुंलिंग)
**जनक** = सीता के पिता (पुंलिंग)
**जाल** = समूह (पुंलिंग)
**तुराषाह्** = इन्द्र (पुंलिंग)
**दधृष्** = होशियार (पुंलिंग)
**देवेज्** = देव को पूजनेवाला (पुंलिंग)
**परिव्राज्** = साधु, यति (पुंलिंग)
**भ्रूण** = गर्भ (पुंलिंग)
**मधुलिह्** = भ्रमर (पुंलिंग)
**वरिवस्यक** = सेवक (पुंलिंग)
**विश्** = व्यापारी (पुंलिंग)
**वृत्र** = एक दानव (पुंलिंग)
**शूद्र** = हल्की जाति (पुंलिंग)
**सम्राज्** = बड़ा राजा, चक्रवर्ती (पुंलिंग)
**सवितृ** = सूर्य (पुंलिंग)
**सहस्त्रकिरण** = सूर्य (पुंलिंग)
**आतिथ्य** = महेमान नवाजी (नपुंलिंग)

**आयुध** = हथियार, शस्त्र (नपुंलिंग)
**अवाची** = दक्षिण दिशा (स्त्रीलिंग)
**आशिस्** = आशीर्वाद (स्त्रीलिंग)
**उदीची** = उत्तर दिशा (स्त्रीलिंग)
**उपानह्** = जूते, मोजडी (स्त्रीलिंग)
**उष्णिह्** = छंद का नाम (स्त्रीलिंग)
**गिर्** = वाणी (स्त्रीलिंग)
**दिश्** = दिशा (स्त्रीलिंग)
**दृश्** = दृष्टि (स्त्रीलिंग)
**धुर्** = अग्रणी, धुरी, राजकार्यभार (स्त्रीलिंग)
**प्रतीची** = पश्चिम दिशा (स्त्रीलिंग)
**प्राची** = पूर्व दिशा (स्त्रीलिंग)
**पुर्** = नगरी (स्त्रीलिंग)
**शर्वरी** = रात्रि (स्त्रीलिंग)
**उदच्** = ऊपर जानेवाला, उत्तर देश-काल (विशेषण)
**अवाच्** = नीचे जानेवाला, बाद का देश-काल (विशेषण)
**इच्छु** = इच्छा करनेवाला (विशेषण)

**उचित** = योग्य (विशेषण)
**तिर्यच्** = तिर्यंच, पशु, तेडा (विशे.)
**प्रत्यच्** = पश्चिम देश-काल (विशेषण)
**दृश्** = दृष्टि (स्त्रीलिंग)
**प्राच्** = आगे जानेवाला
पूर्व देशकाल (विशेषण)
**सुनृत** = सत्य (विशेषण)
**स्पृश्** = स्पर्श करनेवाला (विशेषण)
**हन्त** = खेद अर्थ में (अव्यय)

**धातु**

**धुर्व्-गण 1 (परस्मै)** = हिंसा करना, धूर्वति ।
**अश्च** = गण-1 (परस्मै) जाना, पूजा करना ।

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. सूर्य (अर्यमन्) पूर्व (प्राच्) दिशा (दिश्) में उगता है ***(उद् + इ)*** और पश्चिम (प्रत्यच्) दिशा में अस्त होता है ***(अस्तम् + इ)*** ।
2. उत्तर दिशा **(उदच्)** में मेरु है, और दक्षिण दिशा **(अवाच्)** में लवण समुद्र है ।
3. पुष्पों को छोड़कर प्रौढ़ स्त्रियों के मुख को सूँघने के लिए भ्रमर **(मधुलिह)** बार बार आते हैं ।
4. इन महाराजाओं से **(सम्राज्)** इन्द्र **(तुराषाह्)** लज्जा ***(ह्री)*** पाता है *(अश्)* ।
5. इस नगरी **(पुर्)** के लोग शास्त्र, शम, समाधि और सत्य में आगे हैं **(प्राच्)** ।
6. धर्म के ज्ञाता **(धर्मबुध्)** साधुओं (परिव्राज्) द्वारा धर्म का उपदेश दिया जाता है ।
7. काव्य कवि की कीर्ति को सभी दिशाओं में फैलाता है ***(तन्)*** ।
8. इन्द्र **(वृत्रहन्)** के आयुध को वज्र कहते हैं ।
9. जयसिंह के राज्याभिषेख के बाद मंत्र का उच्चारण करते हुए याज्ञिक पुरोहित ने मंत्र से पवित्र किए हुए **(मन्त्रपूत)** पानी, अक्ष आदि द्वारा मंगल किया ***(वि + धा)*** ।
10. जैन साधु पाँव में जूते **(उपानह)** नहीं पहिनते हैं ***(परि + धा)*** ।
11. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. किं वाऽभविष्यदरुणस्तमसां विभेत्ता तं चेत्सहस्रकिरणो धुरि नाकरिष्यत् ।
2. भवतीनां सूनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम् ।
3. आहार इवोद्गारै-र्गिरा भावोऽनुमीयते ।
4. उपादेया शास्त्र-लोकव्यवहारानुगा[1] गीः ।
5. तिर्यञ्चोऽपि रक्षन्ति पुत्रान्प्राणानिवात्मनः ।
6. त्वमपि सम्राजं सुतमवाप्स्यसि ।
7. यस्य यादृशी भावना सिद्धि-र्भवति तादृशी[2] ।
8. राज्येच्छुः स मृत्वा मिथिलायां महापुरि जनक-भार्याया गर्भे सुतोऽभवत् ।
9. जडानामुदये हन्त ! विवेकः कीदृशो भवेत् ।
10. इन्द्रियार्थेषु धावन्ति त्यक्त्वा ज्ञानामृतं जडाः ।
    इन्द्रियै-र्न जितो योऽसौ धीराणां धुरि गण्यते ॥
11. भास्वन्तं सवितारं तं विनाऽहरपि शर्वरी ।
    जाता यन्मे तमोजालैः किलान्धाः सकला दिशः ॥
12. गीर्षु चेतःसु च स्वच्छा महत्सु वरिवस्यकाः ।
    धूर्षूचितासु च दृढा राजद्वार्षु नरा इह[3] ॥

---

टिप्पणी : 1. अनुगच्छति इति अनुगः । = अनुसरण करनेवाला । (विशेषण)
2. (i) अ (टक्) प्रत्यय टित् है ।
(ii) टित् प्रत्ययांत नामों को स्त्रीलिंग में ई (ङी) प्रत्यय होता है ।
3. इह-पत्तने ।

# पाठ-22

## तद्धित शब्द

1. दो में निश्चय करना हो तब **एक, यत्, तद्, किम्** और **अन्य** सर्वनामों को **अतर (डतर)** प्रत्यय विकल्प से होता है ।

उदा. एकतरो भवतोः पटुः, एको भवतोः पटुः ।
आप दो में एक होशियार है ।

यतरो भवतोः पटुः ततर आगच्छतु । यो भवतोः पटुः स आगच्छतु ।
कतरो भवतोः पटुः ? को भवतोः पटुः ? ।
अन्यतरः अन्यः पटुः ।

2. बहुत में से निश्चय करना हो तब **यत्, तद्, किम्** और **अन्य** सर्वनामों को **अतर** (डतर) और **अतम** (डतम) और एक को **अतम** (डतम) प्रत्यय विकल्प से होता है ।

उदा. यतमो[1] यतरो वा भवतां पटुः ततमस्ततरो वा आगच्छतु ।
यो भवतां पटुः स आगच्छतु ।
कतमः कतरो वा भवतां पटुः ? को भवतां पटुः ? ।
अन्यतमः अन्यतरः, अन्यः पटुः ।
एकतमो भवतां पटुः, एको भवतां पटुः ।

3. नपुंसक लिंग में **अन्य, अन्यतर[2], इतर** एवं **डतर-डतम** प्रत्यय जिसके अंत में हो ऐसे सर्वनामों में (एकतर शब्द छोड़कर) प्रथमा और द्वितीया एकवचन का प्रत्यय **द्** है । उदा.

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा–द्वितीया | अन्यत्, द् | अन्ये | अन्यानि |
| प्रथमा–द्वितीया | इतरत्, द् | इतरे | इतराणि |
| प्रथमा–द्वितीया | कतरत्, द् | कतरे | कतराणि |
| प्रथमा–द्वितीया | एकतरम् | एकतरे | एकतराणि |

4. (i) 'उसके अवयव' (भाग, विभाग, भेद, प्रकार) इस अर्थ में संख्यावाचक शब्दों से **तय (तयट्)** प्रत्यय होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1. अतर (डतर) अतम (डतम) प्रत्ययान्त नाम सर्वनाम है, अतः उनके रूप 'सर्व' जैसे होंगे ।
2. अन्य + तरप् ।

(ii) **द्वि – त्रि** शब्द से **अय** (अयट्) प्रत्यय भी होता है ।

उदा.　पञ्च अवयवा अस्य पञ्चतयो यमः ।– पाँच प्रकार का यम है ।

त्रयोऽवयवा यस्य त्रयं[1] त्रितयं जगत् ।

द्वौ अवयवौ अस्य द्वयं द्वितयं तपः ।

5. **नेम** (सर्वनाम), **अर्ध, प्रथम, चरम, अल्प, कतिपय** तथा **तय** और **अय** जिसके अन्त में हो ऐसे नामों से प्रथमा बहुवचन में **अस्** का विकल्प से **इ** होता है ।

उदा.　नेमे – नेमाः ।　अर्धे – अर्धाः ।

प्रथमे – प्रथमाः । द्वितये – द्वितयाः ।　त्रये – त्रयाः ।

6. 'उसका प्रमाण' इस अर्थ में **इदम्** और **किम्** शब्द से **अत् (अतु)** प्रत्यय होता है । **इदम्** का **इय्** और **किम्** का **किय्** आदेश होता है ।

उदा.　इदं मानं अस्य – इयत् जलं = इतना पानी ।

किं मानं अस्य – कियत् जलं = कितना पानी !

7. 'उसका प्रमाण' इस अर्थ में **यद्, तद्** और **अतद्** शब्द से आवत् (डावतु) प्रत्यय होता है ।

उदा.　यावत्, तावत्, एतावत् ।

इन शब्दों के रूप भवत् (भवतु) सर्वनाम के अनुसार होते हैं ।

पु. लिंग में　इयान् ।

स्त्री लिंग में　इयती, कियती ।

नपुं. लिंग में　कियत्, कियती, कियन्ति । आदि

8. 'उसका संख्या प्रमाण' इस अर्थ में **यद्, तद्** और **किम्** से **अति (डति)** प्रत्यय भी होता है । **डति** प्रत्ययांत शब्द अलिंग अर्थात् तीनों लिंगों में समान होते हैं ।

उदा. या संख्या मानं एषां ते　यति, यावन्तः । = जितना

तति, तावन्तः । = उतना

कति, कियन्तः । = कितना

---

**टिप्पणी :** 1. तद्धित पर, अपद में रहे अ वर्ण और इ वर्ण का लोप होता है,
त्रि + अयट्–त्रयम् इ का लोप ।

कति, यति, तति शब्द से प्रथमा-द्वितीया बहुवचन का प्रत्यय 0 है।
कति। कति। कतिभिः। आदि।

9. **'पहले उस रूप में नहीं था, उसका उस रूप में होना'** इस अर्थ में **कृ** धातु के योग में **कर्म** से तथा **भू** एवं **अस्** धातु के योग में **कर्ता** से **च्वि** प्रत्यय होता है। **च्वि** प्रत्यय के सभी वर्ण (अक्षर) **इत्** हैं, अतः पूरा प्रत्यय उड़ जाता है।

10. **च्वि** प्रत्यय लगने पर (i) स्वर दीर्घ होता है, (ii) **ऋ** का **री** होता है तथा (iii) अव्यय सिवाय के **अ** वर्ण का **ई** होता है।
उदा.
    1. प्राग् अशुक्लं पटम् इदानीम् शुक्लं करोति इति **शक्लीकरोति पटम्।**
    2. प्रागशुक्लः पट इदानीं शुक्लो भवति इति **शुक्लीभवति पटः।**
    3. प्रागशुक्लः पट इदानीं शुक्लः स्यादिति **शुक्लीस्यात् पटः।**
    माला – मालीकरोति, मालीभवति, मालीस्यात्।
    दिवाभूता रात्रिः। दोषाभूतं अहः।
    शुचि – शुचीकरोति, शुचीभवति, शुचीस्यात्।
    पितृ-पित्रीकरोति। पित्रीभवति। पित्रीस्यात्

11. **शिखा** आदि शब्दों से **मत् (मतु)** प्रत्यय के अर्थ में **इन्** और **मत्** होता है। उदा. शिखी, शिखावान्। माली, मालावान्

12. **ऊर्मि** आदि कुछ शब्दों से **मत्** के म का व नहीं होता है।
उदा. ऊर्मिमान्। भूमिमान्। यवमान्। द्राक्षामान्। ककुद्मान्।

13. **अस्** अंतवाले शब्द तथा **माया, मेधा** और **स्रज्** शब्द से मतु के अर्थ में विन् और मत् होता है।
उदा. यशस्वी[1], यशस्वान्। तपस्वी, तपस्वान्।
मायावी, मायावान्। मेधावी – मेधावान्। स्रग्वी, स्रग्वान्।

14. **इष्ठ** और **ईयस् (ईयसु)** प्रत्यय पर
    (i) **विन्** और **मत्** प्रत्यय का लोप होता है। स्रग्विन्। स्रजिष्ठः। स्रजीयान्।
    बलवत्। बलिष्ठः। बलीयान्। बलीयसी (स्त्री.लिंग)।

---

**टिप्पणी :** 1. मत्वर्थ प्रत्यय पर **स्** या **त्** अंतवाला नाम पद नहीं होता है।
उदा. यशस्वी, तडित्वान्। (प्र.पा. 34 नि. 1 का अपवाद)

(ii) **अल्प** और **युवन्** का विकल्प से **कन्** होता है ।

अल्प – कनिष्ठः । कनीयान् ।

अल्पिष्ठः । अल्पीयान् ।

युवन् – कनिष्ठः । कनीयान् ।

यविष्ठः । यवीयान् । नि. 16 (3)

(iii) **प्रशस्य** का **श्र** आदेश होता है ।

श्रेष्ठः । श्रेयान् ।

(iv) **वृद्ध** और **प्रशस्य** का **ज्य** आदेश होता है ।

ज्येष्ठः । ज्यायान्,[1] । ज्यायसी (स्त्री लिंग)

(v) **बाढ** और **अन्तिक** का **साध** और **नेद** आदेश होता है ।

साधिष्ठः । साधीयान् । नेदिष्ठः । नेदीयान् ।

15. `पना' (भाव) अर्थ में **पृथु** आदि शब्दों से **इमन्** और **त्व** तथा **ता (तल्)** प्रत्यय होते हैं । **इमन्** प्रत्ययांत शब्द पुलिंग है

उदा. पृथोर्भावः प्रथिमा । प्रथिमानौ । प्रथिमानः ।

पृथुत्वम् । पृथुता ।

16. **इमन्, इष्ठ** और **ईयस्** प्रत्यय लगने पर

1) अंत्य स्वर और उसके बाद में रहे व्यंजनों का लोप होता है–

पटु[2]–पटिमा, पटिष्ठः । पटीयान् ।

महत् – महिमा, महिष्ठः । महीयान् ।

2) पृथु, मृदु, भृश, कृश, दृढ, परिवृढ के **ऋ** का **र** होता है ।

उदा. प्रथिमा, प्रथिष्ठः, प्रथीयान् ।

म्रदिमा, म्रदिष्ठः, म्रदीयान् ।

3) स्थूल आदि में स्वर सहित अंतस्था और उसके बाद में व्यंजन का लोप होता है एवं नामि स्वर का गुण होता है । उदा.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. **स्थूल** – मोटा | – | स्थविष्ठः । | स्थवीयान् । |
| 2. **दूर** – दूर | – | दविष्ठः । | दवीयान् । |
| 3. **युवन्** – युवान | – | यविष्ठः । | यवीयान् । |

---

**टिप्पणी :** 1. ज्यायमान्-अनियमित है । 2. एक स्वर वाले नाम का अन्त्यस्वर और उसके बाद के व्यंजन का लोप नहीं होता । स्रजिष्ठः । श्रेष्ठः ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | **ह्रस्व** – छोटा | ह्रसिमा । | ह्रसिष्ठः । | ह्रसीयान् । |
| 5. | **क्षिप्र** – जल्दी | क्षेपिमा । | क्षेपिष्ठः । | क्षेपीयान् । |
| 6. | **क्षुद्र** – हल्का | क्षोदिमा । | क्षोदिष्ठः । | क्षोदीयान् । |

4) **प्रिय** आदि का **प्रा** आदि आदेश होता है –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **प्रिय** – प्यारा | प्रेमा | प्रेष्ठः | प्रेयान् |
| 2. | **स्थिर** – निश्चल | स्थेमा | स्थेष्ठः | स्थेयान् |
| 3. | **स्फिर** – बहुत | – | स्फेष्ठः | स्फेयान् |
| 4. | **उरु** – मोटा | वरिमा | वरिष्ठः | वरीयान् |
| 5. | **गुरु** – भारी | गरिमा | गरिष्ठः | गरीयान् |
| 6. | **बहुल** – ज्यादा | बंहिमा | बंहिष्ठः | बंहीयान् |
| 7. | **तृप्र** – दु:खी | त्रपिमा | त्रपिष्ठः | त्रपीयान् |
| 8. | **दीर्घ** – लम्बा | द्राघिमा | द्राघिष्ठः | द्राघीयान् |
| 9. | **वृद्ध** – बूढ़ा | वर्षिमा | वर्षिष्ठः | वर्षीयान् |
| 10. | **वृन्दारक** – प्रशस्य | वृन्दिमा | वृन्दिष्ठः | वृन्दीयान् |

5) **बहु** का **इमन्** और **ईयस्** प्रत्यय पर **भू** आदेश होता है और प्रत्यय के **इ वर्ण** का लोप होता है । इष्ठ पर भूय् होता है ।

उदा. बहु = ज्यादा, बहुतसा – भूमा । भूयिष्ठः । भूयान् ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अहिमरुचि** = सूर्य | (पुंलिंग) | **वाज** = वेग | (पुंलिंग) |
| **आयुष्यमत्** = आप | (पुंलिंग) | **वाजिन्** = घोड़ा | (पुंलिंग) |
| **ककुद्मत्** = बैल | (पुंलिंग) | **शतक्रतु** = इन्द्र | (पुंलिंग) |
| **कलापिन्** = मोर | (पुंलिंग) | **सन्निधि** = पास में, समीप | (पुंलिंग) |
| **कुमुदचन्द्र** = दिगम्बर आचार्य | (पुंलिंग) | **स्तबक** = गुच्छा | (पुंलिंग) |
| **जीमूतमालिन्** = वर्षाऋतु | (पुंलिंग) | **हय** = घोड़ा | (पुंलिंग) |
| **तडित्वत्** = मेघ | (पुंलिंग) | **अङ्गुली** = अंगुली | (स्त्री लिंग) |
| **देवसूरि** = श्वेताम्बर आचार्य | (पुंलिंग) | **कटि** = कमर | (स्त्री लिंग) |
| **द्रुम** = वृक्ष | (पुंलिंग) | **कदली** = केले का वृक्ष | (स्त्री लिंग) |
| **द्विप** = हाथी | (पुंलिंग) | **तडित्** = बिजली | (स्त्री लिंग) |

**भागीरथी** = गंगा (स्त्री लिंग)
**अलंकरण** = अलंकार (नपुं. लिंग)
**ऊर्जस्** = बल (नपुं. लिंग)
**ककुद्** = बैल का स्कंध (नपुं. लिंग)
**परिधान** = वस्त्र (नपुं. लिंग)
**पीयूष** = अमृत (नपुं. लिंग)
**बर्ह** = पिंछा (नपुं. लिंग)
**लाङ्गूल** = पूँछ (नपुं. लिंग)
**शकट** = गाड़ी (नपुं. लिंग)
**कपितय** = कितना, थोड़ा (विशेषण)
**चरम** = अंतिम (विशेषण)
**तनु** = पतला (विशेषण)
**परिवृढ** = समर्थ, प्रभु (विशेषण)
**प्रथम** = पहला (विशेषण)

**बाढ** = अच्छा (विशेषण)
**विपन्न** = मरा हुआ (विशेषण)
**सहाध्यायिन्** = साथ में पढ़नेवाला (विशेषण)
**सन्नद्ध** = तैयार किया हुआ (विशेषण)
**भूयस्** = फिर से (अव्यय)
**नेम** = आधा (सर्वनाम)

**धातु**

**गल्** = टपकना, गिरना (गण 1 प.)
**खण्ड्** = खंडित करना (गण 1 आ.)
**नह्** = बाँधना (गण 4 उभयपदी)
**सम् + नह्** = तैयार होना (ग.4 उ.)
**परि** + **छिद्** = जानना (गण 7 उ.)
**लक्ष्** = देखना (गण 10 उभयपदी)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. हमारे सैन्य में इतने शत्रु कितने हैं ? **(कति)**
2. थोड़े **(कपितय)** भी देव और थोड़े भी नाग, इसके समान **(संनिभ)** नहीं है ।
3. पर्वतों में मेरु सबसे बड़ा **(महत्)** और सबसे चौड़ा **(पृथु)** है ।
4. अन्न में उड़द सबसे अधिक भारी **(गुरु)** और बहुत चिकने **(स्निग्धतम)** हैं ।
5. पाण्डवों में भीमसेन सबसे अधिक मोटा **(स्थूल)** बहुत मजबूत **(दृढ़)** और अतिशय बलवान **(बलवत्)** था ।
6. हाथ में पाँच अंगुलियाँ हैं, उनमें सबसे छोटी **(अल्प)** अंगुली **(कतर या कतम)** कौनसी ?
7. बहुतसा **(बहु)** काल **(अनेहस्)** गया, तो भी **(तदपि)** रामराज्य की महिमा **(महिमन्)** को लोग आज भी गाते हैं ।
8. इस बैलगाड़ी की धुरी में दो बैल जुड़े (संयोजित) हैं, उसमें एक **(एकतर)** मोटा **(गुरु)** है और दूसरा **(अन्यतर)** छोटा **(युवन्)** है ।

9. कृष्ण को आठ अग्रमहिषियाँ थीं, इनमें कृष्ण को अधिक प्रिय **(प्रिय)** कौन थी ?
10. बंदर की पूँछ ज्यादा लम्बी **(दीर्घ)** और ऊँट की पूँछ बहुत छोटी होती है **(ह्रस्व)** ।
11. हिन्दुस्तान के शहरों में सबसे बड़ा **(उरु)** शहर कौन सा है ? **(कतर)** और जैनों के तीर्थस्थानों में सबसे बड़ा तीर्थ कौन सा ? **(कतम)**
12. चाणक्य की बुद्धि अत्यन्त स्थिर और परिपक्व थी **(वृद्ध)** ।
13. सभी नदियों की अपेक्षा गंगा नदी की चौड़ाई **(पृथु)** और लम्बाई **(दीर्घ)** ज्यादा **(बाढ)** है ।
14. ये सात विद्यार्थी हैं उनमें पहले **(प्रथम)** तीन ज्यादा होशियार **(पटु)** हैं और अंतिम **(चरम)** तीन अतिमंद **(मन्दतम)** हैं ।
15. मेरे पास व्याकरण की दो पुस्तकें थीं, उनमें से एक **(एकतर)** मैंने मेरे सहाध्यायी को दी ।

### हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **कतरस्मिन् पथि वर्तामहे ।**
2. **स्वकार्यादधिको यत्नः परकार्ये महीयसाम् ।**
3. **अहो ! कामावस्था बलीयसी ।**
4. **दविष्ठं हि वाजिनां मरुतां च किम् ।**
5. **विपन्ने पितरि प्रायो ज्यायान्पुत्रो धुरन्धरः ।**
6. **बलीयसाऽवरुद्धानां त्राणं नान्यत्पलायनात् ।**
7. **बुद्धिसाध्येषु कार्येषु कुर्युरूर्जस्विनोऽपि किम् ।**
8. **कुमार ! गहनः सचिव-वृत्तान्तः, नैतावता परिच्छेत्तुं शक्यते ।**
9. **यत्तदलंकरणत्रयं क्रीतं तन्मध्यादेकं दीयताम् ।**
10. **देवोऽयमेवं स्वकुल-प्रशंसां कुरुतेतमाम् ।**
11. **एतावानेव शतक्रतोरायुष्यमतश्च विशेषः ।**
12. **प्रगलिततारका तनिमानमभजत रजनिः ।**

13. अस्मिन्नलक्षित-नतोन्नत-भूमिभागे
मार्गे पदानि खलु ते विषमीभवन्ति ।

14. कुसुम-स्तबकस्येव द्वयी वृत्ति-र्मनस्विनः ।
मूर्ध्नि वा सर्वलोकस्य शीर्यते वन एव वा ॥

15. [1]नैर्गुण्यमेव साधीयो धिगस्तु गुणगौरवम् ।
शाखिनोऽन्ये विराजन्ते खण्ड्यन्ते चन्दन–द्रुमाः ॥

16. मण्डलीकृत्य बर्हाणि कण्ठैर्मधुरगीतिभिः ।
कलापिनः प्रनृत्यन्ति काले जीमूतमालिनि ॥

17. यदि नाम कुमुदचन्द्रं नाऽजेष्यद् देवसूरिरहिमरुचिः ।
कटि-परिधानमधास्यत कतमः श्वेताम्बरो जगति ? ॥

18. कुसंसर्गात्कुलीनानां भवेदभ्युदयः कुतः ।
कदली नन्दति कियद् बदरी-तरु-सन्निधौ ॥

19. नेमे दासीकृता नेमा हताश्वानेन भूभुजः ।
अर्धे द्विपा हयाश्वार्धाः सन्नद्धाः सर्व एव न ॥

20. मनसि वचसि काये पुण्यपीयूषपूर्णा
स्त्रिभुवनमुपकार–श्रेणिभिः प्रीणयन्तः ।
परगुणपरमाणुन्पर्वतीकृत्य नित्यं,
निजहृदि विकसन्तः सन्ति सन्तः कियन्तः ॥

---

**टिप्पणी :** 1. `पना' अर्थ में य (ट्यण्) और अण् प्रत्यय भी लगता है ।
निर्गुण–नैर्गुण्यम्, विषम-वैषम्यम् इत्यादि । गुरु, गौरवम् ।

# पाठ-23

## सामासिक संख्यावाचक शब्द

| | | |
|---|---|---|
| एकश्च दश च | एकादश | 11 |
| चत्वारश्च दश च | चतुर्दश | 14 |
| पञ्च च दश च | पञ्चदश | 15 |
| षट् च दश च | षोडश | 16 |
| नव च दश च | नवदश | 19 |
| एकोना च असौ विंशतिश्च | एकोन विंशतिः | 19 |
| एकश्च विंशतिश्च | एकविंशतिः | 21 |
| चत्वारश्च विंशतिश्च | चतुर्विंशतिः | 24 |
| चत्वारश्च त्रिंशच्च | चतुस्त्रिंशत् | 34 |
| एकोना पञ्चाशत् | एकोनपञ्चाशत् | 49 |
| चत्वारश्च षष्टिश्च | चतुष्षष्टिः, चतुःषष्टिः | 64 |
| त्रयश्च अशीतिश्च | त्र्यशीतिः | 83 |
| षट् च अशीतिश्च | षडशीतिः | 86 |
| नव च अशीतिश्च | नवाशीतिः | 89 |
| षट् च नवतिश्च | षण्णवतिः | 96 |
| नव च नवतिश्च | नवनवतिः | 99 |
| एकश्च शतं च | एकशतम् | 101 |
| द्वौ च शतं च | द्विशतम् | 102 |
| अष्ट च शतं च | अष्टशतम् | 108 |
| एकविंशतिश्च शतं च | एकविंशतिशतम् | 121 |

**एकादशन् और षोडशन् ये दो शब्द स्वयंसिद्ध हैं ।**

1. **शत** पहले की संख्या उत्तर पद में हो तो **द्वि, त्रि** और **अष्टन्** के बदले **द्वा, त्रयस्** तथा **अष्टा** होता है, परंतु **अशीति** उत्तरपद में हो और बहुव्रीहि समास हो तो ऐसा नहीं होता है ।

   उदा. द्वौ च दश च द्वादशन् । वैसे ही त्रयोदशन्, अष्टादशन् ।
   द्वाविंशति, त्रयोविंशति, अष्टाविंशति ।
   द्वात्रिंशत्, त्रयस्त्रिंशत्, अष्टात्रिंशत् ।

   परंतु द्वयशीति, त्र्यशीति, अष्टाशीति ।

2. **चत्वारिंशत्, पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति** और **नवति** उत्तरपद में हो तो **द्वा, त्रयस्** और **अष्टा** विकल्प से होता है ।

उदा. द्वाचत्वारिंशत्, द्विचत्वारिंशत् । त्रयश्चत्वारिंशत्, त्रिचत्वारिंशत् । अष्टाचत्वारिंशत्, अष्टचत्वारिंशत् । द्वापञ्चाशत्, द्विपञ्चाशत् । त्रयः पञ्चाशत्, त्रिपञ्चाशत् । अष्टापञ्चाशत्, अष्टपञ्चाशत् । द्वाषष्टि, द्विषष्टि । त्रयष्षष्टि, त्रयःषष्टि, त्रिषष्टि । अष्टाषष्टि, अष्टषष्टि । द्वासप्तति, द्विसप्तति । त्रयस्सप्तति, त्रयःसप्तति, त्रिसप्तति । अष्टासप्तति, अष्टसप्तति । द्वानवति, द्विनवति । त्रयोनवति, त्रिनवति । अष्टानवति, अष्टनवति ।

## आवृत्ति दर्शक संख्यावाची शब्द

3. `बार' अर्थ में संख्यावाचक शब्दों से **कृत्वस्** प्रत्यय होता है । **द्वि, त्रि** और **चतुर** से **स् (सुच्)** प्रत्यय होता है । ये नाम अव्यय रूप हैं ।

   उदा. पञ्चकृत्वो भुङक्ते–पाँच बार खाता है ।
   षट्कृत्वः, विंशतिकृत्वः, शतकृत्वः, कतिकृत्वः, आदि ।
   द्वि = दो बार ।
   त्रिः = तीन बार ।
   चतुः = चार बार । (चतुर + सुच् – स् का लोप होता है ।)

4. एक शब्द से `बार' अर्थ में **सकृत्** आदेश होता है ।
   सुकृत् = एक बार ।

## संख्या पूरक शब्द

5. संख्यापूरण (वाँ) अर्थ में
   (i) संख्यावाचक शब्दों से अ (डट्) प्रत्यय होता है ।
   उदा. एकादशः = ग्यारहवाँ । एकादशी = ग्यारहवीं ।
   इसी प्रकार – द्वादशः द्वादशी ।
   (ii) विंशति आदि (नवनवति तक) शब्दों से विकल्प से **तम (तमट्)** होता है ।

   उदा.विंशतेः पूरणः विंशतितमः, विकल्प से विंशः[1] । नियम 5 (i) से अ (डट्) हुआ ।
   स्त्री लिंग में – विंशतितमी विंशी । एकविंशतितमः एकविंशः । त्रिंशत्तमः, त्रिंशः । त्रिंशत्तमी– त्रिंशी आदि ।

---

**टिप्पणी :** 1. विंशति के ति का डित् प्रत्यय पर लोप होता है – विंशः ।

(iii) **शत** आदि सभी संख्यावाचक शब्दों से तथा **मास, अर्धमास, संवत्सर** शब्दों से **तम (तमट्)** ही होता है ।

उदा. शततमः, शततमी, एकशततमः, द्विशततमः, सहस्रतमः, सहस्रतमी आदि ।

मासस्य पूरणः – मासतमो दिनः = महीने का अन्तिम दिन ।

(iv) प्रारम्भ में संख्यावाचक शब्द न हो तो **षष्टि, सप्तति, अशीति** और **नवति** शब्दों से **तम (तमट्)** ही होता है ।

उदा. षष्टितमः । सप्ततितमः । अशीतितमः । नवतितमः । नवतितमी

विपरीत उदा.: एकषष्टितमः । एकषष्टः । एकसप्ततितमः । एकसप्ततः ।

(v) प्रारम्भ में संख्यावाचक शब्द जुड़े न हों ऐसे **पञ्चन्, सप्तन्, अष्टन्, नवन् और दशम्** से **म (मट्)** प्रत्यय होता है ।

उदा. पञ्चमः, सप्तमः, अष्टमी, नवमी, दशमी ।

परन्तु एकादशः द्वादशः। आदि शब्दो में अ(डत्) प्रत्येय होगा । नि. 5 (i)

(vi) **षष्, कति, कतिपय** से **थ (थट्)** प्रत्यय होता है ।

उदा. षष्ठः, षष्ठी । कतिथः । कतिपयथी ।

(vii) **चतुर्** से **थ (थट्)** तथा **य** और **ईय** भी होता है ।

उदा.चतुर्थः, चतुर्थी । तुर्यः, तुरीयः । यहाँ चतुर के च का लोप होता है ।

(viii) **द्वि तथा** त्रि से **तीय** होता है ।

द्वितीयः, तृतीयः । द्वितीया, तृतीया । यहाँ त्रि का तृ होता है ।

6. **तीय** प्रत्ययान्त नाम के रूप **चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी** व **सप्तमी** एक वचन में विकल्प से सर्वनाम की तरह होते हैं ।

| **पुं लिंग** | **स्त्री लिंग** |
|---|---|
| द्वितीयस्मै, द्वितीयाय | द्वितीयस्यै, द्वितीयायै |
| द्वितीयस्मात्, द्वितीयात् | द्वितीयस्याः, द्वितीयायाः |
| द्वितीयस्य | द्वितीयस्याः, द्वितीयायाः |
| द्वितीयस्मिन्, द्वितीये | द्वितीयस्याम्, द्वितीयायाम् |

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अमर** = देव | (पुंलिंग) | **धृति** = धैर्य | (स्त्रीलिंग) |
| **अब्द** = वर्ष | (पुंलिंग) | **पर्वन्** = पर्व, भाग | (नपुं. लिंग) |
| **अंश** = भाग | (पुंलिंग) | **भवन** = घर | (नपुं. लिंग) |
| **गच्छ** = समुदाय, समुह | (पुंलिंग) | **युग्म** = जुड़ा हुआ, जोड़ा | (नपुं. लिंग) |
| **जिनवर** = जिनेश्वर | (पुंलिंग) | **अतुल** = बहुत ज्यादा | (विशेषण) |
| **तीर्थंकर** = तीर्थस्थापक | (पुंलिंग) | **अमर्षण**=सहन नहीं करनेवाला | (विशे.) |
| **परिमल** = सुगन्ध | (पुंलिंग) | **ऋजु** = सरल | (विशेषण) |
| **पुष्य** = पुष्यनक्षत्र | (पुंलिंग) | **धवल** = सफेद, उज्ज्वल | (विशेषण) |
| **मर्त्य** = मनुष्य | (पुंलिंग) | **युत** = सहित, युक्त | (विशेषण) |
| **वास** = निवास | (पुंलिंग) | **विश्रुत** = प्रसिद्ध | (विशेषण) |
| **अवसर्पिणी**=उतरता काल | (स्त्रीलिंग) | **इतस्** = यहाँ से | (अव्यय) |
| **जल्प्** = कहना | (गण-1-परस्मै) | **बत** = निश्चय | (अव्यय) |
| **उत्सर्पिणी** = चढता काल | (स्त्रीलिंग) | **स्वाहा** = मंत्राक्षर | (अव्यय) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. इस राजा का सैन्य उस राजा के बीसवें भाग जितना भी नहीं है।
2. इस दिन से छठे या सातवें दिन वह तुम्हारे नगर में आएगा।
3. एक बार – दो बार नहीं किन्तु सौ बार सीधी की गई (ऋजुकृतम्) कुत्ते की पूँछ सीधी नहीं रहती है। (स्था)
4. त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र के दश पर्व हैं, उनमें से चार पर्व मैंने पढ़े है। (अधि + इ)
5. चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्ती, नौ बलदेव, नौ वासुदेव और नौ प्रतिवासुदेव ये सब मिलकर तिरसठ शलाकापुरुष एक अवसर्पिणी और एक उत्सर्पिणी में होते हैं।
6. स्त्रियों की चौसठ कलाएँ और पुरुषों की बहोत्तर कलाएँ हैं।
7. चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को भगवान महावीर का जन्म हुआ।
8. यह पाठ कितने क्रम (नंबर) का है। यह पाठ तुम कितनी बार पढ़े हो (अधि + इ) ?
9. इस आचार्य के गच्छ में एक सौ आठ साधु हैं।
10. सत्ताबीसवें वर्ष में मैं उसे अलग करूंगा। (मुच्)

11. प्रायः करके वह बयासी दिन यहाँ रहेगा ।
12. भगवान महावीर बहोत्तरवें वर्ष में मोक्ष में गए ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. विनयेन विद्या ग्राह्या, पुष्कलेन धनेन वा ।
अथवा विद्यया विद्या, चतुर्थं नैव कारणम् ।।
2. प्रथमे वयसि ग्राह्या, विद्या सर्वात्मना बुधैः ।
धनार्जनं द्वितीये, तृतीये धर्मसङ्ग्रहः ।।
3. सकृज्जल्पन्ति राजानः, सकृज्जल्पन्ति साधवः ।
सकृत्कन्याः प्रदीयन्ते, त्रीण्येतानि सकृत्सकृत् ।।
4. द्वात्रिंशल्लक्षणो मर्त्यो, विनायुर्नैव शस्यते ।
सरोवरं विना नीरं, पुष्पं परिमलं विना ।।
5. द्वितीयस्यास्तृतीयाया नृपकीर्तेरमर्षणः ।
जगत्यस्मिन् द्वितीयस्मिंस्तृतीये चैष विश्रुतः ।।
6. देहीति वचनं श्रुत्वा, देहस्थाः पञ्च देवताः ।
नश्यन्ति तत्क्षणादेव श्री-ह्री-धी-धृति-कीर्तयः ।।
7. सकृद् द्विस्त्रिश्चतुः पञ्चकृत्वो वागः सहेन्महान् ।
8. आरोग्यं प्रथमं द्वितीयकमिदं लक्ष्मीस्तृतीयं यशः,
तुर्यं स्त्री पतिचित्तगा विनयी पुत्रस्तथा पञ्चमम् ।
षष्ठं भूपतिसौम्यदृष्टिरतुला वासोऽभयः सप्तमं,
सप्तैतानि सुखानि यस्य भवने धर्मप्रभावः स्फुटम् ।।
9. पालयेत्पञ्चवर्षाणि, दशवर्षाणि ताडयेत् ।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे, पुत्रं मित्रमिवाचरेत् ।।
10. षोडश विद्यादेव्यो रक्षन्तु वो नित्यं स्वाहा ।
11. अपि द्वादशे चन्द्रे पुष्यः सर्वार्थसाधकः ।
12. चतुर्विंशतिरपि जिनवराः तीर्थकरा मे प्रसीदन्तु ।
13. सप्ततिशतं जिनानां सर्वामरपूजितं वन्दे ।
14. इतो दिनाद् द्वाषष्टितमे दिने नृपो नूनं समेष्यति ।
15. इच्छति शती सहस्रं ससहस्रः कोटिमीहते कर्तुम् ।
कोटियुतोऽपि नृपत्वं नृपोऽपि बत चक्रवर्तित्वम् ।।
16. निर्वाणंगतस्य भगवतो महावीरस्याऽस्मिन्सप्ताधिक-द्वि-सहस्रतमे (2007 तमे) वैक्रमेऽब्दे सप्तसप्तत्युत्तरैश्चतुश्शतै-रधिके द्वे सहस्रे संवत्सराणां संजाते ।

# प्रकरण 5- परोक्षा, अद्यतनी और आशी: विभक्तियाँ

## पाठ-24

## परोक्ष भूतकाल

### परस्मैपदी के प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | अ (णव्) | व | म |
| **द्वितीय पुरुष** | थ (थव्) | अथुस् | अ |
| **तृतीय पुरुष** | अ (णव्) | अतुस् | उस् |

### आत्मनेपदी प्रत्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | ए | वहे | महे |
| **द्वितीय पुरुष** | से | आथे | ध्वे |
| **तृतीय पुरुष** | ए | आते | इरे |

1. परोक्षा के प्रत्यय लगने पर धातु द्वित्व होता है, परन्तु स्वरादि प्रत्यय हो तो पहले द्वित्व करे, फिर स्वर सम्बन्धी कार्य करे।

   उदा. भण् + अ (णव्) – भण् भण् + अ –

   भभण् + अ – बभण् + अ = बभाण। पा.5 नि.2 से वृद्धि।

   यहाँ पाठ 14 नि. 2,7,13,16। पाठ 15 नि. 2। और पाठ 5 नि. 2, देखे।

2. **इन्ध्** धातु से तथा जिसके अन्त में संयोग न हो ऐसे धातुओं के बाद वित् सिवाय के परोक्षा के प्रत्यय कित् जैसे होते है।

   परन्तु **स्वञ्** धातु के बाद विकल्प से कित् होते हैं।

   उदा. सम् + इन्ध् + ए = समीधे। परिषस्वजे, परिषस्वञ्जे।

   कित् होने से **न्** का लोप हुआ (पाठ 3 नि 8 से)।

   भिद् का बिभिदतु:। (कित् होने से गुण नहीं हुआ) परंतु– बिभेद। (यहाँ प्रत्यय **कित्** नहीं **वित्** होने से गुण हुआ)

3. प्रथम पुरुष एकवचन का **अ (णव्)** प्रत्यय विकल्प से **णित्** होता है। णित् होने पर वृद्धि होगी।

   **श्रि** – शिश्रय। णित् नहीं है, परंतु वित् होने से कित् नहीं है, इसलिए गुण हुआ। विकल्प से शिश्राय – णित् होने से वृद्धि हुई है।

4. [1]**कृ, सृ, वृ, भृ, स्तृ, श्रु** तथा **स्रु** इन आठ धातुओं को छोड़कर प्रत्येक धातु से परोक्षा के व्यंजनादि प्रत्यय के पहले इ (इट्) होता है।

| 'भण्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| बभण/बभाण | बभणिव | बभणिम |
| बभणिथ | बभणथुः | बभण |
| बभाण | बभणतुः | बभणुः |

| 'भिद्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| बिभेद | बिभिदिव | बिभिदिम |
| बिभेदिथ | बिभिदथुः | बिभिद |
| बिभेद | बिभिदतुः | बिभिदुः |

| 'रुध्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| रुरोध | रुरुधिव | रुरुधिम |
| रुरोधिथ | रुरुधथुः | रुरुध |
| रुरोध | रुरुधतुः | रुरुधुः |

| 'रुध्' के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| रुरुधे | रुरुधिवहे | रुरुधिमहे |
| रुरुधिषे | रुरुधाथे | रुरुधिध्वे |
| रुरुधे | रुरुधाते | रुरुधिरे |

| 'सम् + इन्ध्' के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| समीधे | समीधिवहे | समीधिमहे |
| समीधिषे | समीधाथे | समीधिध्वे |
| समीधे | समीधाते | समीधिरे |

| 'संस्' के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| सस्रंसे | सस्रंसिवहे | सस्रंसिमहे |
| सस्रंसिषे | सस्रंसाथे | सस्रंसिध्वे |
| सस्रंषे | सस्रंसाते | सस्रंसिरे |

5. (i) द्वित्व होने के बाद पहले के **ऋ** का **अ** होता है।

उदा. सृ + अ (णव्) – सृसृ + अ –

स + सृ + अ = ससार।

(ii) द्वित्व होने के बाद पूर्व के शिट् का अघोष व्यंजन पर लोप होता है।

उदा. स्पृश् + अ –

स्पृश् + स्पृश् + अ –

पृश् + स्पृश् + अ – पस्पृश् + अ = पस्पर्श।

(iii) द्वित्व होने के बाद पूर्व के **क** का **च** होता है।

उदा. कृ + कृ + अ –

कृकृ+ अ – ककृ + अ = चकृ + अ = चकार

---

**टिप्पणी :** 1. कृ धातु के पहले स् आए तब इ होती है। उदा. सञ्चस्करिव

| इष् के रूप | | |
|---|---|---|
| इयेष | ईषिव | ईषिम |
| इयेषिथ | ईषथुः | ईष |
| इयेष | ईषतुः | ईषुः |

| सृ के रूप | | |
|---|---|---|
| ससर/ससार | ससृव | ससृम |
| ससर्थ | सस्रथुः | सस्र |
| ससार | सस्रतुः | सस्रुः |

6. र् कारान्त धातु तथा नाम्यन्त धातु के बाद परोक्षा, अद्यतनी और आशीर्वाद के प्रत्यय के **ध्** का **ढ्** होता है ।

| 'कृ' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| चकर/चकार | चकृव | चकृम |
| चकर्थ | चक्रथुः | चक्र |
| चकार | चक्रतुः | चक्रुः |

| 'कृ' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| चक्रे | चकृवहे | चकृमहे |
| चकृषे | चक्राथे | चकृढ्वे |
| चक्रे | चक्राते | चक्रिरे |

| स्तु – परस्मैपदी | | |
|---|---|---|
| तुष्टव/तुष्टाव | तुष्टुव | तुष्टुम |
| तुष्टोथ | तुष्टुवथुः | तुष्टुव |
| तुष्टाव | तुष्टुवतुः | तुष्टुवुः |

| स्तु – आत्मनेपदी | | |
|---|---|---|
| तुष्टुवे | तुष्टुवहे | तुष्टुमहे |
| तुष्टुषे | तुष्टुवाथे | तुष्टुढ्वे |
| तुष्टुवे | तुष्टुवाते | तुष्टुविरे |

7. ह्कारान्त और अन्तस्था अन्तवाले धातु के बाद **इ** (ञिट्) या **इ** (इट्) हो तो उसके बाद रहे परोक्षा, अद्यतनी और आशीर्वाद के प्रत्यय के **ध्** का **ढ्** विकल्प से होता है ।

| 'ग्रह्' के परस्मैपदी रूप (पाठ 4 नियम 5) | | |
|---|---|---|
| जग्रह/जग्राह | जगृहिव | जगृहिम |
| जग्रहिथ | जगृहथुः | जगृह |
| जग्राह | जगृहतुः | जगृहुः |

| 'ग्रह' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| जगृहे | जगृहिवहे | जगृहिमहे |
| जगृहिषे | जगृहाथे | जगृहिढ्वे, ध्वे |
| जगृहे | जगृहाते | जगृहिरे |

| 'त्वर्' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| तत्वरे | तत्वरिवहे | तत्वरिमहे |
| तत्वरिषे | तत्वराथे | तत्वरिध्वे, ढ्वे |
| तत्वरे | तत्वराते | तत्वरिरे |

| 'शी' धातु के आत्मनेपदी रूप (पाठ 14 नियम 15) | | |
|---|---|---|
| शिश्ये | शिश्यिवहे | शिश्यिमहे |
| शिश्यिषे | शिश्याथे | शिश्यिढ्वे, ध्वे |
| शिश्ये | शिश्याते | शिश्यिरे |

| 'श्रि' धातु के परस्मैपदी रूप (पाठ 14 नि 17) | | |
|---|---|---|
| शिश्रय, शिश्राय | शिश्रियिव | शिश्रियिम |
| शिश्रियिथ | शिश्रियथुः | शिश्रिय |
| शिश्राय | शिश्रियतुः | शिश्रियुः |

| 'श्रि' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| शिश्रिये | शिश्रियिवहे | शिश्रियिमहे |
| शिश्रियिषे | शिश्रियाथे | शिश्रियिढ्वे, ध्वे |
| शिश्रिये | शिश्रियाते | शिश्रियिरे |

| 'लू' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| लुलव/लुलाव | लुलुविव | लुलुविम |
| लुलविथ | लुलुवथुः | लुलुव |
| लुलाव | लुलुवतुः | लुलुवुः |

| 'लू' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| लुलुवे | लुलुविवहे | लुलुविमहे |
| लुलुविषे | लुलुवाथे | लुलुविढ्वे, ध्वे |
| लुलुवे | लुलुवाते | लुलुविरे |

8. **सृज्, दृश्, स्कृ (स् + कृ)** धातु से, स्वरान्त अनिट् धातुओं से तथा जिसमें **अ** हो ऐसे **अनिट्** धातुओं से **थ** के पहले विकल्प से **इ (इट्)** होता है।

उदा. **सृज् –** सस्रष्ठ, ससर्जिथ। (पा.19 नि.15)
**दृश् –** दद्रष्ठ, ददर्शिथ।
**स्कृ –** सञ्चस्कर्थ, सञ्चस्करिथ। **नी –** निनेथ, निनयिथ।
**त्यज् –** तत्यक्थ, तत्यजिथ। **सञ्ज् –** ससङ्क्थ, ससञ्जिथ।

9. **ह्रस्व ऋकारान्त अनिट्**[1] धातुओं से **थ** के पहले **इ** नहीं होता है।
उदा. हृ = जहर्थ।

10. **ऋ, वृ, व्ये** और **अद्** धातु से **थ** के पहले **इ** होता है।
उदा. आरिथ। ववरिथ। संविव्ययिथ[2]। आदिथ।

| 'नी' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| निनय/निनाय | निन्यिव | निन्यिम |
| निनेथ/निनयिथ | निन्यथुः | निन्य |
| निनाय | निन्यतुः | निन्युः |

| 'नी' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| निन्ये | निन्यिवहे | निन्यिमहे |
| निन्यिषे | निन्याथे | निन्यिढ्वे, ध्वे |
| निन्ये | निन्याते | निन्यिरे |

**टिप्पणी :** 1. 'तृ' प्रत्यय वाले नित्य अनिट् होते है। 2. पाठ 26 नियम 4 और 5।

**'सृज्' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ससर्ज | ससृजिव | ससृजिम |
| सस्रष्ठ/ससर्जिथ | ससृजथुः | ससृज |
| ससर्ज | ससृजतुः | ससृजुः |

**'दृश्' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| ददर्श | ददृशिव | ददृशिम |
| दद्रष्ठ/ददर्शिथ | ददृशथुः | ददृश |
| ददर्श | ददृशतुः | ददृशुः |

**'प्रच्छ्' धातु के परस्मैपदी रूप (पाठ 19 नि. 17)**

| | | |
|---|---|---|
| पप्रच्छ | पप्रच्छिव | पप्रच्छिम |
| पप्रष्ठ/पप्रच्छिथ | पप्रच्छथुः | पप्रच्छ |
| पप्रच्छ | पप्रच्छतुः | पप्रच्छुः |

**'मस्ज्' धातु के परस्मैपदी रूप (पाठ 19 नि. 14)**

| | | |
|---|---|---|
| ममज्ज | ममज्जिव | ममज्जिम |
| ममङ्कथ/ | | |
| ममज्जिथ | ममज्जथुः | ममज्ज |
| ममज्ज | ममज्जतुः | ममज्जुः |

**'भ्रस्ज्' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| बभ्रज्ज | बभ्रज्जिव | बभ्रज्जिम |
| बभ्रष्ठ/ | | |
| बभ्रज्जिथ | बभ्रज्जथुः | बभ्रज्ज |
| बभ्रज्ज | बभ्रज्जतुः | बभ्रज्जुः |

**'भ्रस्ज्' परस्मैपदी रूप (पाठ 13 नि. 2 और 12)**

| | | |
|---|---|---|
| बभर्ज | बभर्जिव | बभर्जिम |
| बभर्ष्ठ/बभर्जिथ | बभर्जथुः | बभर्ज |
| बभर्ज | बभर्जतुः | बभर्जुः |

**भ्रस्ज् के आत्मनेपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| बभ्रज्जे/बभर्जे | बभ्रज्जिवहे/बभर्जिवहे | बभ्रज्जिमहे/बभर्जिमहे |
| बभ्रज्जिषे/बभर्जिषे | बभ्रज्जाथे/बभर्जाथे | बभ्रज्जिध्वे/बभर्जिध्वे |
| बभ्रज्जे/बभर्जे | बभ्रज्जाते/बभर्जाते | बभ्रज्जिरे/बभर्जिरे |

**'बन्ध्' धातु के आत्मनेपदी रूप (पाठ 10 नि. 2)**

| | | |
|---|---|---|
| बबन्ध | बबन्धिव | बबन्धिम |
| बबन्धिथ/बबन्द्ध | बबन्धथुः | बबन्ध |
| बबन्ध | बबन्धतुः | बबन्धु |

**'मुह्' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| मुमोह | मुमुहिव | मुमुहिम |
| मुमोहिथ | मुमुहथुः | मुमुह |
| मुमोह | मुमुहतुः | मुमुहुः |

**मुह** के समान ही **द्रुह्, स्नुह्**[1]**, स्निह्** धातु के रूप करना ।

**टिप्पणी :** 1. सुष्णोह, सिष्णोह ।

| 'व्रश्च्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| वव्रश्च | वव्रश्चिव | वव्रश्चिम |
| वव्रश्चिथ[1] | वव्रश्चथुः | वव्रश्च |
| वव्रश्च | वव्रश्चतुः | वव्रश्चुः |

| 'तृप्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| ततर्प | ततृपिव | ततृपिम |
| ततर्पिथ | ततृपथुः | ततृप |
| ततर्प | ततृपतुः | ततृपुः |

| 'मृज्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| ममार्ज | ममार्जिव/ममृजिव | ममार्जिम/ममृजिम |
| ममार्जिथ | ममार्जथुः/ममृजथुः | ममार्ज/ममृज |
| ममार्ज | ममार्जतुः/ममृजतुः | ममार्जुः/ममृजुः |

**कर्मणि – भावे प्रयोग :**

कर्मणि व भावे प्रयोग में धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. सृ – सस्रे । रुध् – रुरुधे । स्रंस् – संस्रसे ।

11. चित्तविक्षेप आदि कारण से क्रिया का स्मरण न हो अथवा की हुई क्रिया को छिपाना हो तो अद्यतनी (आज) सिवाय के भूतकाल में धातु से परोक्षा प्रत्यय लगते हैं ।

उदा.

1) सुप्तोऽहं किल विललाप । =(वास्तव में सोते हुए मैंने विलाप किया ।)

2) मत्तोऽहं किल विचचार । =(वास्तव में उन्मत्त होकर मैं भटका हूँ ।

(दूसरों के कहने से विश्वास में आकर कर्ता यह प्रयोग करता है ।)

3) कलिङ्गेषु ब्राह्मणो हतस्त्वया । =(कलिंग देश में तुमने ब्राह्मण को मारा हैं ?)

नाहं कलिङ्गान्जगाम । =(मैं कलिंग देश में नहीं गया ।)

---

**टिप्पणी :** 1. वेट् धातुओं को अन्य व्याकरण के मत से विकल्प से इट् होती है ।

उदा. वव्रश्चिव, वव्रश्च्व । वव्रश्चिम, वव्रश्च्म । वव्रश्चिथ, वव्रष्ठ ।
मुमुहिव, मुमुह्व । मुमुहिम, मुमुह्म । मुमोहिथ, मुमोग्ध, मुमोढ ।
इसी तरह द्रुह्, स्नुह् और स्निह् । पाठ 19 नि. 12 ।
ततृपिव, ततृप्व । ततर्पिथ, ततर्प्थ । तत्रप्थ इसी तरह दृप् ।
मृज् – ममृजिव, ममृज्व, ममार्जिथ, ममार्ष्ठ ।

12. अद्यतन (आज) सिवाय के परोक्ष (=स्वयं ने नहीं देखे) भूतकाल में धातु से परोक्षा के प्रत्यय लगते हैं ।

उदा. धर्मं दिदेश तीर्थंकरः । = तीर्थंकर ने धर्म का उपदेश दिया ।

कंसं जघान कृष्णः । = कृष्ण ने कंस को मारा ।

13. परोक्ष भूतकाल में परोक्ष की विवक्षा न करे तो ह्यस्तनी होता है ।

उदा. अभवत् सगरो राजा । – सगर राजा हुए ।

## शब्दार्थ

**इषुधि** = बाण रखने का तरकस (पुंलिंग-स्त्री)
**चाप** = धनुष (पुंलिंग-नपुं.)
**झंझावात** = प्रचण्ड पवन (पुंलिंग)
**दारक** = पुत्र, लडका (पुंलिंग)
**पक्ष** = पंख, पखवारा (पुंलिंग)
**प्रलम्बघ्न** = कृष्ण (पुंलिंग)
**भास्कर** = सूर्य (पुंलिंग)
**समर** = युद्ध (पुंलिंग)
**हाहाकार** = हाहाकार (पुंलिंग)
**रुच्** = कांति, तेज (स्त्री लिंग)
**वर्तनी** = मार्ग (स्त्री लिंग)
**अन्तःपुर** = अंतःपुर (नपुं.लिंग)
**पङ्कज** = कमल (नपुं.लिंग)
**हर्म्य** = हवेली (नपुं.लिंग)
**उत्तरीय** = खेश (नपुं.लिंग)
**चारु** = सुन्दर (विशेषण)
**सित** = सफेद (विशेषण)
**हाहा** = हाहा (अव्यय)
**उभ** = दो (द्विवचन) (सर्वनाम)

## धातु

**क्रन्द्** = पुकार करना (गण 1 परस्मैपदी)
**गुञ्** = गुंजन करना (गण 1 परस्मैपदी)
**नाथ्**=प्रार्थना करना (गण 1 परस्मैपदी)
**सम्+क्रम**=आना, प्रविष्ट होना, एकत्र होना (गण 1/4 परस्मैपदी)
**निर्+नी**=निर्णय करना (गण 1 उभ.)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. स्वयंवर में भीमराज की पुत्री दमयन्ती ने नल का वरण किया **(वृ)**
2. अनुरागी **(अनुरक्त)** लोग हाहाकार करने लगे । उस हाहाकार को सुनकर वहाँ आकर दमयन्ती बोली **(गद्)**, `नाथ ! आपको प्रार्थना करती हूँ कि आप मुझ पर प्रसन्न बनो और द्यूत को छोड़ो ।'
3. नल ने उसकी बात नहीं सुनी **(श्रु)** और उसे देखा भी नहीं । **(दृश्)**
4. नल ने अपने भाई पुष्कर के साथ जुआ खेला । **(दिव्)**

5. सीता ने सोने का मृग देखा **(दृश)** और राम उसे पकड़ने के लिए दौड़ा। **(धाव्)**
6. रावण सीता का हरण कर **(अप + हृ)** लंका में ले आया। **(आ + नी)**
7. राम ने रावण के साथ युद्ध किया और बहुत से योद्धा मारे गए। **(मृ)**
8. लक्ष्मण को मरा हुआ जानकर अन्त:पुर की स्त्रियाँ क्रन्दन करने लगीं! **(क्रन्द)**
9. सीता को असती जानकर राम ने उसका त्याग किया था! **(त्यज्)**
10. पके हुए धान्य को किसानों ने काटे। **(लू)**
11. भगवान का जन्म जानकर इन्द्र ने अपने सिंहासन से सात-आठ कदम दूर जाकर भगवान की स्तुति की। **(स्तु)**
12. प्रचण्ड पवन ने बगीचे के सभी वृक्ष नष्ट कर दिए **(भञ्ज्)**।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. न तज्जलं यन्न सुचारुपङ्कजम्, न पङ्कजं तद् यदलीनषट्पदम्।**
**न षटपदोऽसौ कलगुञ्जितो न यो, न गुञ्जितं तन्न जहार यन्मनः ॥**

**2. हिरण्यकशिपु दैंत्यो, यां यां स्मित्वाऽप्युदैक्षत।**
**भयभ्रान्तैः सुरैश्चक्रे, तस्यै तस्यै दिशे नमः ॥**

**3. ददृशाते जनैस्तत्र, यात्रायां सकुतूहलैः।**
**बलभद्रप्रलम्बघ्नौ, पक्षाविव सिताऽसितौ ॥**

**4. प्रणमन्तं च राजानं ऋषिः पस्पर्श पाणिना।**
**मार्जन्निव तदङ्गेषु संक्रान्त–वर्तनीरजः ॥**

**5. तत्राऽऽश्रमे विविशतु-र्भ्रातरौ तावुभावपि।**
**तातं चाऽग्रे ददृशतु-र्नयनाम्भोजभास्करम् ॥**

**6. ततश्च नवभिर्मासैः सार्ध-सप्तदिनाधिकैः।**
**धारिणी सुषुवे सूनुं न्यूनीकृतरविं रुचा ॥**

**7. तं सार्थं लुण्टितुं तत्र चौरव्याघ्रा दधाविरे।**
**मृगवच्च पलायन्त, सर्वे सार्थनिवासिनः ॥**

**8. विवाहलग्नं निर्णिन्ये तद्दिनात्सप्तमे दिने।**

**9. उपजात–विस्मयो नरपति-र्निरीक्ष्य चक्षुषा निश्चलेन तं हारमुत्तरीयाञ्च-लैकदेशे बबन्ध।**

**10. क्षितिपालदारकैः सह क्रीडासुखमनेकप्रकारमनुभवतो निरङ्कुशप्र-चारस्य पञ्चवर्षाणि तस्य बालस्यान्त:पुरेऽतिचक्रमुः।**

**11. समरेष्वस्य वैरिभिश्चारु चापेषुधी त्यक्त्वा गुरु अबलता–भीती शिश्रियाते।**

# पाठ-25

## परोक्ष भूतकाल

1. परोक्षा प्रत्यय पर द्वित्व होने के बाद (i) पहले के **अ** का **आ** होता है ।
उदा. अट् + अ (णव्) – अ + अट् + अ = आ + अट् + अ = आट ।
आटतुः, आटुः । (यहाँ प्रथमा को पाठ 4 नि 1 नहीं लगेगा ।)
(ii) **ऋ**कारादि धातु, **अश्** धातु तथा **संयोगान्त** धातु के पूर्व के **अ** का **आ** होता है और फिर न् जुड़ता है । परन्तु **आ** के स्थान पर रहे **अ** का **आ** नहीं होता है ।
उदा. ऋध् + अ (णव्) –
अ ऋध् + आ = आन् ऋध् + आ = आनर्ध । आनृधतुः । आनृधुः
अनार्धिथ । अश् – आनशे ।
अञ् – आनञ, आनञिथ । परन्तु आञ्छ् – आच्छ ।
(iii) **भू** और **स्वप्** धातु के पूर्व के स्वर का क्रमशः **अ** और **उ** होता है ।
उदा. भू + अ (णव्) । ब + भू + अ = ब + भाव् + अ = बभाव ।
2. परोक्षा और अद्यतनी में **व्** अन्तवाले भू धातु के उपान्त्य स्वर का दीर्घ **ऊ** होता है । उदा. बभूव । बभूवतुः । बभूवुः । बभूविथ ।
3. **अ (ङ)** (अध्यतनी 7 वे प्रकार का प्रत्यय) सिवाय के प्रत्ययों पर द्वित्व के बाद, **हि** और **हन्** धातु के पूर्व से पर रहे **ह्** का **घ्** होता है ।
उदा. हि का जिघाय ।
हन् का जघन्थ, जघनिथ ।
4. **अ (णव्)** प्रत्यय पर **हन्** का **घन्** आदेश होता है ।
उदा. जघान
5. **स (सन्)** (पाठ 35 नि. 1 इच्छा अर्थ में) तथा परोक्षा में, द्वित्व होने के बाद
i) **जि** धातु के पूर्व से पर रहे **जि** का **गि** होता है ।
उदा. विजिग्ये । जिगाय ।
ii) **चि** धातु के पूर्व से पर रहे **चि** का **कि** विकल्प से होता है ।
उदा. चिकाय, चिचाय ।
चिकयिथ, चिकेथ । चिचयिथ, चिचेथ । चिक्ये, चिच्ये ।

6. **गम्, हन्, जन्, खन्** और **घस्** धातु के उपांत्य स्वर का **अ (अङ्)** (अद्यतनी 6 के प्रकार का प्रत्यय) सिवाय के **स्वरादि कित् ङित्** प्रत्ययों पर लोप होता है ।

उदा. गम् + उस् – जगम् + उस् = जग्मुः । जग्मिव ।
हन् – जघ्नुः । जन् – जज्ञे । खन् – चख्नुः ।
घस् – जक्षुः । घ्नन्ति । पाठ 13 नि. 8

परन्तु जगमिथ, जगन्थ । जघनिथ – जघन्थ । चखनिथ । जघसिथ– जघस्थ । जगम, जगाम । यहाँ कित् ङित् प्रत्यय नहीं होने से उपान्त्य स्वर का लोप नहीं होगा ।

7. **अद्** धातु का परोक्षा में विकल्प में **घस्** होता है ।
उदा. जघसिथ, जक्षथुः (पा. 24 नि.10) । विकल्प में – आदिथ, आदथुः ।

8. **इ** (=जाना) धातु के **इ** का स्वरादि प्रत्ययों पर **इय्** होता है ।
उदा. इ + अतुस् – इ इ + अतुस् – इइय् + अतुस् = ईयतुः ।
इयय, इयाय, ईयिव, इययिथ, इयेथ ।

9. **शित् सिवाय के कित् ङित्** स्वरादि प्रत्यय तथा **इ (इट्)** और **उस् (पुस्)** प्रत्ययों पर आकारान्त धातु के **आ** का लोप होता है ।
उदा. पपिव, पपिथ, पपुः । (पाठ 29 – अद्यतनी के 6 वे, 7 वे प्रकार का प्रत्यय ङित् स्वरादि है, इसलिए वहाँ भी यह नियम लगेगा ।)

10. **आ** कार के बाद **अ** (णव्) प्रत्यय का **औ** होता है ।

| **पा – कर्तरि में** | | |
|---|---|---|
| पपौ | पपिव | पपिम |
| पपिथ/पपाथ | पपथुः | पप |
| पपौ | पपतुः | पपुः |

| **पा – कर्मणि में** | | |
|---|---|---|
| पपे | पपिवहे | पपिमहे |
| पपिषे | पपाथे | पपिध्वे |
| पपे | पपाते | पपिरे |

ध्यै का ध्या – दध्यौ आदि रूप होंगे । (पा.1 नि.14)

11. **इ** (=पढ़ना) धातु का परोक्षा में **गा** आदेश होता है ।
उदा. अधिजगे, अधिजगिवहे, अधिजगिमहे ।

12. **वस्** (क्वसु) तथा **आन** (कान) (पा.26 नि.19) इन दो कृत् प्रत्ययों को छोड़कर परोक्षा में–

(i) **स्कृ, ऋच्छ्** और दीर्घ ॠकारान्त धातु के नामि स्वर का गुण होता है।

उदा. सञ्चस्करिव, आनर्च्छिव। वि + कृ = विचकरिव।

(ii) संयोग के बाद ह्रस्व ऋ अन्त में हो ऐसे धातु तथा ऋ धातु का गुण होता है।

स्कृ – सञ्चस्कर, सञ्चस्कार, सञ्चस्करिव, सञ्चस्करिथ। आदि

ऋच्छ् – आनाच्र्छ। आनर्च्छिव। आनर्च्छिथ।

वि + कृ – विचकार,

विचकरिव, विचकरिथ।

स्मृ – सस्मर, सस्मार, सस्मरिव, सस्मर्थ।

ॠ – आर, आरतुः[1], आरिथ। आदि पाठ 24 नि. 10।

13. **शॄ, दॄ** व **पॄ** धातु का दीर्घ ॠ परोक्षा में विकल्प से ह्रस्व होता है।

उदा. ह्रस्व हो तब विशश्रुः अन्यथा विशशरुः

| | **शॄ के रूप** | |
|---|---|---|
| शशर/शशार | शश्रिव/शशरिव | शश्रिम/शशरिम |
| शशरिथ | शश्रथुः/शशरथुः | शश्र/शशर |
| शशार | शश्रतुः/शशरतुः | शश्रुः/शशरुः |

14. **कुट्, स्फुट्, त्रुट्, स्फुर्, नू** और **धू** आदि **कुटादि छठे गण** के धातुओं से **ञित्** और **णित्** सिवाय के सभी प्रत्यय **ङित्** समान होते हैं।

उदा. कुटिता, कुटितुम्, कुटितव्यम्, कुटित्वा। नुविता, नुवितुम् आदि

परोक्षा में प्रथम पुरुष एकवचन का प्रत्यय विकल्प से णित् है अतः विकल्प से ङित् होगा और विकल्प से गुण-वृद्धि होगी।

उदा. उच्चुकुट, उच्चुकोट। नुनुव, नुनाव।

उच्चुकुटिव, उच्चुकुटिथ। नुनुविव, नुनुविथ।

उच्चुकोट, नुनाव। तीसरा पुरुष एक वचन

---

**टिप्पणी :** 1. ॠ + अतुस् – अ अर् + अतुस–नि. 1 (i) आ–अर् + अतुस् = आरतुः।

## शब्दार्थ

| | |
|---|---|
| **अर्भक** = बालक, बच्चा (पुंलिंग) | **सेनानी** = सेनापति (पुंलिंग) |
| **कलिङ्ग** = उस नाम का देश (पुंलिंग) | **पारण** = तप पूर्ण करना (नपु. लिंग) |
| **दम्पति** = स्त्री पुरुष (द्वि.वि.) (पुंलिंग) | **माल्य** = माला (नपु. लिंग) |
| **द्विज** = ब्राह्मण, दाँत (पुंलिंग) | **वाचिक** = संदेश (नपु. लिंग) |
| **राशि** = मेष आदि 12 राशियाँ (पुं.) | **शाश्वत्** = हमेशा, निरंतर (अव्यय) |
| **विप्र** = ब्राह्मण (पुंलिंग) | |

## धातुएँ

| | |
|---|---|
| **घस्** = खाना (गण 1 परस्मैपदी) | **प्र+क्रम्** = प्रारंभ करना (गण 1 आत्म) |
| **आ+छिद्** = छीन लेना (गण 7 उभ.) | **वि+अति+इ**=बिताना (गण 2 परस्मै) |
| **नि + कृ** = पराभव करना (ग 8 उभ.) | **वि + कृ** =बिखरना (गण 6 परस्मै) |

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. नल और दमयन्ती वन में भटके । **(अट्)**
2. कृष्ण ने कंस को मारा । **(हन्)**
3. राम ने रावण को जीता । **(जि)**
4. द्रोणाचार्य के पास अर्जुन ने धनुर्विद्या सीखी । **(आधि + इ)**
5. जिस प्रकार सम्प्रति महान् जैन राजा बना, उसी प्रकार कुमारपाल भी महान् जैन राजा हुआ । **(भू)**
6. चाणक्य ने नन्द का राज्य लेने का **(आच्छेतुम्)** निश्चय किया । **(निस् + चि)**
7. अपने आसन के कम्पन से इन्द्र ने प्रभु के जन्म को जाना । **(ज्ञा)**
8. भगवान के जन्म महोत्सव के प्रसंग पर स्वर्ग में से आते हुए असंख्य देवों से आकाश व्याप्त हो गया । **(वि + अश्)** (ग. 5 आ.)
9. इन्द्र ने अपनी सभा में महावीर की वीरता की प्रशंसा की (नू) और देवों ने अपने मस्तक धुनाए । **(धू)**
10. सीता ने सेनापति के मुख से राम को सन्देश भेजा । **(प्र + हि)**
11. राम के राज्य को किसने याद नहीं किया ? **(स्मृ)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. अहो द्विज ! त्वया कलिङ्गेषु द्विजो हतः ? हे विभो ! नाहं कलिङ्गान्जगाम, 'ननु मया कलिङ्गेषु ब्राह्मणो हतः' इति त्वया सुप्तेन प्रलपितं तत्कथमिदमुच्यते, सुप्तोऽहं यद्विललाप तदनृतम् ।
2. तथा किं न विवेदिथैनं यथा स लवणो नाम दानवो विप्रान्निचकार जघान शश्वद् बुभुजे च ।
3. 'अतिवरीयसे वराय वयं प्रदत्ताः स्म' इति जज्ञिरे ताः कन्या मुदममन्दां च दधुः ।
4. त्वचं कर्णः शिबि र्मासं जीवं जीमूत-वाहनः ।
   ददौ दधिचिरस्थीनि, नास्त्यदेयं महात्मनाम् ॥
5. तत्राश्रमे दम्पती तौ, ललायन्तौ मृगार्भकान् ।
   तपः कष्टमजानन्तौ, कश्चित्कालं व्यतीयतुः ॥
6. बुभुजे न भोज्यानि, पेयान्यपि पपौ न सः ।
   अवतस्थे च मौनेन, योगीव ध्यान–तत्परः ॥
7. तस्य रत्नाभरणानि, निस्तेजस्कानि जज्ञिरे ।
   मम्लुश्च मौलिमाल्यानि तद्वियोगभयादिव ॥
8. ते विजहुः पुरि पुरो, ग्रामे ग्रामाद्वने वनात् ।
   तिष्ठन्तो नियतं कालं, राशौ राशेरिव ग्रहाः ॥
9. अपीडयन्तो दातारं प्राणधारणकारणात् ।
   पारणे जगृहु र्भिक्षां, ते मधुव्रतवृत्तयः ॥
10. सेनाङ्गानीव चत्वारि, मोहराजस्य सर्वतः ।
    चतुरोऽपि कषायांस्ते, जिग्युरस्त्रैः क्षमादिभिः ॥

## पाठ-26

### परोक्ष भूतकाल

**1. अवित् परोक्षा तथा सेट् थ (थव्) लगने पर**

(i) प्रारम्भ में रहे व्यंजन का आदेश न होता हो ऐसे धातु के दो असंयुक्त के मध्य में रहे स्वर **अ** का **ए** होता है तथा द्विरुक्ति नहीं होती है ।

उदा. पेचुः । पेचिथ । नेमुः । नेमिथ ।

विपरीत दृष्टांत : बभणतुः । ततक्षिथ । दिदिवतुः । पपक्थ ।

| पच् के रूप | | |
|---|---|---|
| पपच/पपाच | पेचिव | पेचिम |
| पेचिथ/पपक्थ | पेचथुः | पेच |
| पपाच | पेचतुः | पेचुः |

| नश् के रूप | | |
|---|---|---|
| ननश/ननाश | नेशिव | नेशिम |
| [1]नेशिथ | नेशथुः | नेश |
| ननाश | नेशतुः | नेशुः |

(ii) **तॄ, त्रप्, फल्** तथा **भज्** धातुओं के स्वर का **ए** होता है तथा द्विरुक्ति नहीं होती है ।

उदा. तॄ + उस् – (पा 25 –नि 12 (i) से नामि स्वर का गुण)

तर् + उस् = तेर् + उस् = तेरुः । तेरिथ ।

त्रेपे । फेलुः । फेलिथ । भेजुः । भेजिथ ।

| तॄ के रूप | | |
|---|---|---|
| ततर/ततार | तेरिव | तेरिम |
| तेरिथ | तेरथुः | तेर |
| ततार | तेरतुः | तेरुः |

| भज् के रूप | | |
|---|---|---|
| बभज/बभाज | भेजिव | भेजिम |
| भेजिथ/बभक्थ | भेजथुः | भेज |
| बभाज | भेजतुः | भेजुः |

(iii) **जॄ, भ्रम्, वम्, त्रस्, फण्, स्यम्, स्वन्, राज्, भ्राज, भ्रास्** और **भ्लास्**–इन धातुओं के स्वर का विकल्प से **ए** होता है । **ए** होने पर द्विरुक्ति नहीं होती है ।

उदा. जेरुः जजरुः । जेरिथ, जजरिथ ।

भ्रेमुः, बभ्रमुः । भ्रेमिथ, बभ्रमिथ । वेमुः, ववमुः, वेमिथ-ववमिथ ।

---

**टिप्पणी :** 1. वेट धातुओं को अन्य व्याकरण के मत में विकल्प से इ होता है । नेशिव, नेश्व । नेशिम, नेश्म । नेशिथ, ननंष्ठं । पा. 19 नि. 13.

त्रेसुः, तत्रसुः । त्रेसिथ, तत्रसिथ । फेणु, पफणु । फेणिथ, पफणिथ । स्येमुः, सस्यमुः । स्येमिथ, सस्यमिथ । स्वेनुः सस्वनुः । स्वेनिथ–सस्वनिथ । रेजुः, रराजुः । रेजिथ, रराजिथ । भ्रेजे, बभ्राजे । भ्रेसे, बभ्रासे । भ्लेसे – बभ्लासे ।

(iv) **श्रन्थ्** और **ग्रन्थ्** धातु के स्वर का विकल्प से **ए** होता है, **ए** होने पर **न्** का लोप होता है और द्विरुक्ति नहीं होती है ।

उदा. श्रेथुः शश्रन्थुः, श्रेथिथ शश्रन्थिथ ।

ग्रेथुः जग्रन्थुः, ग्रेथिथ, जग्रन्थिथ ।

2. **शस्, दद्** तथा **व से प्रारम्भ होनेवाले धातु** तथा **गुणवाले धातुओं** के स्वर **अ** का **ए** नहीं होता है ।

उदा. विशशसुः, विशशसिथ । ददद । वल् – ववले ।

शॄ – विशशरुः, विशशरिथ । इत्यादि

## य्वृत् विधान

3. [1]**यज्** आदि (यजादि) धातु, **वश्** तथा **वच्** धातु का परोक्षा में द्वित्व होने के बाद पूर्व के स्वर सहित अन्तस्था (य्, व्, र्) का क्रमशः **इ, उ** तथा **ऋ** (य्वृत्) होता है ।

उदा. 1) यज् + अ – यज्यज् + अ – ययज् + अ = इयाज ।

2) यज् + उस् – कित् प्रत्यय पर पाठ 6 नि. 5 से पहले य्वृत् होता है । उदा. यज् + उस् – इज् + उस् – इज् इज् + उस् = ईजुः ।

| 'यज्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| इयज/इयाज | ईजिव | ईजिम |
| इयजिथ/इयष्ठ | ईजथुः | ईज |
| इयाज | ईजतुः | ईजुः |

| 'यज्' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| ईजे | ईजिवहे | ईजिमहे |
| ईजिषे | ईजाथे | ईजिध्वे |
| ईजे | ईजाते | ईजिरे |

**वप्** – उवप, उवाप । ऊपिव । उवपिथ, उवप्थ । ऊपे ।

**वह्** – उवह, उवाह । ऊहिव । उवहिथ, उवोढ । ऊहे ।

**वद्** – उवद, उवाद । ऊदिव । उवदिथ, ऊदथुः ।

**वस्** – उवस, उवास । ऊषिव । उवसिथ, उवस्थ । ऊषथुः ।

---

**टिप्पणी :** 1. यज्, व्ये, वे, ह्वे, वप्, वह्, श्वि, वद्, वस् – ये यजादि धातु है ।

**वश्** – उवश, उवाश । ऊशिव । (पा. 13 नि. 10) उवशिथ ।

**वच्** – उवच, उवाच । ऊचिव । उवचिथ, उवक्थ । ऊचथुः ।

## व्ये धातु

4. परोक्षा में द्वित्व होने पर **ज्या, व्ये, व्यध्, व्यच्** और **व्यथ्** धातुओं के पूर्व के स्वर का इ होता है । उदा. संविव्याय ।
व्ये + अ (णव्) – व्ये + व्ये + अ – वे + व्ये + अ – वि + व्ये + अ– वि + व्यय् + अ = विव्याय । पा. 5 नि. 2 से वृद्धि हुई है । तथा नि. 3 से पूर्व के 'वि' का 'उ' नहीं होगा, क्योंकि नि.4 से 'इ' का पुनः विधान किया है ।

5. व्ये धातु के सन्ध्यक्षर का **थ (थव्)** तथा **अ (णव्)** प्रत्यय पर **आ** नहीं होता है । उदा. संविव्ययिथ, संविव्याय ।

व्ये + अतुस् – वि + अतुस् – वि वि + अतुस् = विव्यतुः ।

| 'व्ये' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| विव्यय/विव्याय | विव्यिव | विव्यिम |
| विव्ययिथ | विव्यथुः | विव्य |
| विव्याय | विव्यतुः | विव्युः |

| 'व्ये' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| विव्ये | विव्यिवहे | विव्यिमहे |
| विव्यिषे | विव्याथे | विव्यिढ्वे, ध्वे |
| विव्ये | विव्याते | विव्यिरे |

## वे धातु

6. **वे** धातु का परोक्षा में विकल्प से **वय्** होता है–
उदा. उवाय, उवयिथ । वय् + अतुस् – उय् + अतुस्

7. **वय्** के **य्** का य्वृत् नहीं होता है ।
उदा. उय् उय् + अतुस्
उउय् + अतुस् = ऊयतुः । ऊयुः ।

8. (i) **वय्** का य्वृत् होता है, परन्तु **वे** का नहीं होता है – ववौ ।
(ii) अवित् प्रत्ययों पर **वे** का विकल्प से य्वृत् होता है ।
उदा. वे + अतुस् – उ + अतुस् –
उउ + अतुस् = उउव् + अतुस् = ऊवतुः । ऊवुः ।
अथवा वे + अतुस् – वा + अतुस् –
वावा + अतुस् – ववा + अतुस् –
वव् + अतुस् = ववतुः । ववुः ।

| 'वे' के परस्मैपद रूप | | |
|---|---|---|
| ववौ/उवय/उवाय | वविव/ऊयिव | वविम/उयिम |
| वविथ/ववाथ/उवयिथ | ववथु:/ऊयथु: | वव/ऊय |
| ववौ/उवाय | ववतु:/ऊयतु: | ववु:/ऊयु: |

| 'वे' के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| ववे/ऊये | वविवहे/उयिवहे | वविमहे/ऊयिमहे |
| वविषे/ऊयिषे | ववाथे/ऊयाथे | वविध्वे, ढ्वे/ऊयिध्वे, ढ्वे |
| ववे/ऊवे | ववाते/ऊयाते | वविरे/ऊयिरे |

**ह्वे धातु** 9. ह्वे धातु का द्वित्व के प्रसंग में य्वृत् होता है। जुहाव। जुहुवतु:।

| ह्वे के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| जुहव/जुहाव | जुहुविव | जुहुविम |
| जुहविथ/जुहोथ | जुहुवथु: | जुहुव |
| जुहाव | जुहुवतु: | जुहुवु: |

| आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| जुहुवे | जुहुविवहे | जुहुविमहे |
| जुहुविषे | जुहुवाथे | जुहुविध्वे, ढ्वे |
| जुहुवे | जुहुवाते | जुहुविरे |

**श्वि धातु** 10. श्वि धातु का परोक्षा में विकल्प से य्वृत् होता है।

| श्वि के रूप | | |
|---|---|---|
| शुशव/शुशाव | शुशुविव | शुशुविम |
| शुशविथ | शुशुवथु: | शुशुव |
| शुशाव | शुशुवतु: | शुशुवु: |

| विकल्प से श्वि के रूप | | |
|---|---|---|
| शिश्वय/शिश्वाय | शिश्वियिव | शिश्वियिम |
| शिश्वयिथ | शिश्वियथु: | शिश्विय |
| शिश्वाय | शिश्वियतु: | शिश्वियु: |

ज्या, व्यध् – इस पाठ का नियम 4 और पाठ 3 नियम 7

ज्या + अ (णव्) – ज्याज्या + अ – जज्या + अ –

जिज्या + अ = जिज्यौ। जिज्यिव। जिज्यिम। जिज्यिथ, जिज्याथ। आदि

**व्यध्** का–विव्यध, विव्याध। विविधिव। विव्यधिथ, विव्यद्ध।

**व्यच्**–विव्यच, विव्याच। विविचिव। विव्यचिथ।

**व्यथ्** – विव्यथे। विव्यथिवहे। विव्यथिमहे।

(खप् + अ–स स्वप् + अ–पा. 25 नि.1 (3) से सुष्वाप। पा.12 नि.9 से सुषुपिव।)

| स्वप् के रूप | | |
|---|---|---|
| सुष्वप, सुष्वाप | सुषुपिव | सुषुपिम |
| सुष्वपिथ, सुष्वप्थ | सुषुपथु: | सुषुप |
| सुष्वाप | सुषुपतु: | सुषुपु: |

## आम् विधान

11. अनेकस्वरी धातुओं का परोक्षा के प्रत्यय के बदले **आम्** लगता है और उसके बाद **कृ, भू** और **अस्** में से किसी एक के परोक्षा के रूप जुड़ते हैं।

12. आम् के पहले धातु परस्मैपदी हो तो परस्मैपदी **कृ** आदि के और आत्मनेपदी हो तो आत्मनेपदी **कृ** आदि के रूप जुड़ते हैं।

    उदा. चकासाञ्चकार, चकासाम्बभूव । प्र.पा. 6 नि. 1
    चकासामास, चकासामासिव, चकासामासिम ।
    चकासामासिथ, चोरयाञ्चकार आदि

13. **दय्, अय्, आस्** और **कास्** धातु से परोक्षा के प्रत्ययों के बदले **आम्** होता है।

    उदा. दयाञ्चक्रे । पलायाञ्चक्रे । आसाञ्चक्रे । कासाञ्चक्रे ।
    दयाम्बभूव । दयामास । आदि

14. **ऋच्छ्** और **ऊर्णु** सिवाय जिन धातुओं का आदि स्वर गुरु नामि हो तो उन धातुओं से परोक्षा के प्रत्यय के बदले **आम्** होता है।
    (दीर्घ स्वर गुरु कहलाता है तथा संयुक्त व्यंजन के पूर्व का स्वर ह्रस्व हो तो भी गुरु कहलाता है।)

    उदा. ईहाञ्चक्रे । ईहाम्बभूव । ईहामास । उक्षाञ्चकार ।

15. **जागृ, उष्, सम् + इन्ध्** धातु से परोक्षा के प्रत्यय के बदले **आम्** विकल्प से होता है।

    उदा. जागराञ्चकार । जागराम्बभूव । जागरामास । विकल्प से–जजागार ।
    ओषाञ्चकार – उवोष । समिन्धाञ्चक्रे – समीधे ।

16. अनेक स्वरी धातुओं का एक स्वरी प्रथम अंश द्विरुक्त होता है।

    उदा. जागृ + अ – जा + जागृ + अ – ज + जागृ + अ –
    जजागार् + अ = जजागार । जजागरतुः । पाठ 12 नि. 10

17. **भी, ह्री, भृ** और **हु** धातुओं से परोक्षा के स्थान पर **आम्** विकल्प से होता है और वह `तिव्' जैसा होता है। (`तिव् जैसा' अर्थात् इन धातुओं का तिव् प्रत्यय पर जो रूप बनता है वह आम् पर भी करे अर्थात् द्वित्व होगा और **भृ** धातु में **इ** भी होगा।

    उदा. बिभयाञ्चकार । बिभयाम्बभूव । बिभयामास । अथवा बिभाय ।

जिह्याञ्चकार, अथवा जिह्रास । बिभराञ्चकार, अथवा बभार ।
जुहवाञ्चकार, अथवा जुहाव ।

18. **विद्** धातु से परोक्षा के स्थान पर **आम्** विकल्प से होता है और वह कित् होता है । (कित् होने से गुण नही होगा) उदा. विदाञ्चकार । अथवा विवेद ।

**परोक्ष भूतकृदन्त**

19. परस्मैपदी धातुओं से [1]**वस् (क्वसु)** तथा आत्मनेपदी धातुओं से **आन (कान)** कृत्, प्रत्यय लगकर परोक्ष भूत कृदन्त बनता है ।
**आन (कान)** प्रत्यय आत्मनेपदी होने से कर्मणि व भावे प्रयोग में भी यह प्रत्यय लगेगा ।
**वस् (क्वसु)** तथा **आन (कान)** प्रत्ययों में भी परोक्षा की तरह द्विरुक्ति आदि होगी । उदा. पच् – पेचानः ।
कृ=चक्राणः। स्वञ्=सस्वजानः। कर्मणि में–पृ = पपुराणः । पा.15 नि.3 ।

20. **घस्** धातु एकस्वरी [2]धातु तथा आकारान्त धातुओं से ही **वस् (क्वसु)** प्रत्यय के पहले **इ (इट्)** होता है ।
उदा. घस् – जक्षिवस् ।
आकारान्त में – पा – पपिवस् । स्था – तस्थिवस् ।
एक स्वरी में **अद्**–आदिवस् । **अश्**–(गण-9) आशिवस् । **अञ्**–आजिवस् ।
**वच्**–ऊचिवस् । **शक्**–शेकिवस् । **इ**–ईयिवस् । **ऋ**–आरिवस्
परन्तु भिद् का बिभिद्वस् ।
तृ–तितीर्वस् । भू – बभूवस् । श्रु – शुश्रुवस् । दरिद्रा–दरिद्राञ्चकृवस् ।

21. **गम्, हन्, विद् (गण 6), विश्** और **दृश्** धातु से **वस् (क्वसु)** के पहले विकल्प से **इ (इट्)** होती है ।
उदा. जग्मिवस् – जगन्वस् । जघ्निवस् – जघन्वस् ।
विविदिवस् – विविद्वस् । विविशिवस् – विविश्वस् । म् का न् होता है ।

22. **विद्** (गण 2) धातु से वर्तमानकाल में **वस् (क्वसु)** प्रत्यय होता है ।
उदा. वेत्ति इति विद्वस्–

---

**टिप्पणी :** 1. वस् (क्वसु) प्रत्यय परस्मैपदी है, अतः कर्तरि में होगा । आन (कान) प्रत्यय आत्मनेपदी है, अतः भावे व कर्मणि में भी होगा ।

2. द्विरुक्ति आदि होने के बाद जो एक स्वरी हो, ऐसे एकस्वरी धातुओ से `इ' होता है । ऐसा न होता तो घस् और आकारांत को अलग से ग्रहण नहीं करते ।

23. घुट् को छोड़ स्वरादि प्रत्ययों पर **वस्** का **उष्** होता है, यदि **वस्** के पहले **इ** हो तो **इ** सहित **उष्** करे ।

उदा. विद्वस् + अस् – विदुषः । (द्वि.पु. बहुवचन)

तस्थिवस्, तस्थुषः, बभूवुषः ।

**स्त्री लिंग में** – विदुषी, तस्थुषी, जग्मुषी, बभूवुषी ।

24. **वस् (क्वसु)** के स् का पद के अन्त में द् होता है ।

उदा. विद्वद्भ्याम्, विद्वत्सु । तस्थिवद्भ्याम् ।

नपुंसक में – तस्थिवत्, द् । तस्थुषी, तस्थिवांसि ।

शेष घुट् प्रत्ययों में पटीयस् की तरह रूप करें ।

(प्र.पा. 40 नि. 5 और पाठ 46 नि. 6 से) विद्वान् ।

**विद्वस् के रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा** | विद्वान् | विद्वांसौ | विद्वांसः |
| **द्वितीया** | विद्वांसम् | विद्वांसौ | विदुषः |
| **तृतीया** | विदुषा | विद्वद्भ्याम् | विद्वद्भिः |
| **चतुर्थी** | विदुषे | विद्वद्भ्याम् | विद्वद्भ्यः |
| **पंचमी** | विदुषः | विद्वद्भ्याम् | विद्वद्भ्यः |
| **षष्ठी** | विदुषः | विदुषोः | विदुषाम् |
| **सप्तमी** | विदुषि | विदुषोः | विद्वत्सु |
| **सम्बोधन** | हे विद्वन् ! | विद्वांसौ ! | विद्वांसः ! |

**शब्दार्थ**

**अधीश** = राजा (पुंलिंग)
**अध्वन्** = मार्ग, रास्ता (पुंलिंग)
**अनुज** = छोटा भाई (पुंलिंग)
**अहंयु** = अहंकारी (पुंलिंग)
**ईश्वर** = राजा (पुंलिंग)
**उदन्वत्** = समुद्र (पुंलिंग)
**खेचर** = विद्याधर (पुंलिंग)
**गीर्वाण** = देव (पुंलिंग)
**नाद** = आवाज (पुंलिंग)
**भट** = सुभट (पुंलिंग)
**मणक** = मनक मुनि (पुंलिंग)
**मनुज** = मनुष्य (पुंलिंग)
**महीधर** = पर्वत, राजा (पुंलिंग)
**राघव** = राम (पुंलिंग)
**विद्याधर** = विद्याधर (पुंलिंग)
**विप्लव** = नाश (पुंलिंग)

**व्याध** = शिकारी (पुंलिंग)
**सौमित्रि** = लक्ष्मण (पुंलिंग)
**स्यन्दन** = रथ (पुंलिंग)
**उपविद्या**=नजदीक की विद्या(स्त्रीलिंग)
**चेटी** = दासी (स्त्रीलिंग)
**दशा** = हालत (स्त्रीलिंग)
**सन्धा** = प्रतिज्ञा (स्त्रीलिंग)
**अंशुक** = कपड़ा (नपुं.लिंग)
**अधीन** = आधीन (नपुं.लिंग)
**अम्बर** = आकाश, कपडा (नपुं.लिंग)
**ख** = आकाश (नपुं.लिंग)
**तूर्य** = वाद्ययंत्र (नपुं.लिंग)
**वाद्य** = वाद्ययंत्र (नपुं.लिंग)
**सारथ्य** = सारथीपना (नपुं.लिंग)
**आहत** = मरा हुआ (विशेषण)
**आहृत** = लाया हुआ (विशेषण)
**कष्ट** = कष्टकारी (विशेषण)
**दुर्धर** = कठिनाई से अधीन हो ऐसा (विशेषण)
**निरवशेष** = सम्पूर्ण (विशेषण)
**भूरि** = ज्यादा (विशेषण)
**शारद**=शरद ऋतु सम्बन्धी(विशेषण)
**कोटिशः** = करोडो-करोड (अव्यय)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. दीक्षा ग्रहण करने के लिए राजा दशरथ ने रानी पुत्र और अमात्यों को पूछा । (आ + प्रच्छ्)
2. नमस्कार करके भरत बोला (भाष्), `हे प्रभो ! मैं आपके साथ दीक्षा लूंगा । (उप + आ + दा)
3. उसे सुनकर कैकेयी ने `मेरे पति और पुत्र निश्चितरूप से नहीं रहेंगे – इस प्रकार विचार किया (ध्यै) और बोली (वच्) `हे स्वामी ! आप को याद है ? (स्मरसि) आपने स्वेच्छा से मुझे वरदान दिया था ।' (दा) वह वरदान मुझे दो' । दशरथ ने कहा, (कथ्) `मुझे याद है (स्मरामि) व्रतनिषेध को छोडकर जो मेरे हाथों में है, वह माँगो' । कैकेयी ने माँगा `यदि आप दीक्षा लेने हो ते `यह पृथ्वी (राज्य) भरत को प्रदान करो ।'

   `आज ही यह भूमि (राज्य) भरत द्वारा ग्रहण की जाय' इस प्रकार उसे कहकर **(अभिधाय)** राजा दशरथ ने लक्ष्मण सहित राम को बुलाया (आ + ह्वे) और कहा (अभि + धा) `इसके सारथीपने से सन्तुष्ट होकर पहले मैंने इसे वरदान दिया था (अर्प्) । वह वरदान कैकेयी द्वारा आज माँगा गया कि `यह पृथ्वी भरत को दो ।'

यह सुनकर राम खुश हुए और बोले, `माता ने मेरे भाई भरत के लिए राज्य माँगा, (मार्ग) वह अच्छा किया है। (कृ)

राम के इस वचन को सुनकर दशरथ ने जैसे ही मंत्रियों को आदेश (आ + दिश्) दिया, उसी समय भरत बोला, `हे स्वामी ! मैंने तो पहले से ही (आदवेव) आपके साथ दीक्षा लेने की प्रार्थना **(प्रार्थितम्)** की है, अतः हे तात ! किसी के वचन से विपरीत करना योग्य नहीं है। **(नार्हति)**

राजा ने कहा (वच्) हे वत्स ! `मेरी प्रतिज्ञा को तू मिथ्या मत कर।'

राम ने राजा को कहा `मेरे होते हुए भरत राज्य ग्रहण नहीं करेगा। अतः मैं वनवास में जाता हूँ।'

इस प्रकार राजा को कहकर (आपृच्छ्य) और नमस्कार करके भरत द्वारा और से रोने पर भी राम वनवास की ओर जाने के लिए निकल पड़े। (निर्+या)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **अथ रामः ससौमित्रिः सुग्रीवाद्यै र्वृतो भटैः ।**
   **लङ्काविजय–यात्रायै प्रतस्थे गगनाध्वना ॥**
2. **महाविद्याधराधीशाः कोटिशोऽन्येपि तत्क्षणम् ।**
   **चेलू रामं समावृत्य स्वसैन्यैश्चन्नदिङ्मुखाः ॥**
3. **विद्याधैराहतानि यात्रातुर्याण्यनेकशः ।**
   **नादैरत्यन्तगम्भीरै-र्बिभराश्चक्रुरम्बरम् ॥**
4. **विमानैः स्यन्दनैरश्वैर्गजैरन्यैश्च वाहनेः ।**
   **खे जग्मुः खेचराः स्वामिकार्यसिद्धावहंयवः ॥**
5. **उपर्युदन्वतो गच्छन् ससैन्यो राघवः क्षणात् ।**
   **वेलन्धरपुरं प्राप वेलन्धर–महीधरे ॥**
6. **समुद्र–सेतू राजानौ समुद्राविव दुर्धरौ ।**
   **तत्र रामाग्रसैन्येनारेभाते योद्धुमुद्धतौ ॥**
7. **तेषां चतुर्णां चतस्त्रः पुत्र्यो यूयं भविष्यथ ।**
   **मर्त्यत्वमीयुषा भावी तत्र वोऽनेन सङ्गमः ॥**
8. **विपेदाने तु मणके श्रीशय्यम्भवसूरयः ।**
   **अवर्षन् नयनैरश्रुजलं शारदमेघवत् ॥**

9. चत्वारो वणिस्तस्मिन्पुरे [1]सवयसोऽभवन् ।
उद्यानद्रुमवद् वृद्धिं जग्मिवांसः सहैव हि ॥

10. ततश्च सेवावसरे, मन्त्रिणः समुपेयुषः ।
प्रणामं कुर्वतो राजा, कोपात्तस्थौ पराङ्मुखः ॥

11. किमत्र यामि याम्यत्र, किं वेति सकले पुरे ।
उत्प्रेक्षमाणो हर्म्याणि, बभ्राम मुनिपुङ्गवः ॥

12. उवाच स फलान्येतान्याहृतानि मया वनात् ।
यूयमश्नीत पक्वानि, मधुराणि महर्षयः ! ॥

13. रत्नैर्महाब्धेस्तुतुषु-र्न देवाः, न भेजिरे भीमविषेण भीतिम्
सुधां विना न प्रययु-र्विरामं, न निश्चितार्थाद् विरमन्ति धीराः ॥

14. स गृहीतमहाभाण्ड, उत्साह इव मूर्तिमान् ।
ईहाश्चक्रेऽन्यदा गन्तुं, वसन्तपुरपत्तनम् ॥

15. प्रतिस्थानं च चैत्यानि, बभञ्जुस्ते दुराशयाः ।
तेषां ह्याजन्म [2]संपद्भ्योऽप्यभीष्टो धर्मविप्लवः ।

16. रामोऽथोचे दशरथं, म्लेच्छोच्छेदाय चेत्स्वयम् ।
तातो यास्यति तद्रामः, सानुजः किं करिष्यति ॥

17. भ्रूभङ्गमप्यकुर्वाणो, गीर्वाण इव भूगतः ।
रामस्तान्कोटिशोऽप्यस्त्रै, र्विव्याध व्याधवन्मृगान् ।

18. विद्वत्त्वं च नृपत्वं च, नैव तुल्यं कदाचन ।
स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान्सर्वत्र पूज्यते ॥

19. सामान्यमनुजेश्वरगृहदुर्लभैः पुष्पैः फलैः पत्रैरंशुकै रत्नाभरणैश्च भूरिभिः परमया भक्त्या रोमाञ्चिततनू राजा मुनिमर्चयाञ्चकार ।

20. दशभिरब्दैश्चतुर्दशाऽपि विद्यास्थानानि सह सर्वाभिरुपविद्याभिर्विदाञ्चकार, कलाः शास्त्रं च निरवशेषं विवेद, विशेषतश्चित्रकर्मणि वीणावाद्ये च प्रवीणतां प्राप स कुमारः ।

---

टिप्पणी : 1. समान वयः येषाम् ते सवयसः ।
2. आजन्मनः इति आजन्म । = जन्म से लेकर । अव्ययीभाव समास ।

# पाठ-27

## अद्यतन भूतकाल

### सामान्य विधि

| परस्मैपदी | | | आत्मनेपदी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अम् | व | म | इ | वहि | महि |
| स् (सि) | तम् | त | थास् | आथाम् | ध्वम् |
| द् (दि) | ताम् | अन् | त | आताम् | अन्त |

अद्यतनी के प्रत्यय ह्यस्तनी जैसे हैं, सिर्फ **द् (दि), स् (सि), व अम्**–वित् नहीं हैं ।

1. अद्यतनी में (i) धातु के पहले **अ** आता है, परन्तु **मा** (माङ्) के योग में नहीं आता है ।

   (ii) स्वर से धातु का प्रारम्भ हो तो **अ** न आकर आदि स्वर की वृद्धि होती है, परन्तु **मा** के योग में वृद्धि नहीं होती है ।

2. अद्यतनी प्रत्ययों पर धातु से **स् (सिच्)** प्रत्यय होता है ।
3. स् (सिच्) अन्तवाले स्कारान्त धातु से **द् (दि), स् (सि)** प्रत्यय पर **ई (ईत्)** होता है ।

   स् + द् । स् + ई + द् = सीद् । स् + स् – स् + ई + स् = सीस् ।

4. **भू** धातु का छोड़ **स्** (सिच्) प्रत्यय के बाद **अन्** का **उस् (पुस्)** होता है ।

### पहला प्रकार (सेट् धातु)

1. इसमें स् (सिच्) प्रत्यय के पहले इ (इट्) होता है । पा. 18 नि. 1 –

   इ स् + ई + द्–

2. इ (इट्) के बाद स् का ई (ईत्) पर लोप होता है ।

   उदा. इ स् + ई द् = ईद् ।

   इ स् + ई स् = ईस् ।

### उपर्युक्त नियम के बाद बने प्रत्यय

| परस्मैपदी प्रत्यय | | |
|---|---|---|
| इषम् | इष्व | इष्म |
| ईस् | इष्टम् | इष्ट |
| ईद् | इष्टाम् | इषुस् |

| आत्मनेपदी प्रत्यय | | |
|---|---|---|
| इषि | इष्वहि | इष्महि |
| इष्टास् | इषाथाम् | इध्वम्, इड्ढ्वम्[1] |
| इष्ट | इषाताम् | इषत[2] |

| 'क्रीड्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अक्रीडिषम् | अक्रीडिष्व | अक्रीडिष्म |
| अक्रीडी: | अक्रीडिष्टम् | अक्रीडिष्ट |
| अक्रीडित् | अक्रीडिष्टाम् | अक्रीडिषु: |

| 'अर्च' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| आर्चिषम् | आर्चिष्व | आर्चिष्म |
| आर्ची: | आर्चिष्टम् | आर्चिष्ट |
| आर्चीत् | आर्चिष्टाम् | आर्चिषु: |

| 'बुध्' (ग. 1 उ) धातु के परस्मैपद रूप | | |
|---|---|---|
| अबोधिषम् | अबोधिष्व | अबोधिष्म |
| अबोधी: | अबोधिष्टम् | अबोधिष्ट |
| अबोधीत् | अबोधिष्टाम् | अबोधिषु: |

| 'बुध्' धातु के आत्मनेपद रूप | | |
|---|---|---|
| अबोधिषि | अबोधिष्वहि | अबोधिष्महि |
| अबोधिष्ठा: | अबोधिषाथाम् | अबोधिध्वम्/ अबोधिड्ढ्वम् |
| अबोधिष्ट | अबोधिषाताम् | अबोधिषत |

| इष् – आत्मनेपद | | |
|---|---|---|
| ऐषिषम् | ऐषिष्व | ऐषिष्म |
| ऐषी: | ऐषिष्टम् | ऐषिष्ट |
| ऐषीत् | ऐषिष्टाम् | ऐषिषु: |

| ईक्ष् – आत्मनेपद | | |
|---|---|---|
| ऐक्षिषि | ऐक्षिष्वहि | ऐक्षिष्महि |
| ऐक्षिष्ठा: | ऐक्षिषाथाम् | ऐक्षिध्वम्/ ऐक्षिड्ढ्वम् |
| ऐक्षिष्ट | ऐक्षिषाताम् | ऐक्षिषत |

## परस्मैपद में वृद्धि

6. परस्मैपद में **स् (सिच्)** प्रत्यय पर धातु के अंत में रहे समान स्वर की वृद्धि होती है परंतु स् (सिच्) प्रत्यय ङित् है । (पाठ 25 नियम 14 से कुटादि) तब वृद्धि नहीं होती है । अलावीत् । परंतु–अनुवीत् ।

| लू के रूप – परस्मैपद | | |
|---|---|---|
| अलाविषम् | अलाविष्व | अलाविष्म |
| अलावी: | अलाविष्टम् | अलाविष्ट |
| अलावीत् | अलाविष्टाम् | अलाविषु: |

**टिप्पणी :** 1. पा. 10 नि 8. – इस् + ध्वम् – इष् + ध्वम् – इड् + ढ्वम् = इडढवम् ।
2. पा. 7. नि 5

| आत्मनेपद | | |
|---|---|---|
| अलविषि | अलविष्वहि | अलविष्महि |
| अलविष्ठाः | अलविषाथाम् | अलविढ्वम्, ध्वम्, ड्ढ्वम् |
| अलविष्ट | अलविषाताम् | अलविषत |

7. परस्मैपद में सेट् **स् (सिच्)** पर

1) व्यंजनादि धातु के उपान्त्य **अ** की विकल्प से वृद्धि होती है।

उदा. अगादीत्, अगदीत्। अनादीत्, अनदीत्। परन्तु – अनन्दीत्।

2) **वद्, व्रज्** तथा **ल्** और **र् अन्तवाले** धातुओं के उपान्त्य **अ** की नित्य वृद्धि होती है।

उदा. अवादीत्। अव्राजीत्। अज्वालीत्। अस्खालीत्। अक्षारीत्।

8 **श्वि, जागृ, शस्, क्षण्** तथा **ह्, म् और य् अंतवाले** धातु तथा **कग्, रग्, लग्, कख्, हस्** आदि धातुओं की सेट् स् (सिच्) पर वृद्धि नहीं होती है। उदा. अश्वयीत्। अजागरीत्। अशसीत्। अक्षणीत्। अग्रहीत्। अवमीत्। अहयीत्। अहसीत् आदि

9. तनादि (तनादि 8 वाँ गण) धातुओं से **स् (सिच्)** का आत्मनेपद के **त** तथा **थास्** प्रत्यय पर विकल्प से लोप होता है। लोप होने पर धातु के अन्त्य न् या ण् का लोप होता है और इ (इट्) नहीं होता है।

तन् – अतत, अतनिष्ट। अतथाः – अतनिष्ठाः।

क्षण् – अक्षत, अक्षणिष्ट। अक्षथाः – अक्षणिष्ठाः।

10. आत्मनेपद तृतीय पुरुष एक वचन के **त** प्रत्यय पर **दीप्, जन्, बुध्** (गण 4) **पुर्, ताय्,** और **प्याय्** धातुओं से **स् (सिच्)** के बदले **इ (ञिच्)** विकल्प से होता है और त का लोप होता है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **दीप्** | अदीपि | अदीपिष्ट | अदीपिषाताम् | अदीपिषत |
| **जन्** | अजनि | अजनिष्ट | अजनिषाताम् | अजनिषत |
| **पूर्** | अपूरि | अपूरिष्ट | अपूरिषाताम् | अपूरिषत |
| **ताय्** | अतायि | अतायिष्ट | अतायिषाताम् | अतायिषत |
| **प्याय्** | अप्यायि | अप्यायिष्ट | अप्यायिषाताम् | अप्यायिषत |

अबोधि, बुध (गण 4) धातु अनिट् है, उसके रूप दूसरे प्रकार में आएंगे।

पाठ 28 नि.10। **कर्मणि प्रयोग :** धातु को आत्मनेपद के प्रत्यय लगने से कर्मणि या भावे रूप बनते हैं।

11. सभी धातु से भावे और कर्मणि में तृतीय पुरुष एक वचन के **त** प्रत्यय पर **स्** (सिच्) के बदले इ (ञिच्) होता है और **त** का लोप होता है। उदा. आसि त्वया, ऐक्षि कटः।

| **ईक्ष् के रूप** | | |
|---|---|---|
| ऐक्षिषि | ऐक्षिष्वहि | ऐक्षिष्महि |
| ऐक्षिष्ठाः | ऐक्षिषाथाम् | ऐक्षिध्वम्/ ऐक्षिड्ढ्वम् |
| ऐक्षि | ऐक्षिषाताम् | ऐक्षिषत |

| **वद् के रूप** | | |
|---|---|---|
| अवदिषि | अवदिष्वहि | अवदिष्महि |
| अवदिष्ठाः | अवदिषाथाम् | अवदिध्वम् अवदिड्ढ्वम् |
| अवादि | अवदिषाताम् | अवदिषत |

**पाठ 19 नियम 18 से**

अलावि–अलाविषाताम्, अलाविषत, अलविषातम्, अलविषत

अग्राहि–अग्राहिषाताम्, अग्राहिषत, अग्रहीषाताम्, अग्रहीषत

12. आज के भूतकाल में अद्यतनी विभक्ति होती है। उदा. व्याघ्रमैक्षिष्ट – उसने आज बाघ देखा।

13. (i) किसी भी विशेष भूतकाल की विवक्षा न करे तो भूतकाल में अद्यतनी विभक्ति होती है। उदा. ऐक्षिष्ट मृगं सीता। ऐक्षिष्महि मृगम्। विवक्षा करे तो–ईक्षाञ्चक्रे मृगं सीता ! ऐक्षामहि मृगम्।

(ii) दो भूतकाल इकट्ठे हों तो अद्यतनी होता है।
उदा.अद्य ह्यो वा ऐक्षिष्महि मृगम्=आज अथवा कल हमने मृग को देखा।

14. निषेध करना हो तब **मा (माङ्)** के योग मे अद्यतनी होती है। मा वादीदधर्मम् – वे अधर्म न कहे।

**शब्दार्थ**

**अश्वतर** = खच्चर (पुंलिंग)
**कर्णधार** = कप्तान (पुंलिंग)
**बाहुबली** = ऋषभदेव के पुत्र (पुंलिंग)
**भरत** = ऋषभदेव के पुत्र (पुंलिंग)
**वज्रिन्** = इन्द्र (पुंलिंग)
**वेला** = बार, समय (पुंलिंग)
**सख्य** = मित्रता (नपुं.लिंग)
**ओजस्** = तेज, बल (नपुं.लिंग)
**ऊर्ध्व** = ऊँचा, खडा (विशेषण)
**प्रेषित** = भेजा हुआ (विशेषण)
**सार्धम्** = साथ में (अव्यय)
**स्खल्** = स्खलित होना (गण 1 परस्मैपदी)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. आज हम उद्यान में गए **(व्रज्)** वहाँ हम वृक्ष की छाया में बैठे । **(आस्)**
2. पक्षी मधुर मधुर बोल रहे थे **(रु)** । हमने नजदीक में आम के वृक्ष देखे । **(ईक्ष)**
3. हमने आम के फल ग्रहण किए **(ग्रह्–कर्मणि)** और खाए । **(खाद्–कर्मणि)**
4. फल खाकर हम उद्यान का सौन्दर्य देखते हुए घूम रहे थे **(भ्रम्)** इसी बीच एक वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ महामुनि को हमने देखा **(ईक्ष)** ।
5. वे मुनि सूर्य की तरह देदीप्यमान **(दीप्)** थे, चन्द्र की तरह प्रकाशमान थे । (प्र + काश्)
6. हमने मुनि को वन्दन (वन्द्) किया और फिर घर की ओर चले । **(चल्)**
7. मनु ! तू पूरी रात भटक मत । **(मा-अट्)**
8. मंगल पाठकों की स्तुति सुनकर राजा जग गया ! **(जागृ)**
9. मनुष्यभव में जन्म लेकर तुमने क्या ग्रहण किया **(ग्रह्)** पुण्य या पाप ?
10. भरत के द्वारा भेजे हुए दूत के वचन को सुनकर बाहुबली हँसे । **(हस्)**

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **तस्य कर्णधारेण सार्धं सख्यमजनि ।**
2. **न तावदेनां पश्यसि येनैवमवादीः ।**
3. **ईदृशानि वन-फलान्यहमग्रेऽप्यखादिषम् ।**
4. **सरोवराणि तान्येतान्यक्रीडं यत्र हंसवत् ।**
   **तेऽमी द्रुमाः कपिरिवाऽखादिषं यत्फलान्यहम् ॥**
5. **विदधानस्य वसुधामेकछत्रां महौजसः ।**
   **तस्याऽऽज्ञा वज्रिणो वज्रमिव नाऽस्खालि केनचित् ॥**
6. **अश्वैरश्वतरैरुष्ट्रैर्वाहनैरपरैरपि ।**
   **तस्य वेश्म व्यराजिष्ट यादोभिरिव सागरः ॥**
7. **तीर्थेऽतत स किं दानमतनिष्ट तपः स किम् ।**
   **अतनिष्ठा रतिं यास्मिन्नुत्कण्ठामतथास्तथा ॥**

# पाठ-28

## अद्यतनी में अनिट् धातुओं का दूसरा प्रकार

दूसरे प्रकार में **स् (सिच्)** प्रत्यय के पहले **इ (इट्)** नहीं होती है ।

(पा. 18 नि. 3) पाठ 27 नि. 2, 3, 4 से प्रत्यय इस तरह बनेंगे ।

**परस्मैपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सम् | स्व | स्म |
| सीस् | स्तम् | स्त |
| सीत् | स्ताम् | सुस् |

**आत्मनेपद के प्रत्यय**

| | | |
|---|---|---|
| सि | स्वहि | स्महि |
| स्थास् | साथाम् | ध्वम्, स्ध्वम् |
| स्त | साताम् | सत |

**नी के परस्मैपदी - रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अनैषम् | अनैष्व | अनैष्म |
| अनैषीः | अनैष्टम् | अनैष्ट |
| अनैषीत् | अनैष्टाम् | अनैषुः |

**'नी' के आत्मनेपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अनेषि | अनेष्वहि | अनेष्महि |
| अनेष्ठाः | अनेषाथाम् | अनेढ्वम्/ड्ढ्वम् |
| अनेष्ट | अनेषाताम् | अनेषत |

**'मा' गण 3 आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अमासि | अमास्वहि | अमास्महि |
| अमास्थाः | अमासाथाम् | अमाध्वम्-द्ध्वम् |
| अमास्त | अमासाताम् | अमासत |

1. परस्मैपद में अनिट् **स् (सिच्)** पर व्यंजनान्त धातु के समान स्वर की वृद्धि होती है । उदा. भिद् = अभैत्सीत् । रञ् = अराङ्क्षीत् ।
2. **धुट् व्यंजन** अन्त में हो तथा **ह्रस्व स्वर** अन्त में हो ऐसे धातु के बाद में रहे **अनिट् स् (सिच्)** का **तादि** और **थादि** प्रत्यय पर लोप होता है । उदा. अभैत्ताम् । अकृत । अकृथाः ।
3. नामि स्वर उपांत्य में हो ऐसे धातुओं से आत्मनेपदी **अनिट् स् (सिच्)** प्रत्यय **कित्** जैसा होता है । उदा. अभित्त ।

**भिद् के परस्मैपद रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अभैत्सम् | अभैत्स्व | अभैत्स्म |
| अभैत्सीः | अभैत्तम् | अभैत्त |
| अभैत्सीत् | अभैत्ताम् | अभैत्सुः |

**आत्मनेपद**

| | | |
|---|---|---|
| अभित्सि | अभित्स्वहि | अभित्स्महि |
| अभित्थाः | अभित्साथाम् | अभिद्ध्वम्/ अभिद्द्ध्वम् |
| अभित्त | अभित्साताम् | अभित्सत |

4. **ॠ वर्ण** अंत में हो ऐसे धातुओं से आत्मनेपदी **अनिट् स् (सिच्) कित्** जैसा होता हैं । उदा. अकृत । आस्तीर्ष्ट ।

| 'कृ' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अकार्षम् | अकार्ष्व | अकार्ष्म |
| अकार्षीः | अकार्ष्टम् | अकार्ष्ट |
| अकार्षीत् | अकार्ष्टाम् | अकार्षुः |

| 'कृ' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अकृषि | अकृष्वहि | अकृष्महि |
| अकृथाः | अकृषाथाम् | अकृढ्वम्, अकृड्ढ्वम् |
| अकृत | अकृषाताम् | अकृषत |

| 'मृ' धातु के आत्मनेपदी (पा.4 नि. 4) | | |
|---|---|---|
| अमृषि | अमृष्वहि | अमृष्महि |
| अमृथाः | अमृषाथाम् | अमृढ्वम्, अमृड्ढ्वम |
| अमृत | अमृषाताम् | अमृषत |

'मृ' धातु अद्यतनी, आशीः और शित् प्रत्यय में आत्मनेपदी है । बाकि सामान्य से परस्मैपदी है । पा.4 नि.4 देखे ।

5. **गम्** धातु से आत्मनेपदी **स् (सिच्)** विकल्प से **कित्** जैसा होता है । **कित्** होने से पा.13 नि.7 से म् का लोप होता है और नि.2 से स् (सिच्) का लोप होगा । उदा. समगत, समगंस्त ।

6. **हन्** धातु से आत्मनेपदी **स् (सिच्) कित्** होता है ।
उदा. आहत, आहसाताम् । कित् होने से न् का लोप होता है ।

7. (i) स्वीकार करना और विवाह करना – इस अर्थ में **यम्** धातु से **स् (सिच्)** विकल्प से कित् है । उदा. उपायत । उपायंस्त कन्याम् ।
(ii) **उप + यम्** – स्वीकार और विवाह करना अर्थ में आत्मनेपदी है । उदा. कन्यामुपयच्छते ।

8. **स्था** धातु और **दा संज्ञावाले** धातुओं से आत्मनेपदी **स् (सिच्)** कित् होता है, उस प्रसंग पर धातु के अंत्य स्वर का **इ** होता है ।
उदा. उपास्थित, उपास्थिषाताम्, उपास्थिषत ।
(उप् + स्था – अकर्मक होने से आत्मनेपदी है । भोजने उपतिष्ठते ।)
आदित, आदिषाताम् । व्यधित, व्यधिषाताम्, व्यधिषत ।

9. अद्यतनी में **हन्** का **वध्** आदेश होता है। आत्मनेपद में विकल्प से **वध्** होता है। (वध् आदेश सेट् है, अतः वृद्धि नहीं होती है।)

उदा. परस्मैपद में अवधीत्। आत्मनेपद में–आवधिष्ट, आहत। आवधिषाताम्, आहसाताम्।

अधि + इ = पढना। – अध्यगीष्ट, अध्यैष्ट। पाठ-19 नि. 10 से अध्यगीषाताम्, अध्यैषाताम्। यहाँ गी का गुण नहीं होता है।

## विशिष्ट धातुओं के उदाहरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रच्छ्** | अप्राक्षीत् | अप्राष्टा् | अप्राक्षुः। **पा. 19 नि.17** |
| **त्यज्** | अत्याक्षीत् | अत्याक्ताम् | अत्याक्षुः। |
| **पच्-** | अपाक्षीत् | अपाक्ताम् | अपाक्षुः। **परस्मै.** |
| | अपक्त | अपक्षाताम् | अपक्षत। **आत्मने.** |
| **दह्** | अधाक्षीत् | अदाग्धाम् | अधाक्षुः। |
| **वस्** | आवात्सीत् | अवात्ताम् | अवात्सुः |
| **वह्** | अवाक्षीत् | अवोढाम् | अवाक्षुः। **परस्मै.** |
| | अवोढ | अवक्षाताम् | अवक्षत। **आत्मने** |
| | अवोढ्वम् – | अवड्ढ्वम् – | अवग्ढ्वम्। |
| **रुध्** | अरौत्सीत् | अरौद्धाम् | अरौत्सुः। **परस्मै.** |
| | अरुद्ध | अरुत्साताम् | अरुत्सत। **आत्मने.** |
| **मन्** | अमंस्त | अमंसाताम् | अमंसत। |
| **रम्** | अरंस्त | अरंसाताम् | अरंसत। |
| **लभ्** | अलब्ध | अलप्साताम् | अलप्सत। |
| **मस्ज् –** | अमाङ्क्षीत् | अमाङ्क्ताम् | अमाङक्षुः। |
| | अमाङक्ष्व, अमाङक्ष्म। **(पाठ 19 नियम 14 से)** | | |
| **सृज्** | अस्राक्षीत् | अस्राष्टाम् | अस्राक्षुः। } **पा.19 नि.15** |
| **दृश्** | अद्राक्षीत् | अद्राष्टाम् | अद्राक्षुः। } **पा.19 नि.15** |

10. **त** प्रत्यय पर पद् धातु से **स् (सिच्)** के बदले **इ (ञिच्)** होता है और **त** का लोप होता है । उदा. उद् + पद् = उदपादि – (पा. 5 नि. 2)

| 'बुध्' धातु के आत्मनेपद रूप (पा. 27 नि. 10) | | |
|---|---|---|
| अभुत्सि | अभुत्स्वहि | अभुत्स्महि |
| अबुद्धाः | अभुत्साथाम् | अभुद्ध्वम्, अभुद्द्ध्वम् |
| अबोधि, अबुद्ध | अभुत्साताम् | अभुत्सत |

## वेट् धातुओं के दोनों प्रकार

| मृज् धातु – पहला प्रकार | | |
|---|---|---|
| अमार्जिषम् | अमार्जिष्व | अमार्जिष्म |
| अमार्जीः | अमार्जिष्टम् | अमार्जिष्ट |
| अमार्जीत् | अमार्जिष्टाम् | अमार्जिषुः |

| दूसरा प्रकार | | |
|---|---|---|
| अमार्क्षम् | अमार्क्ष्व | अमार्क्ष्म |
| अमार्क्षीः | अमार्ष्टम् | अमार्ष्ट |
| अमार्क्षीत् | अमार्ष्टाम् | अमार्क्षुः |

| स्यन्द्–आत्मनेपद पहला प्रकार | | |
|---|---|---|
| अस्यन्दिषि | अस्यन्दिष्वहि | अस्यन्दिष्महि |
| अस्यन्दिष्ठाः | अस्यन्दिषाथाम् | अस्यन्दिध्वम्, अस्यन्दिड्ढ्वम् |
| अस्यन्दिष्ट | अस्यन्दिषाताम् | अस्यन्दिषत |

| दूसरा प्रकार | | |
|---|---|---|
| अस्यान्त्सि | अस्यन्त्स्वहि | अस्यन्त्स्महि |
| अस्यन्त्थाः | अस्यन्त्साथाम् | अस्यन्द्ध्वम्, अस्यन्ध्वम्, अस्यन्द्द्ध्वम् |
| अस्यन्त्त | अस्यन्त्साताम् | अस्यन्त्सत |

## इ (इट्) का अपवाद

11. वृ [वृ (गण 5 उभयपदी), वॄ (गुण 9 आत्मनेपदी)] धातु से, दीर्घ ॠकारांत जिसके अंत में हो ऐसे पर रहे धातुओं से आत्मनेपदी **स् (सिच्)** और आशीः के पहले **इ (इट्)** विकल्प से होती हैं ।

| 'वृ' धातु के इट् न होने पर आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अवृषि | अवृष्वहि | अवृष्महि |
| अवृथाः | अवृषाथाम् | अवृढ्वम्, अवृड्ढ्वम् |
| अवृत | अवृषाताम् | अवृषत |

| वृ धातु के इट् होने पर आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अवरिषि | अवरिष्वहि | अवरिष्महि |
| अवरिष्ठाः | अवरिषाथाम् | अवरिध्वम्,ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| अवरिष्ट | अवरिषाताम् | अवरिषत |

| आ + स्तॄ धातु के इट् न होने पर आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| आस्तीर्षि | आस्तीर्ष्वहि | आस्तीर्ष्महि |
| आस्तीर्ष्ठाः | आस्तीर्षाथाम् | आस्तीर्ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| आस्तीर्ष्ट | आस्तीर्षाताम् | आस्तीर्षत |

| आ + स्तॄ धातु के इट् होने पर आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| आस्तरिषि | आस्तरिष्वहि | आस्तरिष्महि |
| आस्तरिष्ठाः | आस्तरिषाथाम् | आस्तरिध्वम्, ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| आस्तरिष्ट | आस्तरिषाताम् | आस्तरिषत |

परस्मैपद में वृ धातु – अवारिषम्, अवारिष्व, अवारिष्म । इस प्रकार स्तॄ धातु के रूप करे ।

12. **अञ्ज्** धातु से **स् (सिच्)** के पहले नित्य **इ** होता है ।

| अञ्ज् धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| आञ्जिषम् | आञ्जिष्व | आञ्जिष्म |
| आञ्जीः | आञ्जिष्टम् | आञ्जिष्ट |
| आञ्जीत् | आञ्जिष्टाम् | आञ्जिषुः |

13. **धू (धूञ्), सु और स्तु धातु** से परस्मैपद में **स् (सिच्)** के पहले **इ (इट्)** होता है ।

| 'धू' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अधाविषम् | अधाविष्व | अधाविष्म |
| अधावीः | अधाविष्टम् | अधाविष्ट |
| अधावीत् | अधाविष्टाम् | अधाविषुः |

**'धू' धातु के आत्मनेपदी रूप (1) इट् होने पर**

| | | |
|---|---|---|
| अधविषि | अधविष्वहि | अधविष्महि |
| अधविष्ठाः | अधविषाथाम् | अधविध्वम्, ढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| अधविष्ट | अधविषाताम् | अधविषत |

**'धू' धातु के आत्मनेपदी रूप (2) इट् नहीं होने पर**

| | | |
|---|---|---|
| अधोषि | अधोष्वहि | अधोष्महि |
| अधोष्ठाः | अधोषाथाम् | अधोढ्वम्, ड्ढ्वम् |
| अधोष्ट | अधोषाताम् | अधोषत |

**'सु' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| असाविषम् | असाविष्व | असाविष्म |
| असावीः | असाविष्टम् | असाविष्ट |
| असावीत् | असाविष्टाम् | असाविषुः |

आत्मनेपद में – असोषि आदि

**'स्तु' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अस्ताविषम् | अस्ताविष्व | अस्ताविष्म |
| अस्तावीः | अस्ताविष्टम् | अस्ताविष्ट |
| अस्तावीत् | अस्ताविष्टाम् | अस्ताविषुः |

आत्मनेपद में – अस्तोषि आदि

**'स्नु'** परस्मैपदी, आत्मनेपदी – प्रास्नावीत् प्रास्नोषाताम् (कर्मणि)
**क्रम** परस्मैपदी, आत्मनेपदी – अक्रमीत्, अक्रंस्त

**कर्मणि में रूप**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भिद्** | अभेदि | अभित्साताम् | अभित्सत |
| **नी** | अनायि | अनेषाताम् | अनेषत |
| **कृ** | अकारि | अकृषाताम् | अकृषत |
| **मा** | अमायि | अमासाताम् | अमासत–पा.19 नि. 19 |
| **दा** | अदायि | अदिषाताम् | अदिषत |
| **हन्** | अघानि | अहसाताम् | अहसत्–पाठ 19 नि.20 |
| **कृ** | अकारि | अकारिषाताम्, अकृषाताम् | अकारिषत, अकृषत |
| **दा** | अदायि | अदायिषाताम्, अदिषाताम् | अदायिषत, अदिषत |
| **दृश्** | अदर्शि | अदर्शिषाताम्, अदृक्षाताम्। आदि | |

**हन्** अघानि, अवधि। अघानिषाताम्, अवधिषाताम्, अहसाताम् आदि

## तीसरा प्रकार (अनिट् धातुओं का)

तीसरे प्रकार में **स् (सिच्)** के बदले **स् (सक्)** होता है ।

14. **ह्** और **शिट्** (श्, ष् और स्) व्यंजन अन्त में हो ऐसे उपान्त्य नामि स्वरवाले अनिट् धातुओं से **स (सक्)** प्रत्यय होता है । (दृश् धातु को छोड़कर) **स्** प्रत्यय कित् होने से गुण नहीं होगा ।

| परस्मैपद के प्रत्यय | | | आत्मनेपद के प्रत्यय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सम् | साव | साम | सि | सावहि | सामहि |
| सस् | सतम् | सत | सथास् | साथाम् | सध्वम् |
| सत् | सताम् | सन् | सत | साताम् | सन्त |

15. **स्वरादि** प्रत्यय पर स **(सक्)** के **अ** का लोप होता है ।

उदा. स्पृश् – अस्पृक्षत् । दुह्–अधुक्षत् । दिश्–अदिक्षत् । कृष्–अकृक्षत् ।

| 'दिश्' धातु के परस्मैपदी रूप | | | 'दिश्' धातु के आत्मनेपद रूप | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अदिक्षम् | अदिक्षाव | अदिक्षाम | अदिक्षि | अदिक्षावहि | अदिक्षामहि |
| अदिक्षः | अदिक्षतम् | अदिक्षत | अदिक्षथाः | अदिक्षाथाम् | अदिक्षध्वम् |
| अदिक्षत् | अदिक्षताम् | अदिक्षन् | अदिक्षत | अदिक्षाताम् | अदिक्षन्त |

16. **स्पृश्, मृश्** और **कृष्** धातु से दूसरे प्रकार के प्रत्यय विकल्प से होते हैं ।

उदा. अस्प्राक्षीत् – अस्पार्क्षीत् । अस्प्राष्टाम्, अस्पार्ष्टाम् ।

अस्प्राक्षुः, अस्पार्क्षुः । आदि

17. **दुह्, दिह्, लिह्, गुह्** धातुओं से **स (सक्)** का आत्मनेपद के दन्त्यादि प्रत्ययों पर विकल्प से लोप होता है । उदा.

दुह् + स + त = दुह् + त = अदुग्ध । पक्षे अधुक्षत । (पा.13 नि.14)

लिह् + स + थास् = अलीढाः । पक्षे अलिक्षथाः । (पा.10 नि.12)

गुह् – न्यगुह्वहि, न्यधुक्षावहि ।

### दुह् के रूप

| | | |
|---|---|---|
| अधुक्षि | अदुह्वहि, अधुक्षावहि | अधुक्षामहि |
| अदुग्धाः अधुक्षथाः | अधुक्षाथाम् | अधुग्ध्वम्, अधुक्षध्वम् |
| अदुग्ध, अधुक्षत | अधुक्षाताम् | अधुक्षन्त |

## लिह्

| | | |
|---|---|---|
| अलिक्षि | अलिह्वहि, अलिक्षावहि | अलिक्षामहि |
| अलीढाः, अलिक्षथाः | अलिक्षाथाम् | अलीढ्वम, अलिक्षध्वम् |
| अलीढ, अलिक्षत | अलिक्षाताम् | अलिक्षन्त |

कर्मणि में – अदोहि, अधुक्षाताम्, अधुक्षन्त ।

## शब्दार्थ

**अश्ववार** = घुड़सवार (पुंलिंग)
**असु** = प्राण (पुंलिंग)
**खल** = दुर्जन (पुंलिंग)
**गण्ड** = गाल, हाथी का गण्ड, स्थल (पुंलिंग)
**दर्प** = अभिमान, गर्व (पुंलिंग)
**जयकेशिन्** = एक राजा (पुंलिंग)
**न्यास** = न्यास (पुंलिंग)
**वारण** = हाथी (पुंलिंग)
**संमद** = हर्ष (पुंलिंग)
**क्षोभ** = खलबलाहट (पुंलिंग)
**रेखा** = रेखा (स्त्री लिंग)
**कटक** = सैन्य, सेना (नपुं. लिंग)
**बिस** = कमल का दंड (नपुं. लिंग)
**भस्मन्** = राख (नपुं. लिंग)
**वारण** = निषेध (नपुं. लिंग)
**अभिनव** = नया (विशेषण)
**ध्रुव** = निश्चय से (विशेषण)

## धातु

**अव+मन्** = अपमान करना (ग.8 आ.)
**आ+विश्** = आवेश करना (ग.6 प.)
**उप+यम्** = लग्न करना (ग.1 आ.)
**उप+रुध्** = आग्रह करना (ग.7 उ.)
**कुष्** = खींचना (गण 9 प.)
**नि+गुह्** = आच्छादित करना (ग.1 उ.)
**प्रति+पद्** = स्वीकार करना (ग.4 आ.)
**व्या+हन्** = व्याघात करना (ग.2 प.)
**शप्** = शाप देना (ग.1 परस्मैपदी)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. जिसने समुद्र को दुहा (दुह्–परस्मै) और पृथ्वी को दुहा (दुह् आत्मनेपदी) उस जयकेशी राजा की यह पुत्री है ।
2. राजा भोजन आदि में राग नहीं करता था (रञ्) जलक्रीड़ा आदि क्रीड़ाओं से खेलता नहीं था (दिव्) और कामविकार की चेष्टा को रोकता नहीं था (रुध्) ।

3. उस कन्या ने `मेरा पति कर्ण ही है' – ऐसा जाना (बुध् ग.4) अतः तू भी उस कन्या को वैसा मान (बुध्) ।
4. हे राजन् ! इस कन्या के विषय में आप अन्तराय व्याघात न करो !
5. वचन द्वारा किसी के मर्म को तुम मत भेदो **(मा-भिद्) ।**
6. मैंने तुम को अभी याद किया (स्मृ) और तुम अभी दिखाई दिये । **(दृश्)**
7. दमयन्ती ने हंस से प्रशंसा सुनी **(श्रु)** और मन से नल को वरी । **(वृ)**
8. हे स्वामी ! खलपुरुषों के वचन से आपने मेरा त्याग किया (त्यज्) उस तरह जिन भक्ति धर्म का त्याग मत करना । (मा त्यज्)
9. हमने हमारे खेत की भूमि को मापा । (मा)
10. ग्वाला शाम के समय गायों को अपने घर ले गया (नी)
11. उसने प्राण छोड़े (मृ) परन्तु प्रतिज्ञा नहीं छोड़ी । (त्यज्)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. अधिगतपरमार्थान्पण्डितान्मावमंस्था**
**स्तृणमिव लघुलक्ष्मी नैंव-तान्संरुणद्धि ।**
**अभिनव–मदरेखा–श्यामगण्डस्थलानां**
**न भवति बिसतन्तुर्वारणं वारणानाम् ।।**

**2. दध्यौ चैवं स राजर्षिरहो तेषां कुमन्त्रिणाम् ।**
**सन्मानो यो मयाऽकारि स भस्मनि-हुतं ध्रुवम् ।।**

**3. मा शाप्सीदेष इति तास्तस्माद्भीता द्रुतद्रुतम् ।**
**नेशु-मृग्य इव व्याधादमिलन्त्यः परस्परम् ।।**

**4. ये आविक्षंस्तमद्विक्षंस्तमद्राक्षुश्च दर्पतः ।**
**तान्न्यघुक्षच्छरैरेष न्यकोषीत्तदसूनपि ।।**

**5. उपायत नृपो रत्नान्युपायंस्त काञ्चनम् ।**
**अदिताऽस्मै गृहीत्वाऽसौ प्रास्थिताधित संमदम् ।।**

**6. याचिष्ये समये स्वामिन्न्यासीभूतोऽस्तु मे वरः ।**
**इत्यभाषत कैकेयी राजाऽपि प्रत्यपादि तत् ।।**

**7. अयमस्मद्वचोऽश्रौषीत् ।**

**8. दुष्यन्तः शकुन्तलां उपायंस्त ।**

**9. विद्यागुरवोऽशेषाण्यपि शास्त्राणि तस्मै क्रमेणोपादिक्षन् ।**

**10. अश्ववारावद्राक्षीदऽप्राक्षीच्च अरे ! किमेष कटकक्षोभः ।**

**11. मय्यप्रसादं मा कृथा, मयि च मा विरुद्धा, इति सोऽवादीत्, सा च ह्रियमकृत, सखीं च वक्तुमुपारुद्ध ।**

## अद्यतन भूतकाल

### चौथा प्रकार – परस्मैपद का ही

चौथे प्रकार के अद्यतनी में धातु के अंत में **स्** जुड़ता है ।

1. **यम्, रम्, नम्** और **आ**कारान्त धातुओं से परस्मैपद में **स् (सिच्)** के पहले **इ (इट्)** होता है और धातुओं के अन्त में **स्** जुड़ता है ।

| प्रत्यय | | |
|---|---|---|
| सिषम् | सिष्व | सिष्म |
| सीस् | सिष्टम् | सिष्ट |
| सीत् | सिष्टाम् | सिषुः |

| यम् के रूप | | |
|---|---|---|
| अयंसिषम् | अयंसिष्व | अयंसिष्म |
| अयंसीः | अयंसिष्टम् | अयंसिष्ट |
| अयंसीत् | अयंसिष्टाम् | अयंसिषुः |

इसी तरह–वि + रम् = व्यरंसिषम् । आदि

या – अयासिषम्, अयासिष्व, अयासिष्म, अयासीः । आदि

### पाँचवाँ प्रकार – परस्मैपद का ही

पाँचवें प्रकार में स् (सिच्) का लोप होता है ।

| प्रत्यय (पा.27 नि.4) | | |
|---|---|---|
| अम् | व | म |
| स् | तम् | त |
| द् | ताम् | उस् |

2. **पा (पिब्), अधि + इ** (=स्मरण करना गण 2 परस्मैपद) **इ** (=जाना गण 2 परस्मैपदी), **दा** संज्ञक धातु, **भू तथा स्था** धातु के बाद आए स् **(सिच्)** का परस्मैपदी में लोप होता है और लोप होने पर **इ (इट्)** नहीं होता है ।
3. **इ** (=जाना गण 2) तथा **इ** (=स्मरण करना गण 2) का अद्यतनी में **गा** आदेश होता है ।

| पा के रूप (पा.25 नि.9) | | |
|---|---|---|
| अपाम् | अपाव | अपाम |
| अपाः | अपातम् | अपात |
| अपात् | अपाताम् | अपुः |

वैसे ही–गा, दा, धा और स्था के रूप होंगे ।

| भू के रूप | | |
|---|---|---|
| अभूवम् | अभूव | अभूम |
| अभूः | अभूतम् | अभूत |
| अभूत् | अभूताम् | अभूवन् |

भू धातु को सिच् का लोप होने के बाद गुण नहीं होता है ।

4. **धे (ट्धे) घ्रा, शा, छा और सा** धातु से **स् (सिच्)** प्रत्यय का परस्मैपद में विकल्प से लोप होता है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा. | **धे** | – | अधात् | अथवा चौथा प्रकार – अधासीत् |
| | **घ्रा** | – | अघ्रात् | अथवा चौथा प्रकार – अघ्रासीत् |
| | **शा** | – | अशात् | अथवा चौथा प्रकार – अशासीत् |
| | **छा** | – | अच्छात् | अथवा चौथा प्रकार – अच्छासीत् |
| | **सा** | – | असात् | अथवा चौथा प्रकार – असासीत् |

## छठा प्रकार – (कर्तरि प्रयोग का ही)

छठे प्रकार में धातुओं से **अ (अङ्)** प्रत्यय होता है ।

5. **अ (अङ्)** पर (i) **ऋ** वर्णांत धातु तथा **दृश्** धातु के स्वर का गुण होता है ।

(ii) **नश्** का विकल्प से **नेश्** होता है ।

(iii) **श्वि** का **श्व, अस्** (गण 4) का **अस्थ, वच्** का **वोच** और **पत्** का **पप्त** आदेश होता है ।

(iv) **शास्** के **आस्** का **इस्** होता है ।

6. **निम्नलिखित धातु छठे प्रकार में हैं**

1) शास्, अस् (गण 4) वच् और ख्या
2) विकल्प से सृ और ॠ
3) ह्वे, लिप् और सिच्
4) विकल्प से आत्मनेपदी ह्वे, लिप् और सिच्
5) गम् आदि (गम्, पत्, सृप्, मुच्, आप् इत्यादि)
6) द्युत् आदि (द्युत्, रुच्, शुभ्, भ्रंश्, स्त्रंस्, ध्वंस्, वृत्, स्यन्द्, वृध्, शृध्, कृप्)

7) पुष्य आदि (पुष्, उच्, लुट्, स्विद्, क्लिद्, मिद्, क्षुध्, शुध्, क्रुध्, सिध्, गृध्, तृप्, दृप्, कृप्, लुप्, लुभ्, क्षुभ्, नश्, भ्रंश्, शुष्, दुष्, श्लिष्, प्लुष्, तृष्, तुष्, हृष्, रुष्, अस्, शम्, दम्, तम्, श्रम्, भ्रम्, क्षम्, मद्, क्लम्, मुह्, द्रुह्, स्नुह्, स्निह्–इत्यादि ये सभी धातु परस्मैपदी हों तब ।

8) रुध आदि – रुध्, भिद्, दृश्, बुध् (गण 1 उभयपदी)

9) श्वि, स्तम्भ्, म्रुच्, म्लुच्, ग्रुच्, ग्लुच्, ग्लुञ्च्, जॄ आदि परस्मैपद में हों तो विकल्प से ।

| 'शास्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अशिषम् | अशिषाव | अशिषाम |
| अशिष: | अशिषतम् | अशिषत |
| अशिषत् | अशिषताम् | अशिषन् |

| अप + अस्[1] धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| अपास्थे | अपास्थावहि | अपास्थामहि |
| अपास्थथा: | अपास्थेथाम् | अपास्थध्वम् |
| अपास्थत | अपास्थेताम् | अपास्थन्त |

| 'आ + ह्वे' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| आह्वे | आह्वावहि | आह्वामहि |
| आह्वथा: | आह्वेथाम् | आह्वध्वम् |
| आह्वत | आह्वेताम् | आह्वन्त |

| पक्षे – दूसरा प्रकार | | |
|---|---|---|
| आह्वासि | आह्वास्वहि | आह्वास्महि |
| आह्वास्था: | आह्वासाथाम् | आह्वाध्वम्, आह्वाद्ध्वम् |
| आह्वास्त | आह्वासाताम् | आह्वासत |

**वच्** — अवोचत् आदि

**ख्या** — आख्यत् आदि (पा. 25 नि. 9)

**सृ** — असरत् ।–पक्षे–असार्षीत, असार्ष्टाम्, असार्षु:। दूसरा प्रकार

**टिप्पणी :** 1. उपसर्ग सहित अस् धातु उभयपदी है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **ऋ** | — | आरत् । पक्षे–आर्षीत्, आर्ष्टाम, आर्षुः। दूसरा प्रकार | | |
| **ह्वे** | — | आह्वत्, आह्वत | | |
| **लिप्** | — | **उभयपदी** अलिपत्, अलिपत । | | |
| **सिच्** | — | असिचत्, असिचत । | | |
| **गम्** | — | अगमत् । | | |
| **पत्** | — | अपप्तम् । | | |
| **द्युत्** | — | (परस्मै.)–अद्युतत्–(आत्मनेपद में) पहला प्रकार–अद्योतिष्ट । | | |
| **रुच्** | — | अरुचत्–(आत्मनेपद में) पहला प्रकार–अरोचिष्ट | | |
| **ध्वंस्** | — | परस्मैपदी–अध्वसत् । आत्मनेपद–अध्वंसिष्ट । | | |
| **पुष्** | — | अपुषत् | | |
| **तृप्** | — | अतृपत् | | |
| **उच्** | — | औचत् | | |
| **दृप्** | — | अदृपत् | | |
| **नश्** | — | अनेशत्, अनशत् । | | |
| **अस्** | — | (परस्मै) आस्थत्, अपास्थत् । | | |
| **रुध्** | — | अरुधत् | अथवा | अरौत्सीत् |
| **बुध्** | — | अबुधत् | अथवा | अबोधीत् |
| **दृश्** | — | अदर्शत् | अथवा | अद्राक्षीत् |
| **भिद्** | — | अभिदत् | अथवा | अभैत्सीत् |
| **श्वि** | — | अश्वत् | अथवा | अश्वयीत् |
| **स्तम्भ्** | — | अस्तभत् | अथवा | अस्तम्भीत् |
| **म्रुच्** | — | अम्रुचत् | अथवा | अम्रोचीत् |
| **म्लुच्** | — | अम्लुचत् | अथवा | अम्लोचीत् |
| **ग्रुच्** | — | अग्रुचत् | अथवा | अग्रोचीत् |
| **ग्लुच्** | — | अग्लुचत् | अथवा | अग्लोचीत् |
| **ग्लुञ्च** | — | अग्लुचत् | अथवा | अग्लुञ्चीत |
| **जॄ** | — | अजरत् | अथवा | अजारीत् |

## आत्मनेपद में रुध्

अरुद्ध, अरुत्साताम्, अरुत्सत । अभित्त । अबोधिष्ट ।

7. **तृप्** और **दृप्** धातु से पहले व दूसरे प्रकार के प्रत्यय होते हैं ये दोनों धातु वेट् है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पहला प्रकार** | अतर्पीत् | अतर्पिष्टाम् | अतर्पिषुः |
| **दूसरा प्रकार** | अत्राप्सीत् | अत्राप्ताम् | अत्राप्सुः |
| | अताप्र्सीत् | अताप्र्ताम् | अताप्र्सुः |
| **दृप्-पहला प्रकार** | अदर्पीत् | अदर्पिष्टाम् | अदर्पिषुः |
| **दूसरा प्रकार** | अद्राप्सीत् | अदाप्र्सीत् | |
| **विकल्प से** | अतृपत् । अदृपत् आदि | | |

## सातवाँ प्रकार – कर्तरि प्रयोग में

8. सातवें प्रकार में धातु से अ (ङ) प्रत्यय होता है । ङ प्रत्यय पर धातु की द्विरुक्ति होती है ।

**9. निम्नलिखित धातुएँ 7वें प्रकार में हैं**

1) इ (णिच् या णिग्) प्रत्यय जिसके अंत में हो (दसवें गण और प्रेरक भेद के धातु)

2) श्रि, द्रु, स्रु और कम्

3) धे (ट्धे) और श्वि विकल्प से हैं

उदा. **श्रि** – अशिश्रियत् ।

**द्रु** – अदुद्रुवत् ।

**स्रु** – असुस्रुवत् ।

**कम्** – अचकमत ।

**धे (ट्धे)** अदधत् पक्षे अधात्-(5वाँ प्रकार) । अधासीत् (4 था प्रकार)।

**श्वि –**अशिश्वियत् पक्षे–अश्वत् (6 ठा प्रकार) । अश्वयीत्–(1 ला प्रकार)

**'श्रि' धातु के परस्मैपदी रूप**

| | | |
|---|---|---|
| अशिश्रियम् | अशिश्रियाव | अशिश्रियाम |
| अशिश्रियः | अशिश्रियतम् | अशिश्रियत |
| अशिश्रियत् | अशिश्रियताम् | अशिश्रियन् |

## कम् के रूप

| | | |
|---|---|---|
| अचकमे | अचकमावहि | अचकमामहि |
| अचकमथाः | अचकमेथाम् | अचकमध्वम् |
| अचकमत | अचकमेताम् | अचकमन्त |

## शब्दार्थ

**आन्ध्र** = आन्ध्र देश के राजा (पुंलिंग)
**ईश** = प्रभु (पुंलिंग)
**गण** = समूह (पुंलिंग)
**गोचर** = विषय (पुंलिंग)
**ज्वर** = बुखार (पुंलिंग)
**पलाश** = पलाश वृक्ष (पुंलिंग)
**पात** = गिरना (पुंलिंग)
**पाप** = पापी (पुंलिंग)
**प्रत्युपकार** = बदला (पुंलिंग)
**फुत्कार** = फुत्कार (पुंलिंग)
**बन्दिन्** = मंगलपाठक (पुंलिंग)
**रसज्वर** = रसजन्य ताव (पुंलिंग)
**वश** = आधीन (पु/नपुंलिंग)
**कुटी** = झोंपड़ी (स्त्री लिंग)
**धमनी** = धमण (स्त्री लिंग)
**मैत्री** = मैत्री भावना (स्त्री लिंग)
**प्रपा** = परब (स्त्री लिंग)
**भुजा** = बाहु (स्त्री लिंग)
**भेदनीयता** = भेदभाव (स्त्री लिंग)
**श्रुति** = श्रवण (स्त्री लिंग)
**क्ष्मा** = पृथ्वी (स्त्री लिंग)
**कैतव** = कपट (नपुं. लिंग)
**वार्** = पानी (नपुं. लिंग)
**शून्य** = शून्य (नपुं. लिंग)
**श्मश्रु** = मूँछ, दाढ़ी (नपुं. लिंग)
**सुभ्रू** = स्त्री (स्त्री लिंग)
**अद्भुत** = आश्चर्यकारक (विशेषण)
**अध्वग** = मुसाफिर (विशेषण)
**आतुर** = रोगी (विशेषण)
**घोर** = भयंकर (विशेषण)
**दुःखित** = दुःखी (विशेषण)
**निवृत्त** = शान्त (विशेषण)
**स्वैर** = स्वतन्त्र (विशेषण)
**संयुक्त** = सहित (विशेषण)
**हास्यकर** =हँसी करनेवाला (विशेषण)

## धातु

**अव + इ** = जानना (गण 2 पर)
**वञ्च्** = ठगना (गण 10 आत्मने)
**वि + नि + अस्** = स्थापना करना (गण 4 पर)
**द्रु** = जाना (गण 1 पर)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. मुनि को देख राजा खुश हुआ (मुद्) और उनके अद्भुत तप सामर्थ्य का विचार करता हुआ सभा में गया (इ)

2. ये, वे वृक्ष हैं, जिनके ऊपर हम दोनों, बंदर की तरह स्वतंत्र रूप से खेलते थे। (रम्)

3. तुमने किस सुभग को दृष्टि से पीया है, (पा) जिसके कारण तुम्हारी यह दशा हुई है ? (भू)

4. हे सुभ्रु ! क्या तूने किम्पाक का फल तोड़ा (छो) और सूँघा (घ्रा) या सप्तछद पुष्प तोड़ा (छो) और सूँघा (घ्रा) जिस कारण तू इस प्रकार दु:खी हुई है। (आर्ती- भवसि)

5. वह बहुत देशों में घूमा है (भ्रम्–गण 4) और उसने बहुत ही आश्चर्यकारी वस्तुएँ देखी हैं। (दृश्)

6. युद्ध में जो भाग गए (नश्) उन्हें मैंने मारा नहीं (हन्) तथा मैं भी युद्ध में से भागा नहीं (नश्)।

7. मैंने पाप किया नहीं (कृ) तो फिर मैं दु:ख के गर्त में क्यों गिरा ? (पत्)

8. उसने हाथ द्वारा मूँछ का स्पर्श किया (स्पृश्) और उसके बाद धनुष का स्पर्श किया (स्पृश्)।

9. जो भुजा के बल से गर्व करते थे (दृप्) और मंत्र-अस्त्र द्वारा गर्व करते थे, उन सब को राजा ने वश में किया।

10. सिंह के भय से हाथी भाग गए (द्रु)। रहने के लिए (स्थातुम्) उन्होंने इच्छा नहीं की। (कम्)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. मा कार्षीत्कोऽपि पापानि, मा च भूत्कोऽपि दु:खितः।**
**मुच्यतां जगदप्येषा, मति मैत्री निगद्यते॥**

**2. राम इव दशरथोऽभूद्दशरथ इव रघुरजोऽपि रघुसदृशः।**
**अज इव दिलीपवंशश्चित्रं रामस्य कीर्तिरियम्॥**

**3. वैराग्यरङ्गः परवञ्चनाय, धर्मोपदेशो जनरञ्जनाय।**
**वादाय विद्याध्ययनं च मेऽभूत्, कियद्ब्रुवे हास्यकरं स्वमीश !॥**

**4. हृदये वससीति मत्प्रियं, यदवोचस्तदवैमि कैतवम्।**

5. जीवितेनाऽमुना किं मे, तपसा भूयसाऽपि किम् ?
श्रुतिगोचरमायासीत् स्वसूनोर्यत्पराभवः ॥

6. स आश्रमपदं किञ्चित्, चिरशून्यमशिश्रियत् ।
दुस्तपं च तपस्तेपे, शुष्कपत्रादिभोजनः ॥

7. पलाशपत्राण्यादाय, स आश्रमकुटीं व्यधात् ।
मृगाणामध्वगानां च, शीतच्छायाऽमृतप्रपाम् ॥

8. यावत्प्रत्युपकाराय क्षमीभूतोऽस्मि यौवने ।
दैवादिहागमं तावत्पापोऽहमजितेन्द्रियः ॥

9. अत्यन्तघोरनरकपातप्रतिभुवामहो ।
विषयाणां स्मरास्त्राणां, मा गास्त्वं भेदनीयताम् ॥

10. यौवने पर्यणेषीत्स, राजकन्याः कुलोद्भवाः ।
सम्पृक्तश्चाशुभत्ताभिर्लताभिरिव पादपः ।

11. कुमार ! किन्तु पृच्छामि, प्रष्टुमेवाहमागमम् ।
रसज्वरातुरेणेव, किं त्वयाऽत्याजि भोजनम् ॥

12. उत्फणाः फणिनस्तं दंष्टुं धमनीनिभैरास्यैः फुत्कारपवनानमुचन् ।

13. वचनं धनपालस्य चन्दनं मलयस्य च ।
सरसं हृदि विन्यस्य कोऽभून्नाम न निर्वृतः ॥

14. अलिप्तासिचतान्ध्रः क्ष्मामसृजा मूर्च्छितस्तदा ।
असिक्तालिपतैनं वाश्चन्दनैर्बन्दिनां गणः ॥

15. कृष्णायास्मै द्वितीयस्मै, द्वितीयायासिना नृपाः ।
द्वितीयस्मात्तृतीयाच्च, देशादेत्य नमो व्यधुः ॥

# आशीर्वाद

| परस्मैपदी – प्रत्यय | | | आत्मनेपदी प्रत्यय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| यासम् | यास्व | यास्म | सीय | सीवहि | सीमहि |
| यास् | यास्तम् | यास्त | सीष्ठास् | सीयास्थाम् | सीध्वम् |
| यात् | यास्ताम् | यासुस् | सीष्ट | सीयास्ताम् | सीरन् |

परस्मैपद के प्रत्यय कित् हैं ।

1. (i) नामी उपान्त्य अनिट् धातु से और (ii) **ऋ** वर्णांत अनिट् धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय कित् जैसे होते हैं ।
   उदा. भित्सीष्ट । कृषीष्ट । तीर्षीष्ट ।
   (iii) **गम्** धातु से आत्मनेपद के प्रत्यय विकल्प से **कित्** जैसे होते हैं ।
   उदा. संगसीष्ट, संगंसीष्ट

## परस्मैपद में विशेषता

2. ऋकारान्त धातु से ऋ का, **य** से प्रारम्भ होनेवाले आशीः के प्रत्ययों पर **रि** होता है । उदा. क्रियात् ।
3. संयोग के बाद **ऋ** हो ऐसे ऋकारान्त धातु से तथा **ऋ** धातु का, **य** से प्रारम्भ होनेवाले आशीः के प्रत्ययों पर गुण होता है । उदा. स्मर्यात् । अर्यात् ।
4. आदि में संयोग हो और अन्त में **आ** हो ऐसे आकारान्त धातु के **आ** का परस्मैपद में विकल्प से **ए** होता है । उदा. ग्लायात्, ग्लेयात् ।
5. गै (गा.), पा=(पीना), स्था, सा (सो), दा संज्ञक, मा, हा (छोड़ना) का परस्मैपद में नित्य ए होता है । उदा. गेयात् । पेयात् ।
6. **य** कारादि आशीः के प्रत्ययों पर दीर्घ होते हैं । उदा. जीयात् । स्तूयात् ।
7. **इ (ञिट्)** सिवाय आशीर्वाद में **हन्** का **वध्** होता है ।
   उदा. वध्यात्, आवधिषीष्ट । इ (ञिट्) में घानिषीष्ट ।

| 'कृ' धातु के परस्मैपदी रूप | | | 'कृ' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रियासम् | क्रियास्व | क्रियास्म | कृषीय | कृषीवहि | कृषीमहि |
| क्रियाः | क्रियास्तम् | क्रियास्त | कृषीष्ठाः | कृषीयास्थाम् | कृषीढ्वम् |
| क्रियात् | क्रियास्ताम् | क्रियासुः | कृषीष्ट | कृषीयास्ताम् | कृषीरन् |

| 'दुह्' धातु के परस्मैपदी रूप | | |
|---|---|---|
| दुह्यासम् | दुह्यास्व | दुह्यास्म |
| दुह्याः | दुह्यास्तम् | दुह्यास्त |
| दुह्यात् | दुह्यास्ताम् | दुह्यासुः |

| 'दुह' धातु के आत्मनेपदी रूप | | |
|---|---|---|
| धुक्षीय | धुक्षीवहि | धुक्षीमहि |
| धुक्षीष्ठाः | धुक्षीयास्थाम् | धुक्षीध्वम् |
| धुक्षीष्ट | धुक्षीयास्ताम् | धुक्षीरन् |

वह् – उह्यात्, वक्षीष्ट । मुद् – मोदिषीष्ट

दसवे गण के आशीः के रूप प्रेरक के पाठ में देंगे ।

## कर्मणि रूप

आत्मनेपद के प्रत्यय तथा पाठ 19 के नियम 18, 19, 20 लगाकर करें ।

उदा. नेषीष्ट, नायिषीष्ट । दासीष्ट, दायिषीष्ट ।
ग्रहीषीष्ट, ग्राहिषीष्ट । दर्शिषीष्ट, दृक्षीष्ट ।
घानिषीष्ट, वधिषीष्ट । नंसीष्ट ।

## शब्दार्थ

**ईश** = महादेव (पुंलिंग)
**पार** = अन्त (पुंलिंग)
**उमा** = पार्वती (स्त्री लिंग)
**लब्धि** = विशिष्ट शक्ति (स्त्री लिंग)
**सान्निध्य** = निकटता (नपुं.लिंग)
**सांध्य** = संध्या सम्बन्धी (विशेषण)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. सभी लब्धियाँ जिनको वरी हैं, (यं श्रिताः) वे गौतम गणधर तुम्हारी लक्ष्मी को पुष्ट करें । (पुष्)
2. सरस्वती देवी हमेशा हमारे मखकमल में सान्निध्य करे । (कृ)
3. यह पुत्र विद्या के पार को प्राप्त करे । (पारम् + या)
4. मैं लक्ष्मीवान् बनूँ (भू) और तू पुत्रवान् बन ।
5. ये दुष्ट मर जाएँ । (मृ)
6. विवेक और उत्साह को नहीं छोड़नवाले ऐसे तुम्हें तुम्हारा पुरुषार्थ सिद्धि प्रदान करे । (दा)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **हे राजन् ! यूयं लक्ष्मीमवृढ्वं द्विषोऽस्तीढ्वं पृथिवीं ववृढ्वे तत्सुखमासिषीध्वं गुरून् स्तूयास्त तथा सान्ध्यविधिं कृषीढ्वं ततश्चैतद्भुवनं यशोभिः स्तीर्षीढ्वम् ।**
2. **यथा समगतोमेशे श्रीः कृष्णे समगंस्त च ।**
   **संगंसीष्ट त्वयि तथा सा शुभैः संगसीष्ट च ।।**

# प्रकरण 6-समास भूमिका

समास अर्थात् पदों का संक्षेप। समास से भाषा संक्षिप्त बनती है और थोड़े शब्दों में भी ज्यादा कह सकते हैं। हर भाषा में समास का प्रयोग होता है। जो पद परस्पर अपेक्षित सम्बन्धवाले हों, उन्हीं पदों का समास होता है। पदों में परस्पर अपेक्षा न हो तो समास नहीं होता है।

उदा. **इदं देवदत्तस्य गृहं दृश्यते।**

**इदं देवदत्तगृहं दृश्यते।** – देवदत्त और गृह का सम्बन्ध होने से यहाँ समास होगा।

**पुस्तकं इदं देवदत्तस्य, गृहं इदं जिनदत्तस्य–**

यहाँ देवदत्त और गृह में सम्बन्ध (समान विभक्ति) नहीं होने से समास नहीं होगा।

समास को एक पद भी कहते हैं, इसी कारण एक समास का दूसरे पद या समास के साथ समास हो सकता है। समास एक पद कहलाता है अर्थात् एक स्वतंत्र शब्द बनता है। अर्थात् समास होने पर भिन्न-भिन्न विभक्तियों से प्रत्ययों का लोप हो जाता है और उस समास शब्द से ही विभक्ति के प्रत्यय लगते हैं। समास के अन्त में रहे शब्द के लिंग के अनुसार सामासिक शब्दों का लिंग होता है।

1) `देवदत्तस्य गृहम्' का समास होने पर `देवदत्तगृह'–एक शब्द बनता है, अतः उससे विभक्ति के प्रत्यय आते है और रूप चलेंगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा. | प्रथमा–द्वितीय | देवदत्तगृहम् | देवदत्तगृहे | देवदत्तगृहाणि |
| | तृतीया | देवदत्तगृहेण | देवदत्तगृहाभ्यां | देवदत्तगृहैः |

2) नीलं च तद् उत्पलं च – नीलोत्पलम्

रूप – नीलोत्पलम्, नीलोत्पले, नीलोत्पलानि।

3) रामश्च लक्ष्मणश्च – रामलक्ष्मणौ, रामलक्ष्मणाभ्याम्।

4) धवश्च खदिरश्च पलाशश्च–धवखदिरपलाशाः धवखदिरपलाशान्, धवखदिरपलाशैः।

5) धवश्च खदिरश्च अनयोः समाहारः धवखदिरम्, धवखदिरेण, धवखदिराय आदि।

6) धवश्च खदिरश्च पलाशश्च एतेषां समाहारः धवखदिरपलाशम् धवखदिरपलाशेन, धवखदिरपलाशाय आदि ।

समास एक पद होता है, फिर भी उसमें अलग–अलग शब्द भी पद कहलाते हैं, अतः पद सम्बन्धी कार्य, सन्धि आदि अवश्य होगी । समास में सन्धि अवश्य करें ।

उदा. नीलं च तद् उत्पलं च – नीलोत्पलम् ।

स्फुराणि च तानि छत्राणि – स्फुरच्छत्राणि ।

संश्चासौ जनश्च सज्जनः ।

मनसः भाव – मनोभावः ।

राज्ञः पुरुष – राजपुरुषः (न् का लोप-प्र.पा.47 नि.2)

गिरः अर्थ – गीरर्थः = (दीर्घ–पाठ 21 नियम 7)

विदुषां अनुचरः विद्वदनुचरः । – (स् का द् हुआ । पा. 26 नि. 24)

## समास के चार प्रकार

बहुव्रीही, अव्ययीभाव, तत्पुरुष और द्वन्द्व ।

– तत्पुरुष समास के दो भेद कर्मधारय और द्विगु होने से समास के छह भेद होते हैं ।

– कुछ समास नित्य होते हैं । नित्य समास का विग्रह नहीं होता है, परन्तु उसके अर्थ के अनुसार वाक्य करते हैं । उदा. अनुरथम् का रथस्य पश्चात्

– कुछ समास में पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता है, उसे अलुप् समास कहते हैं । उदा. भस्मनि हुतम् – भस्मनिहुतम् । **(सप्तमि तत्पुरुष)**

– समास के कई पूर्वपद और उत्तरपद में भी कई परिवर्तन होते हैं ।

– समास के अन्तिम पद को उत्तरपद और उसके पहले के पद को पूर्वपद कहते हैं ।

– समास के अन्त में भी कई समासान्त प्रत्यय लगते हैं । समासान्त प्रत्ययों का समावेश तद्धित के प्रत्ययों में किया गया है । अतःतद्धित के प्रत्ययों पर जो नियम लगेंगे, वे समासान्त प्रत्ययों पर भी लगेंगे ।

– एक समान दिखाई देने वाला समास भिन्न–भिन्न प्रकार का भी हो सकता है ।

उदा. महाबाहु – महांश्चासौ बाहुश्च-महाबाहुः । कर्मधारय

महान्तौ बाहू यस्य सः – महाबाहुः । बहुव्रीहि

मेघस्य नादः – मेघनादः । षष्ठीतत्पुरुष

मेघवत् नादः यस्य स मेघनादः । बहुव्रीहि

समासों का विग्रह करते समय निम्न बातें अवश्य जाननी चाहिए–

(i) समास का प्रकार, शब्दों के लिंग, वचन ।

(ii) संपूर्ण समास का लिंग, विभक्ति, वचन ।

(iii) विग्रह वाक्य का प्रयोग आदि ।

उदा. कमले इव नेत्रे यस्य सः = कमलनेत्रः । (पुंलिंग एक वचन)

- कमले इव नेत्रे यस्या:सा = कमलनेत्रा । (स्त्री लिंग एक वचन)
- कमले इव नेत्रे ययोः ते = कमलनेत्रे । (स्त्री लिंग एक वचन)

कुक्कुटश्च मयूरी च = कुक्कुटमयूर्यौ ।

देवदत्तस्य गृहम् – देवदत्तगृहम् – तस्मिन् – देवदत्तगृहे ।

कमले इव नेत्रे यस्याः सा = कमलनेत्रा – तत्संबोधने – हे कमलनेत्रे !

जनानां समूहः = जनसमूहः ।

जिताः अरयः येन स = जितारिः । (कर्मणि)

नष्टं स्वं यस्य स = नष्टस्वः । (कर्त्तरि)

प्रगता असवः यस्मात् स = प्रासुकः । विमलं यशो यस्य स = विमलयशाः ।

गतं यौवनं येषां ते = गतयौवनाः । सिद्धा विद्या यस्य सः = सिद्धविद्यः ।

लंबे समास में सर्व प्रथम मुख्य समास का विग्रह कर फिर छोटे समासों का विग्रह करना चाहिए ।

उदा. (i) शुद्धाऽकषायहृदयः –

शुद्धं अकषायं हृदयं यस्य स शुद्धाऽकषायहृदयः (बहुपद बहुव्रीहि)

न विद्यन्ते कषाया यस्मिन् तत् अकषायम् ।

(ii) स्वपापभरपूरितः – स्वपापभरेण पूरितः स्वपापभरपूरितः ।

विग्रह – स्वस्य पापम् = स्वपापम् ।

स्वपापस्य भरः = स्वपापभरः । तेन पूरितः=स्वपापभरपूरितः ।

(iii) हर्षविषादपूरितहृदयः – हर्षश्च विषादश्च हर्षविषादौ ।

हर्षविषादाभ्यां पूरितं हृदयं यस्य सः = हर्षविषादपूरितहृदयः ।

# बहुव्रीहि – समास

## 1. संख्यार्थ बहुव्रीहि

1. **'इतनी बार'** अर्थ में तथा विकल्प या संशय अर्थ में वर्तमान संख्यावाचक नाम, संख्येय (विशेषण) में वर्तमान संख्यावाचक नाम के साथ बहुव्रीहि समास होता है ।
   उदा. द्विः दश – **द्विदशाः** वृक्षाः । (बीस वृक्ष) – (नि.16 देखे ।)
   त्रिर्दश – **त्रिदशाः** वृक्षाः । (तीस वृक्ष)
   द्विर्विंशतिः – **द्विविंशा** वृक्षाः (चालीस वृक्ष) (ति का डित् प्रत्यय पर लोप)
   द्वौ वा त्रयो वा – **द्वित्राः** जनाः । (दो या तीन लोग)
   सप्त वा अष्ट वा – **सप्ताष्टाः ।**
   पञ्च वा षड् वा – **पञ्चषाः ।**
   त्रयो वा चत्वारो वा – **त्रिचतुराः ।** (नि. 17 देखे)
2. **आसन्न, अदूर, अधिक** और **अध्यर्ध** नाम तथा **अर्ध** के बाद रहा **पूरण प्रत्ययांत नाम, संख्यावाची नाम** के साथ द्वितीय आदि विभक्तिवाले अन्य पद के संख्येय रूप विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास होता है ।
   उदा. आसन्ना दश येषां येभ्यो वा ते **आसन्नदशाः** वृक्षाः । (9 या 11 वृक्ष)
   वैसे ही – **आसन्नविंशाः** (19 या 21) । **आसन्नत्रिंशाः** (29 या 31) ।
   **अदूरदशाः** (9 या 11) ।
   अधिका दश येभ्यो येषु वा ते **अधिकदशाः** । (ग्यारह आदि)
   अध्यर्धा विंशतिः येषां ते **अध्यर्धविंशाः** । (डेढ बीस संख्या=30)
   अर्धपञ्चमा विंशतयः येषां ते **अर्धपञ्चमविंशाः** अश्वाः ।
   (साढ़े चार बीस अर्थात् 90 घोड़े)
3. **अव्यय नाम, संख्यावाचक नाम** के साथ द्वितीया आदि विभक्तिवाले अन्य पद के संख्येय रूप विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास पाते हैं–
   उप–समीपे दश येषां ते **उपदशाः** (9 या 11)
   इसी प्रकार :
   उपविंशाः । उपचत्वारिंशाः । उपचतुराः ।

## 2. समानाधिकरण बहुव्रीहि

4. **एक समान विभक्ति में रहा एक या अनेक नाम** तथा **अव्यय, दूसरे नाम के साथ** में द्वितीया आदि विभक्तिवाले अन्य पद के विशेषण के रूप में बहुव्रीहि समास होता है –

### एक नाम का दूसरे नाम के साथ–द्विपद बहुव्रीहि

1) आरूढो वानरो यं स **आरूढवानरो** वृक्षः ।
2) ऊढो रथो येन स **ऊढरथो**ऽनड्वान् ।
3) उपहृतो बलिः अस्यै सा **उपहृतबलिः** यक्षी ।
4) भीताः शत्रवो यस्मात् स **भीतशत्रु**-र्नृपः ।
5) चित्रा गावो यस्य स **चित्रगु**श्चैत्रः । (नि. 9 देखे)
6) अर्धं तृतीयमेषाम् ते **अर्धतृतीयाः** द्वीपाः (ढाई द्वीप) ।
7) वीराः पुरुषाः सन्ति अस्मिन् स **वीरपुरुषको** ग्रामः । (नि.27 देखे)

### अनेक नाम का दूसरे नाम के साथ–बहुपद बहुव्रीहि

1) आरूढा बहवो वानरा यं स **आरूढबहुवानरो** वृक्षः ।
2) पञ्च पूला धनमस्य स **पञ्चपूल**धनः ।
3) मत्ता बहवो मातङ्गा यत्र **तन्मत्तबहुमातङ्गं** वनम् ।

### अव्यय का दूसरे नाम के साथ–अव्यय बहुव्रीहि

| | |
|---|---|
| 1) उच्चैर्मुखमस्य स **उच्चैर्मु**खः । | व्यधिकरण |
| 2) अन्तरङ्गानि यस्य स **अन्तरङ्गः** । | व्यधिकरण |
| 3) कर्तुं कामोऽस्य स **कर्तुकामः** । (नि.13 देखे) | व्यधिकरण |
| 4) अस्ति क्षीरमस्याः सा **अस्तिक्षीरा** गौः । | समानाधिकरण |

## 3. उष्ट्रमुखादि बहुव्रीहि

5. उष्ट्रमुख आदि बहुव्रीहि समास स्वयंसिद्ध हैं । जैसे–

### उपमान – उपमेय बहुव्रीहि

1) उष्ट्रस्य मुखमिव मुखं अस्य स **उष्ट्रमुखः** ।
2) हरिणाक्षिणी इव अक्षिणी यस्याः सा **हरिणाक्षी** । (नि. 15 देखे)
3) हंसगमनं इव गमनं यस्याः साः **हंसमगना** ।
4) इभकुम्भौ इव स्तनौ यस्याः सा **इभकुम्भस्तनी** ।
5) चन्द्र इव मुखं यस्याः सा **चन्द्रमुखी** ।

6) कमलमिव वदनं यस्याः सा **कमलवदना** ।
इस प्रकार भी विग्रह कर सकते हैं–
उष्ट्रस्य इव मुखं यस्य स **उष्ट्रमुखः** । अथवा
उष्ट्रवत् मुखं यस्य स **उष्ट्रमुखः** ।

## अलुप् बहुव्रीहि

उरसि (स्थितानि) लोमानि यस्य स **उरसिलोमा** ।

## प्रादि बहुव्रीहि

1) प्रपतितानि पर्णानि अस्य स **प्रपर्णः** ।
2) निर्गतं तेजो यस्मात् स **निस्तेजाः** ।
3) उद्‌गता कन्धरा यस्य स **उत्कन्धरः** ।
4) विगतो धवो यस्याः सा **विधवा** ।

## नञ् बहुव्रीहि

1) अविद्यमानः पुत्रोऽस्य सः **अपुत्रः** ।
2) न विद्यन्ते चौरा अस्मिन् सः **अचौरः** पन्थाः ।
3) नास्ति आदिर्यस्य सः **अनादिः** संसारः ।
4) असन् उत्सेध अस्य स **अनुत्सेधः** प्रासादः ।

## व्यधिकरण बहुव्रीहि

1) इन्दुर्मौलौ यस्य स **इन्दुमौलिः** ।
2) पद्मं हस्ते अस्य स **पद्महस्तः** ।
3) असिः पाणौ यस्य सः **असिपाणिः** ।
4) धनु–र्हस्ते यस्य स **धनुर्हस्तः** ।
5) इन्द्रस्य उपमा यस्य यस्मिन् वा स **इन्द्रोपमो** राजा ।

## 4. सहार्थ बहुव्रीहि

6. **सह** अव्यय, तृतीयांत नाम के साथ अन्य पद के विशेषण रूप में बहुव्रीहि समास होता है। उदा. सह पुत्रेण **सपुत्रः** आगतः। सह छात्रेण **सच्छात्र** आगतः। सह मदेन वर्तते **समदः । सधनः । सस्मयः ।**

## 5. दिगर्थ बहुव्रीहि

7. लोक व्यवहार में प्रचलित दिशावाचक नाम दूसरे दिशावाचक नाम के साथ बहुव्रीहि समास होता है। यह समास उन उन दिशाओं के अंतराल को बताता है।

उदा. दक्षिणस्याः च पूर्वस्याः च दिशोर्यद् अन्तरालं सा **दक्षिणपूर्वा** दिक् । (अग्निकोण)

इसी प्रकार – **पूर्वोत्तरा** (ईशानकोण) । **उत्तरपश्चिमा** । **दक्षिणपश्चिमा ।**

## समास उपयोगी विधि

8. **उपमान वाचक** शब्द के बाद रहे **उरु** शब्द से स्त्रीलिंग में **ऊ** (ऊङ्) प्रत्यय होता है । तथा **सहित, संहित, सह, सफ, वाम** और **लक्ष्मण** शब्द के बाद रहे **उरु** शब्द से भी ऊ होता है ।

   उदा. करभ इव **ऊरू** यस्याः सा करभोरूः । रम्भोरूः ।

   वामौ (सुन्दरौ) **ऊरू** यस्याः सा वामोरूः ।

   परंतु – वृत्तौ उरू यस्याः सा वृत्तोरुः । पीनोरुः । ऊ नहीं होगा ।

9. **'गो'** शब्द, ई (ङी), आ (आप्) और ऊ (ऊङ्) प्रत्ययांत स्त्रीलिंग शब्द, समास के अंत में हो और गोण हो गए हो तो उनका स्वर ह्रस्व होता है ।

   परंतु **अंशि समास** और **ईयस् (ईयसु) प्रत्ययांत** बहुव्रीहि में स्वर ह्रस्व नहीं होता है ।

   उदा.चित्रा गावो यस्य स **चित्रगुः** ।

   प्रिया खट्वा यस्य स **प्रियखट्वः** ।

   वाराणस्या निर्गतः – **निर्वाराणसिः** । (प्रादितत्पुरुष-पाठ 33नि.6)

   खट्वामतिक्रान्तः – **अतिखट्वः** ।

   वामोरूमतिक्रान्तः – **अतिवामोरुः** ।

   परंतु

   अर्धं पिप्पल्याः **अर्धपिप्पली** (अंशि तत्पुरुष पाठ. 33 नि. 11)

   बहवः प्रेयस्यो यस्य स **बहुप्रेयसी** पुरुषः ।

10. **आ (आप्)** प्रत्यय का स्वर, **क (कच्)** प्रत्यय पर विकल्प से ह्रस्व होता है ।

   उदा. कान्ता भार्या यस्य स **कान्तभार्यकः, कान्तभार्याकः ।**

   वैसे ही– **लक्ष्मीभार्यकः, लक्ष्मीभार्याकः ।**

   **प्रियखट्वकाः, प्रियखट्वाका,**

   **प्रियखट्विका** (स्त्रीलिंग में इ भी होता है)

## पूर्वपद विधि

11. **विशेषण स्त्रीलिंग** शब्द, समान विभक्ति में रहे स्त्रीलिंग उत्तरपद पर पुंवत् होता है, परन्तु ऊ (ऊङ्) प्रत्ययान्त शब्द पुंवत् नहीं होता है ।

उदा. दर्शनीया भार्या यस्य स **दर्शनीयभार्यः** ।

पट्वी भार्या यस्य स **पटुभार्यः** ।

परन्तु करभोरू भार्यः यहाँ पुंवत् नहीं होगा ।

12. सर्वनाम स्त्रीलिंग शब्द पुंवत् होता है ।

उदा. **दक्षिणपूर्वा** । भवत्याः पुत्रः **भवत्पुत्रः** । (षष्ठी तत्पुरुष)

13. **तुम्** और **सम्** के म् का **मनस्** और **काम** उत्तरपद पर लोप होता है ।

उदा. भोक्तुं मनः यस्य स भोक्तुमनाः ।

गन्तुं कामः यस्य स गन्तुकामः ।

सम्यग् मनः यस्य समनाः । सकामः ।

14. **धर्म** आदि उत्तरपद में हो तो समान का **स** होता है ।

उदा. समानो धर्मः यस्य स **सधर्मा । सनामा । सरूपः । सवयाः ।**

## समासान्त प्रत्यय

15. **सक्थि** और **अक्षि** अन्तवाले बहुव्रीहि से **अ (ट)** होता है ।

उदा. दीर्घं सक्थि यस्य स **दीर्घसक्थः** । स्त्रीलिंग–**दीर्घसक्थी ।**

विशाले अक्षिणी यस्य यस्या वा **विशालाक्षः, विशालाक्षी ।**

कमले इव अक्षिणी यस्य यस्या वा **कमलाक्षः, कमलाक्षी ।**

16. **संख्यावाचक शब्द** अन्त में हो ऐसे बहुव्रीहि से **अ (ड)** होता है ।

उदा. द्विः दश = द्विदशाः। इसी प्रकार **द्वित्राः, द्विचताः, पञ्चषाः ।**

17. **न, सु, वि, उप** और **त्रि** शब्द के बाद **चतुर्** शब्द हो तो ऐसे बहुव्रीहि से **अ (अप्)** होता है ।

उदा. अविद्यमानानि चत्वारि यस्य सोऽ**चतुरः ।**

शोभनानि चत्वारि यस्य स **सुचतुरः ।**

विगतानि चत्वारि यस्य स **विचतुरः ।**

उप-समीपे चत्वारो येषां ते **उपचतुराः।** त्रयो वा चत्वारो वा **त्रिचतुराः।**

एवं **पूरण** प्रत्यय अन्त वाले स्त्रीलिंग शब्द अन्त में हो ऐसे बहुव्रीहि से **अ (अप्)** होता है । परंतु वे शब्द प्रधानता वाले होने चाहिए ।

उदा. कल्याणी पञ्चमी रात्रिर्यासां रात्रीणां ताः=**कल्याणी पञ्चमा रात्रयः ।**

अर्धा पञ्चमी विंशतिर्यासां विंशतीनां ताः=**अर्धपञ्चमा विंशतयः।**

18. **न, सु** और **दूर्** के बाद **प्रजा** हो ऐसे बहुव्रीहि से **अस्** होता है ।
उदा. न विद्यन्ते प्रजा यस्य सः **अप्रजाः, अप्रजसौ, अप्रजसः । सुप्रजाः । दुष्प्रजाः ।**

19. **न, सु, दुर्** तथा **मन्द** और **अल्प** के बाद **मेधा** हो ऐसे बहुव्रीहि से अस् होता है । उदा. अमेधाः । मन्दमेधाः । आदि

20. **धर्म** शब्द अन्त में हो ऐसे **द्विपद् बहुव्रीहि** से **अन्** होता है ।
उदा. समानो धर्मो यस्य स **सधर्मा, सधर्माणौ, सधर्माणः ।**

21. **सु, पूति, उद्** और **सुरभि** के बाद **गन्ध** हो ऐसे बहुव्रीहि से **इ** होता है ।
उदा. सुगन्धिः कायः ।

22. उपमान के बाद गन्ध शब्द हो ऐसे बहुव्रीहि से विकल्प से इ होता है ।
उदा.उत्पलस्य इव गन्धः यस्य तद् **उत्पलगन्धि, उत्पलगन्धम्** मुखम् ।

23. बहुव्रीहि में **धनुष्** का **धन्वन्** और **जाया** का **जानि** होता है ।
उदा. पुष्पं धनुः यस्य **पुष्पधन्वा ।** (कामः)
उमा जाया यस्य **उमाजानिः ।** (शम्भुः)

24. **इन्** अन्तवाले स्त्रीलिंग बहुव्रीहि से **क (कच्)** होता है ।
उदा. बहवो दण्डिनोऽस्यां **बहुदण्डिका** सेना । **बहुस्वामिका** पुरी ।

25. **ऋकारान्त नाम** तथा जिन नामों से **ऐ, आस्, आस्, आम्** प्रत्यय नित्य हों ऐसे नाम जिसके अंत में हों ऐसे बहुव्रीहि से **क (कच्)** होता है ।
उदा. **बहुकर्तृकः, बहुनदीको** देशः, **सवधूकः** ।

26. **न** के बाद अर्थ हो, ऐसे बहुव्रीहि से **क (कच्)** होता है ।
उदा. न विद्यते अर्थः यस्य तद् **अनर्थकं** वचः ।

27. कई बहुव्रीहि से विकल्प से **क (कच्)** होता है ।
**वीरपुरुषको, वीरपुरुषो** ग्रामः । **बहुस्वामिकं, बहुस्वामि** नगरम् ।
सह कर्मणा वर्तते – **सकर्मकः, सकर्मा । सपक्षक, सपक्षः** ।

28. ओष्ठ और ओतु के बाद समास में `अ' वर्ण का विकल्प से लोप होता है । ओतु = बिल्ला (पुं) ।
उदा. बिम्बवत् औष्ठौ यस्याः सा – बिम्बोष्ठी - बिम्बौष्ठी ।
बिम्बोष्ठा - बिम्बौष्ठा ।
स्थूलश्चासौ ओतुश्च – स्थूलोतुः स्थूलौतुः।

## शब्दार्थ

**आखण्डल** = इन्द्र (पुंलिंग)
**आदि** = प्रारम्भ (पुंलिंग)
**उत्सेध** = ऊँचाई (पुंलिंग)
**उरु** = जंघा (पुंलिंग)
**एण** = हरण (पुंलिंग)
**करभ** = जानवर का बच्चा, कलाइ से नाखून तक हाथ की पीठ (पुंलिंग)
**कलम** = कलमी चावल (पुंलिंग)
**कषाय** = राग-द्वेष (पुंलिंग)
**कुम्भ** = घड़ा, कुंभस्थल (पुंलिंग)
**जन्तु** = जीव जंतु (पुंलिंग)
**धव** = पति (पुंलिंग)
**निशाकर** = चन्द्र (पुंलिंग)
**पूल** = घास का पूला (पुंलिंग)
**मातङ्ग** = हाथी, चण्डाल (पुंलिंग)
**लक्ष्मण** = सुन्दर (पुंलिंग)
**शशाङ्क** = चन्द्र (पुंलिंग)
**स्मय** = गर्व (पुंलिंग)
**सहस्त्रजिह्व** = बृहस्पति (पुंलिंग)
**सहस्त्राक्ष** = इन्द्र (पुंलिंग)
**सफ** = संक्लिष्ट (पुंलिंग)
**हरिण** = हिरण (पुंलिंग)

**उपमा** = सदृशता, समानता (स्त्री.)
**कन्धरा** = गर्दन (स्त्रीलिंग)
**खट्वा** = पलंग, खाट (स्त्रीलिंग)
**चेष्टा** = प्रवृत्ति (स्त्रीलिंग)
**जीविका** = आजीविका (स्त्रीलिंग)
**तारा** = तारा (स्त्रीलिंग)
**मेधा** = बुद्धि (स्त्रीलिंग)
**रम्भा** = केल (स्त्रीलिंग)
**आतपत्र** = छत्र (नपुंसक लिंग)
**उरस्** = छाती (नपुंसक लिंग)
**कज्जल** = काजल (नपुंसक लिंग)
**कुटुम्ब** = परिवार (नपुंसक लिंग)
**करण** = इन्द्रिय (नपुंसक लिंग)
**गात्र** = शरीर (नपुंसक लिंग)
**पल** = मांस (नपुंसक लिंग)
**लोमन** = रोम (नपुंसक लिंग)
**पूति** = खराब (विशेषण)
**सहस्त्रजिह्व** = हजार जीभवाला (वि.)
**सहस्त्राक्ष** = हजार नेत्रवाला (वि.)
**अन्तर्** = अन्दर (विशेषण)
**अस्ति** = है (विशेषण)

## धातु

**उद्+सह्**=उत्साह रखना (गण 1 आत्मने)
**उप+स्था**=हाजिर होना, तैयार होना (गण 1 आत्मने)
**काङ्क्ष्**=इच्छा करना (गण 1 परस्मै.)
**प्रथ्**=प्रख्यात होना (गण 1 आत्मने)
**सम्+प्रथ्**=प्रख्यात होना (गण 1 आत्मने)

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. नौ या ग्यारह गुर्जर सैनिकों ने, मस्त हैं बहुत से हाथी ऐसे शत्रु के सैन्य में, चढ़े हुए सैनिकवाले नब्बे घोड़ों का मारा (हन्) ।
2. **हे वामोरु और हे पीनोरु ! तुम यहाँ बैठो ।**
3. तीव्र पाप के उदय में रंभा समान जंघावाली भार्यावाला अथवा शोभन भार्यावाला भी दु:ख का स्थान बनता है । (दु:खास्पदम्)
4. **अग्निकोण में रहा अग्नि सतेज होता है ।**
5. अच्छे मनवाला प्रणाम करने की इच्छावाला कुमार पिता के पास (पितरि) आया ।
6. **समान धर्मवाले मनुष्य को देखकर समान धर्मवाले मनुष्य खुश होते हैं ।**
7. वह कुमार तीन जगत् में (उपचतुरेषु जगत्सु) प्रख्यात था । (सम् + प्रथ्)
8. **इस जगत् में सर्वोत्तम पुरुष दो या तीन, दो या चार, तीन या चार अथवा पाँच-छह होते हैं ।**
9. उत्कट (अच्छी) गन्धवाले दूध और सुगन्धित चावल (कलम) को छोड़कर लोग खराब गन्धवाले मांस (पल) को चाहते हैं । (काङ्क्ष्)
10. **कुमारपाल राजा द्वारा सुस्वामीवाली इस पृथ्वी पर कोई भी मनुष्य किसी भी जीव को मारता नहीं था ।**
11. बहुत हैं वीर पुरुष जिसमें, ऐसे इस गाँव को शत्रुओं का भय उपस्थित नहीं होता है । (उप + स्था)

## हिन्दी में अनुवाद करो :

1. **भूषणाद्युपभोगेन प्रभुर्भवति न प्रभुः ।**
   **परैरपरिभूताऽऽज्ञस्त्वमिव प्रभुरुच्यते ॥**
2. **अद्य मे सफलं जन्म, अद्य मे सफला क्रिया ।**
   **अद्य मे सफलं गात्रं, जिनेन्द्र ! तव दर्शनात् ॥**

3. निरीक्षितुं रूपलक्ष्मीं सहस्राक्षोऽपि न क्षमः ।
स्वामिन्सहस्रजिह्वोऽपि, शक्तो वक्तुं न ते गुणान् ॥

4. खमिव जलं जलमिव खं, हंस इव शशी शशाङ्क इव हंसः ।
कुमुदाकारस्तारा: ताराकाराणि कुमुदानि ॥

5. वदनस्य तवैणाक्षि ! लक्ष्यते पुरतः शशी ।
पिण्डीकृतेन बहुना कज्जलेनेव निर्मितः ॥

6. सुप्तामेकाकिनींमुग्धां विश्वस्तां त्यजतः सतीम् ।
उत्सेहाते कथं पादौ नैषधेरल्पमेधसः ॥

7. अखण्डशासने राज्ञि तस्मिन्नाखण्डलोपमे ।
एकातपत्रैवाभूद् भूर्द्यौरिवैकनिशाकरा ॥

8. दुर्मेधसस्तस्य वचोऽल्पमेधसः, श्रुत्वेति राज्ञा जगदे सुमेधसा ।
अमेधसो धिग्बत मन्दमेधसो, हिंसन्ति जन्तून्निजजीविकाकृते ॥

9. भद्र ! किमसि वक्तुकामः ?

10. शुद्धाऽकषायहृदयो जितकरणकुटुम्बचेष्टो मुक्तकुटुम्बस्नेहो योगी मोक्षपदं प्राप्य न संसारे समायाति ।

## अव्ययी भाव समास

1. (i) **'परस्पर ग्रहण कर किया गया युद्ध'** – इस अर्थ में सप्तम्यन्त नाम, दूसरे सप्तम्यन्त नाम के साथ तथा

(ii) **'परस्पर प्रहार कर किया गया युद्ध'** – इस अर्थ में तृतीयान्त नाम, दूसरे तृतीयान्त नाम के साथ अव्ययीभाव समास होता है।

उदा.

1. केशेषु च केशेषु च मिथो गृहीत्वा कृतं युद्धम्-**केशाकेशि**[1] युद्धम्। वैसे ही **कराकरि।**

2. दण्डैश्च दण्डैश्च मिथः प्रहृत्य कृतं युद्धं – **दण्डादण्डि** युद्धं, **गदागदि।**

2. **पारे, मध्ये, अग्रे** और **अन्तर्** ये नाम षष्ठ्यन्त नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से विकल्प से अव्ययीभाव समास होते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गङ्गायाः | पारम् | **पारेगङ्गम्**[2] | अथवा | **गङ्गापारम्** | (षष्ठीतत्पुरुष) |
| गङ्गायाः | मध्यम् | **मध्येगङ्गम्** | अथवा | **गङ्गामध्यम्** | ,, |
| वनस्य | अग्रम् | **अग्रेवणम**[3] | अथवा | **वनाग्रम्** | ,, |
| गिरेरन्तः | | **अन्तर्गिरि** | अथवा | **गिर्यन्तः** | ,, |

3. **''अवधारण''** दिखाई देता हो तो **यावद्** नाम दूसरे नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होता है।

उदा. यावन्ति अमत्राणि तावन्त इति–**यावदमत्रम्** अतिथिनाम् आमन्त्रयस्व। (बोलने वाले व्यक्ति को बर्तनों की संख्या मालूम है, अतः जितने बर्तन उतने अतिथि कहने से अतिथि की संख्या का निश्चय, जितने बर्तन उतने अतिथि का ख्याल आता है।

---

1. अकारान्त सिवाय के अव्ययी भाव समास से विभक्ति के प्रत्यय का लोप होता है। (नि.11 देखे)
2 (i) अव्ययी भाव समास नपुंसक लिंग में होता है। (ii) समास प्रकरण के नियमों में जो प्रथम विभक्ति में रखे है, वे नाम समास मे पहले रखे जाते है।
3. यहाँ न् का ण् हुआ है।

4. **परि**[1] **, अप , आ**[2] **, बहिस्**[3] तथा **अच्** जिसके अन्त में हो ऐसे अव्यय नाम, पञ्चम्यन्त नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययीभाव समास होते हैं ।

उदा. परि त्रिगर्तेभ्यः **परित्रिगर्तम्, अपत्रिगर्तम्, अपविचारम् ।**

आ ग्रामात्–**आग्रामम्, बहिर्ग्रामम्** । प्राग् ग्रामात् – **प्राग्ग्रामम्** ।

5. **अभिमुख** अर्थ में रहे **अभि** तथा **प्रति** नाम **लक्षण-चिह्नवाची नाम** के साथ पूर्व पद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होता हैं ।

उदा. अभि अग्निम् – **अभ्यग्नि** ।

**प्रत्यग्नि** शलभाः पतन्ति । (अग्नि की ओर पतंगे गिरते हैं)

6. **अनु** नाम **दीर्घता सूचक लक्षण** नाम के साथ पूर्वपद की मुख्यता से अव्ययी भाव समास होता है ।

उदा. अनु गङ्गां दीर्घा – **अनुगङ्गम्** वाराणसी ।

गंगा के समान काशी नगरी लम्बी है ।

अर्थात् गंगा के किनारे किनारे काशी है ।

7. **'समीप'** अर्थ में रहे **अनु** नाम, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से समास होता है ।

उदा. अनुनृपस्य–अनुनृपं पिशुनाः । (राजा के पास चापलूस लोग होते हैं ।)

8. भिन्न-भिन्न अर्थ में अव्यय नाम, दूसरे नामके साथ पूर्व पद की मुख्यता से नित्य अव्ययी भाव समास होते हैं । उदा.

---

**टिप्पणी :** 1. **परि** और **अप** के साथ जुड़े नाम के साथ पंचमी विभक्ति होती है, परन्तु वह नाम 'वर्ज्य' हो तो ।

उदा. **परि अप वा पाटलिपुत्राद् वृष्टो मेघः ।** पाटलिपुत्र को छोड़कर मेघ बरसा ।

2. **'अवधि'** अर्थ में वर्तमान में नाम से **आ** के योग में पञ्चमी विभक्ति होती है ।

उदा. **आ मुक्तेः संसारः ।** मुक्ति तक संसार है ।

**आ कुमारेभ्यो यशो गतं गौतमस्य ।** (कुमारों तक गौतम का यश फैला ।)

अवधि शब्द के दो अर्थ होते हैं – मर्यादा या अभिविधि

**आ पाटलिपुत्राद् वृष्टो मेघः** (यहाँ दोनों अर्थ ले सकते हैं)

3. प्रभृति (प्रारंभ करके) अर्थवाले शब्द, अन्य अर्थवाले शब्द, दिक् तथा बहिस्, आरात् व इतर शब्दों के योग में पञ्चमी होती है ।

उदा. ततः प्रभृति । ग्रीष्माद् आरभ्य । अन्यो मैत्रात् । भिन्नश्चैत्रात् ।

ग्रामात्पूर्वस्यां दिशि वसति । पश्चिमः रामाद्युधिष्ठिरः ।

प्राग् ग्रामात् । बहिर्ग्रामात् । आराद् ग्रामात् क्षेत्रं । इतरश्चैत्रात् ।

स्त्रीषु निधेहि – **अधिस्त्रि** निधेहि ।
वेलायाम् – **अधिवेलं** भुङ्क्ष्व ।
कुम्भस्य समीपम् – **उपकुम्भम् । उपारामम् ।**
मक्षिकाणाम् अभावः – **निर्मक्षिकम् । निरालोकम् ।**
हिमस्य अत्ययः – **अतिहिमम् ।**
रथस्य पश्चात् – **अनुरथम् ।**
ज्येष्टस्य अनुक्रमेण – **अनुज्येष्टं** प्रविशन्तु ।
वृद्धानुक्रमेण – **अनुवृद्धं** साधून् अर्चय ।
तृणमपि अपरित्यज्य – **सतृणं** अभ्यवहरति । **सतुषम् ।**

9. **योग्यता, वीप्सा, अर्थ की अनतिवृत्ति** और **सादृश्य अर्थ** में रहे अव्यय नाम, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से नित्य अव्ययीभाव समास होता है ।
उदा.
रूपस्य योग्यम् – **अनुरूपं** चेष्टते । – रुप के योग्य चेष्टा करता है ।
अर्थं-अर्थं प्रति – **प्रत्यर्थम्** । – प्रत्येक अर्थ में ।
दिनं-दिनं प्रति – **प्रतिदिनम्** । – हर रोज ।
शक्तेः अनतिक्रमेण – **यथाशक्ति** पठ । – शक्ति के अनुसार पढ़ ।
शीलस्य सादृश्यम् – **सशीलं** अनयोः । – इन दोनों के शील समान है ।

10. **सादृश्य सिवाय** उपर्युक्त अर्थ में **यथा** अव्यय, दूसरे नाम के साथ पूर्व पद की मुख्यता से **नित्य अव्ययीभाव** समास होता है ।
रूपस्य अनुरूपम् – **यथारूपम्** चेष्टते ।
ये ये वृद्धाः तान् – **यथावृद्धम्** अभ्यर्चय ।
सूत्रस्य अनतिवृत्या – **यथासूत्रम्** अनुतिष्ठति ।

## समासान्त प्रत्यय

11. **युद्ध** अर्थ में हुए समास के अन्त में **इ (इच्)** होता है ।
उदा. केशाकेशि[1] ।

12. **प्रति, परस्** और **अनु** पहले हो और **अक्षि** अन्त में हो ऐसे अव्ययी भाव से **अ** होता है ।

---

**टिप्पणी :** 1. इ (इच्) प्रत्ययान्त व्यंजनादि उत्तरपद पर पूर्वपद का स्वर दीर्घ होता है, अथवा उसके स्थान पर **आ** होता है । उदा. केशाकेशि, मुष्टीमुष्टि, मुष्टामुष्टि । अस्यसि ।

उदा. अक्षिणी प्रति – **प्रत्यक्षम्** ।

अक्ष्णोः परः – **परोक्षम्** ।

अक्ष्णोः समीपम् – **अन्वक्षम्** ।

13. **अन्** अन्तवाले अव्ययीभाव से **अ** होता है ।

उदा. राज्ञः समीपम् – **उपराजम्**[1] ।

आत्मनि – **अध्यात्मम्** ।

14. **अन्** अन्तवाले नाम नपुंसक लिंग में हो तो विकल्प से **अ** होता है ।

उदा. **उपचर्मम् – उपचर्म** ।

अहः अहः प्रति – **प्रत्यहम् – प्रत्यहः** ।

15. कई अव्ययी भाव समास में नित्य या विकल्प से **अ** होता है ।

उदा. अक्ष्णोः समीपम् – **समक्षम्, प्रतिशरदम्** ।

**अन्तर्गिरम्, अन्तर्गिरि** ।

**उपनदम्-उपनदि** ।

**उपककुभम् – उपककुभ्** । इत्यादि ।

## शब्दार्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अञ्जलि** = अंजलि | (पुंलिंग) | **अमत्र** = बर्तन | (नपुंसक लिंग) |
| **अत्यय** = नाश | (पुंलिंग) | **चरित** = आचरण | (नपुंसक लिंग) |
| **आराम** = बाग | (पुंलिंग) | **पार** = उसपार | (नपुंसक लिंग) |
| **आलोक** = प्रकाश | (पुंलिंग) | **मध्य** = मध्यभाव | (नपुंसक लिंग) |
| **त्रिगर्त** = एक देश | (पुंलिंग) | **शासन** = आज्ञा | (नपुंसक लिंग) |
| **पुरन्दर** = इन्द्र | (पुंलिंग) | **जाह्नवी** = गंगा | (स्त्री लिंग) |
| **राघव** = राम | (पुंलिंग) | **आरात्** = दूर या नजदिक | (अव्यव) |
| **वार्धि** = समुद्र | (पुंलिंग) | **आ+शंस्** = कहना | (गण 1 परस्मैपद) |
| **शलभ** = पतंगा | (पुंलिंग) | | |

**टिप्पणी :** 1. तद्धित प्रत्यय पर न्कारान्त नामों का अपद में रहा अन्त्य स्वरादि अवयव का लोप होता है । उदा. उपराजम् ।

## संस्कृत में अनुवाद करो :

1. प्रतिदिन शक्ति अनुसार पढ़ो ।
2. शास्त्र के अनुसार तप करो ।
3. समय पर भोजन करो ।
4. मूर्खों के पास मत जाओ ।
5. स्त्रियों में विश्वास मत करो ।
6. आत्मा में लीन बनो ।
7. दण्ड द्वारा प्रहार कर युद्ध मत करो ।
8. जंगल में मत भटको ।
9. राजा के पास बहुत बार मत जा ।
10. बिना सोचे मत बोल ।
11. गाँव के बाहर न रह ।
12. रूप के अनुसार ज्ञान प्राप्त कर ।
13. ज्ञान के अनुसार गुण प्राप्त कर ।

## हिन्दी में अनुवाद करो :

**1. प्रत्यहं प्रत्यवेक्षेत नरश्चरितमात्मनः ।**
**किन्नु मे पशुभिस्तुल्यं किन्नु सत्पुरुषैरिति ॥**

**2. रामाय स्वस्त्यथासंशेराशिषं लक्ष्मणस्य च ।**
**शिवास्ते सन्तु पन्थानः वत्स ! गच्छोपराघवम् ॥**

**3. तेभ्यो नमोऽञ्जलिरयं तेषां तान्समुपास्महे ।**
**त्वच्छासनाऽमृतरसै यैरात्माऽसिच्यताऽन्वहम् ॥**

**4. कर्माण्यवश्यं सर्वस्य फलन्तयेव चिरादपि ।**
**आपुरन्दरमाकीटं संसारस्थितिरीदृशी ॥**

**5. गुणैरत्यन्तविमलैः सा शीलविनयादिभिः ।**
**पत्युर्न्यलीयत हृदि मध्येवार्धीव जाह्नवी ॥**

# तत्पुरुष समास

बहुव्रीहि और अव्ययीभाव समास से भिन्न लक्षणवाला जो समास होता है, उसका समावेश तत्पुरुष समास में होता है।

तत्पुरुष समास खूब व्यापक है।

## गति तत्पुरुष

1. **ऊरी**[1], **उररी, श्रत्, प्रादुस्** आदि **उपसर्ग, च्वि प्रत्ययान्त शब्द, अलम्, सत्, असत्, तिरस्** आदि शब्द–धातु के साथ सम्बन्ध रखते हों तब गति–संज्ञक हैं और धातु से पहले जुड़ते हैं। गतिसंज्ञक नाम अव्यय है।

2. गति संज्ञक नाम और **कु** नाम दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है।
   **उदा. प्रकृत्य । ऊरीकृत्य । उररीकृत्य । शुक्लीभूतम् ।**
   **अलङ्कृत्य । सत्कृत्य । असत्कृत्य ।**
   कु[2] अव्यय पाप या अल्प अर्थ में है।
   कुत्सितः ब्राह्मणः – **कुब्राह्मणः ।** इसी प्रकार **कुपुरुषः ।**
   ईषद् उष्णं **कोष्णं । कवोष्णं । कदुष्णम् ।**

3. **निंदा** और **कृच्छ्र** अर्थ में रहा **दुर्** नाम, दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है। उदा. निन्दितः पुरुषः–**दुष्पुरुषः । दुर्जनः ।**
   कृच्छेण कृतं–दुष्कृतम् । निन्दितं कृतं – दुष्कृतम् ।

---

**टिप्पणी :**

1. ऊरीकरोति, उररीकरोति = स्वीकार करता है। श्रद्दधाति = श्रद्धा करता है प्रादुर्भवति, आविर्भवति = प्रकट होता है। प्रादुष्करोति, आविष्कारोति = प्रकट करता है। अलङ्करोति = अलंकृत करता है। सत्करोति = सत्कार करता है। असत्करोति = अनादर करता है। तिरोभवति = छुप जाता है।
2. (i) स्वरादि उत्तर पद पर तत्पुरुष समास में **कु** का **कद्** होता है।
   उदा. कुत्सितः अश्वः – कदश्वः ।
   (ii) **अक्ष** और **पथिन्** उत्तर पद में हो तो **कु** के स्थान पर **का** होता है।
   उदा. काक्षः । कापथम् ।
   (iii) पुरुष पर **कु** का विकल्प से **का** होता है। कापुरुषः, कुपुरुषः ।
   (iv) उत्तरपद पर **अल्प** अर्थ में **कु** का **का** होता है। ईषद् मधुरम्-कामधुरम् ।
   (v) **उष्ण** शब्द पर **कु** का **का** और **कव** भी होता है। कोष्णम् । कवोष्णम् । कदुष्णम् ।

4. पूजा अर्थ में रहा **सु** नाम, दूसरे नाम के साथ नित्य समास पाता है।
उदा. शोभनः राजा – **सुराजा** । **सुजनः** ।

5. अल्पार्थ **आ** अव्यय दूसरे नाम के साथ नित्य समास होता है।
उदा. ईषत् पिङ्गलः '**आपिङ्गलः** ।

## प्र आदि तत्पुरुष

6. प्रगतः आचार्यः – **प्राचार्यः** । प्रवृद्धः गुरुः – **प्रगुरुः** ।
विरुद्धः पक्षः – **विपक्षः** ।
अभिप्रपन्नः मुखम् – **अभिमुखः** ।
अनुगतं अर्थेन – **अन्वर्थं** नाम ।
वियुक्तं अर्थेन – **व्यर्थं** वचः ।
उद्युक्तः सङ्ग्रामाय – **उत्सङ्ग्रामो** नृपः ।
उत्क्रान्तं सूत्रात् – **उत्सूत्रम्** वचः ।

| उप पद तत्पुरुष | कृत् प्रत्यय |
|---|---|
| 7. कुम्भं करोति = **कुम्भकारः** । भारं वहति = **भारवाहः** । | अ (अण्) |
| पापं हन्ति **पापघातो** यतिः । (पा.36 नि.4) | अ (अण्) |
| तन्तून्वयति = **तन्तुवायः** । | अ (अण्) |
| द्वारं पालयति = **द्वारपालः** । | अ (अण्) |
| साम गायति = **सामगः** । **सामगी** । (पा.25 नि.9) | अ (टक्) |
| क्लेशं अपहन्ति = **क्लेशापहः** । | अ (ड) |
| तमः उपहन्ति = **तमोपहः** । | अ (ड) |
| जलं ददाति = **जलदः** । | अ (ड) |
| कुमारं हन्ति = **कुमारघाती** । | इन् (णिन्) |
| वातं हन्ति = **वातघ्नः** तैलम् । | अ (टक्) |
| वृत्रं हन्ति = **वृत्रघ्नः** । | अ (टक्) |
| शत्रुं हन्ति = **शत्रुघ्नः** । | अ (टक्) |
| उदरं एव बिभर्ति = **उदरम्भरिः** । (खित् प्रत्यय से म् लगा) | इ (खि) |
| कुक्षिं एव बिभर्ति = **कुक्षिम्भरिः** । | अ (अच्) |
| पूजां अर्हति = **पूजार्हा** साध्वी । | अ (अच्) |
| धनुर्धरति = **धनुर्धरः** । | अ (अच्) |

| | |
|---|---|
| जलं धरति = **जलधरः** । | अ (अच्) |
| पयः धरति = **पयोधरः** । | अ (अच्) |
| मनः हरति = **मनोहरः** प्रासादः । | अ (अच्) |
| फलानि गृह्णाति = **फलेग्रहिः** वृक्षः । | इ |
| दिनं करोति = **दिनकरः** । | अ (ट) |
| निशा करोति = **निशाकरः** । | अ (ट) |
| रजनी करोति = **रजनिकरः** । | अ (ट) |
| यशः करोति = **यशस्करी** विद्या । | अ (ट) |
| क्रीडा करोति = **क्रीडाकरः** । | अ (ट) |
| कर्म करोति = **कर्मकरः** । | अ (ट) |
| तीर्थं करोति = **तीर्थकर** । विकल्प से म् जुडने पर=तीर्थंकर । | अ (ट) |
| क्षेमं करोति = **क्षेमङ्करः** । | अ (ख) |
| भद्रं करोति = **भद्रङ्करः** । | अ (ख) |
| प्रियं करोति = **प्रियङ्करः** । | अ (ख) |
| भयं करोति = **भयङ्करः** । | अ (ख) |
| प्रियं वदति = **प्रियंवदः** । | अ (ख) |
| कुलं कषति = **कुलङ्कषा** नदी । | अ (ख) |
| अभ्रं कषति = **अभ्रंकषो** गिरिः । (ऊँचा पर्वत) | अ (ख) |
| सर्वं कषति = **सर्वंकषः** खलः । | अ (ख) |
| सर्वं सहति = **सर्वंसहो** मुनिः । | अ (ख) |
| विश्वं भरति = **विश्वंभरा** वसुधा । | अ (ख) |
| पण्डितं मन्यते बन्धुम् = **पण्डितमानी** बन्धोः। | इ (णिन्) |
| पण्डितं मन्यते बन्धुम् = **पण्डितम्मन्यः** बन्धोः । | अ (खश्) |
| स्तनं धयति = **स्तनंधयः** । | अ (खश्) |
| अभ्रं लेढि **अभ्रंलिहः** प्रासादः (ऊँचामहल) | अ (खश्) |
| विधुं तुदति = **विधुन्तुदो**–राहुः । | अ (खश्) |
| ललाटं तपति = **ललाटंतपः** सूर्यः । | अ (खश्) |
| सूर्यमपि न पश्यन्ति = **असूर्यम्पश्या** राजदाराः । | अ (खश्) |
| अनन्धो अन्धः क्रियते अनेन = **अन्धंकरणः** शोकः । | अन (खनट्) |

अप्रियः प्रियः क्रियते अनेन **प्रियकरणं** शीलम् ।
विहायसा गच्छति=**विहगः**=पक्षी । (विहायस् का विह आदेश होता है) अ (ड)
खे गच्छति = **खगः** । अ (ड)
उरसा गच्छति = **उरगः** । (उरस् का उर आदेश होता है) अ (ड)
आशु गच्छति = **आशुगः** शरः । अ (ड)
सर्वं गच्छति = **सर्वगः** । अ (ड)
गुहायां शेते = **गुहाशयः** । अ
वने चरति = **वनेचरः** । अ (ट)
निशायां चरति = **निशाचरः । निशाचरीः** । अ (ट)
स्वर्गे तिष्ठति = **स्वर्गस्थः** । अ (ट)
पादैः पिबति = **पादपः** । अ (क)
नॄन् पाति = **नृपः** । अ (क)
आतपात् त्रायते = **आतपत्रम्** । अ (क)
सरसि रोहति = **सरसिरुहम्, सरोरुहम्** पद्मम् । अ (क)
(सप्तमि का विकल्प से अलुप् हुआ है ।)
आगमेन प्रजानाति = **आगमप्रज्ञः** । अ (क)
अपो बिभर्ति = **अब्भ्रं** मेघः । अ (क)
सुखं भजते = **सुखभाक्** । ० (विण्)
तमः छिनत्ति = **तमश्छिद्** । ० (क्विप्)
दिवि सीदति = **दिविषद्, द्युसत्** । ० (क्विप्)
वीरं सूते = **वीरसूः** । ० (क्विप्)
ग्रामं नयति = **ग्रामणीः** । ० (क्विप्)
शत्रुं जयति = **शत्रुजित्** । ० (क्विप्)
शकान् ह्वयति = **शकहूः** । पा. 6 नि. 5 ० (क्विप्)
अक्षैः दीव्यति = **अक्षद्यूः** । ० (क्विप्)
अन्य इव दृश्यते = **अन्यादृशः** । **अन्यादृशी** । अ (टक्)
सिंह इव नर्दति = **सिंहनर्दी** । इन् (णिन्)
गज इव गच्छति = **गजगामिनी** नारी । इन् (णिन्)
उष्णं भुङ्क्ते इत्येवं शीलः = **उष्णभोजी** । इन् (णिन्)

परेषां उपकरोति इत्येवं शीलः = **परोपकारी** । इन् (णिन्)
वने वसति इत्येवं शीलः = **वनवासी** । इन् (णिन्)
मधुं पिबति इत्येवं शीलः = **मधुपायी** भ्रमरः । इन् (णिन्)
प्रतिष्ठते इत्येवं शीलः = **प्रस्थायी** । इन् (णिन्)
वृत्रं हतवान् = **वृत्रहा** । ० (क्विप्)
भ्रूणं हतवान् = **भ्रूणहा** । ० (क्विप्)
मेरुं दृष्टवान् = **मेरुदृश्वा** । स्त्रीलिंग में मेरुदृश्वरी । वन (क्वनिप्)
अप्सु जातं = **अप्सुजम्, अब्जम्** । (सप्तमी का विकल्प से लोप) अ (ड)
संतोषात् जातं = **संतोषजं** सुखम् । अ (ड)
द्विर्जातः = **द्विजः** । अ (ड)
अनुजातः = **अनुजः** । अ (ड)
मित्रं ह्वयति = **मित्रह्वः** । अ (ड)
जनान् अर्दयति = **जनार्दनः** । (अर्द्-ग.10 प/उ.=मारना) अ (ड)
मधुं सुदयति = **मधुसूदनः** ।
(मधुनाम के असूर को मारनेवाला = श्रीकृष्ण) अ (ड)
हुतं अश्नाति = **हुताशनो** वह्निः । अन
दु:खेन गम्यते = **दुर्गमः** । अ (खल्)
दु:खेन जीयते = **दुर्जयः** । अ (खल्)
सुखेन गम्यते = **सुगमः** । अ (खल्)
सुखेन लभ्यते = **सुलभः** । अ (खल्)

## नञ् तत्पुरुष

8. न (नञ्) अव्यय, दूसरे नाम के साथ समास होता है । उदा.

| | | |
|---|---|---|
| न ब्राह्मणः | **अब्राह्मणः** तत्सदृशः क्षत्रियादिः । | क्षत्रिय आदि जाती । |
| न शुक्लः | **अशुक्लः** तत्सदृशः पीतादिः । | पीला आदि रंग । |
| न धर्म : | **अधर्मः** तद्विरुद्धः पाप्मा । | पाप । |
| न सितः | **असितः** तद्विरुद्धः कृष्णः । | काला । |
| न अग्निः | **अनग्निः** तदन्यः । | अग्नि सिवाय कोई । |
| न वायुः | **अवायुः** तदन्यः । | वायु सिवाय कोई । |
| न वचनम् | **अवचनम्** तदभावः । | वचन का अभाव । |
| न वीक्षणम् | **अवीक्षणम्** तदभावः । | वीक्षण का अभाव । |

### अंशि तत्पुरुष

9. अंश (अवयव) अर्थवाले, पूर्व, अपर, अधर और उत्तर शब्द अभिन्न (एक) अंशी (अवयवी) नाम के साथ समास होता है ।
उदा. पूर्वं, पूर्वो वा कायस्य – **पूर्वकायः । अपरकायः । अधरकायः** ।

10. सायम् अह्नः – **सायाह्नः** । मध्यम् अह्नः – **मध्याह्नः** ।
मध्यं दिनस्यः – **मध्यन्दिनम्** ।
मध्यं रात्रेः – **मध्यरात्रः** । आदि अंशि तत्पुरुष समास है ।

11. सम अंश (समान भाग) में वर्तमान अर्ध (नपुं) शब्द अभिन्न अंशी नाम के साथ विकल्प से समास होता है ।
उदा. अर्धं पिप्पल्याः=**अर्धपिप्पली** । पक्षे षष्ठी तत्पुरुष – **पिप्पल्यर्धम्** ।
इसी प्रकार अर्धग्रामः – **ग्रामार्धम्** । अर्धापूपः – **अपूपार्धम्** ।
असम अंश में `अर्ध' पुंलिंग है – **ग्रामार्धः, नगरार्धः** । (ष. तत्पुरुष)

### मेय तत्पुरुष

12. एकवचन में रहा कालवाची नाम और द्विगु समास में रहा कालवाची नाम, मेयवाची नाम के साथ समास होता है ।
उदा. मासो जातस्य–**मासजातः** । एवं **संवत्सरजातः** ।
(एक महिने से जन्म हुआ । एक बरस से जन्म हुआ)
**द्विगु विषय :** एको मासो जातस्य **एकमासजातः ।**
द्वे अहनी सुप्तस्य **द्वयह्नसुप्तः ।** (दो दिन से सोया हुआ)
(द्वयोः अह्नोः समाहारः **द्वयहः** (प्रथम समाहार द्विगु कर फिर समास करे तो)– द्वयह : सुप्तस्य – **द्वयहसुप्तः** ।

## विभक्ति तत्पुरुष

### द्वितीया तत्पुरुष

13. (i) द्वितीयान्त कालवाची नाम, व्यापक (उसमें व्याप्त रहे) नाम के साथ समास पाता है ।
उदा. मुहूर्तं सुखं – **मुहूर्तसुखम् ।** (मुहूर्त पर्यंत सुख)
द्वितीयान्त नाम श्रित आदि नाम के साथ समास होता है ।
उदा. धर्मं श्रितः – **धर्मश्रितः** ।
संसारं अतीतः – **संसारातीतः** । नरकं पतितः – **नरकपतितः** ।
निर्वाणं गतः–**निर्वाणगतः** । ओदनं बुभुक्षुः–**ओदनबुभुक्षुः** ।

## तृतीया तत्पुरुष

14. (i) तृतीयान्त नाम, **'उससे कृत'** गुणवाचक विशेषण नाम के साथ समास होता है ।

उदा. शङ्कुलया कृतः खण्डः = **शङ्कुलाखण्डः** ।
कुसुमैः कृतः सुरभिः = **कुसुमसुरभिः** ।

(ii) तृतीयान्त नाम **ऊन** और उसके अर्थवाले नामों के साथ तथा **पूर्व** आदि नामों के साथ समास होता है ।

उदा. माषेण ऊनम् = **माषोणम्, माषविकलम्** ।
मासेन पूर्वः = **मासपूर्वः । मासावरः** ।
भ्रात्रा तुल्यः = **भ्रातृतुल्यः**
धान्येन अर्थः = **धान्यार्थः** ।
द्वाभ्यां अधिका दश = **द्वादश** ।

(iii) **कर्ता** और **करण अर्थ** में हुए तृतीया विभक्तिवाले नाम कृदन्त नाम के साथ समास होते है ।

उदा. आत्मना कृतं = **आत्मकृतम्** । नखैः निर्भिन्नः = **नखनिर्भिन्नः** ।
चैत्रेण नखनिर्भिन्नः = **चैत्रनखनिर्भिन्नः** ।

## चतुर्थी तत्पुरुष

15. (i) विकारवाचक चतुर्थी अन्त नाम, प्रकृतिवाची नाम के साथ समास होता है ।

उदा. कुण्डलाय हिरण्यम् = **कुण्डलहिरण्यम्** ।
हिरण्य = सोना – मूल प्रकृति है और कुंडल उसका विकार है ।
यूपाय दारु = यूपदारु ।

(ii) चतुर्थी अन्त नाम – **हित, सुख, रक्षित, बलि** आदि नामों के साथ समास होता है ।

उदा. गोभ्यः हितम् = गोहितम् । अश्वाय घासः = अश्वघासः ।
धर्माय नियमः = धर्मनियमः । देवाय देयम् = देवदेयम् ।

(iii) चतुर्थी अन्त नाम, चतुर्थी के अर्थ (के लिए, वास्ते आदि) में वर्तमान अर्थ नाम के साथ समास होता है ।

उदा. पित्रे इदम्=**पित्रर्थं** पयः । आतुराय इयम्=**आतुरार्था** यवागूः ।
उदकाय अयम् = **उदकार्थो** घटः ।

## पञ्चमी तत्पुरुष

16. (i) पञ्चम्यन्त नाम **भय** आदि शब्दों के साथ समास होता है ।

उदा. वृकाद् भयम् = **वृकभयम्** । चौराद् भीतिः = **चौरभीतिः** ।

भयाद् भीता = **भयभीता** । स्थानाद् भ्रष्टः = **स्थानभ्रष्टः** ।

(ii) शतात् परे – **परःशताः** । – 100 से ज्यादा । (सबसे ज्यादा)

**परःसहस्त्राः** । **परोलक्षाः** ।

## षष्ठी तत्पुरुष

17. बहुत से षष्ठ्यन्त नामों का दूसरे नामों के साथ समास होता है ।

(i) राज्ञःपुरुषः = **राजपुरुषः** । गवां स्वामी = **गोस्वामी** ।

मम पुत्रः = **मत्पुत्रः** । तव पुत्रः = **त्वत्पुत्रः**[1] ।

(ii) गणधरस्य उक्तिः = **गणधरोक्तिः** ।

(iii) गुरूणाम् पूजकः = **गुरुपूजकः** । गुरोः सदृशः = **गुरुसदृशः** ।

भुवो भर्ताः (पतिः) = **भूभर्ता** । तीर्थस्य कर्ता = **तीर्थकर्ता** आदि ।

## सप्तमी तत्पुरुष

18. सप्तम्यन्त नाम, **शौण्ड** आदि नामों के साथ समास होता है ।

उदा. पाने प्रसक्तः शौण्डः = **पानशौण्डः** (मद्यपः ।–शराबी)

अक्षेषु धूर्तः = **अक्षधूर्तः** । वाचि पुटः = **वाक्पुटः** ।

अवसाने विरसः = **अवसानविरसः** ।

पुरुषेषु उत्तमः = **पुरुषोत्तमः** । नृषु श्रेष्ठः = **नृश्रेष्ठः** ।

(ii) समरे सिंह इव = **समरसिंह** (iii) तीर्थे काक इव = **तीर्थकाकः** । इत्यादि

## कर्मधारय तत्पुरुष

### विशेषण–विशेष्य कर्मधारय

19. एक समान विभक्ति में रहा विशेषण नाम विशेष्य नाम के साथ समास होता है ।

(i) नीलं च तद् उत्पलं च = **नीलोत्पलम्** । हरा कमल

कृष्णश्चासौ सारङ्गश्च = **कृष्णसारङ्गः** । श्यामहरिण

---

**टिप्पणी :** 1. युष्मद् और अस्मद् एकवचन जब उत्तरपद होता है, तब क्रमशः त्वद् और मद् आदेश होता है । अहमिव दृश्यते = मादृशः । = मेरे जैसा ।
त्वमिव दृश्यते = त्वादृशः । तेरे जैसा ।

शुक्लश्चौसा कृष्णश्च = **शुक्लकृष्णः** । उज्ज्वल–श्याम
नीले च ते उत्पले च = **नीलोत्पले** ।
नीलानि च तानि उत्पलानि च = **नीलोत्पलानि** ।

पट्वी चासौ भार्या च **पटुभार्या** । – (कर्मधारय समास में पूर्व का पद पुंवत् होता है, परंतु ऊ (ऊङ.) प्रत्ययान्त पद पुंवत् नहीं होता । रक्ता चासौ माला च रक्माला ।)

(ii) पूर्वं स्नातः पश्चाद् अनुलिप्तः = **स्नातानुलिप्तः** ।
पूर्वं छिन्नः पश्चाद् प्ररूढः = **छिन्नप्ररूढो** वृक्षः ।

(iii) को (कुत्सितः) राजा – **किंराजा** ।
कः (कुत्सितः) सखा – **किंसखा** ।
कः (कुत्सितः) पुरुषः – **किंपुरुषः** ।

## द्विगु कर्मधारय – समाहार द्विग्

20. संख्यावाचक नाम, दूसरे नाम के साथ समाहार के अर्थ में समाहार द्विगु समास होता है ।
(समाहार द्विगु नपुंसक लिंग में है, कभी स्त्री लिंग में भी होता है)
उदा. त्रयाणाम् भुवनानाम् समाहारः = **त्रिभुवनम्** ।
पञ्चानां कुमारीणां समाहारः = **पञ्चकुमारि** ।
पञ्चानां शतानां समाहारः = **पञ्चशती** । इसी प्रकार अष्टसहस्त्री ।
त्रयाणां लोकानां समाहारः = **त्रिलोकी** ।

## उपमान सामान्य धर्म कर्मधारय

21. उपमानवाचि नाम सामान्य धर्मवाचि नाम के साथ कर्मधारय समास होता है । उदा. मेघ इव श्यामः = **मेघश्यामः** ।, **व्याघ्रशूरः** ।
मृगीव (मृगीवत्) चपला = **मृगचपला** ।

## उपमेय – उपमान कर्मधारय

22. उपमेयवाचि नाम, उपमान वाचि **व्याघ्र** आदि शब्दों के साथ समास होता है, परन्तु दोनों के सामान्य धर्म को कहना हो तो समास नहीं होता है । पुरुषः व्याघ्र इव = **पुरुषव्याघ्रः** ।
इसी तरह **नरसिंह** । सिंह जैसा नर
मुखं चन्द्र इव = **मुखचन्द्रः** । चंद्र जैसा मुँह
पादः पद्मम् इव = **पादपद्मम्** ।

परन्तु – पुरुषः व्याघ्र इव शूरः । यहाँ समास नहीं होगा, क्योंकि दोनों के सामान्य धर्म (शूरः) का कथन है ।

**मयूरव्यंसकादि तत्पुरुष**

23. व्यंसकश्चासौ मयूरश्च = **मयूरव्यंसकः** । ठगनेवाला मोर ।
मुण्डश्चासौ यवनश्च = **यवनमुण्डः** । (विशेष्य पूर्वनिपात)
शाकप्रियः पार्थिवः = **शाकपार्थिवः** । घृतप्रधाना रोटिः = **घृतरोटिः** ।
एकाधिका दश = **एकादश** । एवं **द्वादश** । गुडमिश्रा धाना = **गुडधानाः** ।
अश्वयुक्तो रथः=**अश्वरथः** । श्री युक्तो वीरः=**श्रीवीरः** (मध्यमपद विलोपी)
मुखम् एव चन्द्रः = **मुखचन्द्रः** । **स्नेहतन्तुः** ।
प्रेम एव लतिका = प्रेमलतिका । (अवधारण तत्पुरुष)
दण्ड इव माथ = **दण्डमाथ** । दण्ड समान सरल मार्ग ।
वज्रकायः । – उपमानोपमेय तत्पुरुष
तृतीयः भाग = **त्रिभागः** । तीसरा भाग । अन्यो देशः = **देशान्तरम्** ।
आपात एव = **आपातमात्रम्** । इत्यादि

**समासान्त**

24. **ऋच्, पुर्, पथिन्, अप्** और **धुर्** अन्तवाले किसी भी समास से **अ** होता है ।
उदा. ऋचोऽधर्म = **अर्धर्चः** । ऋचः समीपम् = **उपर्चम्** ।
श्रियाः पूः = **श्रीपुरम्** । जलस्य पन्थाः = **जलपथः** । **मोक्षपथः** ।
विशालाः पन्थानो यस्मिन् = **विशालपथम्** नगरम् ।
बहव आपो यस्मिन् = **बह्वपं** तडागम् । राजस्य धूः = **राज्यधुरा** ।
**रणधुरा** । महती धूरस्य = **महाधुरं** शकटम् । (पूर्वपद महत् का महा होता है ।

25. **गो** अन्तवाले तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है ।
उदा. राज्ञो गोः=**राजगवः**, **राजगवी** । पञ्चानां गवानां समाहारः=**पञ्चगवम्** ।

26. **राजन्** और **सखि** अन्तवाले तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है ।
उदा. देवानां राजा = **देवराजः** । महांश्चासौ राजा च = **महाराजः**।
राज्ञः सखा = **राजसखः** ।

27. **अहन्** अन्तवाले तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है ।

उदा. परमं च तद् अहश्च = **परमाहः** । **उत्तमाहः** । (पुंलिंग)
पुण्यं च तद् अहश्च = **पुण्याहम्** ।

28. **सर्व** शब्द से, **अंशवाचक** शब्द से, **संख्यावाचक** शब्द से और **अव्यय** के बाद **अहन्** शब्द हो तो ऐसे तत्पुरुष से **अ (अट्)** होता है । **अहन्** का **अह्न** आदेश होता है । अह्न आदेश पुलिंग है ।
उदा. सर्वं अहः = **सर्वाह्नः, सर्वाह्णः** ।
पूर्वमहः = **पूर्वाह्णः** । **अपराह्णः** । **मध्याह्नः** । **सायाह्नः** ।
द्वे अहनी जातस्य **द्वयह्नजातः** ।

29. संख्यात, एक पुण्य, वर्षा दीर्घ और उपर्युक्त सर्व आदि शब्दों के बाद रात्रि हो तो ऐसे तत्पुरुष **अ** होते हैं ।
उदा. **संख्यातरात्रः** । **एकरात्रः** ।
पुण्या चासौ रात्रिश्च = **पुण्यरात्रः** ।
वर्षाणां रात्रिः = **वर्षारात्रः**। **दीर्घरात्रः** । **सर्वरात्रः** ।
रात्रेः पूर्वम् = **पूर्वरात्रः** । **अर्धरात्रः** ।
द्वयोः रात्र्योः समाहारः = **द्विरात्रम्** ।
रात्रिमतिक्रान्तः = अतिरात्रः ।

30. **अन्नन्त** और **अहन् अन्त** समाहार द्विगु से अ (अट्) होता है ।
उदा. पञ्चानां तक्ष्णाम् समाहारः = **पञ्चतक्षी** । (स्त्री), **पञ्चतक्षम्** । (नपुं)
सप्तानां अह्नाम् समाहारः **सप्ताहः** । (पुं)
द्वयोरह्नोः समाहारः **द्वयहः** ।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अनिल** | = पवन | (पुंलिंग) | **पूर** | = समूह | (पुंलिंग) |
| **अरिष्टनेमि** | = 22वें तीर्थंकर | (पुंलिंग) | **जयंत** | = इन्द्र का पुत्र | (पुंलिंग) |
| **अग्निरथ** | = आगगाड़ी | (पुंलिंग) | **द्युसद्** | = देव | (पुंलिंग) |
| **अर्घ** | = पूजा की सामग्री | (पुंलिंग) | **निमेष** | = आँख का पलकारा | (पुंलिंग) |
| **आङ्गलदेश** | = यूरोप | (पुंलिंग) | **पटल** | = समूह | (पुंलिंग) |
9. भ्रमर जैसी वृत्तिवाले वे (साधु तप के) पारणे में दाता को दु:ख नहीं देते हुए प्राण बचाने के लिए भिक्षा लेते थें ।
10. मोह राजा की सेना के मानों चार अंग न हों वैसे चारों कषायों को क्षमादि अस्त्रों से सर्वथा जीते ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **नलदमयन्त्यौ वन आटतुः ।**
2. **कृष्णः कंसं जघान ।**

3. रामो रावणं जिगाय ।
4. अर्जुनो द्रोणाचार्याद् धनुर्विद्यामधिजगे ।
5. यथा सम्प्रति र्महान् जैननृपो बभूव तथा कुमारपालो महान्जैननृपो बभूव ।
6. चाणक्यो नन्दस्य राज्याच्छेत्तुं निश्चिकाय ।
7. स्वीयस्यासनस्य कम्पेनेन्द्रो भगवतो जन्म जज्ञे ।
8. भगवता जन्ममहोत्सवसमये स्वर्गादागद्भिरसंख्यै र्देवै राकाशं व्यानशे ।
9. महावीरस्य वीरतामिन्द्रः स्वीयायां सभायां नुनाव देवाश्च स्वीयानि मस्तकानि दुधुवुः ।
10. सीता सेनान्योमुखेन रामाय वाचिकं प्रजिघाय ।
11. रामराज्यं को न सस्मार ?

## पाठ-26

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. उसके बाद सुग्रीव आदि सुभटों के साथ, लक्ष्मण सहित राम ने लंका विजय की यात्रा के लिए गगनमार्ग से प्रस्थान किया ।
2. अपने सैन्य के द्वारा दिशाओं के मुख को भी ढकनेवाले करोड़ों महाविद्याधर राजा उसी समय राम के साथ चले ।
3. विद्याधर द्वारा प्रयाण के लिए बजाए गए अनेक वाद्ययंत्रों ने अत्यन्त गम्भीर आवाज द्वार आकाश को भर दिया ।
4. स्वामी के कार्य को सिद्ध करने में अभिमानी ऐसे विद्याधर, विमानों द्वारा, रथों द्वारा, घोड़ों द्वारा, हाथियों द्वारा और दूसरे वाहनों द्वारा आकाश में चले ।
5. समुद्र के ऊपर से जा रही सेना के साथ राम क्षणभर में वेलंधर पर्वत पर वेलंधर नगर में पहुँचे ।
6. वहाँ समुद्र की तरह दुर्धर और उद्धत, समुद्र और सेतु राजा ने राम की अग्र सेना के साथ लड़ाई शुरू की ।
7. आप उन चार (श्रेष्ठियों) की चार पुत्री होंगी, वहाँ मनुष्य बने हुए उस (देव) के साथ तुम्हारा संगम होगा ।

8. और मनक मुनि के कालधर्म होने पर श्री शय्यम्भवसूरि ने, शरद् ऋतु के मेघ के समान नयनों से अश्रुजल बरसाया ।
9. उस नगर में समान उम्र के चार वणिक् थे, वे उद्यान के वृक्ष की तरह वास्तव में साथ में वृद्धि को पाए थे ।
10. और उसके बाद सेवा के लिए पास में आए हुए और प्रणाम करते हुए मंत्री से राजा ने क्रोध से अपना मुँह मोड़ लिया ।
11. क्या इस (हवेली) में जाऊँ अथवा `क्या इस (महल) में जाऊँ' इस प्रकार हवेलियों को देखते मुनिपुंगव पूरे नगर में घूमे ।
12. वह बोला, `मैं मीठे और पके फल वन में से लाया हूँ, ओ महर्षियो ! आप खाओ !
13. बड़े समुद्र में से मिले हुए रत्नों से देव खुश नहीं हुए, भयंकर विष से भी भयभीत नहीं हुए, अमृत के बिना रुके नहीं, वीर पुरुष निश्चित किए लक्ष्य से रुकते नहीं हैं ।
14. ग्रहण किया है भारी किराणा जिसने और साक्षात् उत्साह समान उसने एक दिन वसन्तपुर जाने के लिए इच्छा की ।
15. और बुरे आशयवाले उन्होंने प्रत्येक स्थान के चैत्यों (मन्दिरों) को तोड़ डाला क्योंकि उनको जन्म से ही सम्पत्ति से भी धर्म को ध्वंस करने में ज्यादा रस होता है ।
16. उसके बाद राम ने दशरथ को कहा, `अगर पिताजी स्वयं म्लेच्छ का संहार करने के लिए जायेंगे, तो छोटे भाई (लक्ष्मण) के साथ राम क्या करेगा ?
17. लगता है पृथ्वी पर रहे हुए देव न हो, उस प्रकार भृकुटी को बिना हिलाए राम ने, शस्त्रों द्वारा जैसे शिकारी मृग के झुण्ड को मारते हैं वैसे उन करोड़ों को मार डाला ।
18. विद्वत्ता और राजापना कभी भी समान नहीं है (क्योंकि) राजा अपने देश में ही पूजा जाता है और विद्वान् सभी देशों में पूजे जाते हैं ।
19. सामान्य राजाओं के घर में दुर्लभ ऐसे बहुत से पुष्पों द्वारा, पत्तों द्वारा और रत्न के आभूषणों द्वारा परम भक्ति से रोमान्चित शरीरवाले राजा ने मुनि की पूजा की ।

20. उस कुमार ने सभी प्रतिविद्याएँ सहित चौदह विद्याएँ दश वर्ष में जान लीं। सभी कलाएँ और शास्त्र को जाना। चित्रकला और वीणावादन में विशेष निपुणता प्राप्त की।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. राजा दशरथो दीक्षां ग्रहीतुं राज्ञीः पुत्रानमात्यांश्चाऽऽपप्रच्छे ।
2. नमस्कारं कृत्वा भरतो बभाषे 'हे प्रभोऽहं भवता सह दीक्षामुपादास्ये' ।
3. तच्छ्रुत्वा कैकेयी 'मम पतिः पुत्रश्च नूनं न स्तः' इति दध्यौ उवाच च 'हे स्वामिन् स्मरसि यत्त्वया स्वयं वरो ददे' तमधुना मह्यं देहि, दशरथः कथयाञ्चकाराहं स्मरामि व्रतनिषेधं विना यद् मम हस्ते तद् वृणु, कैकेयी ययाचे यदि त्वं दीक्षां गृह्णासि तदा 'इमां पृथ्वीं भरताय देहि' ।
4. अद्यैवेयं भूमि र्भरतेन गृह्यतामिति तामभिधाय राजा दशरथो सलक्ष्मणं राममाजुहावाभिदधे च अस्याः सारथ्येन संतुष्टोऽहं प्रथममेतस्यै वरमर्पयाञ्चकार, स वरः कैकेय्याऽधुना मृगयाञ्चक्रे यद् 'इमां पृथ्वीं भरताय देहि' ।
5. एतच्छ्रुत्वा रामो जहर्ष जगाद च यद् माता मम भ्रात्रे भरताय राज्यं ययाचे तत्सुष्ठु चकार ।
6. रामस्येदं वचः श्रुत्वा दशरथो यावन्मन्त्रिण आदिदेश तावद्भरतो बभाषे ।
7. हे स्वामिन् ! मयाऽऽदावेव भवता सह दीक्षां लातुं प्रार्थितं ततो हे तात ! कस्यापि वचसाऽन्यथा कर्तुं भवान्नार्हति ।
8. राजोवाच हे वत्स ! मम प्रतिज्ञां मिथ्या न कुरु ।
9. रामो राजानमुवाच 'मयि सति भरतो राज्यं न ग्रहीष्यति ततोऽहं वनवासाय गच्छामि' ।
10. इति राजानमापृच्छय नमस्कारं च कृत्वा भरते उच्चै रुदति सति राम वनवासाय निर्ययौ ।

# पाठ-27

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कर्णधार के साथ उसकी मित्रता हुई ।
2. तुमने उसको नहीं देखा, इसलिए इस प्रकार बोला है ।
3. ऐसे जंगल के फल मैंने पहले भी खाए हैं ।
4. ये वे सरोवर हैं, जहाँ हंस की तरह मैंने क्रीड़ा की है, ये वे ही वृक्ष हैं, जिनके फल मैंने बन्दरों की भाँति खाए हैं ।
5. पृथ्वी को एकछत्रवाली करनेवाले महापराक्रमी उस (राजा) की आज्ञा, इन्द्र के वज्र की तरह किसी के द्वारा खण्डित नहीं की गई ।
6. जलचर द्वारा सागर की तरह उसका घर घोड़े, खच्चर, ऊँट और दूसरे भी वाहनों द्वारा शोभा देता था ।
7. जिससे तुमने प्रेम किया और उत्कण्ठा की, उसने तीर्थ में क्या दान दिया और क्या तप किया है ?

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **अद्य वयमुद्यानमव्राजिष्म तत्र वयं वृक्षस्य छायायामासिष्महि विहङ्गमा मधुरं मधुरमाराविषुः वयमन्तिके आम्रस्य वृत्रानैक्षिष्महि अस्माभिराम्राण्यग्राहिषताखादिषत च, आम्राणि खादित्वा वयमुद्यानस्य सौन्दर्यमीक्षमाणा अभ्रमिष्म (आटिष्म), तावत्येकस्यतरोरध ऊर्ध्वस्थितो ध्यानस्थो महामुनिरस्माभिरैक्षि, स. मुनि रविरिवादीपि, चन्द्रमा इव प्राकाशिष्ट वयं मुनिमवन्दिष्महि पश्चाच्च गृहं प्रत्यचालिष्म ।**
2. **मनो ! त्वमखिलां रजनीं माटीः ।**
3. **मङ्गलपाठकानां स्तुतिं श्रुत्वा राजा जागरीत् ।**
4. **मनुष्यभवे जन्म लब्ध्वा यूयं किमग्रहीष्ट ? पुण्यं वा पापम् ।**
5. **भरतेन प्रहितस्य दूतस्य वचांसि श्रुत्वा बाहुबलिरहसीत् ।**

# पाठ-28

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. जिसने परमार्थ को जाना है, ऐसे पण्डितों की तू अवज्ञा मत कर। तृण के समान हल्की लक्ष्मी उनको (पण्डितों को ) रोक नहीं सकती है, नये मद की रेखा से श्याम हुए हैं गण्डस्थल जिनके ऐसे हाथियों को कमल के तन्तु रोक नहीं सकते हैं।
2. उस राजर्षि ने इस प्रकार विचार किया `अहो ! उन कुमंत्रियों का मैंने सम्मान किया, यह निश्चय ही राख में होम किया है।'
3. `यह (ऋषि) शाप नहीं दे दे' इस हेतु से भयभीत बनी वे (स्त्रियाँ) शिकारी से भयग्रस्त हिरणियों की भाँति एक दूसरे को मिले बिना जल्दी भाग गईं।
4. वे (राजा) उसकी ओर अभिमान से आवेश करते थे, द्वेष करते थे और देखते थे। उनको इसने बाणों से ढक दिया (और) उनके प्राणों को भी हर लिया।
5. राजा ने रत्नों को ग्रहण किया (और) सोने को ग्रहण किया ! ग्रहण करके उसको दिया, वह चला (और) खुश हुआ।
6. `स्वामी ! अवसर आने पर माँगूगी, मेरा वरदान न्यास के रूप में रहे, इस प्रकार कैकेयी बोली। राजा ने भी वह (बात) कबूल की।
7. उसने हमारा वचन सुना।
8. दुष्यन्त राजा ने शकुन्तला से शादी की थी।
9. विद्यागुरुओं ने सभी शास्त्र उसको क्रमशः बताए।
10. दो घुड़सवारों को उसने देखा और पूछा, अरे ! उस सेना में खलभलाहट (भागदौड़) क्यों हो रही है ?
11. `मेरे बारे में तू अप्रसन्न न हो और मेरे बारे में तू विरुद्ध न हो' इस प्रकार वह बोला। उसने लज्जा की और सखी को बोलने का आग्रह किया।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **यः समुद्रमधुक्षत पृथ्वींचाऽदुग्ध तस्य जयकेशिनृपस्येयं पुत्र्यस्ति ।**
2. **राजा भोजनादौ नाऽराङ्क्षीत्, जलक्रीडाद्या क्रीडया नाऽरस्त, कायविकारस्य च चेष्टां नाऽरौत्सीत् ।**

3. सा कन्या ''मम पतिः कर्ण एवास्ति'' इत्यबुद्ध, अतस्त्वमपि तां कन्यां तथाऽबुद्धाः ।

4. हे राजन् ! अस्याः कन्याया विषये त्वामन्तरायो मा व्याहत ।

5. वचसा कस्याऽपि मर्म मा भिद्ध्वम् ।

6. अहं युष्मानधुनैवास्मार्ष यूयं च अधुनैवाऽदृग्ध्वम् ।

7. दमयन्ती हंसात्प्रशंसामश्रौषीत्, मनसा च नलमवृत ।

8. हे स्वामिन् ! खलानां वचसा यथा मामत्याक्षीः तथा जिनभाषितधर्मं मा त्याक्षीः ।

9. वयमस्माकं क्षेत्रस्य भूमिममास्महि ।

10. गोपालः सायं गाः स्वगृहमनेष्ट ।

11. सोऽमृताऽपि प्रतिज्ञां नात्याक्षीत् ।

## पाठ-29

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. कोई भी पाप नहीं करे, कोई भी दु:खी नहीं हो, और सारा संसार मुक्त हो, ये विचार मैत्री कहलाते हैं ।

2. राम जैसे दशरथ थे, दशरथ जैसे रघुराजा थे, रघुराजा जैसे अजराजा भी थे और अजराजा जैसा दिलीपवंश था, राम की यह कीर्ति आश्चर्यकारी है ।

3. मेरे वैराग्य का रंग दूसरों को ठगने के लिए था, धर्म का उपदेश मनुष्यों के रंजन के लिए था, विद्या का अध्ययन वाद के लिए था, हे प्रभु ! हास्य करनेवाला (करानेवाला) मेरा खुद का कितना (चरित्र) मैं (आपको) कहूँ ।

4. `तुम मेरे हृदय में बसते हो' इस प्रकार मुझे प्रिय जो तुमने बोला, उसको मैं कपट मानता हूँ ।

5. मेरे इस जीवन से क्या ? और बहुत से तप से भी क्या ? क्योंकि खुद के पुत्र की हार कान को सुनने में आई ।

6. उन्होंने लम्बे समय से खाली पड़े हुए किसी आश्रम स्थान का आश्रय लिया, सुखे पत्ते आदि का भोजन किया और घोर ऐसा तप किया ।

7. उसने खाखरे के पेड़ के पत्ते लेकर रहने के लिए झोंपड़ी बनाई जो कि मृगों के लिए और मुसाफिरों के लिए (भी) ठंडी छाया देनेवाली अमृत की प्याऊ (जैसी) थी ।
8. जितने में युवावस्था में (पिता का) सामने से उपकार करने के लिए (बदला चुकाने के लिए) समर्थ हुआ, इतने में पापी अजितेन्द्रिय ऐसा मैं भाग्य से यहाँ आया हूँ ।
9. अहो ! अत्यन्त घोर नरक में गिरने के लिए साक्षी समान, काम के बाण ऐसे विषयों के भेद्यपने को प्राप्त न कर ।
10. उसने युवावस्था में, कुल में उत्पन्न हुई राजकन्याओं से शादी की । उनसे युक्त वह, लता से युक्त वृक्ष की तरह शोभा देता था ।
11. किन्तु हे कुमार ! मैं पूछता हूँ, पूछने के लिए हीं आया हूँ, अजीर्ण के बुखार से पीड़ित की तरह तुमने भोजन को क्यों त्याग दिया है ?
12. ऊँचे फणवाले साँपों ने उसे काटने के लिए धमण समान मुख से फुत्कार करते हुए पवन छोड़ा ।
13. धनपाल का सुन्दर वचन और मलय का सुन्दर चन्दन, हृदय में धारण कर वास्तव में ! कौन शान्त नहीं हुआ ।
14. मूर्छा पाए हुए आन्ध्रप्रदेश के राजा ने उस समय खून से पृथ्वी को लीपा और सींचा तथा बन्दीवृन्द ने पानी और चन्दन द्वारा उसको सींचा और लीपा ।
15. तलवार से दूसरा (साथ) और दूसरा कृष्ण (कृष्ण समान) इस राजा को दूसरे और तीसरे (सर्व) देशों से आकर राजा नमस्कार करते थे ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **राजा मुनि दृष्ट्वाऽमोदिष्ट तस्य चाऽद्भुतं तपः सामर्थ्यं चिन्तयन्सभामगात् ।**
2. **अमी ते वृक्षास्सन्ति हि येष्वावां वानरवत्स्वैरमरंस्वहि ।**
3. **त्वं कं सुभगं दृष्ट्वाऽपा येन तवेदृशीदशाऽभूत् ।**
4. **हे सुभ्रु ! किं त्वं किंपाक–फलमच्छा आघ्राक्ष वा सप्तच्छदपुष्पमच्छासीराघ्रासीक्ष्व यतस्त्वमेवमार्तीभवसि ।**
5. **स बहुषु देशेष्वभ्रमत् स च बहून्यद्भुतानि वस्तून्यदर्शत् ।**

6. युद्धे योऽनशत् तमहं नाऽऽहसि तथाऽहं रणान्नाऽनेशम् ।
7. अहं पापानि नाऽकार्ष तदाऽहं दुःख–गर्तायां किमपप्तम् ?
8. स पाणिना श्मश्रुमस्पृक्षत् ततश्च धनुरस्प्राक्षीत् ।
9. ये भुजबलेनाऽदृपन् मन्त्राऽस्त्रैश्चाऽद्राप्सुः, तान्प्रत्येकं स नृपो वश्यकार्षीत् ।
10. सिंहस्य भयेन गजा अदुद्रुवन् स्थातुं ते नाऽचकमन्त ।

## पाठ-30

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हे राजन् ! आप लक्ष्मी को वरें ! शत्रुओं को ढक दिया । पृथ्वी को वरें, अतः अब सुखपूर्वक बैठ, गुरु की स्तुति करो और सन्ध्या विधि को करो और यश द्वारा इस भुवन को ढक दो ।
2. जैसे पार्वती शंकर में संग वाली हुई और लक्ष्मी कृष्ण में संगम वाली हुई, उसी प्रकार वह (कन्या) तेरे संग वाली हो और शुभ के साथ संगवाली हो ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. सकला लब्धयो यं श्रिताः स गौतमो गणभृद्युष्माकं श्रियं पुष्यात् ।
2. सरस्वती देवी सदास्माकं मुखकमले सान्निध्यं क्रियात् ।
3. एष पुत्रो विद्यायाः पारं यायात् ।
4. अहं लक्ष्मीवान्भूयासं त्वं च पुत्रवान् भूयाः ।
5. एते दुष्टा मृषीरन् ।
6. विवेकमुत्साहं चाऽमश्चश्रद्धयो युष्मभ्यं युष्माकं पुरुषार्थः सिद्धिं देयात् ।

## पाठ-31

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. आभूषण आदि के उपभोग से प्रभु (राजा) प्रभु नहीं होता है (परन्तु) शत्रुओं से जिनकी आज्ञा पराभूत नहीं होती है, ऐसे आपके समान प्रभु कहलाता है ।
2. हे जिनेन्द्र ! आपके दर्शन से आज मेरा जन्म सफल हुआ है, मेरी क्रिया सफल हुई है और मेरा देह धारण करना सफल हुआ है ।

3. हे स्वामी ! आपकी रूप लक्ष्मी को देखने के लिए इन्द्र भी समर्थ नहीं है (और) आपके गुणों को कहने में बृहस्पति भी शक्तिशाली नहीं है ।
4. आकाश जैसा जल है (और) जल जैसा आकाश है, हंस जैसा चन्द्र है और चन्द्र जैसा हंस है, कुमुद जैसे आकार वाला तारा है और तारा जैसे आकारवाले फूल हैं ।
5. हे मृगलोचना ! तुम्हारे मुख के आगे चन्द्र तो पिंडीभूत काजल से बना हुआ हो, ऐसा लगता है ।
6. सोई हुई, अकेली, भोली, विश्वासवाली और सती ऐसी दमयन्ती को छोड़ते हुए अल्प बुद्धिवाले नल के पाँव किस तरह उत्साहवाले हो गये ?
7. जिनकी आज्ञा अखण्ड है ऐसे इन्द्र समान उस राजा के होने पर एक चन्द्रवाले आकाश की तरह पृथ्वी एक छत्रवाली ही थी ।
8. दुर्बुद्धि (और) अल्पबुद्धिवाले उसके वचन को सुनकर, अच्छी बुद्धि वाला राजा इस प्रकार बोला, ``वास्तव में धिक्कार है कि बुद्धि बिना के (अथवा) मन्दबुद्धि वाले, अपनी आजीविका के लिए प्राणियों को मारते हैं ।
9. हे भद्र ! तुम क्या कहना चाहते हो ?
10. शुद्ध (और) कषाय रहित हृदयवाला, इन्द्रियों के वर्ग की चेष्टाओं को जीतनेवाला, कुटुम्ब के स्नेह को छोड़नेवाला योगी मोक्ष पद प्राप्त कर संसार में नहीं आता है ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **आसन्न-दशा गुर्जर-सुभटा मत्त-बहु-मात्तङ्गे शत्रुसैन्ये आरूढसुभटानर्ध पञ्चम-विंशानश्वानघ्नन् ।**
2. **हे वामोरु ! च हे पीनोरु ! च युवामत्रोपविशतम् ।**
3. **तीव्र-पापोदये रम्भोरुभार्यो वा शोभनभार्योऽपि वा दुःखास्पदं भवेत् ।**
4. **दक्षिणपूर्वायां दिशि स्थितोऽग्निः सतेजा भवेत् ।**
5. **समनाः कुमारः प्रणन्तुकामः पितर्यागच्छत् ।**
6. **सधर्माणं जनं संदृश्य सधर्माणो जनास्संतुष्यन्ति ।**
7. **स कुमार उपचतुरेषु जगत्सु समप्रथयत ।**

8. सर्वोत्तमपुरुषा जगति द्वित्रा द्विचतुस्त्रिचतुराः पञ्चषा वा भवन्ति ।

9. उद्गन्धि दुग्धं सुगन्धींश्च कलमांस्त्यक्त्वा जनाः पूतिगन्धं पलं काङ्क्षन्ति ।

10. कुमारपालेन राज्ञा सुस्वामिकायामस्यां भुवि कोऽपि जनो जन्तूत्राऽहन् ।

11. प्रभूतवीर–पुरुषस्यास्य ग्रामस्य शत्रूणां भयं नोपतिष्ठते ।

## पाठ-32

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. `वास्तव में मेरा वर्तन पशुतुल्य है या सत्पुरुषों के समान है, इस प्रकार मनुष्य को अपना वर्तन हमेशा देखना चाहिए ।
2. राम का `कल्याण हो' (ऐसा) कहना और लक्ष्मण को आशिष कहना, तेरा मार्ग कल्याणकारी हो, हे वत्स ! अब तुम राम के पास जाओ ।
3. आपकी आज्ञा के पालन रूपी अमृतरस से जिन्होंने (खुद की) आत्मा का हमेशा सिंचन किया है, उनको नमस्कार हो, उनको यह अञ्जलि (हाथ जोड़ना) हो और उनकी हम उपासना करते हैं ।
4. लम्बे समय पश्चात् भी सब को कर्म अवश्य ही फल देते हैं, इन्द्र से लेकर कीड़े तक संसार की स्थिति ऐसी है ।
5. अत्यन्त निर्मल ऐसे शील, विनय आदि गुणों द्वारा वह, समुद्र के मध्य में लीन होनेवाली गंगा नदी की तरह पति के हृदय में लीन हो गई थी ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. अनुदिनं यथाशक्ति पठ । 2. यथासूत्रं तपोनुपिष्ठ । 3. अधिवेलं भुङ्क्ष्व । 4. उपमूर्खमागाः । 5. अधिस्त्रि न विश्वसिहि । 6. अध्यात्मं लीयस्व । 7. दण्डादण्डि युद्धं मा कुरु । 8. अन्तर्वणं माऽट । 9. अनुनृपं बहुशो न गच्छ । 10. अपविचारं मा वद । 11. बहिर्ग्रामं न वस । 12. अनुरूपं ज्ञानं लभस्व । 13. यथाज्ञानं गुणानाप्नुहि ।

# पाठ-33

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. उसके द्वारा छाती में प्रहार किये हुए रघु राजा, सैनिकों के आँसुओं के साथ भूमि पर गिरे और पलक मात्र में व्यथा को दूर कर सैनिकों के हर्षनाद के साथ खड़े हो गये ।
2. पापी और शठ ऐसे उन प्रधानों ने मेरे बाल पुत्र के राज्य को छीनने का प्रारम्भ किया है, उन विश्वासघातियों को धिक्कार हो ।
3. धूल की क्रीड़ा के मित्र समान ये मृग मेरे भाई जैसे हैं। जिनका मैंने दूध पीया है, ऐसी ये भैंसें माता समान हैं ।
4. कान से पीने योग्य, अन्य अमृत समान, देवताओं को आनन्द देनेवाली उसकी कीर्ति सुधर्म सभा में अप्सराओं द्वारा गायी गई ।
5. शरीर झुक गया है, काया भी लकड़ी की शरणवाली बनी है, दाँत की पंक्ति गिर गई है, कर्णयुगल सुनने में असमर्थ हो गए हैं, अन्धकार के समूह से श्याम बनी आँखें निस्तेज बन गई हैं, फिर भी आश्चर्य है कि निर्लज्ज ऐसा मेरा मन विषयों की इच्छा करता है ।
6. जो सुख चक्रवर्ती को भी नहीं है और जो सुख इन्द्र को भी नहीं है, वह सुख यहाँ लोकप्रवृत्ति से रहित साधु को है ।
7. वसन्त ऋतु में ठण्डी से भयभीत कोयल द्वारा गाया गया, मानों कानों से सुनने की इच्छावाले न हों, इस प्रकार पानी के भीतर रहे कमल खड़े हो गए ।
8. जम्बुद्वीप के मध्य में पर्वतों में मुख्य मेरु नाम का सोने का बड़ा पर्वत है, वह देदीप्यमान औषधियों का भण्डार है और वह सभी देवों के रहने का स्थान है ।
9. तुझे इन्द्र जैसा पति और जयन्त जैसा पुत्र मिले, तुम इन्द्राणी जैसी बनो, दूसरी आशिष तेरे योग्य नहीं है ।
10. उसके बाद सीता के स्वयंवर के लिए जनक राजा द्वारा आमंत्रित विद्याधर राजा वहाँ आकर मञ्च पर बैठे ।
11. उसके बाद सखियों द्वारा घिरी हुई, दिव्य आभूषणों को धारण (पहनना)

करने वाली, पृथ्वी पर चलने वाली मानों देवी न हो, ऐसी जनक राजा की पुत्री (सीता) वहाँ आई ।

12. जो सुबह में है वह दोपहर में नहीं है, जो दोपहर में है वह रात में नहीं है, इस संसार में पदार्थों की अनित्यता ही दिखाई पड़ती है ।

13. मेरे दोनों नयन हमेशा (हे प्रभु) आपके मुख को निहारते रहो, मेरे दोनों हाथ आपकी सेवा में लगे रहो, और दोनों कान आपके गुणों को सुनने में मग्न हों ।

14. यदुवंश रूप समुद्र में चन्द्र समान, कर्म रूपी सूखे घास के लिए अग्नि समान, अरिष्टनेमि (22 वें) भगवान आपके पाप को नष्ट करने वाले बनें ।

15. हे भद्रे ! तुम कौन हो ? अथवा इस जिनालय में क्यों आई हो ? वह बोली, `हे राजन् ! आप मुझे नहीं पहिचानते ? मैं वास्तव में सभी राजवृन्दों ने जिसके चरण सेवे हैं ऐसी राजलक्ष्मी हैं, तेरी इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के लिए आई हूँ, कहो, आपका क्या प्रिय करूँ ?

16. इस भवसागर में जन्मान्तर में भाई, मित्र व पदार्थों के साथ हुए नाना प्रकार के सम्बन्ध, विविध कर्म के पराधीन प्राणियों को पुनः वे अबाधित सम्बन्ध होते हैं ।

17. यह उस इन्द्र का मित्र दुष्यन्त है ।

18. थकान के बाद सोने वाले को निद्रा वज्रलेप की तरह लग जाती है (आ जाती है) ।

19. पवित्र दिन है, पवित्र दिन है, खुश हो जाओ, खुश हो जाओ ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **साधिताशेषभरतं गगनस्थितं भरतचक्रवर्तिनश्चक्रमयोध्याभिमुखं चचाल ।**

2. **आद्यप्रयाणदिनात्षष्टौ वर्षसहस्त्रेषु चक्रमार्गानुगो भरतोऽपि चचाल ।**

3. **खेचरानपिसैन्योद्धूतरजः पूरपरिस्पर्शेन मलीमसीकुर्वन्,**
**प्रतिगोकुलं विकसद्दृग्गोपसुद्दशां हैयङ्गवीनार्घं गृह्णन् ।**
**प्रतिवनं कुम्भिकुम्भस्थलोद्भूतमौक्तिकप्रभृतीनि प्राभृतान्याददानः ।**
**प्रतिग्रामं सोत्कण्ठग्रामवृद्धानात्तानात्तैरुपानयनैरनुगृह्णन् ।**

वृक्षाधिरूढान्स्तु प्लवंगान्ग्रामीणदारकान्सहर्ष पश्यन्, मलयानिल इव शनैः शनै गच्छन् दुर्विनीतारिशासन ऊर्वीशो भरतोऽयोध्यां प्राप ।

4. अहम्मदाबादादग्निरथेनानन्दमागच्छतोऽर्धरात्रः संजातः ।
5. आङ्लदेशे दशाहं स्थित्वा वयं जलमार्गेण हिन्दुस्तानं न्यवर्त्तामहि ।
6. त्रिलोकीतिलकं श्रीमहावीरमहं नमामि ।
7. विक्रमसंवत्पूर्वे चतुः शत्यां सप्ततौ च वर्षेषु (गतेषु) आश्विनामावास्याया अपररात्रे भगवान्श्रीमहावीरो निर्वाणं प्राप ।

## पाठ-34

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. हर रोज देव, ब्राह्मण, श्रमण और गुरु की सेवा में तत्पर ऐसे उसको, अपने हाथों से उपार्जित और पूर्व पुरुषों से उपार्जित बहुत सा धन अर्थिजन मित्र, भाई और विद्वानों द्वारा भोगने के बाद बचे हुए धन को भोगनेवाले उसको अन्तिम उम्र में वसुदत्ता नाम की स्त्री को सभी अपत्यों में सबसे पहला तारक नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ ।
2. वधू और वर को गाने वाली सभी वेश्याएँ खड़ी रहीं ।
3. गगन (आकाश) गगन समान है, सागर (समुद्र) सागर समान है, राम और रावण का युद्ध राम और रावण जैसा है ।
4. पर पदार्थ की इच्छा (स्पृहा) महा दुःख है और स्पृहा (इच्छा) रहितपना (वह) महा सुख है, सुख और दुःख का यह लक्षण संक्षेप से बताया गया है ।
5. दो बैलवाला भी मैं द्वंद्व (स्त्री-पुत्र) सहित हूँ, मेरे घर में हमेशा व्यय का अभाव है । हे पुरुष ! वह कर्म बताओ, जिससे मैं बहुत धान्यवाला बनूँ ।

### हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. धिया मयूरव्यंसक-छात्रव्यंसकौ नु तौ नृपौ पतद्भिः पत्रिभिः, पतद्भिः पत्रिभिः प्लक्ष-न्यग्रोधाविव रराजतुः ।
2. स्निग्धं वाक्त्विषं तथापीठछत्रोपानहमुद्वहन् नारदस्तौ नृपौ शस्त्रपात-भयेन धवखदिरपलाशं प्रविश्यैक्षिष्ट ।

3. तौ (नृपौ) भ्रात्रोः पुत्रयो र्नु प्रजहतुः । (अत्र नैमित्तिकमधिकरणम् तस्मात् निमित्त–सप्तमी)

4. कुमारस्य पितरौ (पार्वतीपरमेश्वरौ) प्रद्युम्नस्य च मातापितरौ (कृष्णरुक्मिण्यौ) तुभ्यं क्रुद्धौ स्तः, इति मूलराज उवाच ।

5. अश्वरथं श्रितान् द्विषो दंशमशकममन्वानो लक्षनृपश्चापं जग्राह ।

6. तस्मिन्लक्षे नृपे इषून्वर्षति ब्राह्मण क्षत्रिय-विट्शूद्रास्त्रेसुः ।

7. ब्राह्मण-क्षत्रिय-विट्-शूद्रं त्राता मूलराजोऽपि जयाय चापं जग्राह, जयाय च भेरीशङ्खमुवाद ।

8. विरोधतोहिनकुलं नु तौ (नृपौ) देवासुरैरस्तूयेताम् ।

## पाठ-35

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. प्रारम्भ किए इच्छित ग्रन्थ की समाप्ति के लिए ग्रन्थकार अभीष्ट देवता की स्तुति करता है ।

2. प्रयत्न से पीलनेवाला (मनुष्य) रेती में से भी तेल पा ले और प्यास से पीड़ित मृगजल से भी पानी पी ले, पर्यटन करने वाला (मनुष्य) किसी दिन मृग के शृंग को पा ले, लेकिन कदाग्रही मूर्ख मनुष्य के चित्त को कोई भी साध नहीं सकता है-बदल नहीं सकता है ।

3. हे राजन् ! अगर इस पृथ्वी रूपी गाय को दोहना चाहते हो, तो आज ही इस लोक को बछड़े की तरह पुष्ट करो, अच्छी तरह निरन्तर पोषण होने पर यह पृथ्वी कल्पलता की तरह अनेक प्रकार के फल देती है ।

4. मूर्ख से भी मूर्ख ऐसा मैं कहाँ ? और वीतराग प्रभु का स्तवन कहाँ ? अतः मैं चलकर बड़े जंगल को पार करने की इच्छावाले पंगु जैसा हूँ ।

5. सूरि बोले, भवदत्त ! यह तरुण कौन आया है ? वह बोला-हे भगवन् ! दीक्षा ग्रहण करने की इच्छा वाला मेरा छोटा भाई है ।

6. रथ की आवाज से भयभीत ये मृग, पृथ्वी को जाने छोड़ने की इच्छा नहीं रखते हो, इस प्रकार वायु ऊपर चढ़े हुए की तरह आकाश में चलते हैं ।

7. हे सुन्दर ! व्यापार के लिए दिग्यात्रा करने की तू इच्छा रखता है (तो) हमारी आशिष से कुशलपूर्वक दिग्यात्रा करके जल्दी आना ।
8. जीतने की इच्छावाले एक मात्र से भी अधिक, किसी को सहन नहीं करते हैं इस हेतु से मानों हे धरानाथ ! आपने धारानाथ को हराया ।
9. प्राणी के प्राणों को नष्ट करके जो मांस खाने की इच्छा करता है, वह मनुष्य धर्म रूपी वृक्ष के दया नाम के मूल (जड़) को उखेड़ देता है ।
10. ये धन सार्थवाह वसंतपुर जायेंगे (जानेवाला है) (तो) जो कोई भी वहाँ (वसंतपुर) जाने की इच्छा रखते हों, वे इनके साथ चले जाएँ ।
11. सर्वथा जीतने की इच्छा से रहित और पाप से अत्यन्त भयभीत आपके द्वारा तीनों जगत् जीते गए । बड़े मनुष्यों की चतुराई अपूर्व होती है ।
12. क्रिया बिना का मात्र ज्ञान वास्तव में काम का नहीं है, रास्ते को जानने वाला भी चलने की क्रिया के बिना इच्छितनगर में नहीं पहुँचता है ।
13. धन प्राप्ति की लोलुपता वाला मैं, प्यासा भी पानी नहीं पीता हूँ, भूखा होने पर (भी) खाता नहीं हूँ और रात में भी सोता नहीं हूँ ।
14. पुत्र आदि परिवार के साथ राजा दशरथ भी जाकर उनको वन्दन करने लगे और देशना सुनने की इच्छा से बैठे ।
15. भक्ति करने की इच्छावालों पर आत्मभाव होता है, वैसे ही मारने की इच्छा वाले (शत्रु) पर भी आत्मभाव रखना चाहिए ।
16. यहाँ से नजदीक रहनेवाले स्वजनों को आपकी आज्ञा से देखने की इच्छा रखता हूँ ।
17. धिक्कार हो ! धिक्कार हो ! निश्चय से मरने की इच्छा रखने वाले मैंने निंदित कर्म किया ।
18. कुमार सभी को अनुक्रम से कहे, `वह पत्र क्या है ? किसने भेजा है, इसमें कौन सा कार्य करने के लिए कहा गया है ।'

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. **विद्यार्थिनो यथा पिपठिषन्ति तथा न प्रयियतिषन्ते ।**
2. **चिकीर्षितानि कर्माणि अपूर्णानि सन्ति जनश्च मुमूर्षति ।**
3. **एष प्रासादः पिपतिषति, अतोयूयं तं न प्रविविक्षत ।**
4. **कुसुमान्यवचिचीषया सुधा उद्यानं गताऽस्ति ।**

5. मुमुषिषु र्मुषित्वा पिपृच्छिषुः पृष्ट्वा विविदिषु र्विदित्वा जिघृक्षु र्गृहीत्वा सुषुप्सु र्सुप्त्वेव कृतकृत्यो भवेत् तथा तस्या दुःखेनानेकशो रुरुदिषुरहं तां कन्यामस्मिन्पट आलिख्यात्र चानीय कृतकृत्यो भवामि ।

6. जना धनं संचिचीषन्ति, अपि नार्पिपयिषन्ति ।

7. यूयं न मुमूर्षथ तथान्यं न जिघांसत ।

8. शूर्पणखायाः कथनेन रावणो सीतां स्वान्तःपुरमानिनीषांचकार सीतायाश्चाग्रहेण रामो मृगं जिघृक्षांचकार ।

9. वल्लभेन सह युद्ध्वा कोऽपि नृपः स्वदोःशक्तिं नादिद्दक्षतापि सर्वे रक्षणायेष्टदेवतामसुस्मूर्षन्त ।

## पाठ-36

### संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

1. अज्ञानी मनुष्य को सुख से आराध सकते हैं (समझा सकते हैं) (और) विशेष ज्ञानी मनुष्य को बहुत सुख से आराध सकते हैं। (परन्तु) थोड़े ज्ञान से गर्विष्ठ मनुष्य को ब्रह्मा भी खुश नहीं कर सकते हैं ।

2. यदि तुम संसार से डरते हो और मोक्षप्राप्ति की इच्छा करते हो, तो इन्द्रियों पर विजय पाने के लिए बड़ा पुरुषार्थ करो ।

3. यहाँ से (हमारे पास से) वह दैत्य, लक्ष्मी (शोभा) को पाया है, (इसलिए) यहाँ से (हमारे पास से) विनाश के योग्य नहीं है, विषवृक्ष को भी बड़ा करने के बाद स्वयं ही उसे नष्ट करना अयोग्य है ।

4. फैले हुए तेज द्वारा हमेशा दिशाओं को प्रसन्न करनेवाला यह सूर्य किसको अधिक आनन्द नहीं देता है ।

5. कोई भी पाप वाला व्यापार (क्रिया) नहीं करूंगा और दूसरे के पास नहीं कराऊँगा, सुखपूर्वक रागरहित होकर बैठूंगा – इस प्रकार जिसके मन में इतना आग्रह है, उसको तुम कहो – कितना विवेक है ।

6. जो दूसरों को सलाह देने में होशियार हैं, उनकी वास्तव में पुरुषों में गणना कैसी ? जो खुद को सलाह देने में होशियार हैं उन पुरुषों की पुरुषों में गणना होती है ।

7. जबरदस्ती उसे खाने के लिए बैठाया, लेकिन उसने कुछ भी खाया नहीं, मुझे कुछ भी अच्छा नहीं लगता है, इस प्रकार बार-बार यही बोलता था ।

8. जो मनुष्य जिस प्रकार से बोध पाता हो, उसको उसी प्रकार से बोध देना चाहिए।

9. जितने समय में मैं उतरूँ (उतने समय) नजदीक में ही रथ को खड़ा रख।

10. शकुन्तला के लिए वनस्पति में से फूल लाओ, इस प्रकार आपके द्वारा हमें आज्ञा की हुई है।

11. अपने सुख की अभिलाषा रहित तू लोगों के लिए दुःख को झेल रहा है अथवा प्रतिदिन तेरी प्रवृत्ति इसी प्रकार की है, वास्तव में झाड़, ऊपर से तीव्र (तेज) गर्मी सहन करता है (और) छाया द्वारा आश्रितों के परिताप (गर्मी) को मिटाता है।

12. पापी मनुष्य की कथा करने से वास्तव में पाप बढ़ता है, यश को दूषित करती है, लघुता को धारण करते हैं, मन के परिणामों को बिगाड़ते हैं और धर्मबुद्धि का नाश करते हैं।

13. काले साँप के बच्चे द्वारा चन्दन दूषित होता है।

14. बहुत कहने से क्या ? और भी तेरे मन में हो वह सब बता, जिससे मैं उसे जल्दी से सम्पन्न कर लूँ।

15. स्वयंवर में आई हुई कन्याओं के साथ माता-पिता के द्वारा उसकी शादी हुई।

16. **राक्षस –** उठ उठ, अभी काल विलम्ब करना छोड़ दे। विष्णुदास को निवेदन करो कि यह राक्षस चन्दनदास को मौत से छुड़ाता है।

17. सभी कारण पूर्व जन्म में किये हुए कर्मों के उदय की अपेक्षा बिना फल नहीं देते हैं।

18. सुमित्रा ने भी, वर्षा ऋतु के बादलों जैसे वर्ण वाले सम्पूर्ण लक्षणवाले (और) जगत् के मित्र (समान) पुत्ररत्न को जन्म दिया।

19. राजा ने पकड़े हुए मंगल पाठक और शत्रुओं को भी छुड़ा दिया, यानी उत्तम पुरुषों के जन्म से कौन सुख से नहीं जीता है।

20. उसने सैन्य के समूह द्वारा पृथ्वी को दुःखी किया, शेषनाग को भार की पीड़ा बताई, शत्रुओं को यमपुरी बताई और पिशाचों को शत्रुओं का मांस खिलाया।

21. मोह आदि द्वारा क्रीड़ा के हेतु से मैं क्षण में रागी बन, क्षण में विरागी, क्षण में क्रोधी और क्षण में शान्त बना ।

## हिन्दी का संस्कृत में अनुवाद

1. तथा कुर्वन् राजा तस्य राज्ञ्या पुष्पावत्याऽवार्यत किन्तु तामपि स नाऽजीगणत् ।
2. हे आर्यपुत्र ! त्वं सर्वथा दुःखं मा कृथाः, अहमचिराद् भ्रातरं बोधयिष्यामि त्वदीप्सितं च कारयिष्ये ।
3. नमद्ग्रीवा यशोभद्रादयः शिष्या ऊचुः, भवता प्रथममस्मानपत्य-सम्बन्धः कथं न ज्ञापितः ।
4. भूरिहर्षः सूरिरूचे, अपत्यसम्बन्धं ज्ञात्वा नूनं यूयं मणकेन मुनिनोपास्तिं नाऽकारयिष्त तस्माच्च स स्वार्थं व्यमोक्ष्यत ।
5. तं रङ्कं प्रव्राज्य मोदकादीष्टभोजनं यथारुचि वयमबूभुजाम ।
6. राजाऽशोकस्तं बालमानाययत्तस्य च नाम सम्प्रतिरित्यकृत ।
7. राजाऽशोकः, दशाहादनन्तरं सम्प्रतिं स्वराज्ये न्यवीविशत् ।
8. कुमारस्तं लेखं वाचयामास वाचयित्वा च तूष्णीभूतः ।
9. चन्द्रगुप्तं विषं दत्त्वा कोऽपि न घातयेदिति हेतुना चाणक्येन स दिनं प्रत्यधिकाधिकं विषाहारमभोज्यत ।
10. मौर्यमाज्ञाप्य चाणक्येन सुबन्धुस्तस्य सचिवः कारितोऽभूत् ।

# परिशिष्ट

## संस्कृत का हिन्दी में अनुवाद

### (1)

(1) महासत्त्वशाली, तत्त्वज्ञ, सद्बुद्धिवाले, विद्याधर के स्वामी शतबल राजा एक दिन यह विचार कर रहे थे ।

(2) स्वाभाविक अपवित्र ऐसे इस शरीर को संस्कारों द्वारा पवित्र करके, खेद की बात है कि कितने समय रखेंगे ?

(3) वास्तव में खल की तरह यह काया, अनेक बार संस्कार करने पर भी जब संस्कार नहीं करते हैं, तब विकृत हो जाती है ।

(4) अहो ! आश्चर्य है कि बाहर गिरे हुए विष्ठा, मूत्र और कफ आदि से प्राणी लज्जित होते हैं, परन्तु काया के भीतर रही विष्ठा आदि से लज्जित नहीं होते हैं ।

(5) जीर्ण होते वृक्ष के छिद्रों में क्रूर सर्प उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार इस शरीर में अत्यन्त पीड़ादायी रोग पैदा होते हैं ।

(6) शरद् ऋतु के मेघ की तरह यह काया स्वभाव से ही नष्ट हो जानेवाली है और उसमें पहले देखी गई और नष्ट हुई (क्षणिक) यौवन की शोभा बिजली की तरह है ।

(7) आयुष्य ध्वजा के समान चपल है, लक्ष्मी तरंग की तरह अस्थिर है, भोग साँप के फण समान हैं और संगम स्वप्न तुल्य है ।

(8) काम-क्रोध-आदि ताप से रात दिन तपाता हुआ शरीर के भीतर रही आत्मा, पुटपाक की तरह पकाया जाता है ।

(9) जिस प्रकार अशुचि में सुख माननेवाला विष्ठा का कीड़ा लेश भी वैराग्य नहीं पाता है, उसी प्रकार अति दु:खदायी विषयों में सुख माननेवाला मनुष्य, आश्चर्य है कि वह लेश भी वैराग्य नहीं पाता है ।

(10) जिस प्रकार अन्धा व्यक्ति अपने पाँव के सामने रहे कुए को नहीं देखता है, उसी प्रकार खराब परिणामवाले विषयों के आस्वाद में मनवाला मनुष्य अपने पाँव के आगे रही मृत्यु को नहीं देखता है ।

(11) प्रारम्भ में ही मधुर ऐसे विष समान विषयों से आत्मा मूर्च्छित ही रहती है, वह स्वहित के लिए जागृत नहीं होती है ।

(12) चारों का पुरुषार्थ समान होने पर भी खेद की बात है कि पापी ऐसे अर्थ-काम में आत्मा प्रवृत्ति करती है, परन्तु धर्म और मोक्ष में प्रवृत्ति नहीं करती है ।

(13) इस अपार संसार सागर में प्राणियों को महारत्न की तरह अमूल्य मनुष्यपना अति दुर्लभ है ।

(14) मनुष्य पणा प्राप्त होने पर भी देव के रुप में अरिहंत भगवान और गुरु के रुप में सुसाधु की प्राप्ति पुण्ययोग से होती है ।

(15) यदि मैं मनुष्यपने का फल प्राप्त न करूँ तो अभी पाटण में रहते हुए भी चोरों द्वारा ठगा गया हूँ ।

**(2)**

जैसे-तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए । देखो, मूर्ख ऐसे बन्दर ने सुघरी (पक्षी) को घर रहित बना दिया ।

दमनक ने कहा `यह कैसे ?'

उसने कहा, किसी वन प्रदेश में खीजड़े का वृक्ष है, उसमें लटकनेवाली शाखा में जंगली चिड़ा व चिड़िया रहते थे ।

उसके बाद किसी समय वे दोनों सुखपूर्वक रहे हुए थे, तभी हेमन्तऋतु का मेघ धीरे-धीरे बरसने लगा ।

उस समय पवनयुक्त बरसात से भीगा हुआ, रोमांचित देहवाला, दाँतों की वीणा को बजाता हुआ और कँपता हुआ कोई बन्दर खीजड़े के झाड़ के मूल को पकड़कर बैठा ।

उसके बाद उसकी इस स्थिति को देखकर सुघरी ने कहा: `हे भद्र, तू हाथ-पाँव सहित पुरुष की आकृतिवाला दिखता है, तो हे मूढ़ ! ठंडी से क्यों दु:खी है ? घर क्यों नहीं बनाता है ?

इस बात को सुनकर गुस्से में आकर उस बन्दर ने कहा, `हे अद्यम ! तू क्यों मौन नहीं रहती है ।'

`अहो ! उसकी धृष्टता ! आज मुझ पर हँस रही है । सुई जैसे मुखवाली दुराचारिणी, अपने आपको पंडित माननेवाली, रंडा ! बोलती हुई शरमाती नहीं है ? तो क्यों न उसे मारूँ ? इस प्रकार प्रलापकर उसको कहा `हे मुग्धे ! तुझे मेरी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है ।'

कहा भी है–`श्रद्धालु को कहो, पूछनेवाले को विशेष कहो, परन्तु श्रद्धा रहित को कहना तो अरुण्यरुदन जैसा ही होता है। तो (हे भाई) ज्यादा कहने से क्या फायदा ?

उस समय उस बन्दर ने खीजड़े के झाड़ पर चढ़कर उसके घोंसले के सौ-सौ टुकड़े कर दिए। इसलिए मैं कहता हूँ–`जैसे-तैसे व्यक्ति को उपदेश नहीं देना चाहिए।'

**(3)**

(1) हिरण हिरण के साथ, गाय गाय के साथ, घोड़ा घोड़े के साथ, मूर्ख मूर्ख के साथ और समझदार समझदार के साथ संग करता है, समान आचार और आदतवालों के साथ मैत्री होती है।

(2) अपार इस संसार में किसी भी प्रकार से मनुष्यभव को प्राप्त कर विषयसुख की तृष्णा में डूबा हुआ जो मनुष्य धर्म नहीं करता है, वह मूर्खों में मुख्य है, वह तो समुद्र में डूबते हुए भी श्रेष्ठ जहाज को छोड़कर पत्थर पकड़ने का प्रयत्न करता है।

(3) विद्वान मनुष्य के परिश्रम को वास्तव में विद्वान मनुष्य ही समझता है क्योंकि वन्ध्या स्त्री, गर्भवाली स्त्री की प्रसववेदना को नहीं जानती है।

(4) सूर्य उगते समय लाल होता है और अस्त समय भी लाल होता है। बड़े व्यक्ति सम्पत्ति और विपत्ति में एक समान होते हैं।

(5) नीच जाति, अनिष्ट का समागम, प्रियवियोग, भय, दरिद्रता, अपयश और सभी लोगों का पराभव ये सभी पाप रूपी वृक्ष के फल हैं।

(6) वास्तव में हमेशा आवाज करने में होशियार प्रत्येक वटवृक्ष पर बगले आवाज करे, प्रत्येक पिपल वृक्ष पर बिचारे कौए का-का करे, (परंतु) वह रसिले नए पान को कवल करने के उल्लास में होशियार, खेलती हुई कोयल के कंठ कुंजन की कला का लीला-विलास का क्रम कुछ और ही है।

(7) हे भाई ! कहो, सत्संगति पुरुषों को क्या नहीं करती है। वह बुद्धि की जड़ता दूर करती है, वाणी में सत्य का सिंचन करती है, मान की उन्नति करती है, पाप को दूर करती है, चित्त को प्रसन्न करती है और सभी दिशाओं में कीर्ति फैलाती है।

(8) जब तक लीला से उन्नत पूँछवाला सिंह आता नहीं है, तभी तक मद से उन्मत्त बने हुए हाथी वन में गर्जना करते हैं।

(9) तपे हुए लोहे पर गिरे हुए पानी का नाम ही नहीं रहता है, वही पानी कमल के पत्ते पर रहा हुआ मोती के आकार से शोभता है। स्वाति नक्षत्र में सीप के सम्पुट में गिरा वह पानी मोती बनता है। प्रायः करके अधम, मध्यम और उत्तम गुण संगति के अनुसार होते हैं।

(10) गुणीजन अपने गुणों से ही सेवनीय हैं, लक्ष्मी से नहीं। क्या फल की ऋद्धि से रहित चन्दन का वृक्ष आनन्द नहीं देता है ?

(11) दरिद्रता समान होने पर भी अहो ! चित्तवृत्ति में कितना अन्तर है ? कुछ `नहीं दे पाए' इस कारण शोक करते हैं, तो कुछ `कुछ नहीं मिला' इस प्रकार विचार कर शोक करते हैं।

(12) कई (संत पुरुष) अत्यधिक दुःख में भी विपरीत आचरण नहीं करते हैं, जलता हुआ भी कपूर अपनी सुगन्ध को छोड़ता नहीं है।

(13) सज्जन के संग में इच्छा, दूसरों के गुणों में प्रीति, गुरु में नम्रता, विद्या में व्यसन, अपनी स्त्री में रति, लोक निन्दा से भय, अरिहन्त में भक्ति, आत्मदमन में शक्ति, दुर्जन के संग से मुक्ति – जिसमें ये निर्मल गुण रहते हैं, वे इस पृथ्वी पर प्रशंसनीय हैं।

(14) राज्य, सम्पत्ति, भोग, कुल में जन्म, सुन्दर रूप पाण्डित्य, दीर्घ आयुष्य और आरोग्य-धर्म के ये फल हैं।

(15) हे प्रभो ! हमें इच्छित की प्राप्ति नहीं होती है, उसमें आपका दोष नहीं है, वह हमारे ही कर्मों का दोष है, उल्लू दिन में नहीं देखता है तो उसमें सूर्य का दोष कैसे ?

(16) यदि सज्जनों के मार्ग का सम्पूर्ण अनुसरण शक्य न हो तो आंशिक भी अनुसरण करना चाहिए क्योंकि मार्ग में रहा हुआ खेद नहीं पाता है।

(17) विपत्ति में दीन न बनना, महान् पुरुषों के मार्ग का अनुसरण करना, न्याययुक्त वृत्ति को प्रिय बनाना, प्राणनाश के प्रसंग में भी मलिन कार्य को करणीय नहीं मानना, दुर्जनों से प्रार्थना नहीं करना, सज्जनों के इस विषम असिधाराव्रत को किसने बताया है ?

(18) शक्य बात में प्रमादी मनुष्य ठपके का पात्र बनता है, अशक्य बात में मनुष्य अपराध के योग्य नहीं है।

(19) जो मनुष्य अपने और दूसरे के बल-अबल का विचार किए बिना अशक्य अर्थ में प्रवृत्ति करता है, वह विद्वानों के लिए हँसी का पात्र ही बनता है ।

(20) शक्ति होने पर बुद्धिशाली व्यक्ति को परोपकार करना चाहिए, परोपकार की शक्ति न हो तो स्व उपकार में विशेष आदर करना चाहिए ।

(21) विद्या और ध्यानयोग में अच्छी तरह से अभ्यास होने पर भी हितेच्छु को सन्तोष नहीं करना चाहिए, बल्कि उन दोनों में स्थिरता ही हितकर है ।

(22) सत्पुरुष, नम्र व्यक्तियों में दयालु, दीन का उद्धार करने में तत्पर, स्नेहपूर्वक चित्त देनेवाले के विषय में अपने प्राण भी देनेवाले होते हैं ।

(23) गुरु प्रत्यक्ष में स्तुति योग्य है । मित्र और बन्धु परोक्ष में स्तुति योग्य हैं । नौकर वर्ग कार्य के अन्त में स्तुति योग्य है । पुत्र स्तुति करने योग्य नहीं है और स्त्रियाँ मरने के बाद स्तुति करने योग्य हैं ।

(24) एकान्त सुख और एकान्त दु:ख को पाया हुआ कौन है ? चक्र की धारा के समान मनुष्य ऊपर और नीचे जाता है ।

**(4)**

**चाणक्य :–** सुन्दर ! वत्स, मणिआर शेठ चन्दनदास को अभी देखने की इच्छा करता हूँ ।

**शिष्य :–** वैसा ही करता हूँ । (बाहर निकलकर चन्दनदास के साथ प्रवेश करके) श्रेष्ठी ! इधर–इधर ।

**चन्दनदास :** (अपने मन में सोचता है)

दयाहीन चाणक्य के विषय में, अचानक बुलाए हुए निर्दोष व्यक्ति को भी शंका पैदा होती है तो दोषयुक्त मुझे शंका क्यों न हो ?

इसलिए मैंने अपने घर रहे धनसेन आदि को कहा है–कदाचित् वह दुष्ट चाणक्य घर की छानबीन कराए, `तो मालिक अमात्यराक्षस के गृहजनों को सँभालना, मेरा जो होना हो सो हो ।'

**शिष्य :** (पास में आकर) उपाध्याय, ये श्रेष्ठी चन्दनदास !

**चन्दनदास :** `आपकी जय हो !'

**चाणक्य :** (नाटक के द्वारा देखकर) श्रेष्ठी ! आपका स्वागत है । इस आसन पर बैठो ।

**चन्दनदास :** (प्रणाम करके) क्या आप नहीं जानते हो कि अनुचित उपचार (सम्मान) हृदय को पराभव से भी अधिक दु:ख पैदा करता है, इस कारण यहीं पर उचित भूमि पर बैठता हूँ।

**चाणक्य :** हे श्रेष्ठी ! ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है, हमारे द्वारा यह सम्भवित ही है, अतः आप इस आसन पर बैठो।

**चन्दनदास :** (अपने मन में सोचता है) इस दुष्ट द्वारा कुछ बाहर लाया गया।

(प्रगट बोलता है) आप जैसी आज्ञा करते हैं। (ऐसा कहकर बैठ गए।)

**चाणक्य :** हे श्रेष्ठी चन्दनदास ! क्या व्यापार में वृद्धि और लाभ मिल रहा है ?

**चन्दनदास :** (मन में सोचता है) अति आदर शंका के पात्र है। (प्रगट बोलता है) हाँ ! आपकी मेहरबानी से मेरा व्यापार अखण्डित है।

**चाणक्य :** चन्द्रगुप्त राजा के दोष क्या अतिक्रान्त राजा के गुणों की याद नहीं दिलाते हैं ?

**चन्दनदास :** (कान बन्द करके) पाप शान्त हो, ऐसा न बोलो। शरद् ऋतु की रात्रि में उदय पाए हुए पूर्णिमा के चन्द्र समान चन्द्रगुप्त राजा से प्रजा अधिक खुश है।

**चाणक्य :** हे श्रेष्ठी ! यदि ऐसा है तो खुश प्रजा से राजा प्रतिप्रिय (बदले में प्रिय वस्तु) चाहता है।

**चन्दनदास :** फरमाइए ! इस मनुष्य के पास से आप क्या चाहते हो ?

**चाणक्य :** हे श्रेष्ठी ! यह चन्द्रगुप्त का राज्य है, नन्द राजा का नहीं। अर्थरुचि ऐसे नन्दराजा को ही अर्थ (धन) का सम्बन्ध प्रीति उत्पन्न करता है। चन्द्रगुप्त राजा को तो आपका अक्लेश ही प्रीति उत्पन्न करता है।

**चन्दनदास :** (खुश होकर) हे आर्य ! आपके द्वारा मैं अनुगृहीत हूँ।

**चाणक्य :** संक्षेप में राजा के विषय में अविरुद्ध वर्तन होना चाहिए।

**चन्दनदास :** वह कौन अभागी है, जो राजा से विरुद्ध है– ऐसा आपके द्वारा जाना गया है।

**चाणक्य :** पहले तुम ही।

**चन्दनदास :** (कान बन्द कर) पाप शान्त हो, पाप शान्त हो, ऐसा न बोले, ऐसा न बोलें । तृण को अग्नि के साथ विरोध कैसे ?

**चाणक्य :** यह ऐसा विरोध है, जो तुम अभी भी राज के अहितकारी अमात्य राक्षस के गृहजन को अपने घर में लाकर रखते हो ।

**चन्दनदास :** आर्य ! यह असत्य है, किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपको निवेदन किया है ।

**चाणक्य :** हे श्रेष्ठी ! शंका रहने दो । भयग्रस्त पहले के राजपुरुष, नगरजनों को नहीं चाहते हुए भी घर में अपने लोगों को छोड़कर देशान्तर में जाते हैं, अतः उन्हें छिपाना, गुनाह ही है ।

**चन्दनदास :** उस समय हमारे घर में अमात्य राक्षस के गृहजन थे ।

**चाणक्य :** पहले कहते थे `असत्य है' और अब कहते हो `वे थे' ये परस्पर विरोधी वचन हैं ।

**चन्दनदास :** इतना ही मेरी वाणी का छल-कपट है ।

**चाणक्य :** चन्द्रगुप्त राजा के विषय में छल का अपरिग्रह है, अतः राक्षस के गृहजनों को सौंप दो । तुम्हारे छल का अभाव हो ।

**चन्दनदास :** हे आर्य ! मैं आपसे विनती करता हूँ कि उस समय, हमारे घर में अमात्य राक्षस के गृहजन थे ।

**चाणक्य :** तो अब कहाँ गए ?

**चन्दनदास :** मुझे पता नहीं है ।

**चाणक्य :** (थोड़ा हँसकर) क्यों नहीं जानते हो ? हे श्रेष्ठी ! सिर पर भय है, उसका प्रतिकार अतिदूर है ।

**चन्दनदास :** (मन में बोलता है) `क्या यह दुःख आ पड़ा है । ऊपर आकाश में मेघ की गर्जना है और स्त्री दूर है । सिर पर साँप पड़ा है और दिव्य औषधियाँ हिमालय में हैं ।

**(5)**

उज्जयिनी नगरी के मार्ग में बीच में एक बड़ा पीपल का वृक्ष है, उसके ऊपर हंस और कौआ रहता है । एक बार ग्रीष्म ऋतु में एक थका हुआ मुसाफिर उस झाड़ के नीचे धनुष में बाण जोड़कर सोया है ।

थोड़ी देर में उसके मुख पर से झाड़ की छाया चली गई, अतः सूर्य के तेज से उसके मुख को व्याप्त देखकर उस वृक्ष पर रहे हंस ने दया से अपनी पाँखों को फैलाकर उसके मुख पर छाया की ।

उसके बाद अत्यन्त निद्राधीन उस व्यक्ति ने अपना मुख चौड़ा किया ।

दूसरे के सुख को सहन नहीं करनेवाला कौआ अपने दुर्जन स्वभाव से उसके मुख में बीट (विष्टा) कर भाग गया । उसी समय उस मुसाफिर ने उठकर ऊपर देखा, उसने वहाँ रहे हंस को देखा । उसने बाण से हंस को मार दिया । इसीलिए कहा जाता है `दुर्जन के साथ न रहें ।'

दुर्जन व्यक्ति दुष्ट आचरण करता है और निश्चय ही उसका फल सज्जनों को मिलता है । रावण ने सीता का हरण किया और बन्धन समुद्र को हुआ ।

**(6)**

(1) न बाजुबंध, न चन्द्र जैसे उज्ज्वल हार, न स्नान, न विलेपन, न फूल, न अलंकृत बाल पुरुष को विभूषित करते है । एक मात्र वाणी ही पुरुष को अच्छी तरह से अलंकृत करती है, जो संस्कार की हुई धारण करता है । वास्तव में आभूषण नष्ट होते है, (परंतु) वाणी का भूषण हमेशा ही भूषण (रहता) है ।

(2) मनुष्य क विद्या ही वास्तव में श्रेष्ठ रुप, छीपा हुआ गुप्त धन है । विद्या ही भोग का कारण, यश=सुख का कारण और विद्या ही गुरु का गुरु है । विदेश यात्रा में विद्या ही बन्धुजन है । विद्या ही श्रेष्ठ देवता है । विद्या ही राजा में पूजी जाती है, न कि धन । (इसलिए) विद्या रहित मनुष् पशु समान है ।

(3) हिंसा का त्याग, परधन को चुराने में संयम, सत्यवचन, उचित काल में शक्ति अनुसार दान, परस्त्रीजन की कथा में मुंगा बनना (परस्त्री कथा का त्याग) तृष्णा के फैलाव को रोकना, गुरु में विनय करना, सभी जीवों के प्रति अनुकंपा, सभी शास्त्रों में अप्रयुक्त विधि-सुख का सामान्य से यही मार्ग है ।

# संस्कृत धातुकोष

**अर्ज्** = पाना (ग.1/10.प.S)
**अर्ह्** = योग्य होना (ग.1.प.S)
**अय्** = जाना (ग.1.आ.S)
**अधि + गम्** = जानना (ग.1.आ.A)
**अस्** = फेंकना (ग.4.प.S)
**अनु+इष्**=अन्वेषण करना (ग.6.प.S)
**अभि+सिच्** = अभिषेक करना (ग.6.उ.A)
**अप+आ+वृ** = खोलना (ग.5.उ.S)
**अश्** = मिलना, व्याप्त होना (ग.5.आ.V)
**अश्** = खाना (ग.9.प.S)
**अनु + ग्रह** = अनुग्रह करना, महेरबानी करना (ग.9.उ.S)
**अनु+ज्ञा (जा)**=अनुज्ञा देना (ग.9.प/आ.A)
**अञ्** = अंजन करना (ग.7.प.V)
**अनु+स्था**=अनुष्ठान करना (ग.1.प.A)
**अप + इ** = दूर होना (ग.2.प.A)
**अधि+इ**=अभ्यास करना, स्मरण करना (ग.2.प.A)
**अर्च्** = पूजा करना (ग.1.आ/ग.10.यु.S)
**अति+शी**=उल्लंघन करना, बढ़ना, अतिशय करना, चढ़ना (ग.2.आ.S)

**अद्** = खाना (ग.2.आ.S)
**अन्** = जीना (ग.2.प.S)
**अनु+शास्**=आज्ञा करना, कहना (ग.2.प.S)
**अस्** = होना (ग.2.प.S)
**अव+इ** = जानना (ग.2.प.A)
**अर्द्** = मारना (ग.1.आ/10.यु.S)
**अव+धू** = दूर करना (ग.10.प.V)
**अर्द्**=पीड़ा करना (ग.1.आ/10.यु.S)
**आविस्+भू**=खुल्ला होना (ग.1.प.S)
**आ+शंस्** = आशंसा करना (ग.1.आ.S)
**आ+क्रम्** = आक्रमण करना (ग.1/4.प.S)
**आ+म्ना (मन्)**=मानना (ग.1.प.A)
**आ+चम्**=आचमन करना (ग.1.प.S)
**आ+यम (यच्छ)**=लम्बा करना (ग.1.प.S)
**आ+दृ** = आदर करना (ग.6.आ.S)
**आ+प्रच्छ्** = अनुमति लेना (ग.6.आ.A)
**आप्** = प्राप्त करना (ग.5.प.A)
**आ+वृ** = ढकना (ग.5.उ.S)
**आविस्+कृ**=प्रकट करना (ग.8.उ.A)
**आ+सद्** = प्राप्त करना (ग.1.प/ग.10.यु.S)

**टिप्पणी 1–**प=परस्मैपदी, आ=आत्मनेपदी, उ=उभयपदी, S=सेट, A=अनीट, V=वेट

**आ+श्वस्**=आश्वासन लेना (ग.2.प.S)
**आ+हन् =** मारना (ग.2.प.A)
**आ+शास्** = इच्छा करना, आशीर्वाद देना (ग.2.प.S)
**आस्** = बैठना (ग.2.आ.S)
**आ+दा**=ग्रहण करना (ग.3.उ.A)
**आ+मन्त्र् =** आमंत्रण देना। (ग.10.आ.S)
**आ+छिद्** = छीन लेना (ग.7.उ.A)
**अव+मन्**= अपमान करना (ग.8.आ.S)
**आ+विश्** =आवेश करना (ग.6.प.A)
**आ+राध्**=आराधना करना (ग.10.प.S)
**इ** = जाना (ग.1.प.A)
**ईह्** = इच्छा करना (ग.1.आ.S)
**इष्** = जाना (ग.4.प.S)
**ई** = जाना (ग.4.आ.A)
**इन्ध्** = जलना, चमकना (ग.7.आ.S)
**इ** = जाना (ग.2.प.A)
**ईड्** = प्रशंसा करना (ग.2.आ.S)
**ईश्** = राज्य करना (ग.2.आ.S)
**ईर्ष्य्** = ईर्ष्या करना (ग.1.प.S)
**ईर्** = बोलना (ग.10.प.S)
**ईक्ष् =** देखना (ग.1.आ.S)
**उद्+इ** = उदय पाना (ग.2.प.A)
**उञ्छ्**=इकट्ठा करना (ग.6.प.S)
**उद्+विज्** = उद्वेग पाना (ग.3.उ.A)
**उद्+इ** = उदय होना (ग.2.प.A)
**उप+इ** = पास जाना (ग.2.प.A)
**उद्+आस्** = उदासीन रहना (ग.2.आ.S)
**उद्+सह** = उत्साह रखना (ग.1.आ/ग.10.यु.S)
**उप+स्था**=हाजिर होना (ग.1.प.A)
**उद्+ईर्** = बोलना (ग.10.प.S)
**उप+नी** = पास में ले जाना, देना (ग.1.उ.A)
**उद्+लस्** = उल्लास पाना, उल्लसति। (ग.1.प.S)
**उप+यम् (यच्छ्)** = लग्न करना (ग.1.प.A)
**उप+रुध्** = आग्रह करना (ग.7.उ.A)
**उप+ईक्ष् =** उपेक्षा करना। (ग.1.आ.S)
**उद्+विज्**=उद्वेग करना (ग.3.उ.A)
**ऋ (ऋच्छ्)**=प्राप्त करना (ग.1.प.A)
**ॠ** = जाना (ग.3.प.A)
**कृष्** = खींचना (ग.1.प.A)
**क्वथ्** = उबलना (ग.1.प.S)
**क्रम्** = पैदल चलना (ग.1/4.प.S)
**कृप्** = समर्थ होना (ग.1.आ.V)
**क्लम्** = थक जाना (ग.1/4.प.S)
**कृत्** = काटना (ग.6.प.S)
**कॄ** = बिछाना, बिखेरना (ग.6.प.S)

**कृष्** = खिंचना, कृषी करना (ग.6.उ.A)
**कॄ** = हिंसा करना (ग.5.उ.A)
**कृ** = करना (ग.8.उ.A)
**क्लिश्** = क्लेश करना (ग.9.प.V)
**कॄ** = हिंसा करना (ग.9.उ.S)
**कॄत्** = कीर्तन करना (ग.10.प.S)
**क्री** = खरीदना (ग.9.उ.A)
**क्रन्द्**=पुकार करना (ग.1.प.S)
**कृष्** = खींचना (ग.1.प.A)
**काङ्क्ष्**=इच्छा करना (ग.1.प.S)
**खिद्** = खिन्न होना (ग.6.प.A)
**खिद्** = खेद करना (ग.7.आ.A)
**ख्या** = कहना (ग.2.प.A)
**खन्** = खुजलना (ग.1.उ.S)
**गम्** = जाना (ग.1.प.A)
**गुप्** = रक्षण करना (ग.1.प.V)
**गुह्** = छिपाना (ग.1.उ.V)
**ग्रह्**=ग्रहण करना (गृह्णाति) (ग.9.उ.S)
**गॄ** = बोलना (ग.9.प.S)
**ग्रन्थ्** = गूँथना (ग्रथनाति) (ग.9.प.S)
**गवेष्**=शोध करना (ग.10.प.S)
**ग्रस्** = निगलना, पकडना (ग.1.प.S)
**गद्** = बोलना (ग.1.प.S)
**गुञ्ज्** = गुंजन करना (ग.1.प.S)
**गर्ह्** = निंदा करना (ग.1.आ.S)
**घ्रा (जिघ्र्)** = सूंघना (ग.1.प.A)
**घस्** = खाना (ग.1.प.A)

**चम्**=चाटना, पीना, चूसना (ग.1.प.S)
**चि**=इकट्ठा करना, चुनना (ग.5.उ.A)
**चकास्** = प्रकाशित होना (ग.2.प.S)
**चेष्ट्**=चेष्टा करना (ग.1.आ.S)
**चक्ष्** = बोलना, कहना (ग.2.आ.S)
**चृत्** = मार डालना, गुंथना (ग.6.प.S)
**छो** = छेद करना (ग.4.प.A)
**छद्** = ढकना, छुपाना (ग.10.प.S)
**छिद्** = छेद करना (ग.7.उ.A)
**छृद्** = प्रकाशित करना (ग.1.प.S)
**डम्ब्**=बिडंवना करना (ग.10.प.S)
**ज्वल्** = जलना (ग.1.प.S)
**जृम्भ्** = प्रकट होना (ग.1.आ.S)
**जॄ** = वृद्ध होना (ग.4./9.प.S)
**ज्या (जी)** = हीन होना (ग.9.प.A)
**जॄ** = बूढ़ा होना (ग.2.प.S)
**जक्ष्** = खाना (ग.2.प.S)
**जागृ** = जगना (ग.2.प.S)
**त्वर्** = जल्दबाजी करना (ग.1.आ.S)
**तम्** = दु:खी होना (ग.4.प.S)
**तुद्** = दु:खी होना (ग.6.उ.A)
**तप्** = तपाना, जलाना (ग.1.आ/ग.10.यु.S)
**तन्** = फैलाना, विस्तार करना, लंबा करना, तानना (ग.8.उ.S)
**तृह्** = हिंसा करना (ग.7.प.S)

**तु** = भरना (ग.2.प.A)
**त्रै** = रक्षण करना (ग.1.आ.V)
**त्रस्** = त्रस्त होना (ग.1/4.प.S)
**त्रुट्** = टूटना, फाड़ना(ग.4/6.प.S)
**दंश् (दश्)**=डंक मारना (ग.1.प.A)
**दद्** = देना (ग.1.आ.S)
**दम्** = दमन करना (ग.4.प.S)
**दिव्** = क्रीड़ा करना, स्तुति करना, जुगार खेलना (ग.4.प.S)
**दो** = छेद करना, कांटना (ग.4.प.A)
**दू** = खेद करना (ग.4.आ.S)
**दृ** = आदर करना (ग.6.आ.S)
**दु** = दु:खी करना (ग.5.प.A)
**दॄ** = फाड़ना (ग.9./10.प.S)
**द्रा** = सोना, भाग जाना (ग.2.प.A)
**दा** = काँटना (ग.2.प.A)
**दरिद्रा** = दरिद्र होना (ग.2.प.S)
**दिह्** = लेप करना (ग.2.उ.A)
**द्विष्** = द्वेष करना (ग.2.उ.A)
**दुह्** = दूध देना, दोहना (ग.2.उ.A)
**दा** = देना (ग.2.प.A)
**द्रु** = जाना (ग.1.प.A)
**दुष्**=दूषित होना, बिगडना (ग.4.प.A)
**दृप्** = गर्व करना (ग.4.प.V)
**धे** = दौड़ना (ग.1.प.A)
**ध्मा (धम्)**=फूँकना,तपाना,बजाना (ग.1.प.S)
**धू** = हिलाना (ग.5.उ.V)
**धू** = हिलाना (ग.6.प.S)
**धृष्** = हिम्मत करना (ग.5.प.S)
**धू** = हिलाना (ग.9.उ.V)
**धृ** = धारण करना (ग.1.उ.A)
**धा** = धारण करना (ग.3.उ.A)
**धाव्** = धोना, जाना (ग.1.प.S)
**ध्वंस्**=ध्वंस होना, नाश होना (ग.1.आ.S)
**धृ** = धारण करना (ग.6.प.A)
**निस्+क्रम्** = निकलना (ग.1.प.S)
**नि+विश्** = प्रवेश करना (ग.6.आ.A)
**नू** = स्तुति करना (ग.6.प.S)
**नि + ग्रह** = निग्रह करना, शिक्षा करना (ग.9.उ.S)
**नु** = स्तुति करना (ग.2.प.S)
**निर्+मा**=निर्माण करना (ग.3.आ.A)
**निज्** = धोना, पवित्र करना (ग.3.उ.A)
**निस्+श्वस्**=श्वास छोडना (ग.2.प.S)
**नाथ्**=प्रार्थना करना (ग.1.प.S)
**निर्+नी**=निर्णय करना (ग.1.उ.A)
**नुद्**=प्रेरणा करना, हांकना (ग.6.प.A)
**नि+कृ** = पराभव करना (ग.8.उ.A)
**नि+गुह्** = आच्छादित करना (ग.1.उ.V)
**परा+अय्**=पलायन होना (ग.1.आ.S)
**प्रादुस्+भू**=प्रकट होना (ग.1.प.S)
**प्र+शंस्** = प्रशंसा करना (ग.1.प.S)
**पण्** = व्यापार करना, स्तुति करना, स्पर्धा करना (ग.1.आ.S)

**पन्** = स्तुति करना (ग.1.प.S)
**पद्** = उत्पन्न होना (ग.4.आ.A)
**पूर्** = बढ़ना, भरना, पुरा करना (ग.4.आ.S)
**पृ** = उद्यम करना (ग.6.आ.A)
**प्री** = खुश करना (ग.1.उ./10.यु.S)
**पुष्** = पोषण करना (ग.4.प.A)
**प्रत्यभि+ज्ञा (जा)**=पहिचानना (ग.9.प.A)
**प्री** = खुश करना (ग.1.उ./10.यु.S)
**पू** = पवित्र करना (ग.9.उ.S)
**पॄ**=पालन करना, पुराना, भरना (ग.3.प.S)
**पिष्** = दलना, पीसना (ग.7.प.A)
**पृच्**=सम्पर्क करना, (ग.7.प.S)
**पा** = रक्षण करना (ग.2.प.A)
**प्सा** = भक्षण करना (ग.2.प.A)
**पार्** = काम पूरा करना (ग.10.प.S)
**पॄ** = पालन करना (ग.9.प.S)
**पृ** = पालन करना, भरना (ग.3.प.A)
**प्रति+ईक्ष्** = राह देखना (ग.1.आ.S)
**प्रु** = जाना (ग.1.आ.A)
**प्र+क्रम्** = प्रारंभ करना (ग.1.आ.S)
**प्रति+पद्** =स्वीकार करना (ग.4.आ.A)
**प्री** = खुश होना (ग.4.आ.A)
**प्लु**=कूदना, जाना, तैरना (ग.1.आ.A)
**पिश्** = पीसना, चुराना(ग.6.प.S)
**प्रथ्**=प्रख्यात होना (ग.1.आ.S)

**प्र + अन्** = प्राण धारण करना (ग.2.प.S)
**बुध्** = बोध करना (ग.4.आ.A)
**बन्ध्** = बाँधना (ग.9.प.A)
**ब्रू** = बोलना (ग.2.उ.A)
**बुध्** = बोध पाना (ग.1.उ.S)
**बुध्** = जानना (ग.10.प.S)
**भ्लास्** = शोभा देना (ग.1/4.आ.S)
**भू** = होना (ग.1.प.S)
**भ्रम्** = भटकना (ग.1/4.प.S)
**भ्राज्** = शोभा देना (ग.1.आ.S)
**भ्रास्** = शोभा देना (ग.1/4.आ.S)
**भ्रंश्** = भ्रष्ट होना (ग.4.प.S)
**भ्रस्ज्**=पकाना, भूनना, सेकना (ग.6.उ.A)
**भञ्** = तोडना (ग.7.प.A)
**भुज्** = भोग करना, रक्षण करना (ग.7.प.A)
**भुज्** = खाना (ग.7/3 स.A)
**भिद्** = भेद करना (ग.7.उ.A)
**भा** = शोभा देना, चमकना (ग.2.प.A)
**भी** = डरना (ग.3.प.A)
**भृ** = पोषण करना, भरना, धारण करना (ग.3.उ.A)
**भिक्ष्** = माँगना (ग.1.आ.S)
**म्लै** = मुरझाना (ग.1.प.A)
**म्ना (मन्)** = मानना (ग.1.प.A)

**मस्ज्** = स्नान करना मज्जन करना, मग्न रहना, डुबना (ग.6.प.A)
**मृ** = मरना (ग.6.प.A)
**मृश्** = विचार करना (ग.6.प.A)
**मृष्** = क्षमा करना, सहन करना (ग.1.आ./10.यु.S)
**मन्** = मानना (ग.8.आ.S)
**मन्थ्** = मथना, मंथन करना (ग.9.प.S)
**मुष्** = चोरी करना (ग.9.प.S)
**मृद्** = मर्दन करना (ग.9.प.S)
**मी** = हिंसा करना (ग.4.आ.A)
**मथ्**=मथना, नाश करना (ग.1.प.S)
**मा** = रहना, समाना (ग.2.प.A)
**मृज्** = साफ करना (ग.2.प.V)
**मा** = मापना (ग.3.प.A)
**मन्त्र्**=मंत्रणा करना (ग.10.आ.S)
**मार्ग्**=मांगना ढुंढना (ग.1.प./10.यु.S)
**यम् (यच्छ्)** = नियम में रखना (ग.1.प.A)
**यस्** = प्रयास करना (ग.1/4.प.S)
**युज्** = जोड़ना (ग.7.उ.A)
**यज्** = पूजा करना, यज्ञ करना (ग.1.उ.A)
**युज्** = जोड़ना (ग.1.प./10.यु.S)
**या** = जाना (ग.2.प.A)
**यु** = जोड़ना, मिलाना (ग.2.प.S)
**रभ्** = आरंभ करना (ग.1.आ.A)
**रिच्** = खाली करना (ग.7.उ.A)

**रुध** = रोकना, घेरा डालना (ग.7.उ.A)
**रा** = प्रदान करना, देना (ग.2.प.A)
**रुद्** = रोना (ग.2.प.S)
**रञ्ज् (रज्)**=रागी होना,रंगना (ग.1.उ.A)
**रञ्ज्** = रागी होना (ग.4.उ.A)
**रि** = जाना (ग.6.प.A)
**लिङ्ग्**=आलिंगन करना (ग.1.प.S)
**लुण्ट्** = लूटना (ग.1.प.S)
**लष्** = अभिलाषा करना (ग.1./4.उ.S)
**लम्ब्** = लटकना (ग.1.आ.S)
**लोक्** = देखना(ग.1.आ./10.प.S)
**ली** = लीन होना, चिपकना (ग.4.आ./9. प.A)
**लस्ज्**=शर्माना, लज्जा रखना (ग.6.आ.S)
**लिप्** = लेप करना (ग.6.उ.S)
**लुप्**=काटना, छीन लेना, लुटना (ग.6.उ.A)
**लल्** = लालन पालन करना (ग.10.आ.S)
**लस्**=आसक्त होना (ग.1.प.S)
